चैत्र कृष्ण पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 3 अप्रैल 2024
वर्ष -2, अंक -222, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



चुनाव के बाद सुधर सकते हैं भारत-पाक रिश्ते 16
बॉलीवुड के सुपरस्टार का दोस्त उड़ाते थे मजाक 2

## एसबीआई का चुनावी बॉन्ड के एसओपी के खुलासा से इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- आरटीआई के जवाब में गोपनीयता के तहत दी छूट का दिया हवाला

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने शाखाओं से जारी किए चुनावी बॉन्ड की बिक्री और भुनाने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का खुलासा करने से इनकार कर दिया है।

एसबीआई ने आरटीआई के जवाब में व्यावसायिक गोपनीयता के तहत दी गई छूट का हवाला देते हुए यह जानकारी देने से मना किया। सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत दायर एक आवेदन में अंजलि भारद्वाज ने चुनावी बॉन्ड की बिक्री और उन्हें भुनाने के लिए एसओपी का विवरण मांगा था। एसबीआई के केंद्रीय सार्वजनिक सूचना अधिकारी और उप महाप्रबंधक एम कन्ना बाबू ने अपने जवाब में 30 मार्च को कहा कि अधिकृत शाखाओं को समय-समय पर जारी चुनावी बॉन्ड योजना-2018 की एसओपी आंतरिक दिशानिर्देश हैं, जिन्हें आरटीआई के तहत छूट दी गई है। आरटीआई कानून की धारा 8(1)(डी) वाणिज्यिक विश्वास, कारोबारी गोपनीयता या बौद्धिक संपदा सहित ऐसी जानकारी के खुलासे से छूट देती है, जिसे बताने से प्रतिस्पर्धी स्थिति को नुकसान होगा।

## दोषसिद्धि के खिलाफ मुख्तार की अपील पर कोर्ट ने सुनवाई रोकी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मुख्तार अंसारी की मौत पर संज्ञान लेते हुए मंगलवार को उस मामले को बंद कर दिया, जिसमें उसने 24 साल पुराने मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा खुद को पांच साल कारावास की सजा सुनाए जाने के फैसले को चुनौती दी थी। मुख्तार अंसारी ने जेल में रहते हुए सजा के खिलाफ अपील दाखिल की थी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने अंसारी के निधन संबंधी बयान पर संज्ञान लेते हुए कहा, याचिकाकर्ता अब जीवित नहीं है। इसलिए सुनवाई की प्रक्रिया समाप्त की जाती है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रुद्रपुर में विजय शंखनाद रैली में जनता को संबोधित कर उत्तराखंड में फूंका चुनावी बिगुल

# तीसरे टर्म में भ्रष्टाचार पर और तेज प्रहार होगा : मोदी

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को रुद्रपुर में विजय शंखनाद रैली से उत्तराखंड में चुनावी बिगुल फूंक दिया है। उन्होंने इसको प्रचार नहीं विजय रैली करार देते हुए कहा कि तीसरे टर्म की शुरुआत में अब 75 दिन से भी कम का समय है। इस टर्म में भ्रष्टाचार पर और तेज प्रहार होगा। भ्रष्टाचार, गरीब और मध्यम वर्ग का हक छीनता है और वह ऐसा नहीं होने देंगे।

एफसीआई के सामने मोदी मैदान में विजय शंखनाद रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दो खेमे बन गए हैं। एक तरफ ईमानदारी और पारदर्शिता है, दूसरी तरफ भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा है। ये भ्रष्टाचारी, मोदी को धमकी और गाली दे रहे हैं। मैं कहता हूं- भ्रष्टाचार हटाओ वे कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ। मोदी इनकी गालियों और धमकियों से डरने वाला नहीं है।



### मोदी की गारंटी, गारंटी पूरी करने की गारंटी

हमारा लक्ष्य देश को दुनिया की तीसरी आर्थिक शक्ति बनाना है, इससे नौकरी के अवसर व कमाई बढ़ेगी। इसका लाभ देवभूमि को भी होगा। उत्तराखंड में एम्स आया, यह दशक उत्तराखंड का दशक बनाने के लिए काम कर रहे हैं। यह मोदी की गारंटी से हुआ है और मोदी की गारंटी, गारंटी पूरी करने की गारंटी है। इस गारंटी ने घर-घर में सुविधाएं पहुंचाई और स्वाभिमान बढ़ाया है।

उन्होंने कहा कि ऊधमसिंह नगर को मिनी इंडिया कहा जाता है। देवभूमि और मिनी इंडिया से मिले प्यार और आशीर्वाद से अभिभूत हूं। उत्तराखंड को विकसित बनाना और सबसे आगे ले जाना है इसलिए भाजपा कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। 10 वर्षों में जितने विकास कार्य हुए हैं, उतने आजादी के 60-65 वर्षों में नहीं हुए। आज हर प्रकार की कनेक्टिविटी है। 85 हजार पक्के मकान, 12 लाख घरों में पानी, 5.5 लाख शौचालय, 5 लाख महिलाओं को उज्ज्वला गैस कनेक्शन, 3 लाख को स्वामित्व योजना में प्रापर्टी कार्ड देना, 35 लाख लोगों के बैंक खाते खुलवाए गए हैं। 2200 करोड़ की विकास योजनाएं दी हैं। यह तभी संभव है जब नीयत सही तो नतीजे सही।

### मानसखंड से बढ़ेगा पर्यटन और रोजगार

प्रधानमंत्री ने कहा कि केदारखंड की तरह ही देश दुनिया में मानसखंड की स्थिति होगी। पिछले वर्ष आदि कैलास गया था। पहले वहां पांच हजार लोग बामुश्किल वर्ष भर आते थे। अब यह संख्या लाखों में है। उन्होंने कहा कि उनका संकल्प है कि यहां पलायन नहीं हो। लोग रोजगार के इंतजाम के लिए शहर नहीं जाएं।

## एक नजर

### बारामूला में आतंकियों के तीन सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर बारामूला जिले के सोपोर इलाके से मंगलवार को सुरक्षा बलों ने आतंकियों के तीन सहयोगियों को गिरफ्तार किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि उनके कब्जे से एक पिस्तौल और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई हैं। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने जांच के लिए एक संयुक्त चौकी स्थापित की और वहां देखा कि तीन संदिग्ध मौके से भागने का प्रयास कर रहे हैं। प्रवक्ता ने कहा कि हालांकि, दल ने उन्हें पकड़ लिया। उनकी पहचान फैसल अहमद काचरू, आकिब मेहराज काना और आदिल अकबर गोजरी के रूप में की गई है।

### छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में नौ नक्सली ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में नौ नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लेंड्रा गांव के जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में नौ नक्सलियों को मार गिराया है। गंगालूर थाना क्षेत्र में नक्सली गतिविधि की सूचना मिलने के बाद सोमवार को सुरक्षाबलों को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था। दल में डीआरजी, एसटीएफ और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कोबरा बटालियन के जवान शामिल थे।

# चित्रकूट में ऑटो और ट्रक की भीषण टक्कर में सात की मौत

### मिर्जापुर-झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार सुबह हुआ हादसा, एक गंभीर घायल

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार :** मिर्जापुर-झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार सुबह ऑटो और 12 टायरा ट्रक की टक्कर में पांच श्रद्धालुओं सहित सात लोगों की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल एक युवक का इलाज प्रयागराज में चल रहा है। हादसा तब हुआ जब ऑटो चालक तेज रफ्तार में ओवरटेक कर रहा था और तभी सामने से आ रहे ट्रक से जा टकराया। मृतकों में हमीरपुर जिले के भाई-बहन और कन्नौज के तीन लोग शामिल हैं।

मंगलवार सुबह लगभग साढ़े पांच बजे चित्रकूटधाम कर्वी रेलवे स्टेशन से सवारियां लेकर एक ऑटो तीर्थक्षेत्र जा रहा था। हाईवे पर सम्राट ढाबा के पास ऑटो चालक ने आगे चल रहे ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश की और इसी दौरान सामने से आ रहे 12 टायरा ट्रक से टकरा गया। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि ऑटो के यात्री उछलकर ट्रक के पहिये के नीचे आ गए और उनकी वहीं पर मौत हो गई। तीन लोग बुरी तरह से क्षतिग्रस्त ऑटो में फंस गए। आसपास के लोगों ने इनको निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को जिला अस्पताल भेजा। वहां पांच लोगों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि तीन को प्रयागराज रेफर कर दिया। रास्ते में दो और लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि सुमित साहू (14) निवासी भरुआ सुमेरपुर गंभीर रूप से घायल है और उसका प्रयागराज में इलाज चल रहा है। ट्रक चालक फरार है। उसकी तलाश की जा रही है। हादसे रोकने के लिए चेकिंग में और सख्ती बरती जाएगी।



चित्रकूट में हादसे के बाद घटनास्थल पर मौजूद लोग और हादसे के बाद आटो में फंसे श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- मृतकों में हमीरपुर निवासी भाई-बहन, कन्नौज के तीन लोग ऑटो चालक की भी जान गई

### मृतकों के नाम-पता

मृतकों में अनिरुद्ध यादव (30) और अखिलेश यादव (22) निवासी मलिकपुर गुरुसहायगंज (कन्नौज), अतर सिंह (50) निवासी तिर्वा (कन्नौज), धर्मेंद्र सोनी (30) और उसकी बहन निधि (19) निवासी भरुआ सुमेरपुर (हमीरपुर) हैं। ये सभी तीर्थ पर आए थे। ऑटो चालक सूरज (20) निवासी बेड़ी पुलिया (कर्वी) और स्थानीय निर्भय (20) निवासी नारायणपुर (कर्वी) की भी मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर मृतकों के घर कोहराम मचा हुआ है।

## कारोबारी के बेटे ने कार से दो महिलाओं को रौंदा, मौत

**लखनऊ।** महानगर क्षेत्र में मंगलवार तड़के शराब व्यवसायी के नाबालिग बेटे ने 100 की रफ्तार में कार दौड़ाकर दो महिलाओं को रौंद दिया। अस्पताल में डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने नाबालिग चालक और उसके पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

महानगर थाना क्षेत्र के पेपर मिल कॉलोनी निवासी साइदा बानो (54) और शबनम (40) सुबह 4:50 बजे घर के सामने खड़ी थी। मेट्रो अपार्टमेंट की ओर से 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से कार आई और साइदा व शबनम को रौंदते हुए दो बाइकों को चपेट में ले लिया। हादसे के बाद कार छोड़कर भाग रहे चालक को दबोच कर लोग पीटने लगे। जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस चालक को भीड़ से बचाकर थाने ले गई। घायल साइदा और शबनम को अस्पताल भेजा गया, जहां डाक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। एडीसीपी मध्य रवीना त्यागी ने बताया कि आरोपी चालक की उम्र 15 साल है। आरोपी और उसके पिता प्रतीक जायसवाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बस पलटी, तीन छात्राओं समेत चार की गई जान

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** बाराबंकी में सरकारी स्कूल के बच्चों को शैक्षिक भ्रमण पर लेकर लखनऊ गई निजी बस वापसी में हादसे का शिकार हो गई। इसमें तीन छात्राओं व बस कंडेक्टर की मौत हो गई। जबकि तीन दर्जन घायल हो गए। बस में कुल 42 बच्चे सवार थे। मुख्यमंत्री योगी ने आलाधिकारियों को घायल बच्चों के इलाज के निर्देश दिए हैं।

पुलिस के अनुसार, सभी बच्चे विकासखंड सूरतगंज के कंपोजिट विद्यालय हरक्का के हैं, जिनको शैक्षिक भ्रमण पर लखनऊ के चिड़ियाघर समेत दूसरी जगहों पर सुबह ले जाया गया था। शाम को बस लखनऊ से वापस सूरतगंज आ रही थी। तभी देवा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सलारपुर गांव के पास सामने आए बाइक सवार को बचाने में बस का चालक संतुलन खो बैठा और तेज रफ्तार बस सड़क के किनारे गड्ढे में पलट गई।

हादसे की सूचना मिलते ही जिले के आलाधिकारी कई थानों की पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन हुआ। घायल बच्चों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया गया। जहां उनका इलाज जारी है। स्कूल के शिक्षक दीपक ने बताया कि बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बस अनियंत्रित हुई और पलटी। एएसपी सीएन सिन्हा ने बताया कि मरने वाली तीन छात्राओं के नाम कामिनी, मानसी व शुभि है।



सलारपुर गांव के पास पलटी स्कूली बस।

- शैक्षिक भ्रमण पर बच्चे गए थे लखनऊ जू, तीन दर्जन घायल
- मुख्यमंत्री ने घायल बच्चों के इलाज के दिए निर्देश

## भाजपा में जाने या गिरफ्तारी के लिए तैयार रहने की दी गई सलाह: आतिशी

नई दिल्ली, एजेंसी

- मंत्री का दावा- सौरभ, दुर्गेश और राघव होंगे गिरफ्तार
- भाजपा के वीरेंद्र ने कहा- झूठ बोल रही हैं आतिशी

आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता और दिल्ली की मंत्री आतिशी ने मंगलवार को दावा किया कि उनके एक करीबी व्यक्ति ने उनसे कहा था कि उन्हें भाजपा में शामिल हो जाना चाहिए या एक महीने में ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के लिए तैयार रहना चाहिए। आतिशी ने दावा किया कि उनके अलावा 'आप' के तीन नेताओं - दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज, विधायक दुर्गेश पाठक और राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने दावा किया कि आतिशी झूठ बोल रही हैं। उन्होंने कहा कि पूरी पार्टी शराब घोटाले में शामिल थी और उसके नेता इस आशंका पर लड़ रहे हैं कि अगला बलि का बकरा कौन होगा। दिल्ली की मंत्री ने दावा किया कि उन्हें बताया गया था कि ईडी उनके और उनके रिश्तेदारों के आवास पर छापे मारेगा। सौरभ भारद्वाज ने आतिशी को भाजपा में शामिल होने या गिरफ्तार किए जाने के प्रस्ताव को खुली धमकी करार दिया। दिल्ली भाजपा प्रमुख ने कहा कि केजरीवाल ने कहा है कि आबकारी नीति मामले के आरोपी विजय नायर, आतिशी और भारद्वाज को रिपोर्ट करते थे इसीलिए आप नेता आपस में लड़ रहे हैं।

### विधायकों ने सुनीता से कहा- सीएम न दें इस्तीफा

आप विधायकों ने अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता से मुलाकात की और कहा कि मुख्यमंत्री को जेल से ही सरकार चलानी चाहिए और इस्तीफा नहीं देना चाहिए। मंगलवार को बैठक के दौरान आप विधायकों ने सुनीता से कहा कि दिल्ली के दो करोड़ लोग मुख्यमंत्री के साथ खड़े हैं और उन्हें किसी भी कीमत पर इस्तीफा नहीं देना चाहिए।

### आबकारी नीति घोटाला

## संजय सिंह को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में आप नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को मंगलवार को जमानत दे दी। ईडी ने कहा था कि अगर सिंह को जमानत दी जाती है तो उसे कोई आपत्ति नहीं है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति पी बी वराले की पीठ ने छह महीने से जेल में बंद संजय सिंह को रिहा करने का आदेश दिया। पीठ ने कहा कि आप नेता राजनीतिक गतिविधियां जारी रख सकते हैं, लेकिन मामले के संबंध में बयान नहीं दे सकते। सिंह की रिहाई ऐसे समय हो रही है जब आप के चुनाव से पहले नेतृत्व का संकट है।

# भाजपा ही भ्रष्टाचारियों को भेज सकती जेल: योगी

बरेली/बदायूं/पीलीभीत, ब्यूरो

### मुख्यमंत्री ने की पीलीभीत से जितिन प्रसाद, बदायूं से दुर्विजय सिंह शाक्य, बरेली से छत्रपाल सिंह गंगवार को सदन में भेजने की अपील

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को पीलीभीत, बरेली और बदायूं पहुंचे। इन तीनों सीटों पर भाजपा ने नए उम्मीदवारों को उतारा है। पार्टी ने पीलीभीत से जितिन प्रसाद, बदायूं से दुर्विजय सिंह और बरेली से छत्रपाल सिंह गंगवार को टिकट दिया है। योगी आदित्यनाथ ने तीनों का हाथ थाम प्रबुद्धजनों से संवाद किया और कमल खिलाकर इन्हें सदन में भेजने की अपील की। वहीं दो रैलियों में सीएम ने आंवला से धर्मेंद्र कश्यप को जिताने का आह्वान किया। सीएम जहां सपा-कांग्रेस समेत समूचे इंडी गठबंधन पर हमलावर रहे तो वहीं पीएम मोदी के कार्यकाल की उपलब्धियां भी गिनाईं। सीएम ने इस चुनाव को 'स्वार्थ के परिवार' बनाम 'मोदी परिवार' के बीच का बताया।



मुख्यमंत्री पीलीभीत में बोले कि देश और प्रदेश का नौजवान पलायन बी बजाय खुद का स्टार्टअप स्थापित कर रहा है। बेटियां असुरक्षित नहीं महसूस कर रही हैं, बल्कि फाइटर पायलट बनकर भारत की सुरक्षा का सिंहनाद कर रही हैं। प्रदेश दंगा मुक्त हो चुका है। पीलीभीत में मेडिकल कॉलेज, रोड और पुल के सारे प्रस्ताव को स्वीकृत कर सरकार ने विकास की नई धारा से जोड़ने का काम किया है।

बरेली में सीएम योगी ने कहा कि पूरे देश में एक ही आवाज है- फिर एक बार मोदी सरकार, लेकिन यह गूंज अचानक नहीं सुनाई दे रही है। इसके पीछे दस वर्ष तक लगातार की गई मोदी जी की मेहनत है। मोदी जी के नेतृत्व में भारत विकास की नई बुलंदियों को छू रहा है। 2024 का चुनाव मोदी जी के प्रति भारत वासियों के लिए कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर है। सीएम ने वर्तमान सांसद संतोष गंगवार की तारीफ भी की।

### पिछली सरकारों में बम विस्फोट होते थेः योगी

मुख्यमंत्री योगी ने बदायूं में कहा कि इस लोकसभा चुनाव में सपा-कांग्रेस का गठबंधन है। यह लोग प्रदेश को बाहर बदनाम करते हैं। अराजकता फैलाते थे। कांवड़ यात्रा पर बैन लगाते थे। यह कर्फ्यू के समर्थक हैं। इनके समय गुंडे जगह-जगह बम विस्फोट करते थे, लेकिन हमने कहा कि उप्र में बमबाजी नहीं, हर-हर-बम-बम होगा। हमें भी पीएम मोदी के नेतृत्व में नए भारत के लिए जुटना है। मोदी जी ने वह कार्य किए, जो असंभव लगते थे। तीन तलाक की प्रथा पर रोक लगी, धारा-370 हटी, राम मंदिर का निर्माण हुआ और रामलला विराजमान हो गए।

## निर्वाचन आयोग ने विशेष पर्यवेक्षक किए नियुक्त

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रशासनिक, सुरक्षा और व्यय निगरानी की होगी जिम्मेदारी
- पश्चिम बंगाल, उप्र, महाराष्ट्र और बिहार में किए गए तैनात

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के दौरान समान अवसर सुनिश्चित करने को मंगलवार को कई राज्यों में प्रशासनिक, सुरक्षा और व्यय निगरानी के मकसद से विशेष पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की।

आयोग ने कहा कि ये विशेष पर्यवेक्षक शानदार काम की पृष्ठभूमि वाले पूर्व नौकरशाह हैं तथा इनसे कहा गया है कि ये धनबल, बाहुबल और गलत सूचना से पैदा होने वाली चुनौतियों की पृष्ठभूमि में चुनावी प्रक्रिया की सख्ती से निगरानी करें। आयोग का कहना है कि विशेष पर्यवेक्षकों (सामान्य और पुलिस) को पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और बिहार में तैनात किया गया है जहां की आबादी सात करोड़ से अधिक है। इनकी तैनाती आंध्र प्रदेश और ओडिशा में भी की गई जहां लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव भी होना है। उसने कहा कि आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और ओडिशा में विशेष व्यय पर्यवेक्षक भी तैनात किए गए हैं।

## पतंजलि विज्ञापन में अवज्ञा पर रामदेव से नाराज कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने भ्रामक विज्ञापन मामले में अनुपालन को लेकर उचित हलफनामा दायर नहीं कर और अवज्ञा पर योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के एमडी आचार्य बालकृष्ण के प्रति मंगलवार को नाराजगी जताई। कोर्ट ने पतंजलि के बयान को खारिज किया कि औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम पुराना है। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने कहा, केवल सुप्रीम कोर्ट ही नहीं, सभी अदालतों के आदेश का सम्मान होना चाहिए... यह अवज्ञा है। पीठ ने रामदेव और बालकृष्ण से कहा कि आपको कोर्ट में दिए वचन का पालन करना होगा, आपने सीमा तोड़ी है।

# दुष्कर्म पीड़ित बच्ची को नहीं मिल रही सरकारी मदद, सर्जरी रुकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बाराबंकी की पांच साल की बच्ची से 9 महीने पहले हुई थी दरिंदगी
- सर्जरी के लिए 18 दिन से केजीएमयू में है भर्ती

**अमृत विचारः** दुष्कर्म पीड़ित पांच वर्षीय बच्ची की किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में तीसरी बार सर्जरी होने जा रही है। वह करीब 18 दिनों से केजीएमयू में भर्ती की गई। लेकिन, सिस्टम की उदासीनता के कारण उसका इलाज प्रभावित हो रहा है। करीब 9 महीने की जद्दोजहद के बाद बच्ची को अभी तक सरकारी मदद के नाम पर आयुष्मान कार्ड ही बन पाया है।

आयुष्मान कार्ड बनने के बाद इलाज का हालांकि रास्ता साफ हो गया है। किंतु बाहर से दवाओं की खरीद के लिए पीड़ित बच्ची के माता-पिता दूसरों के आगे हाथ फैलाने के लिए मजबूर हैं। बच्ची की मां का आरोप है कि बाराबंकी के जिलाधिकारी को तीन बार प्रार्थना पत्र देने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई है।

इतना ही नहीं रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष योजना का लाभ भी बच्ची को अभी तक नहीं मिल सका है। उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की तरफ से बाराबंकी जिलाधिकारी को पत्र लिखकर पीड़ित बच्ची को आर्थिक मदद देने के निर्देश भी बेमानी दिखाई दे रहे है।

> यहां से सभी कार्रवाई पूरी कर दी गई है। बजट के अभाव में आर्थिक मदद नहीं हो पाई है। लेकिन कोशिश की जा रही है कि बच्ची के इलाज के लिए कुछ मदद हो सके। - **पल्लवी सिंह**, डीपीओ

**यह है मामला :** दरअसल, 26 जुलाई 2023 को बाराबंकी निवासी पांच वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी। आरोपी ने बच्ची के साथ दरिंदगी की सभी हदें पार कर दी थीं और उसे मरा हुआ समझ कर मौके से भाग निकला था। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्ची को गंभीर हालत में भर्ती कराया था। हालत में सुधार नहीं होने पर बाराबंकी जिला अस्पताल से उसे राजधानी स्थित केजीएमयू में इलाज के लिए भेजा गया था। केजीएमयू में पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग में बच्ची की सर्जरी हुई थी। दोबारा सर्जरी के लिए डॉक्टरों ने 6 सप्ताह बाद बुलाया था। दोबारा से बच्ची की तबीयत खराब होने पर बाल कल्याण समिति (बाराबंकी) की अध्यक्ष बाला चतुर्वेदी और समाजसेवी अमृता शर्मा ने बच्ची को एक बार फिर बाराबंकी स्थित जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां से बच्ची को केजीएमयू भेजा गया था। जहां पर केजीएमयू प्रशासन और बाल कल्याण समिति (बाराबंकी) की अध्यक्ष के प्रयासों से बच्ची को इलाज मिल पाया था। एक बार फिर बच्ची की सर्जरी होनी है जिसके लिए उसे केजीएमयू में भर्ती किया गया है।

### आरएलबी सम्मान कोष से मिलनी है आर्थिक मदद

रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष योजना के तहत जघन्य हिंसा की शिकार महिलाओं या बालिकाओं को आर्थिक और चिकित्सा सहायता दी जाती है, लेकिन 9 महीने बाद भी सरकारी तौर पर आर्थिक मदद न मिलना कई तरह के सवाल खड़े कर रहा है। बच्ची की मां ने बताया कि अधिकारियों ने बैंक में खाता खुलवा दिया था और कहा था कि इलाज के लिए सरकार पैसा देगी, लेकिन वह आज तक नहीं मिला। डीएम साहब को भी प्रार्थना पत्र दे चुके हैं। वहां से भी कोई मदद नहीं मिल रही है।

## अंकतालिका

IPL

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान रॉयल्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +1.249 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.047 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.976 |
| गुजरात टाइटंस | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | -0.738 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | +0.204 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.025 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.016 |
| पंजाब किंग्स | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.337 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.711 |
| मुंबई इंडियंस | 03 | 00 | 03 | 00 | 00 | -1.423 |



क्विंटन डिकॉक


विकेट लेने के बाद कुछ इस तरह जश्न मनाते आरसीबी के ग्लेन मैक्सवेल।

# डिकॉक के अर्धशतक से एलएसजी ने बनाए 181 रन

## निकोलस पूरन ने ताबड़तोड़ नाबाद 40 रनों की पारी खेली, आरसीबी के लिए ग्लेन मैक्सवेल ने दो विकेट चटकाए



निकोलस पूरन

**बेंगलुरु, एजेंसी**

सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक की 56 गेंद में 81 रन की ताबड़तोड़ पारी के दम पर लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में मंगलवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ पांच विकेट पर 181 रन बनाये।

डिकॉक ने अपनी पारी में आठ चौके और पांच छक्के लगाने के साथ पहले विकेट के लिए लोकेश राहुल (14 गेंद में 20 रन) के साथ 53 रन और मार्कस स्टोइनिस (15 गेंद में 24 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी की। निकोलस पूरन ने आखिरी ओवरों में 21 गेंद में पांच छक्के की मदद से नाबाद 40 रन बनाये। आरसीबी के लिए ग्लेन मैक्सवेल ने चार ओवर में महज 23 रन देकर दो विकेट चटकाये। रीस टॉप्ली, यश दयाल और मोहम्मद सिराज को एक-एक सफलता मिली। दयाल ने चार ओवर में सिर्फ 24 रन दिये। डिकॉक और राहुल ने लखनऊ को तेज शुरुआत दिलाई जिसमें दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ने पहले ओवर में रीस टॉप्ली के खिलाफ तीन चौके लगाने के बाद मोहम्मद सिराज के खिलाफ लगातार गेंदों पर छक्के जड़कर अपने इरादे जाहिर कर दिये। अब तक संभल कर खेल रहे राहुल ने पांचवें ओवर में यश दयाल और छठे ओवर में मैक्सवेल की गेंद को दर्शकों के पास भेजा लेकिन ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला ने अगली गेंद पर उन्हें अपनी फिरकी में फंसाकर मयंक डागर के हाथों कैच कराया। देवदत्त पडिक्कल का संघर्ष इस मैच में जारी रहा जो 11 गेंद में सिर्फ छह रन बनाकर सिराज की गेंद पर आकाशीय शॉट खेल बैठे जिस पर विकेटकीपर अनुज रावत ने अच्छा कैच लपका। डिकॉक ने 12वें ओवर में डागर पर चौके के साथ अपना अर्धशतक जबकि छक्के के साथ टीम की रनों का शतक पूरा किया। उन्होंने इसके बाद स्टोइनिस के साथ रन गति को तेज करने पर ध्यान दिया और कैमरून ग्रीन के ओवर से 19 रन बटोरे। इसमें डिकॉक ने छक्का और चौका जबकि स्टोइनिस का छक्का शामिल था। स्टोइनिस ने मैक्सवेल पर छक्का लगाकर डिकॉक के साथ 26 गेंद में अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की। मैक्सवेल ने हालांकि इसी ओवर में स्टोइनिस को पवेलियन की राह दिखायी। टॉप्ली ने 17वें ओवर में डिकॉक की शानदार पारी का अंत किया लेकिन उनके अगले ओवर में शानदार लय में चल रहे पूरन ने हैट्रिक छक्का जड़ दिया। पूरन ने आखिरी ओवर में सिराज के खिलाफ दो छक्के लगाकर टीम के स्कोर को 180 के पार पहुंचाया।

### 4 आईपीएल टीमों का बिसलरी बना हाइड्रेशन पार्टनर

**नई दिल्ली।** देश के प्रमुख बोतलबंद पीने का पानी, बिसलरी इंटरनेशनल ने मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स, गुजरात टाइटन्स, मुंबई इंडियन्स, राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ हाइड्रेशन पार्टनर के रूप में साझेदारी की घोषणा की। कंपनी के सेल्स एंड मार्केटिंग निदेशक तुषार मल्होत्रा ने कहा " पांच जानी-मानी क्रिकेट फ्रेंचाइजी के साथ क्रिकेट के इस मौसम में प्रवेश करते हुए हम बेहद खुश हैं। बिसलेरी हैशडिंक्रइटअप के तहत हम एक मार्केटिंग कैम्पेन शुरू करने वाले हैं। इसमें हमारे साझेदार टीमों के खिलाड़ियों की तस्वीरों वाला सीमित-एडिशन पैक दिखाया जाएगा।

### एलएसजी पारीः

| | |
|---|---|
| डिकॉक का डागर बो टॉप्ली | 81 |
| राहुल का डागर बो मैक्सवेल | 20 |
| पडिक्कल का रावत बो सिराज | 06 |
| स्टोइनिस का डागर बो मैक्सवेल | 24 |
| निकोल्स पूरन नाबाद | 40 |
| बडोनी का डुप्लेसिस बो दयाल | 00 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 00 |

**अतिरिक्त :** 10

**कुल योग :** 20 ओवर में पांच विकेट पर 181 रन

**विकेट पतन :** 1-53, 2-73, 3-129, 4-143, 5-148

**गेंदबाजी :** टॉप्ली 4-0-39-1, दयाल 4-0-24-1, सिराज 4-0-47-1, मैक्सवेल 4-0-23-2, डागर 2-0-23-0, ग्रीन 2-0-25-0

## खेल डायरी

### प्रज्ञानानंदा सर्वश्रेष्ठ के तौर पर शुरू करेंगे अभियान

**टोरंटो।** युवा शतरंज खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा अगले विश्व चैंपियनशिप मैच के लिए चुनौती तय करने के लिए बुधवार से यहां शुरू होने वाले कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में तीन भारतीय प्रतिभागियों के बीच सबसे मजबूत दावेदार के रूप में अपना अभियान शुरू करेंगे। प्रज्ञानानंदा के साथ डी गुकेश और विदित गुजराती कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगे। लगभग 35 वर्षों के बाद आठ खिलाड़ियों के इस टूर्नामेंट के लिए तीन भारतीयों ने क्वालिफिकेशन हासिल किये हैं। कुछ विशेषज्ञ भारत को शतरंज की दुनिया का नया रूस मान रहे हैं क्योंकि पहले ऐसा दबदबा सिर्फ रूस के खिलाड़ियों का ही दिखता था।

### हाथापाई के मामले में दीपक शर्मा को निलंबित किया

**नयी दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने मंगलवार को कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को आगामी सूचना तक निलंबित कर दिया। शर्मा पर गोवा में दो महिला खिलाड़ियों के साथ कथित तौर पर मारपीट का आरोप है। इंडियन वुमेंस फुटबॉल लीग सेकंड डिविजन में भाग लेने गई हिमाचल प्रदेश स्थित खाड एफसी की दो फुटबॉल खिलाड़ियों ने आरोप लगाया था कि क्लब के मालिक शर्मा 28 मार्च की रात उनके कमरे में घुस गए और उन्हें पीटा। शनिवार को एआईएफएफ ने शर्मा को जांच पूरी होने तक फुटबॉल संबंधित गतिविधियों से दूर रहने को कहा था।

### शृंखला खेलने आस्ट्रेलिया रवाना भारतीय हॉकी टीम

**नयी दिल्ली।** भारतीय पुरूष हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये छह अप्रैल से शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की शृंखला खेलने आस्ट्रेलिया रवाना हो गई। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम सोमवार की रात रवाना हुई। भारतीय टीम ने हाल ही में भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग के चार में से तीन मैच जीते थे। छह अप्रैल को पहले मैच के बाद सात, 10, 12 और 13 अप्रैल को मैच होने हैं। हरमनप्रीत ने रवानगी से पहले कहा, ''इस दौरे को लेकर हम काफी उत्साहित हैं। इससे हमें पेरिस ओलंपिक से पहली अपनी ताकत और कमजोरियों का पता चलेगा और सुधार का मौका भी मिलेगा।''

### बेन स्टोक्स टी20 विश्व कप में नहीं खेलेंगे

**लंदन।** इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी बेन स्टोक्स आगामी टी20 विश्व कप से यह कहते हुए हट गए हैं कि इस 'बलिदान' से उन्हें पूरी ताकत से गेंदबाजी करने के लिए फिटनेस हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी और वह निकट भविष्य में वह ऑलराउंडर बन पाएंगे जो बनना चाहते हैं। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान स्टोक्स ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में इस शीर्ष प्रतियोगिता के शुरू होने से दो महीने पहले इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को अपने फैसले के बारे में जानकारी दे दी है। ईसीबी द्वारा जारी बयान में स्टोक्स ने कहा, ''मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और मेरा ध्यान गेंदबाजी फिटनेस हासिल करने पर है जिससे कि क्रिकेट के सभी प्रारूपों में ऑलराउंडर की भूमिका निभा सकूं।''

### बिंदियारानी को भारोत्तोलन विश्व कप में कांस्य पदक

**फुकेट (थाईलैंड)।** राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता भारोत्तोलक बिंदियारानी देवी ने मंगलवार को यहां आईडब्ल्यूएफ विश्व कप में महिलाओं की 55 किग्रा स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। गैर ओलंपिक भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए 25 वर्षीय बिंदियारानी ने कांस्य पदक जीतने के दौरान कुल 196 किग्रा (83 और 113 किग्रा) उठाया। हालांकि यह मणिपुरी भारोत्तोलक उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई। उन्होंने 2022 में बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों में 203 किग्रा के कुल प्रयास के साथ रजत पदक जीता था। भारतीय खिलाड़ी छह प्रयासों में सिर्फ तीन वैध प्रयास कर सकी। उनका कुल वजन का प्रयास उत्तर कोरिया की कांग ह्योन ग्योंग से 38 किग्रा कम था जिन्होंने कुल 234 किग्रा (103 और 131 किग्रा) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता।

### भारत के अनिरूद्ध चंद्रशेखर और विजय प्रशांत एटीपी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में

**ह्यूस्टन।** भारत के अनिरूद्ध चंद्रशेखर और विजय प्रशांत की जोड़ी अमेरिका में एटीपी टूर पर पुरूषों की क्लेकोर्ट चैम्पियनशिप के युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। भारतीय जोड़ी ने अमेरिकी वाइल्ड कार्डधारी माइकल एममो और फ्रांसिस टियाफो को 6-3, 6-4 से हराया। अब उनका सामना आस्ट्रेलिया के चौथी वरीयता प्राप्त एम पर्सल और जे थॉम्पसन से होगा। प्रशांत इस समय युगल रैंकिंग में 101वें और चंद्रशेखर 113वें स्थान पर है।

# कोलकाता नाइट राइडर्स की चुनौती के लिए तैयार है दिल्ली कैपिटल्स

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स की नजरें बुधवार को आईपीएल के मैच में यह साबित करने पर लगी होंगी कि चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मिली जीत कोई तुक्का नहीं थी जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स की नजरें जीत की हैट्रिक पर लगी होंगी। दिल्ली ने रविवार को गत चैम्पियन चेन्नई को 20 रन से हराया जो इस सत्र में उनकी पहली जीत थी। अब उनका सामना केकेआर से है जिसके बल्लेबाजों ने 29 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के गेंदबाजों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था।

दिल्ली के लिये आस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर और पृथ्वी साव पर अच्छी शुरूआत देने की जिम्मेदारी होगी। इस बीच ऋषभ पंत ने पहले दो मैचों में औसत प्रदर्शन के बाद अपने पुराने फॉर्म में लौटते हुए 32 गेंद में 51 रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स और आस्ट्रेलिया के मिचेल मार्श भी विरोधी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ने में माहिर हैं। स्टब्स ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन किया और टीम उनसे इस लय को कायम रखने की उम्मीद कर रही होगी। मार्श ने अभी तक उस तरह की बल्लेबाजी नहीं की है जिसके लिये वह जाने जाते हैं। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया को अभी तक लय नहीं मिली है जो चोट के कारण लंबे समय बाद लौटे हैं।

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), नीतिश राणा, मनीष पांडे, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, शाकिब अल हसन, अनुकूल रॉय, वेंकटेश अय्यर, शेरफाने रदरफोर्ड, अंगकृष रघुवंशी, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, केएस भरत, फिल साल्ट, रहमानुल्लाह गुरबाज, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, दुष्मंता चामीरा, वरूण चक्रवर्ती, मिचेल स्टार्क, मुजीब उर रहमान, हर्षित राणा, सुयश शर्मा। **दिल्ली कैपिटल्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वॉर्नर, पृथ्वी साव, स्वस्तिक चिकारा, यश ढुल, एनरिच नॉर्किया, ईशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, खलील अहमद, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, प्रवीण दुबे, रसिक डार, विकी ओस्तवाल, अक्षर पटेल, जैक फ्रेजर गुर्क, ललित यादव, मिचेल मार्श, सुमित कुमार, अभिषेक पोरेल, कुमार कुशाग्र, रिकी भुई, शाइ होप, ट्रिस्टन स्टब्स। **मैच का समय :** शाम 7.30 से।

## बांग्लादेश से दूसरा टेस्ट जीतने की दहलीज पर श्रीलंका

**चटगांव (बांग्लादेश)।** श्रीलंका ने 511 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे बांग्लादेश का स्कोर मंगलवार को यहां सात विकेट पर 268 रन करके दूसरे टेस्ट में जीत और शृंखला में सूपड़ा साफ करने की ओर कदम बढ़ाए। तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा, बाएं हाथ के स्पिनर प्रबाथ जयसूर्या और कामचलाऊ गेंदबाज कामिंदु मेंडिस ने दो-दो विकेट चटकाकर दूसरे टेस्ट के चौथे दिन श्रीलंका को जीत की दहलीज पर पहुंचाया। दिन का खेल खत्म होने पर मेहदी हसन 49 गेंद में सात चौकों की मदद से 44 जबकि ताइजुल इस्लाम 10 रन बनाकर खेल रहे थे। बांग्लादेश की टीम को जीत के लिए अब भी 243 रन की दरकार है और उसकी हार तय नजर आ रही है।

# आईपीएल मैच का बदला कार्यक्रम : बीसीसीआई


**नयी दिल्ली, एजेंसी**

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के घरेलू मैच को मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से एक दिन 16 अप्रैल को कराने का फैसला किया गया जबकि गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच अहमदाबाद में होने वाले मैच के कार्यक्रम में भी बीसीसीआई ने बदलाव किया है।

पीटीआई ने सोमवार को अपनी खबर में कहा था कि केकेआर और रॉयल्स के बीच 17 अप्रैल को होने वाले मुकाबले के कार्यक्रम में राम नवमी के कारण बदलाव लगभग तय है। बीसीसीआई ने हालांकि इन दोनों मैच के कार्यक्रम में बदलाव का कोई कारण नहीं बताया। बीसीसीआई ने बयान में कहा, ''कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में 17 अप्रैल 2024 को होने वाला मुकाबला अब एक दिन पहले 16 अप्रैल 2024 को होगा।'' बोर्ड ने कहा, ''अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम को पहले गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच 16 अप्रैल 2024 को मैच की मेजबानी करनी थी। यह मुकाबला अब 17 अप्रैल 2024 को होगा।'' पता चला है कि कोलकाता पुलिस ने आईपीएल के 17वें सत्र के केकेआर के तीसरे घरेलू मैच के लिए पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने में असमर्थता जताई।




# दोस्त उड़ाते थे शक्ल का मजाक, आज अजय देवगन हैं बॉलीवुड के सुपरस्टार



**मुंबई, एजेंसी।** बोल बच्चन, सिंघम सीरीज, शिवाय जैसी सुपरहिट फिल्में देने वाले अजय देवगन आज 55 साल के हो चुके हैं। सांवली रंगत और भारी आवाज वाले अजय देवगन, स्टंट डायरेक्टर वीरू देवगन के बेटे हैं। कभी गुंडागर्दी के लिए कॉलेज में मशहूर अजय ने जब अपने दोस्तों से कहा कि वो हीरो बनेंगे, तो दोस्त मजाक उड़ाते हुए हंस पड़े और हैरानी से पूछा- तू हीरो बनेगा? आज यही अजय देवगन बॉलीवुड के सबसे कामयाब एक्टर्स में शामिल हैं। शाहरुख हों, सलमान हों या आमिर, 90 दशक के हर स्टार ने किसी न किसी साल फ्लॉप फिल्में दीं या ब्रेक लिया, लेकिन अजय इकलौते एक्टर हैं, जिन्होंने 1991 की फिल्म फूल और कांटे से डेब्यू के बाद आज तक 33 सालों में कभी न ब्रेक लिया न बिना हिट दिए साल गुजारा। 122 फिल्मों के अलावा अजय सिनेमा से जुड़ी फ्यूचरिस्टिक अप्रोच के लिए भी चर्चा में रहते हैं। प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत करने वाले शुरुआती एक्टर्स में से ये एक हैं। अजय भारत के पहले एक्टर हैं, जिन्होंने वीएफएक्स स्टूडियो की शुरुआत की। अब अजय थिएटर चेन एनवाई सिनेमा के भी मालिक हैं। 600 करोड़ के इन्वेस्टमेंट के साथ अजय फिलहाल 65 प्लस थिएटर्स के मालिक हैं और आने वाले सालों में वो इस बिजनेस को एक्सपैंड कर देशभर में 250 स्क्रीन्स के मालिक बनने वाले हैं।



# जैजी बी ने महिलाओं के लिए गाने में यूज किया आपत्तिजनक शब्द

**मुंबई, एजेंसी।** पॉपुलर पंजाबी सिंगर जैजी बी विवादों में फंस गए हैं। उनके एक नए गाने की वजह से विवाद खड़ा हो गया है। खबर है कि इस सॉन्ग की वजह से विवाद गहरा गया है और अब मामला महिला आयोग में चला गया है। दरअसल, सिंगर का नया गाना 'मड़क शौकीनां दी' को हाल ही में रिलीज किया गया है। इसे एक हफ्ते पहले यूट्यूब पर रिलीज किया गया था और अब तक ये 3 मिलियन से ज्यादा व्यूज बटोरने में सफल हो चुका है लेकिन इसी बीच ये विवादों में आ गया है। इस गाने पर आरोप है कि इसमें महिलाओं के लिए अपमानजनक शब्द का प्रयोग किया गया है। इस पर महिला आयोग की ओर से एक्शन लिया गया है और पंजाब पुलिस की ओर से इस पर एक हफ्ते के अंदर रिपोर्ट मांगी गई है। जैजी बी के गाने 'मड़क शौकीनां दी' से जुड़े विवाद की बात की जाए तो इसके लिरिक्स उन्होंने खुद लिखे हैं। इसमें महिलाओं के लिए 'भेड़' शब्द का इस्तेमाल किया गया है। इसे लेकर महिला आयोग पंजाबी सिंगर जैजी पर खफा हो गया है। इसके बाद आयोग की ओर से जैजी के खिलाफ कड़ा एक्शन लेने की मांग की जा रही है। गाने के विरोध में बरनाला, पंजाब में जैजी बी का पुतला भी जलाया गया।

# शो में सिद्धू बनकर कपिल शर्मा ने अर्चना पूरन सिंह को गोद में बिठाया



**मुंबई, एजेंसी।** रणबीर कपूर, नीतू कपूर और रिद्धिमा कपूर स्पेशल 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के प्रीमियर एपिसोड के बाद, कॉमेडियन कपिल शर्मा ने अपकमिंग दूसरे एपिसोड की एक झलक पेश की है। इस बार, सुर्खियों में क्रिकेटर रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर हैं, जो अपने मजाक और अनसुने किस्सों से शो की रौनक बढ़ा रहे हैं। प्रमोशनल क्लिप एयरहोस्टेस के रूप में कृष्णा अभिषेक के साथ शुरू होती है, जो दोनों क्रिकेट सितारों रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर के साथ छेड़खानी करते हैं। रोहित अपने साथी साथियों पर मज़ाकिया कटाक्ष करते हैं और उन्हें 'सुस्त मुर्गे' कहते हैं, जबकि श्रेयस सीनियर खिलाड़ियों की एंटरटेनिंग स्टोरीज शेयर करते हैं। टीज़र में क्रिकेटर्स को कपिल और उनकी टीम के साथ क्रिकेट खेलते हुए दिखाया गया है। कपिल पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू बनकर पहुंचते हैं, जो उनके पिछले शो, कॉमेडी नाइट्स विद कपिल और द कपिल शर्मा शो में अर्चना पूरन सिंह की जगह नजर आते थे। शो में अक्सर कपिल सिद्धू को नाम लेकर अर्चना को चिढ़ाते हैं और इस बार तो वो सिद्धू बनकर अर्चना की सीट पर जाकर बैठ जाते हैं और अर्चना उनकी गोद में होती हैं। पिछले एपिसोड में कपूर परिवार के सदस्यों ने कपिल शर्मा के साथ हल्के-फुल्के पल साझा किए थे। रणबीर कपूर ने उस समय को याद किया जब उनके पिता, दिवंगत अभिनेता ऋषि कपूर ने उन्हें अनुशासित किया था। रिद्धिमा और रणबीर ने अपने बचपन के झगड़ों को याद किया, यह एपिसोड दिल छू लेने वाले क्षणों से भरा था। द ग्रेट इंडियन कपिल शो सुनील ग्रोवर की वापसी भी हुई है, जो 2017 के विवाद के बाद कपिल के साथ फिर से जुड़ रहे हैं। कलाकारों की टोली में राजीव ठाकुर, कीकू शारदा, अर्चना पूरन सिंह और कृष्णा अभिषेक भी शामिल हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**पुखरायां।** पुलिस ने गश्त के दौरान दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। भोगनीपुर कोतवाली के दरोगा रमेशचंद्र ने बताया कि गश्त के दौरान सूचना मिली कि दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित चल रहे पिंटू उर्फ आशीष प्रताप निवासी सिथरा रामपुर भागने की फिराक में हरदुआ एमा के पास खड़ा है। उन्होंने छापेमारी करते हुए उसे गिरफ्तार किया। पुलिस ने न्यायालय में पेश करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया।

### मवेशी को बचाने में बाइक सवार गिरकर घायल

**पुखरायां।** हाइवे पर बाइक सवार मवेशी को बचाने के चक्कर गिरकर घायल हो गया। देवराहट थाना क्षेत्र के गौरी गांव निवासी नरेश (50) बाइक सवार होकर झांसी-कानपुर हाइवे से कानपुर की ओर जा रहे थे। तभी हरदुआ पुल के पास बाइक के आगे अचानक मवेशी आ जाने के कारण वह अनियंत्रित होकर गिर गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें सीएचसी भेजा। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# सहायिका की हत्या पर भड़का आक्रोश

○ पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने पर हंगामा ○ हत्या की नामजद रिपोर्ट दर्ज करने की उठी आवाज

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचार।** क्षेत्र के लालपुर शिवराजपुर गांव में सोमवार को आंगनबाड़ी सहायिका का चारपाई पर शव मिलने और मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचने पर परिजनों ने नामजद हत्या की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग करते हुए हंगामा किया और शव का अंतिम संस्कार से मना कर दिया। पुलिस ने तहरीर के अनुसार रिपोर्ट दर्ज करने का आश्वासन देकर परिजनों को शांत कराया।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के लालपुर शिवराजपुर निवासी ज्ञानवती उर्फ गीता (50) गांव के ही आगनबाड़ी केंद्र में सहायिका के पद पर तैनात थी। पति की मौत हो जाने के बाद से उनके तीनों पुत्र बाहर रहकर नौकरी करते हैं। गीता गांव में अकेली रहती थी। सोमवार की सुबह काफी देर घर का दरवाजा न खुलने पर पड़ोस के लोगों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस को गीता का शव घर के अंदर चारपाई पर पड़ा मिला था। मौके पर पहुंचे एसपी व सीओ राजीव सिरोही ने छानबीन की थी, साथ ही फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किए थे।


आंगनबाड़ी सहायिका का शव पहुंचने के बाद गमगीन बैठीं महिलाएं। अमृत विचार

● **पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करने का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया**

फॉरेंसिक टीम ने कमरे के अंदर से एक पीला अंगौछा और नमकीन के पैकेट बरामद किए थे। पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार की शाम शव गांव पहुंचा तो परिजनों ने नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। साथ ही अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। जानकारी मिलने पर कोतवाल संजय गुप्ता व चौकी इंचार्ज जितेंद्र तिवारी फोर्स लेकर मौके पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया। कोतवाल ने बताया कि परिजनों को समझाकर शांत कर दिया गया है और तहरीर मांगी गई है। तहरीर के अनुसार रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।


हंगामे के बाद लालपुर शिवराजपुर गांव में फोर्स तैनात किया गया। अमृत विचार

### पोस्टमार्टम में खुलासा, गला दबाकर की गई हत्या

- आंगनबाड़ी सहायिका की गला दबाकर हत्या की गई थी। इसका खुलासा मंगलवार को पोस्टमार्टम में हुआ। मंगलवार को हुए पोस्टमार्टम में महिला के गले की हड्डी (ट्रेकिया) टूटी मिली। साथ ही उसके शरीर पर चोटों के पांच निशान भी पाए गए हैं। मौत का कारण गला दबाना बताया गया है, जिससे यह साफ हो गया है कि महिला की गला दबाकर हत्या की गई थी।

# कुकर्म के प्रयास में दोषी को साढ़े चार साल कैद

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

● **देवराहट थाना क्षेत्र के एक गांव में चार साल पहले का मामला**

**अमृत विचार।** देवराहट क्षेत्र के एक गांव में करीब साढ़े चार साल पहले शौच को गए नाबालिग लड़के के साथ गांव के युवक ने जबरन कुकर्म करने का प्रयास किया था। मामले में पॉक्सो कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देते हुए चार साल छह माह के कारावास की सजा सुनाई है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रदीप कुमार पांडेय व राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि देवराहट थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 19 अगस्त 2019 की शाम उसका तेरह वर्षीय नाबालिग पुत्र गांव के पास ट्यूबवेल के बरामदे में बैठा था। तभी वहीं गांव का प्रमोद उर्फ चुक्खू आ गया। जब उसका पुत्र शौच के लिए खेत में गया तो प्रमोद उर्फ चूक्खू ने उसका मुंह दबाकर जबरन कुकर्म करने की कोशिश की। इसी दौरान गांव के कुछ लोगों के वहां मौके पर पहुंचने पर वह भाग निकला।

पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया था। मामले की सुनवाई अपर जिला जज तेरह पॉक्सो कोर्ट बाकर शमीम रिजवी की अदालत में चल रही थी। मंगलवार को अदालत ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद आरोपी को दोषी करार देते हुए चार साल छह माह के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही उसपर ढाई हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की संपूर्ण धनराशि बतौर प्रतिकर पीड़ित को देने के आदेश दिए हैं। वहीं अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को एक सप्ताह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचार।** गोद भराई से वापस लौट रहे बाइक सवार दो युवकों को शिवली-रसूलाबाद मार्ग पर औरंगाबाद गांव के पास वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गए। सीएचसी में डॉक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे की हालत गंभीर है।


श्रवण कुमार।

डेरापुर थाना क्षेत्र के इकघरा नोनारी बुजुर्ग निवासी श्रवण (50) खेतीबाड़ी का काम करते थे। सोमवार रात वह अपने गांव के सीताराम के लड़के सत्येंद्र की गोदभराई के कार्यक्रम में शामिल होने शिवली कोतवाली क्षेत्र के भऊवापुरवा गांव आए थे। देर रात कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वह अपने गांव के अनिल के साथ बाइक से वापस इकघरा जा रहे थे, तभी शिवली-रसूलबाद मार्ग पर औरंगाबाद बगुलाई गांव के समीप पीछे से आए तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।


शिवली सीएचसी में गमगीन खड़े परिवार वाले। अमृत विचार

● **गोदभराई कार्यक्रम से लौट रहे थे बाइक सवार, साथी घायल**

पुलिस ने उन्हें इलाज के शिवली सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टर सुमित ने श्रवण को मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी पर पत्नी सरला, पुत्री रीना, निशा, पुत्र मोहित आदि परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा। कोतवाल संजय गुप्ता ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वाहन व चालक की तलाश की जा रही है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**पुखरायां।** मलासा गांव के समीप एक अज्ञात अधेड़ ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की पहचान के प्रयास शुरू किए हैं।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के मलासा गांव के समीप से निकली झांसी-कानपुर रेलवे लाइन पर एक अधेड़ ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे देवीपुर चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र मलिक ने शव को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल की। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र मलिक ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 50 वर्ष के आसपास है। वह नीले रंग की शर्ट व नीले रंग की पैंट पहने हुए था। स्थानीय लोगों को बुलाकर पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन मृतक की पहचान नही हो सकी। शव को मर्च्युरी में रखवा दिया गया है। शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# बदले मौसम में बढ़े खांसी के मरीज

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** मौसम में बदलाव शुरू हो चुका है। इसका असर स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है और लोग वायरल संक्रमण की चपेट में आ रहे हैं। अस्पतालों में खांसी, जुकाम व बुखार के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। मंगलवार को सीएचसी रूरा की ओपीडी में करीब दो सैकड़ा मरीजों में से लगभग आधे से ज्यादा मरीज बुखार, जुकाम व खांसी के पाए गए।

मौसम में लगातार परिवर्तन होने के कारण दिन व रात के तापमान में उतार-चढ़ाव जारी है। दिन में अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहता है। वहीं दोपहर में गर्मी के बाद शाम को तापमान में गिरावट से हल्की सर्दी का अहसास होने लगता है। ऐसे में लोग लापरवाही कर बैठते हैं। ठंडे खाद्य व पेय पदार्थों का इस्तेमाल करने से लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। मंगलवार को सीएचसी में करीब 200 मरीजों की ओपीडी रही जबकि ओपीडी महज 40 से 50 मरीजों की होती थी। सीएचसी के डॉ. प्रतीक पांडेय ने बताया कि मौसम में परिवर्तन हो रहा है। जिससे लोग बीमार पड़ रहे हैं। इस समय सबसे ज्यादा मरीज सर्दी-जुखाम व बुखार के पहुंच रहे हैं।


रूरा सीएचसी में मरीजों को देखते डॉक्टर। अमृत विचार

● **रूरा सीएचसी की ओपीडी में मरीजों की संख्या चार गुना**

### सावधानी बेहद जरूरी

- ऐसे में सावधानी बरतने की विशेष जरूरत है। लगातार बदलते मौसम में बाहर के भोजन से परहेज करें। ठंडे पदार्थों के सेवन से दूर रहें। उन्होंने कहा कि लोग सुबह-शाम गर्म कपड़े जरूर पहनें और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। जुकाम होने पर मास्क लगाएं। किसी भी समस्या होने पर चिकित्सक से सलाह लें। बिना चिकित्सक की सलाह के दवा का सेवन न करें।

## 20 हजार रुपये का इनामी गैंगस्टर पुलिस के हत्थे चढ़ा

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान गैंगस्टर व इनामियां अपराधी को तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार किया है।

अमरौधा चौकी इंचार्ज शोभित कटियार ने बताया कि वह पुलिस बल के साथ गश्त पर थे। तभी उन्हें सूचना मिली कि गैंगस्टर व बीस हजार रुपये का इनामिया अभियुक्त कहीं भागने की फिराक में पिपरी मोड़ के पास खड़ा है। सूचना मिलते ही उन्होंने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर छापेमारी करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को अपना नाम बबलू निवासी बाजार वार्ड अमरौधा बताया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक तमंचा व दो कारतूस बरामद किए हैं। चौकी इंचार्ज ने बताया कि आरोपी बबलू पर गोवध, गैंगस्टर, गुंडा एक्ट के कई मामले दर्ज हैं। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा गया है।

# डांट से क्षुब्ध होकर किशोरी ने जान दी

संवाददाता, शिवली

● **शिवली थाना क्षेत्र के कुढ़वा गांव का मामला, पुलिस पहुंची**

**अमृत विचार।** कुढ़वा गांव में परिजनों की डांट से क्षुब्ध होकर किशोरी ने कमरे में कुंडे से साड़ी का फंदा लगाकर जान दे दी। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया।


पूनम प्रजापति।

शिवली कोतवाली क्षेत्र एक कुढवा गांव निवासी रामकुमार प्रजापति की पुत्री पूनम (17) घर में रह कर काम काज करती थी। सोमवर की शाम को परिजनों से किसी बात को लेकर उसकी कहासुनी हो गई, जिससे क्षुब्ध होकर उसने घर के अंदर कमरे में छत के कुंडे से साड़ी का फंदा लगाकर जान दे दी। मंगलवार की सुबह जब परिजनों ने कमरे ने शव को लटकता देखा तो पुलिस को सूचना दी।

चौकी इंचार्ज जितेंद्र तिवारी ने शव को फंदे से उतारस और छानबीन की। वहीं पुत्री की मौत से मां रामबेटी, बहन नीतू, भाई विनय, विपिन आदि का रो-रो कर बुरा हाल रहा। कोतवाल संजय गुप्ता ने बताया की प्रथमदृष्टया परिजनों से कहासुनी के बाद किशोरी के फंदा लगाकर जान देने की बात सामने आई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# प्रदेश सचिव बने मुलायम सिंह यादव

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** समाजवादी अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जनपद के वरिष्ठ अधिवक्ता मुलायम सिंह यादव को प्रदेश सचिव बनाए जाने पर जिला न्यायालय परिसर पर अधिवक्ताओं ने उनका फूल माला पहनाकर जोर दार स्वागत किया।

नवागत प्रदेश सचिव ने कहा कि अधिवक्ता समाज में महत्वपूर्ण स्थान रखते है और उनकी बातों का समाज में काफी असर होता है। वह सपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने ही न्यायालयों में अधिवक्ताओं के लिए पक्की इमारतों का निर्माण कराकर उन्हें सम्मान पूर्वक बैठने का स्थान मुहैया कराया था। जिसे अधिवक्ता समाज कभी भूल नही सकता है। इस दौरान अधिवक्ता विश्वनाथ कटियार, कल्याण सिंह यादव, रामसनेही कुशवाहा, रमेश चंद्र सिंह गौर, फूल प्रकाश शर्मा, अब्दुल सलाम, अभय यादव, रघुनंदन सिंह निषाद, राहुल यादव, जितेंद्र निषाद, सर्वेंद्र यादव, जितेंद्र बाबू, विश्वनाथ यादव, सुभाष यादव, महेंद्र सिंह, बलराम सिंह, सुधीर कुमार आदि मौजूद रहे।


प्रदेश सचिव मनोनीत होने पर मुलायम सिंह का स्वागत करते अधिवक्ता। अमृत विचार

● **जिला न्यायालय परिसर में प्रदेश सचिव का अधिवक्ताओं ने किया गर्मजोशी से स्वागत**

## पीएचसी में जांच के लिए भटके मरीज

**राजपुर।** सरकार की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के दावों के बावजूद मलेरिया, टायफाइड बलगम, खून, पेशाब समेत आम जांचों के लिए भी मरीजों को भटकना पड़ रहा है। पीएचसी की पैथॉलाजी में स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही से मरीज परेशान हैं।

मंगलवार को पीएचसी में 12 बजे पैथोलॉजी कक्ष से एलटी प्रतिपालेंद्र नदारद रहे। ऐसे में कस्बा समेत ग्रामीण इलाकों से आए मरीज जांच कराने के लिए भटकते नजर आए। राजपुर निवासी मिथलेश ने बताया कि शुगर की जांच कराने आई थी। आधे घंटे तक पैथॉलाजी कक्ष के बाहर बैठकर एलटी के आने का इंतजार करती रही। घंटों इंतजार के बाद मरीज बगैर जांच के लौट गए। डॉ. शिवकुमार ने बताया कि एलटी दोपहर में भोजन करने गए थे।

## सार-संक्षेप


रूरा में चौपाल लगाकर मतदान की अपील करते एसडीएम व सीओ। अमृत विचार

### जन चौपाल में अफसरों ने किया मतदान का आह्वान

**रूरा।** कस्बा के बाजार ग्राउंड में मंगलवार को एसडीएम सदर अवनीश सिंह, सीओ सदर तनु उपाध्याय ने जन चौपाल लगाकर सभी से अधिक से अधिक मतदान करने के लिए मतदाताओं से अपील की। एसडीएम ने बताया कि दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों के लिए वोट डालने के लिए पोलिंग बूथों पर व्हील चेयर व अन्य सुविधाएं बीएलओ के माध्यम से उपलब्ध रहेंगी। सीओ ने कहा कि कोई भी डराता या धमकाता है तो तुरंत थाने में सूचना दें। साथ ही निडर होकर मतदान करें। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष रामजी गुप्ता, लेखपाल वरुण कटियार, थाना प्रभारी एसएन सिंह, चौकी इंचार्ज राकेश सिंह आदि मौजूद रहे।


रनियां में पैदल गश्त करते पुलिस और अर्द्धसैनिक बल के जवान।

### पुलिस और अर्द्धसैनिक बल ने रनियां में किया मार्च

**रनियां।** मंगलवार को रनियां थाना प्रभारी महेंद्र सिंह पटेल ने पुलिस व अर्द्धसैनिक बल के जवानों के साथ रनियां कस्बे के प्रमुख मार्गों पर पैदल गस्त करते हुए सुरक्षा का एहसास दिलाया। साथ ही रास्ते में रुक-रुक कर नगर वासियों से संवाद स्थापित करते हुए पूछा कि सुरक्षा को लेकर थाने के जवान रात्रि ग्रस्त में रहते हैं या नहीं। उन्होंने व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपने-अपने प्रतिष्ठानों के बाहर सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगवाएं। जिससे अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सके। वहीं लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग बिना डरे व किसी के दबाव में आए करें।

### गैजूमऊ के सूने घर में चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**रूरा।** गैजूमऊ गांव में सूने घर से चोरों ने नगदी व सामान पार कर दिया। गैजूमऊ गांव निवासी निशा ने तहरीर देकर बताया कि रविवार को उसके पिता की तबियत खराब हा गई थी। वह अपने मायके रसूलाबाद गई थी। घर में कोई नही था। मंगलवार की सुबह गांव के लोगों से सूचना मिली कि उसके घर की छत पर कुछ लोग खड़े थे। वह ससुराल आई तो कमरे के अंदर बक्से का ताला टूटा था। उसमें रखे पीतल की चार परात व 80 हजार रुपये गायब थे। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि पुलिस को भेज कर जांच कराई गई है। चोरों की तलाश की जा रही है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

**विपक्ष पर हमला** | भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल बोले, जिसने देश को लूटा है उसे लौटाना ही पड़ेगा

# हर किसी का विकास ही भाजपा का मकसद

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी की रीति व नीति जीरो टॉलरेंस पर स्थापित है। पंडित दीनदयाल के सिद्धांतों को अपनाते हुए अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति का विकास ही पार्टी का मुख्य उद्देश्य है। यह बात मंगलवार को माती स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता करते हुए भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कही।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि भ्रष्टाचार हटाओ, मगर इंडी गठबंधन के नेता कहते भ्रष्टाचार को बचाओ। जिसने देश को लूटा है, उसे लौटाना ही पड़ेगा। यह मोदी की गारंटी है। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि केजरीवाल के समर्थन में रैलियां हो रही हैं, जिन्होंने शराब घोटाले को करने का काम किया है। अन्ना की नेक कमाई केजरीवाल ने बेंच खाई है। मोदी सरकार ने भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार किया है। जिससे विपक्षी दल बिलबिला रहे हैं।



प्रेसवार्ता करते भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, साथ में राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला व जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला। अमृत विचार

● **अरविंद केजरीवाल के समर्थन में रैलियों को लेकर विपक्ष पर साधा निशाना**

उन्होंने कहा कि अब भ्रष्टाचारियों को जेल भेजा जा रहा है। सपा सरकार के समय सरकारी नौकरियों को बोली लगाकर बेचा जाता था। प्रदेश में कानून व्यवस्था गुंडे चला रहे थे और चारों तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला था। जब से मोदी-योगी सरकार आई। देश व प्रदेश के भ्रष्टाचारी जेल में है। उन्होंने कहा कि कोई भ्रष्टाचारी नहीं बचेगा।


इस दौरान जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी, लोकसभा प्रभारी राजेश तिवारी, विधानसभा प्रभारी डा. सतीश शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा समेत अन्य भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सफाई न होने से नालियां चोक, रास्ते पर गंदगी

संवाददाता, मूसानगर

**अमृत विचार।** क्योंटरा बांगर गांव में सफाई न होने से नालियां चोक पड़ी हैं और गंदगी फैली है। लोगों ने सफाई कर्मी पर लापरवाही का आरोप लगाकर साफ-सफाई कराने की मांग की है।

विकासखंड अमरौधा की ग्राम पंचायत हलिया के क्योंटरा बांगर गांव में सफाई कर्मचारी की लापरवाही के चलते साफ-सफाई महीनों से ठप पड़ी है। ऐसे में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। गांव के रमेश, बनवारी, ब्रम्हा प्रसाद, शिवकुमार, अजीत सिंह आदि ने बताया कि सफाई कर्मचारी मनमाने ढंग से काम करता है और महीनों गायब रहता है। जिससे गंदगी जमा है। नालियों में कूड़ा-कचरा जमा होने से दुर्गंध उत्पन्न हो रही है और नालियां चोक पड़ी है। ऐसे में जगह-जगह गंदे पानी का भराव है।


सफाई न होने से क्योंटरा बांगर गांव में चोक नाली व सड़क पर फैली गंदगी।

गर्मी के मौसम में मच्छरों के पनपने का अड्डा बना है। जिससे संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि साफ-सफाई को लेकर पूर्व में कई बार शिकायत भी की गई। इसपर सफाई कर्मी खानापूरी कर देता है और कुछ दिन बाद हालात फिर जस के तस हो जाते हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं देते हैं, जिससे समस्या हो रही है। ग्राम पंचायत सचिव राजेश कुमार यादव ने बताया कि गंदगी की जानकारी मिली है। कर्मचारी भेजकर सफाई कराई जाएगी।

## एक नजर

### सड़क हादसों में दो घायल

फतेहपुर। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में दो लोग घायल हो गए। थरियांव थाना क्षेत्र के असवा बक्सपुर गांव निवासी फूलचंद्र का पुत्र अंकुल सोमवार रात बाइक से शहर आ रहा था। असोथर रोड पर अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से घायल हो गया। वहीं बांदा जिले के बबेरू निवासी देवदत्त भतीजे महेंद्र के साथ बाइक से राधानगर थाना क्षेत्र के मदरियापुर गांव आ रहे थे। गांव के समीप बाइक गिर जाने से बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया।

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार

फतेहपुर। राधानगर पुलिस ने बड़नपुर गांव निवासी मनोज कुमार पुत्र स्व. संतोष कुमार के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज की थी। इसके बाद से वह फरार था। मंगलवार को पुलिस ने उसे पकड़ लिया।


### जागरूक किया

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर यातायात प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने, दो पहिया वाहन में तीन सवारी बैठाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की और लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया।

# तीन साल की उम्र में दिखने लगते हैं आटिज्म के लक्षण

## बीमारी से ग्रसित बच्चों की जिला अस्पताल में हो रही काउंसिलिंग

संवाददाता फतेहपुर



- बचाव के लिए महिलाओं को जांच कराने की दी जा रही सलाह

**अमृत विचार।** आटिज्म एक ऐसी मानसिक बीमारी है, जिससे ग्रस्त लोगों में व्यवहार से लेकर कई तरह की दिक्कतें होती हैं। आटिज्म के शुरुआती लक्षण एक से तीन साल के बच्चों में नजर आते हैं। इस बीमारी के लिए अनुवांशिक और पर्यावरण संबंधी कई कारण जिम्मेदार होते हैं। बीमारी से ग्रसित बच्चे अपने आप में खोए से रहते हैं। डॉक्टरों को कहना है कि ऐसे मरीजों की काउंसिलिंग की जा रही है।

आधुनिक जीवनशैली की वजह से परिवारों में एकजुटता का भाव बहुत कम हो गया है। बच्चों में असुरक्षा का एहसास बढ़ रहा है। एक बच्चे को अपने माता-पिता का समय और परिवार के बुजुर्गों का ध्यान और प्यार चाहिए होता है। इससे वह सुरक्षित और आत्मनिर्भर महसूस करता है। बच्चों में खिलौने, किताबें और घर में कुछ रोचक खेल-खेलने की आदत डालनी चाहिए। मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. रिंकी ने बताया कि जिन बच्चों में आटिज्म की शिकायत होती है, उनके विकास की गति धीमी होती है। उनका नाम पुकारने पर भी वह कोई जवाब नहीं देते हैं। आमतौर पर छह माह के बच्चे मुस्कुराना, उंगली पकड़ना और आवाज पर प्रतिक्रिया देना सीख लेते हैं, लेकिन जिन बच्चों में आटिज्म की शिकायत होती है वह ऐसा नहीं कर पाते हैं। इसके बचाव के लिए गर्भवती महिलाओं को नियमित तौर पर चेकअप कराना चाहिए।

**आटिज्म के लक्षण**

- परिवार या अन्य बच्चों के साथ सहज न रहना
- खुद में ही खोए रहना
- बोलने की क्षमता प्रभावित होना
- सही जवाब न देना
- इशारों की भाषा न समझना

## एआरपी के कार्यकाल की अवधि समाप्त

**फतेहपुर।** जिले के सभी अकादमिक रिसोर्स पर्सन्स (एआरपी) के कार्यकाल की अवधि समाप्त हो गयी है। शासन की ओर से एआरपी के चयन को लेकर अग्रिम आदेश नहीं दिए गए हैं। जिससे जो शिक्षक अब तक एआरपी का काम देख रहे थे वह अपने मूल पद पर ही काम देखेंगे।

एआरपी के कार्यकाल की अवधि मार्च 2024 तक ही विस्तारित की गई थी। ऐसे में अब नवीनीकरण, नया चयन, पुर्ननिर्धारण आदि की कार्रवाई अगले आदेश पर निर्भर करेगी। एआरपी का पद हासिल करने को शिक्षक एड़ी चोटी का जोर भी लगाते हैं। क्योंकि स्कूलों में निरीक्षण करने से लेकर विभिन्न काम काज में उनका दखल होने की वजह से एआरपी भी अधिकारी अंदाज में रहते हैं। शासन की ओर से एआरपी के कार्यकाल की अवधि 31 मार्च तक विस्तारित किए जाने की अनुमति प्रदान की गई थी। साथ ही इसको लेकर अभी तक कोई आदेश नहीं आए हैं।



मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना करती महिलाएं। अमृत विचार

# शीतला अष्टमी पर मंदिरों में उमड़ी भीड़

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- महिलाओं ने मां से सुख समृद्धि की कामना की
- रंगोत्सव के बाद मनाया जाता है पर्व

**अमृत विचार।** रंगोत्सव के पर्व होली के बाद शीतला अष्टमी पर मंगलवार को शहर के शीतला माता मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। तमाम श्रद्धालुओं ने मां भगवती के दर्शन किए। महिलाओं ने पूजा अर्चन कर सुख समृद्धि की कामना की।

शीतला अष्टमी का काफी महत्व माना जाता है। शीतला अष्टमी मंगलवार को मनाई गई। शहर के शीतला माता मंदिर में सुबह से ही पूजा अर्चन करने को महिला श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह 10 बजे तक तो मंदिर प्रांगण खचाखच श्रद्धालुओं से भरा था। भक्तों की उमड़ी भीड़ से एरिया में मेले जैसा माहौल दिखा। माता शीतला के पूजा अर्चन करने को लंबी कतारें लगी रहीं।

मंदिर के पुजारी ने बताया कि शीतला माता हर तरह के पापों का नाश करती हैं और अपने भक्तों के तन मन को शीतलता प्रदान करती हैं। उन्होंने बताया कि स्कंद पुराण में भी माता शीतला का वर्णन है। बताया कि यह पर्व ऋतु परिवर्तन का संकेत देता है।

# जमीन के विवाद की जड़ बने राजस्व विभाग के दस्तावेज

संवाददाता औंग फतेहपुर

- संबंधित लेखपालों की ओर से तैयार कर दिए गए विवादित दस्तावेज
- ग्राम पंचायत औंग में चल रहे विभिन्न प्रकार के जमीन के विवाद

**अमृत विचार।** तहसील बिन्दकी की ग्राम पंचायत औंग स्थित पूरे गांव में चल रहे विभिन्न प्रकार के जमीन के विवाद से संबंधित ग्राम सभा अध्यक्ष द्वारा कराए गए निजी सर्वे में यह बात उभरकर सामने आई है कि विभिन्न अदालतों में चल रहे गांव के भूमि सम्बन्धी विवाद का सबसे बड़ा कारण राजस्व दस्तावेज की खामियां हैं। जिसके सहारे विवादों को तूल दिया जा रहा है। लबे अरसे से संजोई गई इन खामियों को दूर करने के बजाय क्षेत्रीय लेखपालों ने इसे लड़ाई का हथियार बनाकर खुराफाती लोगों को थमा दिया है और इसी हथियार के सहारे तहसील के दर्जनों गांवों में सैकड़ों भूमि विवाद अदालतों में विचाराधीन हैं। वहीं कुछ विवाद इसलिए शान्त हैं कि लोग समय और पैसे की बरबादी से बचने के लिए अदालत जाने से कतराते हैं।

**नक्शा और खतौनी के मिलान में अंतर:** पूर्व प्रधान अखिलेश शुक्ला ने राजस्व विभाग की खामियों को लेकर बताया है कि लेखपाल के नक्शे में दर्ज कुछ खेत या जमीन के भाग ऐसे भी हैं जिनका गाटा संख्या अगर खतौनी में देखा जाता है तो उसमें 'क' और 'ख' का विभाजन के एक ही खेत संख्या में एक से अधिक खातेदारों के दर्शन हो जाते हैं। इसी खतौनी के हिसाब से खातेदार आपस में 'क' और 'ख' नक्शे में नहीं खोज पाते हैं क्योंकि राजस्व विभाग ने नक्शे में विभाजन नहीं किया। इसी तरह के कई विवाद ग्राम औंग में सालों से चल रहे हैं, जिन्हें लेखपाल द्वारा सुलझाया जा सकता है लेकिन नक्शा में विभाजन न होना बताकर विवाद को कायम रखा जाता है।

**नहीं की गई पुख्ता नाप-जोख**

औंग निवासी प्रदीप पाण्डेय का कहना है कि इस क्षेत्र के अधिकांश किसानों के खेत का रकबा पूरा इसलिए नहीं है कि चकबन्दी के बाद किसी भी फसल में राजस्व विभाग के द्वारा पुख्ता नाप- जोख नहीं की गई है। खेतों के चिन्हीकरण में किसानों की पूर्ण संतुष्टि का खयाल नहीं रखा गया है, जिसका नतीजा यह रहा कि अदालतों में विवादों की संख्या बढ़ती चली गई। हालत इतनी खराब है कि सरकारी नक्शा के अनुसार चकमार्ग व नालियों की जमीन मौके पर लेखपाल नहीं बता सकते।

**ग्रामीणों की जुबानी**



लेखपाल का नक्शा और खतौनी के मिलान में ही बड़ी घपलेबाजी है। इन खामियों को ठीक करने के लिए उदासीन राजस्व विभाग को सक्रिय कराना होगा।

-अखिलेश शुक्ला, पूर्व ग्राम प्रधान औंग



रकबा कहीं कब्जा कहीं, कोई इसकी जांच करने वाला नहीं, लोग अपनी जमीन बेंचकर चकमार्ग और सरकारी जमीन में कब्जा दे देते हैं और राजस्व विभाग गम्भीर नहीं होता है।

-प्रदीप पाण्डेय, औंग

**क्या बोले ग्राम प्रधान**

तहसील के नक्शा और खतौनी की विसंगति को दूर करने के लिए शासन प्रशासन को पत्र लिखकर राजस्व विभाग को गम्भीर किया जाएगा।

-ममता शुक्ला, ग्राम प्रधान औंग

# भीषण गर्मी में मतदाता देंगे अग्निपरीक्षा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- जिले में 20 मई को डाले जाने हैं वोट
- लगातार बढ़ता जा रहा है तापमान

**अमृत विचार।** इस बार 20 मई को वोट डाले जाने है। इस दिन तापमान 40 डिग्री के ऊपर रहने की संभावना है। जिले में 2019 से 2023 तक अधिकतम तापमान के काफी उतार चढ़ाव रहा है। अब मौसम जानकर कहते है कि इस वर्ष 2024 की अप्रैल और मई की शुरुआत वाली गर्मी में तापमान भले ही तेजी से न बढ़े, लेकिन नमी की वजह से गर्मी का सितम कम नहीं होने का अनुमान है।

वर्ष 2022 की 13 मई को गर्मी ने 11 वर्षो का रिकार्ड तोड़ा था। 13 मई 2022 को अधिकतम पारा 41.3 तो 15 मई को 44.8 डिग्री पर पहुंच गया था। यही हालत वर्ष 2023 में हुए। हालांकि इस वर्ष 20 मई को तापमान 39 डिग्री के करीब था। इस वर्ष 40 डिग्री से अधिकतम जबकि 27 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रहने का अनुमान लगाया जा रहा है। जिससे भयंकर गर्मी के बीच मतदाताओं को वोट डालने की मजबूरी होगी।

**बूथों पर गर्मी से बचाव की होगी व्यवस्था**

लोकसभा चुनाव की ड्यूटी में लगे अफसर बताते हैं कि आईएमडी ने चुनाव के दौरान भयंकर गर्मी का पूर्वानुमान जारी किया था, जिसके तहत मतदान स्थलों पर पानी, ग्लूकोज के अलावा छाता आदि की व्यवस्था कराई जाएगी। सभी मतदान कर्मियों को हल्के सूती वस्त्र पहनने के साथ ही धूप से बचाव के लिए छाता का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है।

## सार-संक्षेप

### हृदय गति रुकने से महंत का निधन

**जाफरगंज।** खजुहा विकास खंड के गांव बिंदौर स्थित सतीधाम के महंत स्वामी श्री श्री 1008 श्री सच्चिदानंद महाराज दंडी स्वामी (65) की मंगलवार को अचानक तबीयत खराब हो गई थी। मंदिर के पुजारियों ने उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। महंत की मौत की खबर से भक्तों में शोक की लहर दौड़ गई। मंगलवार को अंतिम दर्शन के लिए आसपास के गांवो से महिलाओ एवं पुरुषो, साधु संतो सहित सनातन प्रेमियों व भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। मंदिर परिसर में गाजे बाजे सहित विधि विधान से समाधि दी गई। इस मौके पर प्रमोद शुक्ला, घनश्याम दास गुप्ता उर्फ डेलजू, ग्राम प्रधान शिव पूजन सिंह, देवेश तिवारी, संजय मास्टर, विमलेश पटेल, हरिओम सिंह ने बताया कि महंत के निधन से अपूर्णीय क्षति हुई है। सामाजिक सरोकार एवं क्षेत्र के विकास के लिए वह हमेशा तत्पर रहते थे।



स्वामी सच्चिदानंद तीर्थ महराज दंडी स्वामी।

### पेड़ पर गमछे से फंदा लगाकर युवक ने दी जान

**फतेहपुर।** घर से निकले एक युवक का शव एक बाग के पास पेड़ पर गमछे से लटका मिला है। शव मिलने पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। ग्रामीण की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि वह साइकिल लेकर घर से निकल गया था। मलवां थाना क्षेत्र के कोराई गांव के रहने वाले राम औतार रैदास सुबह साइकिल लेकर घर से काम कर निकल गया। उसके बाद उसने बकन्धा गांव के पास एक बाग में गमछे से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। बाग के पास से निकले गांव के लोगों ने जब शव पेड़ पर लटका देखा तो आसपास से पहुंचे ग्रामीणों की भीड़ मौके पर लग गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस की सूचना पर मौके पर पहुंचे मृतक के भाई कृष्णा ने थाना पुलिस को तहरीर दी कि उसका भाई साइकिल से काम पर निकला था। कुछ दिनों से मानसिक रूप से तनाव में चल रहा था। उसी को लेकर खुदकुशी कर ली है। थाना प्रभारी मुकेश सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मृतक के भाई ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। मौके से मृतक की साइकिल और चप्पल बरामद की गई है।

### बच्ची से रेप का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहपुर।** आठ साल की एक बच्ची को पड़ोसी युवक ने चाकलेट दिलाने के बहाने घर ले जाकर दुष्कर्म किया था। उसके बाद फिर उसी दिन दुबारा गेंहू के खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया था। साथ ही किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। घर पहुंची किशोरी ने दर्द बर्दाश्त नहीं कर पाने पर पूरी घटना मां को बताया। बेटी को थाना लेकर मां पहुंची और युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। मंगलवार को युवक को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल दिया। गाजीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर दी थी कि 27 मार्च बुधवार के दिन वह गाजीपुर कस्बे में सीएचसी पर इलाज कराने गई थी। पति कस्बे में दुकान पर थे। आठ साल की बच्ची घर पर थी। गांव के एक युवक आरिफ ने बेटी को चाकलेट दिलाने के बहाने अपने घर ले जाकर दोपहर में दुष्कर्म किया था। उसके बाद बेटी घर आ गई और शाम को बिना कुछ बताए घर के बाहर बच्चों के साथ खेल रही थी। तभी आरिफ ने दूसरी बार उसी दिन रात आठ बजे गेंहू के खेत में फिर से जबरन दुष्कर्म किया। बेटी ने चीखने की कोशिश की तो आरोपी युवक ने हाथ से मुंह को दबाकर दुष्कर्म कर डाला। रात में बेटी घर चुपचाप आयी और सो गई। 28 मार्च की सुबह उठने पर बेटी की हालत ठीक नहीं होने पर पूछा तो बेटी ने पूरी घटना की जानकारी दी। बेटी की प्राइवेट पार्ट से खून निकल रहा था। उसको लेकर थाने गई जिस पर पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। थाना प्रभारी विनोद मिश्रा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पॉस्को एक्ट और दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# युवक ने संदिग्ध हालात में ससुराल में खाया जहर, मौत

संवाददाता फतेहपुर

- पत्नी, सास व साले पर खाने में जहर देने का आरोप

**अमृत विचार।** राधानगर थाना क्षेत्र के बलीपुर ससुराल गए युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे सदर अस्पताल लाया गया जहां कानपुर के लिए रेफर कर दिया जिसकी रास्ते में मौत हो गई। मृतक के भाई ने पत्नी, सास व साले पर जहर देकर मार डालने का आरोप लगाया है।

गाजीपुर थाना क्षेत्र के खेसहन गांव निवासी स्व. शिवमंगल रैदास का पुत्र संजीत की शादी 2021 में बलीपुर गांव निवासी शीलू के साथ हुई थी। सोमवार की दोपहर संदिग्ध अवस्था में संजीत ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उसको सदर अस्पताल लाए जहां से कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जहां ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के भाई जगदीश ने बताया कि उसके भाई को उसकी पत्नी, साला व सास ने खाने में जहर दे दिया और गांव के किनारे डाल आए। भाई का कहना है कि शीलू ससुराल में दो दिन रहती थी और मायके में ही बनी रहती थी। इसी बात को लेकर आए दिन झगड़ा होता था।

# ब्लड बैंक में मात्र 20 यूनिट रक्त

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में पर्याप्त मात्रा में ब्लड मौजूद नहीं है। ब्लड बैंक में सिर्फ 20 यूनिट ब्लड शेष बचा है, जबकि इस ब्लड बैंक की क्षमता 250 यूनिट की है। जिले की आबादी भी करीब 30 लाख के आसपास है। लोगों को आपात स्थित में खून उपलब्ध कराने के लिए जिला अस्पताल का ब्लड बैंक है। 250 यूनिट की क्षमता वाले इस ब्लड बैंक में पर्याप्त मात्रा में खून उपलब्ध नहीं है। ऐसे में अक्सर लोगों को खून के लिए निजी बैंकों पर निर्भर होना होता है।

**रक्तदाताओं की कमी के चलते है समस्या :** स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों ने बताया कि रक्तदाताओं की कमी के कारण यह स्थिति उत्पन्न होती है।

उन्होंने बताया कि रक्तदान शिविर में ही इकट्ठा खून मिल पाता है। सामान्य दिनों में हर माह करीब पांच से छह रक्तदाता ही स्वैच्छितक रक्तदान करते हैं। जिसके कारण 250 क्षमता वाले यूनिट में केवल 21 यूनिट ब्लड मौजूद है।

**मौजूदा समय में ब्लड की उपलब्धता**

- 01 ए पॉजिटिव
- 00 ए निगेटिव
- 12 बी पॉजिटिव
- 01 बी निगेटिव
- 01 एबी पॉजिटिव
- 01 एबी निगेटिव
- 03 ओ पॉजिटिव
- 02 ओ निगेटिव

**आए दिन हो रही शिकायत**

ब्लड बैंक में मौजूदा समय में ए निगेटिव ग्रुप का ब्लड बैंक में मौजूद नहीं है। ब्लड की जरूरत पड़ने पर जिला अस्पताल पहुंचने वाले कई मरीजों की शिकायत होती है कि अक्सर ब्लड नहीं मिल पाता। जिसके कारण उन्हें निजी अस्पतालों या दूसरे जिले की ओर रूख करना पड़ता है।

गर्भवती महिला, कैंसर, एचआईवी, थैलसीमा सहित कुछ अन्य बीमारी के मरीजों के लिए खून नि:शुल्क दिया जाता है। इसके अलावा जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को भी नि:शुल्क ब्लड मिलता है। जल्द ही अलग-अलग स्थानों में कैंप लगाने की योजना बनाई जा रही है।

– डॉ. पीके सिंह, सीएमएस

## सप्ताह में एक दिन खुल रहा रामपुर थरियांव का पंचायत भवन

**थरियांव।** रामपुर, थरियांव पंचायत भवन में सोनम यादव सहायक पद पर तैनात हैं। ग्रामीणों ने बताया की वह एक भी दिन पंचायत भवन में नहीं आती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उनके भाई कभी कभार आधे एक घंटे के लिए आते हैं। जिससे ग्रामीणों को संबंधित कोई सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस मामले की शिकायत प्रधान से की गई थी, लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। शिकायत अधिकारियों से भी की गई तो उन्होंने भी कुछ भी ध्यान नहीं दिया। आरोप लगाया कि आयुष्मान कार्ड बनने पर लाभार्थियों से 50-50 रुपये लिए जा रहे हैं।

**परेशानी** सीएचसी आने वाले मरीज व तीमारदार खुले में शौच को मजबूर

# डेरापुर के शौचालय में लटका ताला

संवाददाता, संदलपुर




डेरापुर नगर पंचायत के सामुदायिक शौचालय में लटका ताला। अमृत विचार

- अधिकारियों के निरीक्षण के समय खोल दिया जाता है ताला, जिम्मेदार चुप

**अमृत विचार।** डेरापुर कस्बा में ही लाखों रुपये खर्च कर बनाया गया सामुदायिक शौचालय स्वच्छ भारत मिशन की पोल खोलता नजर आ रहा है। शौचालय में ताला पड़ा रहने से लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि जब कोई अधिकारी निरीक्षण के लिए आता है तब ताला खोला जाता है। इसके बाद फिर से ताला लटक जाता है।

डेरापुर नगर पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन के तहत सीएचसी के बगल में आम जनमानस व मरीजों को खुले में शौच जाने के बजाए सामुदायिक शौचालय का इस्तेमाल करने के उद्देश्य से शौचालय का निर्माण कराया गया था। लेकिन निर्माण के बाद शौचालय का उपयोग नहीं किया गया। उसमें ताला पड़े रहने से मरीज व तीमारदार हाथ में पानी की बोतल व डब्बे लेकर खुले में शौच जाने के लिए मजबूर होते हैं।

इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। जबकि बदलते मौसम में बीमारियों से बचाव के लिए सरकार करोड़ों रुपये प्रचार-प्रसार में खर्च कर रही है। वहीं एक अप्रैल से शुरू हुए संचारी रोग नियंत्रण में भी लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया जाएगा। लोगों का कहना है कि सामुदायिक शौचालय का उपयोग न होने से बेमकसद साबित हो रहा है। साथ ही सीएचसी आने वाले मरीज, तीमारदार व राहगीरों को दिक्कत उठानी पड़ती है। मामले में एसडीएम डेरापुर भूमिका यादव से मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं हो सकी।

## रमजान में तरावीह की नमाज सुन्नत

**मूसानगर।** रमजान के 21वें रोज़े पर मूसानगर क्षेत्र की सभी मस्जिदों में तरावीह पढ़ी गई। कस्बे की सितारा मस्जिद के इमाम द्वारा तरावीह में कुरान मुकम्मल कराने पर फूल माला पहना कर स्वागत किया गया।

सितारा मस्जिद के नायब इमाम हाफ़िज़ मोहम्मद हसीब मदनी ने बताया कि रमजान महीने में सभी मुसलमानों को तरावीह की नमाज़ व कुरान पाक का सुनना सुन्नत है। हज़रत मोहम्मद साहब ने फरमाया कि रमज़ान में तरावीह की दो सुन्नत हैं। उन्होंने बताया कि सितारा मस्जिद में दो तरावीह पढ़ी जाती है।

दूसरी तरावीह 21 दिन की होती, जिसको मस्जिद के नायब इमाम हाफ़िज़ मोहम्मद हसीब मदनी अदा कराते हैं। इस दौरान मोहम्मद हबीब पूर्व प्रधानाचार्य, हनीफ सुनार, फारूक सौदागर, नौशाद खान, इसहाक़ मंसूरी, एडवोकेट आशिकुन्नबी, मोहम्मद मुईन, शमशुद्दीन सौदागर, उमर सैफ, शुऐब खान, इख़लाक़ अहमद, राजू खान आदि मौजूद रहे।

# शिक्षिका ने स्कूल को दान किया फर्नीचर



शिक्षिका के दान किए फर्नीचर पर बैठकर पढ़ाई करते बच्चे। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** आधुनिक युग में व्यक्ति जहां दूसरों के सुख सुविधाओं का ध्यान नहीं रखना चाहता। वहीं सरवनखेड़ा ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय रानीपुर की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका अर्चना पांडेय ने प्रवेश उत्सव पर 15 सेट डेस्क-बेंच छात्र-छात्राओं को भेंट स्वरूप प्रदान की।

मंगलवार को प्रवेश उत्सव क्रार्यकम में खंड शिक्षा अधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने रूपांतरित कक्षा का उद्घाटन किया। साथ ही लर्निंग आउटकम में दक्ष छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। प्रधानाध्यापिका ने बच्चों की सुख सुविधाओं के लिए अपने निजी खर्चे पर डेस्क बेंच बनवाई।

बीईओ ने प्रधानाध्यापिका के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय में कायाकल्प के पैरामीटर लगभग पूरे होने जा रहे हैं। अब समस्त स्टाफ का उत्तरदायित्व है कि विद्यालय को सितंबर 24 तक निपुण बनाएं। एआरपी संजय शुक्ला, रूचिर मिश्रा, शिक्षक संकुल विनोद शर्मा, राधा गुप्ता, छाया देवी आदि उपस्थित स्थित रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### दो मामलों में हुआ समझौता

**फतेहपुर।** पति-पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद से संबंधित मामलों में काउंसलिंग की कार्यवाही में मंगलवार को उपनिरीक्षक कीर्ति गुप्ता, उपनिरीक्षक मंजीत यादव व काउंसलर सदस्य मोहम्मद जावेद द्वारा कराते हुए दो मामलों में समझौता कराया है। इस मौके पर मुख्य आरक्षी उमेश कुमार सिंह, महिला आरक्षी यशस्वी शर्मा मौजूद रहीं।

### आचार संहिता के नियमों का पालन करने की अपील

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह द्वारा थाना थरियांव के अलग-अलग मोहल्लों, गांव से सी-प्लान में चिन्हित संभ्रांत व्यक्तियों की गोष्ठी आयोजित की। जां विभिन्न पहलुओं व ऑपरेशन सवेरा, सीसीटीवी कैमरा, यातायात और आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता की गाइडलाइन्स का पूर्णतया अनुपालन कराने के बारे में जानकारी दी। वहीं उन्होंने समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित को दिशा-निर्देश दिए।

# मतदाता पर्ची पर अबकी बार मतदान केंद्र का नक्शा और बीएलओ का नंबर

## वोटरों को मतदान केंद्र पहुंचने में होगी आसानी, प्रशासन का वोटिंग बढ़ाने पर जोर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को घर-घर उपलब्ध कराये जाने वाली मतदाता पर्ची पर अबकी बार मतदान केंद्र का नक्शा भी छपा रहेगा। इस नक्शे के आधार पर मतदाता को वोटिंग करने के लिए बूथ तक जाने में सहूलियत मिलेगी। पर्ची पर बीएलओ का मोबाइल नंबर व नाम भी अंकित रहेगा।

मतदान से पांच दिन पूर्व से ही बीएलओ को घर-घर मतदाता पर्ची पहुंचाने का निर्देश दिया गया है। लोकसभा चुनाव में बूथों पर ज्यादा वोटिंग कराकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग मतदाताओं को ज्यादा से ज्यादा सहूलियत देने की कवायद में लगा हुआ है। इसके लिए नई-नई योजनाएं बनाई जा रही हैं। पहली बार लोकसभा चुनाव में मतदाताओं के घर पर मिलने वाली मतदाता पर्ची में मतदान केंद्र का नक्शा भी छपा रहेगा। जिससे मतदाता आसानी से अपने मतदान केंद्र व बूथ तक पहुंच सकें। यह मतादाता पर्ची इस बार ए फोर पेपर पर आधे भाग में छपकर मिलेगी। उसमें मतदान केंद्र व बूथ के नाम के साथ ही बीएलओ का नाम और मोबाइल नंबर भी दर्ज होगा। साथ ही पर्ची पर मतदाता का फोटो, भाग संख्या व वोटर आईडी नंबर भी अंकित रहेगा।



### पहचान पत्र न होने पर 12 विकल्पों की सुविधा

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि मतदाता फोटो पहचान पत्र न होने की स्थिति में मतदान के लिए 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने कहा है कि आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों या डाकघरों के फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय का स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर स्मार्ट कार्ड, पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र को पात्र माना जाएगा। सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी सरकारी पहचान पत्र और यूडीआईडी कार्ड, सामाजिक न्याय मंत्रालय वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज पात्र माना जाएगा।

# गर्म हवा के थपेड़े, सड़कों पर सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** अप्रैल माह में ही तेज हवाओं ने लू का रूप अख्तियार कर रही है। धूप की तेजी और तेज हवाओं की वजह से लोगों ने दोपहर में सफर करने से परहेज किया। तापमान लगातार 35 डिग्री सेल्सियस के ऊपर बना हुआ है।

मई-जून के मौसम में तेज हवाएं और चिलचिलाती धूप आम बात है, पर इस बार लोग अभी से ऐसे मौसम के दीदार कर रहे हैं। इससे लोगों ने आने वाले दिनों में और अधिक गर्मी का अंदाजा लगा लिया है। लोग अभी से दिन के साथ रात में भी गर्मी महसूस कर रहे हैं। मंगलवार की सुबह से ही हवाएं चलने लगीं। जब दोपहर के वक्त धूप में तेजी आई। इसके बाद तेज धूप और हवाओं की जुगलबंदी ने लू का रूप ले लिया। जो लोगों के लिए आफत बन गया। सड़कों पर अपने जरुरी काम से निकले लोगों ने लू के थपेड़ों को सहते हुए सफर किया। महिलाओं ने अपने चेहरों को दुपट्टा या स्टॉल तो पुरुषों ने कैप या गमछा लपेटकर बचाव किया।



धूप बचने को इस तरह निकलीं लड़कियां।

### गन्ने के रस, खीरा और ककड़ी की दुकानें सजीं

सर्दी में जहां दुकानदार जैकेट व स्वेटर सजा रहे थे। वहीं गर्मी आते ही दुकानदार टी-शर्ट, लोवर, स्टॉल, गमछा आदि गर्मी से जुड़ी चीजों की नुमाइश कर रहे हैं। जिससे ग्राहक आकर्षित होकर उनकी दुकान पर सामान खरीदने आएं। शो-रूमों के साथ फुटपाथ पर सजी दुकानों में गर्मी में बिकने वाली चीजों की बिक्री शुरू हो गई है। गन्ने का रस, खीरा व ककड़ी की दुकानें भी फुटपाथ पर सज गई हैं।

### 16 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा

दो दिन पूर्व रविवार को हल्की बूंदाबांदी के बाद तापमान में मामूली गिरावट हुई थी। मंगलवार को अधिकतम तापमान 35 .5 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रहा। साथ ही 16 किलो प्रति घंटे की गति से हवाएं चलीं। वहीं बीते दिनों अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 25 .0 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था।

# 'चुनाव में पूरे दमखम से उतरेगी कांग्रेस'

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी इंडिया गठबंधन के तहत पूरे दमखम के साथ उतरेगा और जनपद की सीट से गठबंधन के प्रत्याशी को जीत दिलाने का काम करेगी। यह बातें कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बीरेन्द्र सिंह चौहान व शहर अध्यक्ष मो. आरिफ गुड्डा ने मीडिया के समक्ष कहीं।

मंगलवार को शहर के जीटी रोड स्थित कांग्रेस कमेटी के जिला कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए नवनियुक्त जिलाध्यक्ष व शहर अध्यक्ष ने कहा कि संगठन के सभी निष्ठावान कार्यकर्ताओं से संवाद कर उन्हें लोकसभा चुनाव में अहम जिम्मदारी देकर गठबंधन प्रत्याशी को जिताने की ज़िम्मेदारी दी जाएगी। कहा कि पुराने व नए कार्यकर्ताओं के दम पर कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को हराने व इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने का काम करेगी।



पार्टी कार्यालय में मीडिया को जानकारी देते कांग्रेस जिलाध्यक्ष व शहर अध्यक्ष।

- **निष्ठावान कार्यकर्ताओं को दी जाएगी चुनाव की जिम्मेदारी**

जिलाध्यक्ष बनने के बाद बीरेन्द्र सिंह चौहान व शहर अध्यक्ष मो. आरिफ गुड्डा ने पहली बार मीडिया से रूबरू होते हुए उनकी नियुक्तियों के लिए केंद्रीय व प्रदेश नेतृत्व का आभार प्रकट किया। वहीं लोकसभा चुनाव पर कहा कि कांग्रेस पार्टी बुनियादी मुद्दों को लेकर चुनाव मैदान में है। पार्टी जनहित मुद्दों को लेकर हमेशा जनता के बीच जाती है

शहर अध्यक्ष मो. आरिफ गुड्डा इससे पूर्व में भी शहर अध्यक्ष रहे है एवं नगर पालिका परिषद के तीन बार के सभासद हैं। उन्होंने कहा कि शहर कांग्रेस जिला कमेटी के साथ समन्वय बनाकर लोकसभा चुनाव में लोगों को कांग्रेस की नीतियों एवं रीतियों से जोड़ने एवं अपने नेता राहुल गांधी व प्रियंका गांधी को मज़बूत करने का काम करेंगे। सुधाकर अवस्थी, देवेंद्र सिंह गौतम, राजीव लोचन निषाद, महेश द्विवेदी, शहाब अली, रामनरेश महाराज आदि मौजूद रहे।

# खुद नहीं, दिहाड़ी मजदूरों से सफाई करवाते कर्मचारी

संवाददाता, अमौली फतेहपुर

**अमृत विचार।** ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता अभियान फेल है। एक अप्रैल से संचारी रोग नियंत्रण अभियान चल रहा है। जिस पर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिए जाने का निर्देश हैं। बावजूद इसके गांवों में गंदगी पसरी है। सफाईकर्मी खुद अफसर बने टहलते हैं और दिहाड़ी मजदूर लगाकर काम के प्रति खानापूरी करते नजर आते हैं।

अमौली कस्बा सहित कुलखेड़ा, मदरी, सरहन, गोहरारी, चतनपुर, खदरा आदि क्षेत्र के गांवों में गंदगी पसरी है। लेकिन विभागीय स्तर पर मच्छरों से निपटने के लिए न तो फॉगिंग की कोई योजना है और न ही साफ-सफाई की तैयारी।

अमौली विकास खंड क्षेत्र के दपसौरा गांव में स्वच्छता अभियान के तहत सफाईकर्मियों की टीम मंगलवार को मरवाही डेरा गांव पहुंची। भाजपा के सेक्टर प्रमुख शंकर ने कहा कि गांव में आए सफाईकर्मी कार्य करने से कतराते हैं। गांव के मजदूरों को लगाकर खानापूर्ति की जा रही है।



ग्रामीण क्षेत्रों में नाली की सफाई करते दिहाड़ी मजदूर। अमृत विचार

# फर्जी हाजिरी पर रोक लगाएगा एनएमएमएस

**फतेहपुर।** अवैध कमाई का जरिया बनी मनरेगा योजना की नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम एप (एनएमएमएस) की निगरानी में होगी। मस्टर रोल में दर्ज मजदूरों की हाजिरी कार्य स्थल पर मोबाइल पर एप से भरनी होगी। ऑनलाइन भरने के साथ ही मस्टर रोल में दर्ज व कार्यरत 10-10 मजदूरों की ग्रुप फोटो भी फीड करनी होगी। एप में हाजिरी फीडिंग की खातिर समय का निर्धारण महत्वपूर्ण है। खासतौर पर मजदूरों की हाजिरी दोनों पालियों में आनलाइन भरना अनिवार्य है।

**गलती से होगी हाजिरी रिजेक्ट :** सुबह छह बजे से 11 बजे तक पहली पाली में काम कर रहे मजदूरों की फोटो संग मोबाइल पर मस्टर रोल भरना है। दूसरी पाली में दो बजे से दोबारा हाजिरी लगानी होगी। गलती या लापरवाही बरतने पर संबंधित मस्टर रोल में दर्ज मजदूरों की उस दिन की पूरी हाजिरी रिजेक्ट हो जाएगी।

## सार-संक्षेप

### बिंदकी में महेन्द्र सिंह अध्यक्ष और बृजेश महामंत्री बने

**बिंदकी फतेहपुर।** अधिवक्ता संघ के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए महेंद्र सिंह यादव को विजई घोषित किया गया, जबकि महामंत्री पद के लिए बृजेश वाजपेई विजयी हुए। विजयी पदाधिकारियों का फूल मालाओं से गाजे बाजे के साथ स्वागत किया गया। मंगलवार की सुबह से अधिवक्ता संघ के चुनाव के लिए मतदान प्रारंभ हुआ। कुल 226 मतदाता अधिवक्ताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करना था। जिसमें 207 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। लगभग 3 :00 बजे तक मतदान हुआ। इसके बाद मतगणना प्रारंभ की गई। शाम करीब 5 :00 बजे तक की गई मतगणना में परिणाम घोषित किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद के दावेदार महेंद्र सिंह यादव को कुल 104 मत मिले। जबकि अध्यक्ष पद के दूसरे प्रत्याशी रमाशंकर शुक्ल को 67 तथा तीसरे प्रत्याशी जगन्नाथ सिंह को 36 मत मिले। इस प्रकार महेंद्र सिंह यादव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी प्रत्याशी रमाशंकर शुक्ल को 37 मतों से पराजित कर दिया। जबकि जगन्नाथ सिंह तीसरे नंबर पर रहे। इसी प्रकार महामंत्री पद के लिए बृजेश वाजपेई को 100 मत मिले जबकि राजकमल को 57 मत मिले और कैलाश चंद्र पटेल को 50 मत मिलें। इस प्रकार बृजेश वाजपेई ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी राजकमल को 43 वोट से पराजित कर दिया।



चयनित हुए पदाधिकारियों का हुआ स्वागत।

### शौचालय बनवाकर रास्ता अवरुद्ध करने का आरोप

**बिंदकी।** मलवां विकासखंड क्षेत्र के कोश गांव के लोग मंगलवार को तहसील मुख्यालय पहुंचे और उप जिलाधिकारी अभिनित कुमार से मिले। उन्हें एक शिकायती पत्र सौंपते हुए आरोप लगाया कि गांव के सुंदरलाल, सुनील, बबलू व दीपू ने रास्ते में शौचालय बनवा लिया है। जिसके कारण रास्ता अवरुद्ध हो गया है। आवागमन बाधित है उप जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की शिकायत सुनकर जांच कर कार्रवाई की बात कही। इस मौके पर रानी देवी, बिंदा प्रसाद, मंजू, राजू, बीटान, चंद्रावती, कल्लू देवी, कमलेश सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# व्यापारियों ने मानकविहीन निर्माण पर उठाई आवाज

संवाददाता, बिन्दकी फतेहपुर

- **राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार मंडल ने एसडीएम से की शिकायत**

**अमृत विचार।** नगर के मेन बाजार में हो रहे मानक विहीन सड़क निर्माण को लेकर व्यापारियों ने विरोध दर्ज कराया है। एसडीएम ने ईओ नगर पालिका को निमौके पर जाकर जांच करने के निर्देश दिए हैं।

मंगलवार को राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार मंडल की बिन्दकी इकाई के नगर अध्यक्ष प्रेम बाबू ओमर ने अपने व्यापारियों के साथ तहसील कैंपस पहुंचे। उपजिलाधिकारी अवनीत कुमार से शिकायत करते हुए कहा कि नगर के खजुहा चौराहे से लेकर फाटक बाजार तक सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा। निर्माण कार्य में लगाई जा रही सामग्री पूरी तरह मानक विहीन है। जिसे मानक के रूप में कराया जाए।

साथ ही सड़क को तोड़ कर पूर्व की लेवलिंग के अनुरूप बनाया जाए। यदि सड़क की उंचाई पर बनाई गई तो दुकानों पर बरसात के मौसम में जल भराव होगा। एसडीएम ने नगर पालिका ईओ कृष्ण चंद पाण्डेय को निर्देश दिया की जेई के साथ मौके पर जाकर हो रहे निर्माण कार्य की जाच करें और मानक के अनुसार कार्य कराया जाए। नगर उपाध्यक्ष व्यापार मण्डल अनिल मिश्रा, गोरे लाल गुप्ता, सत्यप्रकाश साहू, मनीष, श्याम ओमर, गौरव गुप्ता, रामबाबू ओमर, आनंद गुप्ता, हेमंत गुप्ता, आदर्श ओमर, विनय गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# नायब तहसीलदार ने पकड़े तीन ओवरलोड ट्रक

**बिंदकी।** ओवरलोड ट्रकों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नायब तहसीलदार ने मंगलवार सुबह तीन ओवरलोड ट्रक पकड़े और सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर पुलिस को सौंप दिया।

मंगलवार की सुबह तहसीलदार अमरेश कुमार सिंह ने ओवरलोड ट्रकों के खिलाफ अभियान चलाया। इसके तहत कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के भवानीपुर गांव के पास एक ओवरलोड ट्रक पकड़ा गया जबकि दूसरा मोरंग भरा ओवरलोड ट्रक कोतवाली बिंदकी क्षेत्र तेंदुली गांव के पास पकड़ा गया। उन्होंने तीसरा ट्रक थाना कल्यानपुर के चौडगरा-बकेवर मार्ग में जलाला गांव के पास नहर पुल के पास पकड़ा।

# नबी-ए-करीम की सुन्नत में खजूर

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** इनदिनों रमजान माह चल रहा है। रोजदारों और खजूर के दरमियान अटूट रिश्ता है। अफ्तार के समय खजूर न हो ऐसा नामुमकिन है। जिसकी एक बड़ी वजह यह है कि नबी-ए-करीम सल. भी खजूर से रोजा खोलना पसंद करते थे। जो उनकी सुन्नतों में से एक है। खजूर का जिक्र कुरआन पाक में बीस जगहों पर मिलता है। एक हदीस में है कि नबी करीम सल. ने फरमाया कि तुम खजूर से अफ्तार करो इसका कारण यह है कि खजूर गर्म और नमी वाला फल है। इसलिए रोजे के कारण दिन भर दाना पानी न पहुंचने से शरीर में सुस्ती और पानी की कमी हो जाती है। जिसकी भरपाई खजूर से हो जाती है।

### खजूर शरीर को देता है ताकत

खजूर मीठा फल होने के कारण आंतों और शरीर को ताकत देता है। हदीस में खजूर के बहुत लाभ बताए गए हैं। इसकी लोकप्रियता और लाभ देखकर अब रेगिस्तानी क्षेत्रों के अलावा पश्चिम में भी इसकी खेती होने लगी है। यह अनगिनत प्रकार की होती है। इसमें अजबा शामी, मुब्शली बरनी के नाम से मुख्य है। खजूर की पैदावार अधिकतर अरब देशों में अधिक होती है। जिसका केन्द्र अरब, ईराक, अदन सहित अरब के सभी देश शामिल है। जहां से खजूर पूरी दुनिया को बिक्री की जाती हैं।

### अरब का खजूर बेहतर

जानकार बताते हैं कि अरब और ईराकी खजूर को दुनिया की बेहतरीन खजूरों में शुमार किया जाता है। खजूर की इन किस्मों में नबी करीम सल. ने बरनी और अजबा खजूर को अपना पसंदीदा खजूर बताया है। अजबा खजूर आज भी सबसे महंगी और स्वादिष्ट होती है। यह छोटी-छोटी काले रंग की और खुश्क होती है। जबकि बरनी खजूर एक तरफ से मोटी होती है। इसमें गुठली न के बराबर होती है। अरब देशों में खजूर का गुड़ भी बनाया जाता है।

### फायदेमंद होता है खजूर

कुरआन पाक में कई जगह खजूर की सिफतों में बीमारी का इलाज व शिफा भी साबित होती है। जो दवा का काम भी करती है। इसमें शर्करा कार्बोहाईड्रेटस, विटामिन एबी, धातविक चूना, खार लौह, मैगनीशियम गंधक, तांबा और वसा जैसे तत्व होते हैं। एक खजूर में लौह की मात्रा लगभग दस प्रतिशत होती है। आधा सेर खजूर से 1275 कैलोरी शरीर में उर्जा पहुंचती है।

**बदहाली** तापमान बढ़ने के साथ मच्छर पनपने से लोगों में गहराया बीमारियों का संकट

# अभियान को ठेंगा दिखा रहे कूड़े के ढेर

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह कूड़े के ढेर व गंदगी से बजबजाती नालियों से सड़क पर गंदा पानी व कीचड़ पसरा है। इसमें तापमान बढ़ने से मच्छर पनपने लगे हैं। नालियों में फॉगिंग व एंटी लार्वा का छिड़काव न होने से लोगो पर मच्छर जनित रोगों से ग्रसित होने का खतरा मंडराने लगा है।

पिछली बार संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाए जाने के बावजूद डेंगू के आधा सैकड़ा से अधिक मरीज मिले थे। विभागों के अभी से ही संजीदा न होने से हाल फिर खराब हों सकते हैं। सोमवार से संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरूआत कर दी गई है। बता दें कि पिछली बार संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दौरान अफसरों की टीमों ने शहर से गांव-गांव घूम कर सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने की कवायद की थी। मौसम बदलते ही टीमें उदासीन हो गईं और हालात फिर से जस के तस हो गए हैं। ऐसे में फिर से तापमान बढ़ने के साथ साथ मच्छर भी पनपने लगे हैं। मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के लिए कर्मचारी फॉगिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव नहीं कर रहे हैं। ऐसे में लोगों के एक बार फिर से मच्छर जनित रोगों से ग्रसित होने का खतरा मंडराने लगा है। बता दें कि इस समय मौसम बदलाव होने के चलते कई लोग बीमारियों की चपेट में आकर अस्पतालों में भर्ती होकर तो कुछ होम आइसोलेट होकर घर पर ही अपना इलाज करवा रहे हैं। ऐसे में विभागों द्वारा सावधान न बरती गई तो हाल फिर खराब हो सकते है।



ऐसे लगा रहता है कूड़े का ढेर। अमृत विचार

### गांवों में भी लगा गंदगी का अंबार

शहर के पटेल नगर, शादीपुर, रानी कॉलोनी या फिर वीआईपी रोड, तमाम स्थानों पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। गांवों में बजबजाती नालियों और जगह-जगह लगे ढेरों से जनता परेशान हैं। मौसम एक बार फिर बदलने लगा है। इससे मच्छरों की बाढ़ आ गई है। गांव में बुखार के मरीजों की संख्या भी तेजी से बढ़ने लगी है। इसके बाद भी साफ सफाई व्यवस्था पर विभागों का ध्यान नही जा रहा है। कई गांव से सफाई कर्मचारी नदारद है और अधिकारी इस बात से बेपरवाह होकर बैठे हैं।

- **नहीं कराया जा रहा एंटी लार्वा का छिड़काव**

# होली मिलन समारोह में दिखी समरसता

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद द्वारा लोधीगंज में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजिक समरसता देखने को मिली। परिषद द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप मे परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर सुमंत गुप्ता, अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता, जेल पर्यवेक्षक विपिन बिहारी शरण व राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला कविता रस्तोगी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुमंत गुप्ता ने कहा कि होली पर्व भाईचारे का संकल्प लेना होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित अयाह-शाह विधायक विकास गुप्ता ने कहा कि होली पर्व के माध्यम से एकजुट होकर समाज को संगठित करें। जेल पर्यवेक्षक विपिन बिहारी शरण, राम विशाल गुप्त, हरिओम रस्तोगी आनंद स्वरूप रस्तोगी, महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष कविता रस्तोगी, माया शिवहरे, सुनीता गुप्ता, स्वाती ओमर, सुमित गुप्ता, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव विनोद गुप्ता, जिलाध्यक्ष अरुण जायसवाल आदि मौजूद रहे।



समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमंत गुप्ता का स्वागत हुआ। अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि मैं अपने पुत्र सुरेंद्र कुमार उर्फ रिंकू को गलत चाल -चलन के कारण अपनी समस्त चल -अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। इनके किसी भी कार्य व्यवहार से मेरा कोई लेना-देना नहीं है। **रामसूरत पुत्र कृपाराम मोहल्ला- भगवती गंज वार्ड नंबर 5 बलरामपुर**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **अब्दुल अलीम पुत्र मोहम्मद नसीम, निवासी-छुहियापुरवा, सहारा स्टेट, जानकीपुरम, लखनऊ,** मेरा पुत्र सेन्ट थामस मिशन स्कूल सेक्टर-एच. जानकीपुरम लखनऊ में कक्षा-8वीं का छात्र है। उसका नाम विद्यालय अभिलेखों में त्रुटिवश MOHAMMED AQIB तथा उसकी माता का नाम SHAHNAZ BANO दर्ज है जबकि मेरे पुत्र का सही नाम MOHAMMAD AQIB तथा उसकी माता का नाम SHAHANAJ BANO है।

**सूचना**
सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम MOHAMMAD ISRAİL MEKRANI S/o ABDUL HAMEED MEKRANI था। जो कि मैने आज दिनांक 02.04.2024 से अपना नाम बदलकर MOHAMMAD ISRAIL S/O ABDUL HAMEED रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। निवासी- मोहल्ला सलारगंज, थाना- दरगाह शरीफ जनपद- बहराइच

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **मोहम्मद वसी पुत्र गुलाम नबी, निवासी- मकान न0- 86, उत्तरी मुराइन टोला थाना कोतवाली शहर व जिला फतेहपुर, मेरा जन्म दिनांक 09/11/1980 को मकान न0- 86, उत्तरी मुराइन टोला थाना कोतवाली शहर व जिला फतेहपुर** में हुआ था पुत्री की माता का नाम नूर फातिमा है। आज से पूर्व में किसी भी सरकारी गैर सरकारी संस्था/सरकारी/निजी अस्पताल, क्लिनिक, सथानीय निकाय, ग्राम/नगर पंचायत एवं लोकवाणी जनसेवा केंद्र द्वारा पुत्री का प्रमाण पत्र जारी नहीं कराया गया है। यदि भविष्य में कोई भी विधिक कार्यवाही होती है, तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी मेरी होगी । यह कि मेरा जन्म फतेहपुर में दर्ज करते हुये जन्म प्रमाण पत्र दिलाया जाना आवश्यक है।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरी पुत्री आकांक्षा मिश्रा उर्फ आकांक्षा दुबे पत्नी श्री अनुराग दुबे वर्तमान पता- 568ख(92) गीतापल्ली आलमबाग, लखनऊ के गलत व्यवहार व आचरण के कारण मैंने अपनी पुत्री से सारे रिश्ते समाप्त कर उसे अपनी समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। **अतुल कुमार मिश्रा पुत्र भोमेश्वर मिश्रा निवासी- ए-1/10 जलवायु विहार फेस-2, मानसरोवर योजना कानपुर रोड, लखनऊ।**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मुझे पहले राधिका अनुज कुमार दूबे के नाम से जाना जाता था अब भविष्य में मुझे राधिका पाण्डेय के नाम से जाना व पहचाना जाएगा। निवासी-राधिका पाण्डेय पत्नी भूपेंद्र कुमार पाण्डेय ग्राम- हसुई मुकुंदपुर, भवानीगढ़ जिला सुल्तानपुर/अमेठी पिन कोड- 227806

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **गजाधर ठाकुर पुत्र करूणाानीधान ठाकुर, निवासी- म.न.129स, राम नगर, कालोनी, रिवतापुर, निलमथा, निकट- स्काई लॉक स्कूल, निलमथा, लखनऊ कैन्टोमेन्ट, पोस्ट-दिलकुशा जिला-लखनऊ-226002,** मैं पूर्व में हनुमान टोला आरा, वालीगंज, भोजपुर बिहार-802301 के पते पर निवास करता था अब मै वर्तमान में म.न. 129स, राम नगर, कालोनी, रिवतापुर, निलमथा निकट स्काई लॉक स्कूल, निलमथा, लखनऊ कैन्टोमेन्ट, पोस्ट-दिलकुशा जिला-लखनऊ-226002,यू0पी0 में निवास कर रहा हूँ। यही पता सभी आवश्यक कागजातों में माना जाय व दर्ज किया जाय ।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **मोहम्मद वसी पुत्र गुलाम नबी, निवासिनी- मकान न0- 86, उत्तरी मुराइन टोला थाना कोतवाली शहर व जिला फतेहपुर,** मेरी पुत्री गौसिया वसी का **जन्म दिनांक 19/09/2008 को निज निवास मकान न0- 86, उत्तरी मुराइन टोला थाना कोतवाली शहर व जिला फतेहपुर** में हुआ था पुत्री की माता का नाम हस्मतुन निशा है आज से पूर्व में किसी भी सरकारी गैर सरकारी संस्था/सरकारी/निजी अस्पताल, क्लिनिक, सथानीय निकाय, ग्राम/नगर पंचायत एवं लोकवाणी जनसेवा केंद्र द्वारा पुत्री का प्रमाण पत्र जारी नहीं कराया गया है। यदि भविष्य में कोई भी विधिक कार्यवाही होती है, तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी मेरी होगी । यह कि मेरा जन्म फतेहपुर में दर्ज करते हुये जन्म प्रमाण पत्र दिलाया जाना आवश्यक है।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **कुरैशा पत्नी छेद्दू पुत्री छेद्दू, निवासिनी- मकान न0- 36, ए0 पन्ना चक्की के पास उत्तरी मुराइन टोला थाना कोतवाली शहर व जिला फतेहपुर,** मेरा जन्म दिनांक 11/08/1970 को निज निवास मकान नं0-36ए0 पन्ना चक्की के पास उत्तरी मुराइन टोला थाना कोतवाली शहर व जिला फतेहपुर में हुआ था पुत्री की माता का नाम इद्दो है। आज से पूर्व में किसी भी सरकारी गैर सरकारी संस्था/सरकारी/निजी अस्पताल, क्लिनिक, सथानीय निकाय, ग्राम/नगर पंचायत एवं लोकवाणी जनसेवा केंद्र द्वारा पुत्री का प्रमाण पत्र जारी नहीं कराया गया है। यदि भविष्य में कोई भी विधिक कार्यवाही होती है, तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी मेरी होगी । यह कि मेरा जन्म फतेहपुर में दर्ज करते हुये जन्म प्रमाण पत्र दिलाया जाना आवश्यक है।

# विधवा को गांव से अगवा करने गए युवक को ग्रामीणों ने खदेड़ा

## आरोपी ने तमंचा लहराया, ग्रामीणों ने किया थाने का घेराव, थानाध्यक्ष ने समझाया

संवाददाता, सौरिख-कन्नौज

**अमृत विचार।** गांव में एक विधवा को अगवा करने गए समुदाय विशेष के युवक को ग्रामीणों ने खदेड़ लिया तो उसने तमंचा लहराते हुए जान से मारने की धमकी दी। आक्रोशित ग्रामीण व महिलाएं थाने पहुंचे और घेराव किया। थानाध्यक्ष ने ग्रामीणों से तहरीर लेकर कार्रवाई का आश्वासन दिया, तब ग्रामीण घर लौटे। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। बताया जा रहा है कि समुदाय विशेष का युवक दबंग किस्म का है, जिससे ग्रामीणों में दहशत है।


सकरावा थाने में ग्रामीणों से वार्ता करते थानाध्यक्ष शशिकांत कनौजिया।

मंगलवार को सकरावा थाना क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर जोगिन डेरा में सकरावा गांव का रहने वाला समुदाय विशेष का युवक एक विधवा को अगवा करने गया। जैसे ही ग्रामीणों को जानकारी हुई तो विरोध किया और गांव की महिलाओं ने उसे लाठी-डंडा लेकर खदेड़ लिया। चारों ओर से घिरता देख आरोपी ने तमंचा निकाल

● **सकरावा क्षेत्र के सिकंदरपुर जोगिन डेरा का मामला**

लिया और गोली मारने की धमकी देने लगा। मौका पाकर वह वहां से भाग गया। इसके बाद सैकड़ों पुरुष व महिलाएं सकरावा थाने पहुंचे और घेराव करने लगे। थानाध्यक्ष शशिकांत कनौजिया और हल्का प्रभारी बृजमोहन पाल ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझाया और कार्रवाई का आश्वासन दिया लेकिन ग्रामीण उसकी गिरफ्तारी की मांग पर अड़े थे। महिलाओं ने थानाध्यक्ष को बताया कि युवक अक्सर गांव आता है और खेतों में काम करने वाली महिलाओं व युवतियों के साथ छेड़खानी करता है। इससे महिलाओं का गांव से बाहर निकलना भी दुश्वार है। ग्रामीणों ने आरोपी के विधवा से अवैध संबंध होने का भी आरोप लगाया है। वह महिला पहले भी कई बार ग्रामीणों के खिलाफ छेड़खानी का मुकदमा दर्ज करवा चुकी है। आरोप है कि समुदाय विशेष के युवक के इशारे पर ही निर्दोष ग्रामीणों को झूठे मुकदमे में फंसाया गया है। थानाध्यक्ष से मांग की कि आरोपी दोबारा गांव में नहीं घुसना चाहिए, नहीं तो कोई अप्रिय घटना भी हो सकती है। गांव की सरला देवी, राखी, सावित्री, गीता, धर्मेंद्रनाथ, जयकरननाथ, सुभाषनाथ, ममता आदि मौजूद रहीं।

### मुकदमे में समझौते का बना रहे दबाव : थानाध्यक्ष

थानाध्यक्ष शशिकांत कनौजिया ने बताया कि विधवा ने पहले गांव के कुछ लोगों के खिलाफ छेड़खानी की एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसमें आरोपी युवक उसकी मदद कर रहा है। इस मुकदमे में समझौते के लिए ग्रामीण दबाव बना रहे हैं। विधवा ने भी ग्रामीणों के खिलाफ तहरीर दी है, जिसमें मुकदमे में समझौता न करने पर मारपीट तथा छेड़छाड़ में कपड़े फाड़ देने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सत्यता के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# परिवार रजिस्टर, मृत्यु प्रमाणपत्र की दो माह बाद भी नकल नहीं

**तिर्वा-कन्नौज।** मृत्यु प्रमाण पत्र व परिवार रजिस्टर की नकल के लिए आवेदन करने के बाद से युवक भटक रहा है। दो माह बाद भी कागज नहीं मिल सके हैं। पीड़ित पक्ष ने इसकी उप जिलाधिकारीसे शिकायत की। उप जिलाधिकारी ने प्रकरण में आदेश दे दिए थे।

● **एसडीएम ने सात फरवरी को ही कर दिए थे आदेश**

आजादनगर निवासी किशोर कुमार पुत्र दुलारेलाल ने मंगलवार को उप जिलाधिकारी अशोक कुमार को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसने थाना ठठिया ब्लाक उमर्दा के बेहटा गांव निवासी सास सरस्वती पत्नी श्यामसुंदर की मौत के बाद चार फरवरी को मृत्यु प्रमाणपत्र व परिवार रजिस्टर की नकल के लिए आवेदन किया था।

उप जिलाधिकारी कार्यालय से आवेदन सात फरवरी को डाक से ब्लाक भेजकर संबधित कागजात बनवाने के निर्देश दिए। फरवरी व मार्च के बाद भी पीड़ित को प्रमाण पत्र नसीब नहीं हो पाया। बीडीओ दयाराम ने बताया कि मामले की जांच की जाएगी। आखिर इतना समय व्यतीत होने के बाद क्यों जारी नहीं किया गया।

# मलिकपुर के दो युवकों की मौत

**चित्रकूट हादसा**

● **एनएच-35 पर डंपर ने ई-रिक्शा में मारी थी टक्कर**

● **गुगरापुर बीडीओ का वाहन चालक था अनिरुद्ध**

संवाददाता, गुरसहायगंज-कन्नौज

**अमृत विचार।** चित्रकूट में आंखो का उपचार कराने गए दो युवकों की सड़क हादसे में मौत हो गई। जानकारी होने पर परिजन चित्रकूट के लिए रवाना हो गए।


अनिरुद्ध।


अखिलेश।

ग्राम मलिकपुर निवासी शिवराज का पुत्र अनिरुद्ध (30) ब्लाक गुगरापुर में बीडीओ का वाहन चालक था। सोमवार की शाम चित्रकूट में आंख के उपचार के लिए चचेरे भाई अखिलेश (25) पुत्र हरिभान के साथ गया था। मंगलवार की सुबह चित्रकूट के कर्वी क्षेत्र स्थित नेशनल हाइवे-35 पर डंपर ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। इससे ई-रिक्शा पर सवार अनिरुद्ध व अखिलेश की मौत हो गई। घटना में पांच लोगों की और मौत हो गई। चित्रकूट पुलिस ने मृतक अनिरुद्ध के चाचा सनोज कुमार यादव को सूचना दी। ग्रामीणों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद परिजन चित्रकूट के लिए रवाना हो गए। मृतक अखिलेश तीन भाईयों दूसरे नंबर का था। बड़े भाई रिंकू (30), छोटे भाई (20), माता जगबेटी देवी (66) व पिता हरिभान सिंह यादव (70) का रो-रोकर बुरा हाल है। अनिरुद्ध तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। बड़ा भाई राहुल यादव, छोटा भाई मनीष यादव, माता संध्या देवी, बहन नीलम व प्रीति बेसुध है।


मृतक के रोते बिलखते परिजन व बेसुध अनिरुद्ध की बहन। अमृत विचार

### ब्लाककर्मियों की मौत पर दी गई श्रद्धांजलि

**गुरसहायगंज।** ब्लाक गुगरापुर कार्यालय में बीडीओ उमाशंकर शाहू के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें वाहन चालक ग्राम मलिकपुर निवासी अनिरुद्ध कुमार व ग्राम पंचायत मनोरथपुर में नियुक्त स्वच्छता कर्मी अतर सिंह निवासी ग्राम ककराहा तहसील तिर्वा को श्रद्धांजलि दी गई।

### ककराह गांव निवासी सफाईकर्मी की भी मौत

**तिर्वा, कन्नौज।** कोतवाली के ककराह गांव निवासी अतर सिंह पुत्र रामसेवक सफाईकर्मी था। वर्तमान में वह सदर ब्लाक में अटैच था। पत्नी गोल्डी शिक्षा मित्र है। उसके दो बच्चे भी हैं। आंख की समस्या का इलाज कराने के लिए वह सोमवार को चित्रकूट के लिए निकला था। चित्रकूट में टेंपो में डंपर की टक्कर से उसकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजन चित्रकूट रवाना हो गए।

# परीक्षाफल और पुरस्कार का वितरण कर बढ़ाया उत्साह

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज

**अमृत विचार।** वार्षिक परीक्षाफल के साथ छात्रों को पुरस्कार वितरण कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कस्बे के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मे एक से कक्षा नौ तक के छात्रों का वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ फर्रुखाबाद विभाग के विभाग प्रचारक सर्वेश, विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्या भारती के प्रदेश निरीक्षक अयोध्या प्रसाद मिश्र उपस्थित रहे। वंदना के पश्चात विद्यालय के प्रवंधक प्रदीप कुमार गुप्त ने प्रदेश निरीक्षक अयोध्या प्रसाद मिश्र को उत्तरीय व अर्जुन का रथ प्रतीक चिन्ह भेंट कर व विभाग


छात्र को पुरस्कार देते प्रधानाचार्य।

प्रचारक सर्वेश को उत्तरीय पहनाकर सम्मानित किया। जूनियर व सीनियर के 18 वर्गों में कुल 1125 छात्र वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित हुए। इसमें सभी छात्र 1092 छात्र उत्तीर्ण हुए जिसमे 475 छात्र सम्मान सहित, 403 छात्र प्रथम श्रेणी में 111 छात्र द्वितीय श्रेणी में व 6 छात्र तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

# फांसी पर लटका मिला युवक का शव

**तिर्वा।** संदिग्ध अवस्था मे युवक का शव फासी पर लटकते हुए देखकर ग्रामीणो मे हडकप मच गया। मौके पर पहुची पुलिस ने शव कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना इंदरगढ़ के नयापुर्वा गाव निवासी वीरभान 35 साल मंगलवार को अपने परिजनो से किसी बात से नाराज होकर दोपहर मे घर के बाहर निकल गया। दोपहर बाद जब ग्रामीण खेतो की और गए तो युवक का शव फासी पर लटकते दिखाई दिया। जिसे देखकर ग्रामीणो मे हडकप मच गया। जानकारी होते ही परिजनो मे कोहराम मच गया। मौके पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थाना अध्यक्ष आनंद कुमार मिश्रा ने बताया शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# अब ई-पास मशीन से लिंक कांटे से तौल

संवाददाता, तिर्वा

**अमृत विचार।** राशन कार्ड धारकों को मिलने वाले खाद्यान्न में घटतौली को रोकने के लिए कोटेदार को ई-पास मशीन से लिंक कांटे वितरित किए गए। इससे अब जितने यूनिट का बायोमीट्रिक सत्यापन होगा, उतने ही राशन की तौल कर वितरण किया जाएगा।

केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा गरीबों को दिए जाने वाले निशुल्क राशन में कोटेदारों द्वारा घटतौली किए जाने की शिकायतों को लेकर विभाग सतर्क हो गया। विभाग ने राशन वितरण के लिए कोटेदारों की ई-पास मशीनों को ई-कांटे से लिंक कर दिया। अब कोटेदार इसीसे तौल कर राशन बांटेंगे। इसमें घटतौली नहीं कर सकेंगे। बायोमीट्रिक के जरिए जितने यूनिट कार्ड धारक के होंगे उतना ही राशन तौल किया जाएगा।


मशीन का वितरण करते जिला पूर्ति अधिकारी। अमृत विचार

● **पूर्ति विभाग ने कोटेदारों को वितरित किए कांटे**

विभाग की तरफ से कोटेदारों के लिए आई ई पास से लिंक कांटों का वितरण किया गया। एआरओ मनोज गहराना ने उमर्दा व हसेरन ब्लाक के कोटेदारों को मशीनों का वितरण किया। उन्होने बताया कि ई-कांटे से तौल किए गए खाद्यान्न की सूचना सीधे वेबसाइट पर प्रदर्शित होगी। लाभार्थी खाद्यान्न की पावती भी मांग सकेंगे व उनके पंजीकृत मोबाइल पर भी मैसेज आएगा। ई-कांटे से लिंक ई-पास मशीनें, फिंगरप्रिंट व आई स्कैनर से युक्त रहेंगी। कम मात्रा होने पर मशीन तौल की स्वीकृति ही नहीं प्रदान करेगी।

## सार-संक्षेप

### एक्सप्रेस वे पर डिवाइडर से टकराई कार, चार घायल

**तिर्वा, कन्नौज।** एक्सप्रेस वे पर डिवाइडर से कार टकरा गई। हादसे में एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए जिन्हं डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर चिकित्सा महाविद्यालय में भर्ती कराया गया। बिहार के थाना सिवर गांव नयागंज निवासी मदन प्रसाद (52) पुत्र बैजनाथ, प्रदीप (25) पुत्र मदनप्रसाद, उर्मिला (24) पुत्री मदनप्रसाद,फूलमती (45) पत्नी मदनप्रसाद दिल्ली से आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे होते हुए अपने घर जा रहे थे। जैसे ही मंगलवार की सुबह ठठिया थाना क्षेत्र के 208 किलोमीटर पर पहुंचे तो कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कार सवार सभी लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलो को चिकित्सा महाविद्यालय में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार कराकर घायल अपने घर चले गए।

### युवक का शव फंदे से लटका मिला

**तिर्वा, कन्नौज।** थाना इंदरगढ़ के नयापुर्वा गांव निवासी वीरभान (35) मंगलवार को अपने परिजनों से किसी बात से नाराज होकर दोपहर में घर के बाहर निकल गया। दोपहर बाद जब ग्रामीण खेतों की ओर गए तो युवक का शव फंदे पर लटकते दिखाई दिया। जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष आनंद कुमार मिश्रा ने बताया शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।


कीटनाशक का छिड़काव करते सफाई कर्मी। अमृत विचार

### नगर में शुरू हुआ संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शासन के निर्देशन पर नगर पालिका प्रशासन द्वारा नगर में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत की गई। अभियान 30 अप्रैल तक नगर के सभी वार्डों में चलाया जाएगा। अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार के नेतृत्व में नगर के अवंतीबाई नगर से संचारी रोग नियंत्रण अभियान को शुरू किया गया। अभियान के दौरान सभी वार्डों में माइक्रोप्लान के तहत सफाई अभियान, नालियों की सफाई, कचरा निस्तारण, एंटीलार्वा एवं कीटनाशक का छिड़काव, फॉगिंग तथा हैंडपंप मरम्मत संबंधी कार्य कराए जाएंगे। इस बारे में सभी जोनल सफाई प्रभारियों एवं सेक्टर सफाई प्रभारियों को पूर्व में ही बैठक कर निर्देशित किया जा चुका है। इस दौरान कार्यालय अधीक्षक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, प्रसन्नजीत मिश्रा, मनोज तिवारी, जनार्दन मिश्रा, वीर सिंह, राजन वर्मा, अशोक कुमार, शिवशंकर आदि मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइकसवार युवक की मौत

**तिर्वा-कन्नौज।** अनियंत्रित ट्रैकटर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। औरैया जनपद के बेला थाना क्षेत्र के फतेहपुरवा गांव निवासी सुखदेव (28) पुत्र अर्जुन सिंह सोमवार की दोपहर वह थाना इदरगण के महादेव पुर्वा गाव मे अपनी रिस्तेदारी मे आयोजित तैहरवी संस्कार कार्यक्रम मे आया था। वंहा से देर रात वह वापस बाइक से जा रहा था जैसे ही वह वेला थाना क्षेत्र मे पहुचा तो अनियत्रित ट्रैक्टर की टक्कर से बाइट सवार घायल हो गया। लोग उसे मेडिकल कालेज लाए। इमरजेसी मे तैनात डाक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाल जेपी गंगवार ने बताया घटनास्थल बेला थाने का है।

### सड़क हादसों में महिला समेत तीन घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम काजीहार निवासी राहुल पुत्र सेकचंद बाइक से छिबरामऊ बाजार करने के लिए जा रहा था। तभी ग्राम अकबरपुर के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक से भिड़ंत हो गई, जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दूसरी घटना में गीता देवी पत्नी जनवेश सिंह तथा ताहिर किसी प्रकार सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां गीता देवी व राहुल की हालत गंभीर होने पर डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर चिकित्सा महाविद्यालय के लिए रेफर कर दिया गया।

# कोल्ड स्टोरेज में लगी आग से लाखों का नुकसान

कार्यालय संवाददाता,कन्नौज

**अमृत विचार।** सीताराम कोल्ड स्टोरेज में लिंटर के ऊपर भरी भूसी में अचानक आग लग गई। धुआं उठता देख कर्मचारियों ने कोल्ड मालिक को सूचना दी। दो दमकल गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से लाखों रुपये का नुकसान हो गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। कोल्ड स्टोरेज में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं कि किसी ने आग लगाई तो नहीं है।


कोल्ड स्टोरेज में आग लगने के बाद भूसी को पलट कर देखते कर्मचारी।

मंगलवार की दोपहर तेज धूप में तिर्वा रोड स्थिति सीताराम कोल्ड स्टोर के सबसे ऊपर टीन शेड से लपटें उठते दिखाई दी। यह देख कर्मचारियों ने आग बुझाने का प्रयास किया। तब तक आग

● **दो दमकल की गाड़ियों ने पाया काबू, कारण की छानबीन**

तेजी पकड़ चुकी थी। घटना की जानकारी कर्मचारियों ने कोल्ड स्टोरेज मालिक राम दीक्षित को दी। इसके बाद सूचना पर दो दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब तीन घंटे प्रयास के बाद भी आग पूरी तरह शांत नहीं हुई। पानी समाप्त हो जाने पर दोबारा पानी भर कर आई दोनों गाड़ियों ने फिर से पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया। कोल्ड स्टोरेज के मालिक ने बताया कि भूसी में आग खुद नहीं लगती। किसी ने हो सकता आग लगाई हो। लिंटर पूरी तर से सही है तो भूसी को नये सिरे से दोवारा भरा जायेगा। इससे करीव छह से सात लाख रुपये का नुकसान होना बताया गया है।

### नवीन मंडी में पड़े कूड़े में लगी आग

**छिबरामऊ, कन्नौज।** मंगलवार की दोपहर लगभग 3 :00 बजे निगम मंडी के एक नंबर गेट के पास स्थित चौकी के पीछे पड़े कूड़े में किसी प्रकार आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया, जिससे व्यापारियों में वहां भगदड़ मच गई। आनन फानन में फायर ब्रिगेड बुलवाकर आग पर काबू पाने की कोशिश की जाने लगी। मामले की जानकारी होते ही उप जिला अधिकारी उमाकांत तिवारी, नायब तहसीलदार भरत कुमार व सचिन सरमन सिंह परिमार सहित पुलिस बल पहुंच गया। बमुश्किल आग पर काबू पाया जा सका।

# बसपा के दो पूर्व जिलाध्यक्षों समेत तीन पार्टी से निष्कासित

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी ने दो पूर्व जिलाध्यक्षों समेत तीन पदाधिकारियों को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। उन पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने तथा अनुशासनहीनता का आरोप लगाया है। वहीं, निष्कासित पदाधिकारियों का कहना है कि उन्हें इस बारें में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

मंगलवार की देर शाम बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष बबलू गौतम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने तथा अनुशासनहीनता

● **जिलाध्यक्ष ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी जानकारी अनुशासनहीनता का आरोप**

के आरोप में पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव दोहरे व सुशील गौतम तथा छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र प्रभारी अवनेश जाटव को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पिछले कई दिन से इनकी शिकायतें प्राप्त हो रहीं थीं, जब जांच कराई गई तो सत्यता मिलने पर यह कार्रवाई की गई है। वहीं, अवनेश जाटव ने बताया कि उन्हें बारे में अभी कोई जानकारी नहीं दी गई है। वह पार्टी के उच्च पदस्थ लोगों से बात करेंगे।

**सिखाया गुर** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 50 वोट तक डालने का नियम,मास्टर ट्रेनर्स को दिया गया ईवीएम का प्रशिक्षण

# मॉकपोल में सभी प्रत्याशियों के डाले जाएंगे बराबर वोट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** मतदान शुरू होने से पहले मॉकपोल किया जाएगा, जिसमें सभी प्रत्याशियों के बराबर वोट डाले जाएंगे। किसी भी ईवीएम में मॉकपोल के दौरान 50 वोट से कम नहीं डाले जाएंगे। इसके बाद मतदान अभिकर्ताओं के सामने वीवीपैट की पर्चियों समेत कंट्रोल यूनिट से गिनती की जाएगी। दोनों का सही मिलान होना चाहिए। मॉकपोल में एक प्रपत्र भी भरा जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी पीठासीन अधिकारी की होगी।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मास्टर ट्रेनर्स को ईवीएम के प्रशिक्षण के दौरान यह जानकारी सदर खंड विकास अधिकारी अमित कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदान को पूर्ण रूप से निष्पक्ष और पारदर्शी



जानकारी देते पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय व कलेक्ट्रेट सभागार में ईवीएम का प्रशिक्षण प्राप्त करते मास्टर ट्रेनर्स। अमृत विचार

संपन्न कराने की जिम्मेदारी पीठासीन अधिकारियों व मतदान कार्मिकों पर होगी। इसलिए ईवीएम को पूरी तरह समझना होगा। मतदान शुरू होने से पहले मॉकपोल की व्यवस्था इसीलिए की गई है कि किसी को ईवीएम की निष्पक्षता पर कोई शंका न रहे। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय ने ईवीएम के बारे में बताते हुए कहा कि ईवीएम मुख्यतः तीन भागों बीयू (बैलेट यूनिट), सीयू (कंट्रोल यूनिट) व वीवीपैट (वोटर वेरीफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल) में बंटी होती है। पीठासीन अधिकारियों को सबसे पहले ईवीएम की बैट्री का प्रतिशत चेक करना होगा। इसके बाद तीनों को आपस में जोड़कर मॉकपोल कराया जाएगा। सभी मतदान कार्मिकों का विधिवत प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि कोई गलती न हो। मतदान से संबंधित सभी प्रपत्रों को भरने के बारे में भी बताया जाएगा। मॉकपोल के बाद अभिकर्ताओं के सामने ही ईवीएम को सील किया जाएगा और सीयू को क्लियर किया जाएगा। यदि क्लियर बटन दबाने के बाद स्क्रीन पर इनवैलिड शब्द लिखकर आता है तो जान लेना चाहिए कि इसमें कोई त्रुटि हुई है। इसके लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी नरेंद्रदेव द्विवेदी, प्रशिक्षणदाता हेमेंद्र सिंह, अमित मिश्रा, रश्मि मिश्रा आदि रहीं।


आवश्यकता है
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित अमृत विचार को
रिपोर्टर /सब एडिटर/सीनियर सब एडिटर की
न्यूनतम योग्यता:- स्नातक
मुख्यधारा के अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# राशन देकर जनता के अधिकार छीन रही भाजपा : अखिलेश

**ईडी, सीबीआई व इनकम टैक्स विभाग से वसूली करा रही केंद्र सरकार ○ पूर्व मुख्यमंत्री ने बीजेपी को झूठी पार्टी बताया**

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि निःशुल्क राशन देकर भाजपा सरकार जनता के सभी अधिकार छीन रही है। ईडी, सीबीआई व इनकम टैक्स विभाग के जरिए सरकार वसूली करा रही है। इसके अलावा चुनावी चंदा के नाम पर भाजपा ने सबसे अधिक आठ हजार करोड़ रुपये की वसूली की है।

मंगलवार को दोपहर सपा के जिला कार्यालय पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कन्नौज, छिबरामऊ व तिर्वा विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली की सरकार के 10 और उत्तर प्रदेश के सात वर्ष पूरे हो गए हैं, लेकिन कोई बदलाव नहीं दिखाई दे रहा है। जो विकास कार्य होने चाहिए थे, लेकिन हुए। उन्होंने कहा कि बीजेपी दुनिया की नहीं बल्कि ब्रह्मांड की झूठी पार्टी है। 10 साल में केंद्र सरकार के इतने झूठ हैं कि गिना नहीं पाऊंगा। सपा मुखिया ने यह भी कहा कि ऐसी वसूली कभी नहीं देखी गई जो वर्तमान में पुलिस ने की है। भाजपा के लोग अंग्रेजी में जीरो टॉलरेंस इसलिए बोलते हैं कि गरीब लोग इसका मतलब न समझ सकें। उन्होंने मंच से सवाल दागे कि बुलंदशहर में डबल मर्डर, गाड़ी पलट जाने के बाद हत्या करना, जेल में जहर देना, तालग्राम में दंगे की साजिश व सपाइयों को फंसाना, क्या यही जीरो टॉलरेंस नीति है। सपा मुखिया ने कार्यकर्ताओं से यह भी कहा कि भाजपा से सभी लोग सावधान रहें।

● सत्ताधारी दल ने सबसे अधिक आठ हजार करोड़ रुपये का चंदा वसूला


संबोधित करते अखिलेश यादव।


सपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद पार्टी के बूथ, सेक्टर, जोन प्रभारियों की भीड़। अमृत विचार

### प्रधानों से वसूली कर चलाया विकास भारत कार्यक्रम

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ दिनों पहले तक विकसित भारत... कार्यक्रम चलाया गया था। यह कार्यक्रम प्रधानों, चेयरमैन से वूसली कर कराया गया। शायद ही कोई ऐसा प्रधान बचा हो, जिससे 20-30 हजार रुपये न लिया गया हो। उन्होंने कहा कि दूसरों को भ्रष्टाचारी कहने वाले खुद देश को लूट रहे हैं। इलेक्टोरल बांड के नाम पर बीजेपी का बैंड बज गया है। इस वसूली की वजह से ही महंगाई बढ़ी है। उन्होंने कहा कि ज्यादा मुनाफा लेना भी भ्रष्टाचार है। केंद्र सरकार डरा-धमकाकर रुपया वसूल रही है।

### सीएम को जेल भिजवाया, अब दिल्ली में हो रही थू-थू

भाजपा सरकार ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को जेल भेजने का जिक्र करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अखिलश यादव ने कहा कि इन कामों से दिल्ली में भाजपा की थू-थू हो रही है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि बीजेपी ने फिर से 400 पार का नारा दिया है, अगर वह जीत रही है तो फिर उसे घबराहट क्यों हो रही है। चंदा वसूली के नाम पर खबरें न चलाने का आरोप लगाकर उन्होंने इलेक्ट्रानिक मीडिया को भी आड़े हाथों लिया। आगे कहा, महंगाई व बेरोजगारी से ध्यान भटकाने के लिए ही केजरीवाल का प्रकरण आगे कर दिया गया।

### यह लोग रहे मौजूद

**कन्नौज।** सपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में जय कुमार तिवारी बउअन, हसीब हसन, नाजिम खां, पूर्व ब्लाक इंद्रेश यादव, पवन अवस्थी, सरवन कठेरिया, ओम प्रकाश पाल, विनोद यादव, राम शंकर लोधी, सलोबा जिलाध्यक्ष अंशू पाल, पीपी सिंह बघेल, कुक्कू चौहान, दिगंबर यादव, कमलेश कटियार आदि सपाई मौजूद रहे।


मंच पर जनेऊ हाथों में लिये मनोज दीक्षित। अमृत विचार

## जनेऊ पकड़कर मनोज ने ली साथ निभाने की सौगंध

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** सपा के वरिष्ठ नेता मनोज दीक्षित उर्फ ननकू का दर्द भी मंच पर छलका। उन्होंने अपना जनेऊ निकालकर कहा कि वह सौगंध लेते हैं कि सपा मुखिया अखिलेश यादव के साथ हमेशा रहेंगे। ब्राह्मणों के वोट दिलाने को मेहनत करेंगे। उन्होंने कहा कि एक जनवरी को वह लखनऊ में समाज के कुछ लोगों को लेकर मिले थे, उसके बाद सांसद सुब्रत पाठक ने यहां जीएसटी समेत कई तरह की टीमों का छापे डलवा दिए। उसके बाद उनके पिता को भूमाफिया बताया जा रहा है। पिता-माता की गालियां दी जा रहीं हैं।

सपा जिला कार्यालय में उन्होंने कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री के सामने कहा कि वह छह भाई हैं। अगर एक हो गए तो गाली व धमकी देने वाले देखने को नहीं मिलेंगे। दीक्षित ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में जनता के वोट से सांसद के टुकड़े-टुकड़े हो जाएंगे। उन्होंने अखिलेश यादव से मांग रखी कि खुद को प्रत्याशी घोषित करें। इसके अलावा कहा कि वर्ष 2019 के चुनाव में सपा कार्यकर्ता गांव में नहीं निकले। वह खुद भी नहीं निकल सके। इस वजह से जनता में नाराजगी रही। अबकी सपा प्रत्याशी को विजयी बनाएं।

## आरोप : सरकार ने नौ बार पेपर लीक कराए

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● पुलिस भर्ती आदि के पेपर लीक होने से सात लाख परिवार प्रभावित

● सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा, जनता भाजपाइयों की विदाई धूमधाम से करेगी

**अमृत विचार।** सपा कार्यकर्ता सम्मेलन में पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव महंगाई व बेरोजगारी पर खूब हमलावर रहे। कहा, भाजपा सरकार में जानबूझ कर नौ बार नौकरियों के पेपर लीक कराए गए। इसमें सत्ताधारी लोग शामिल हैं। पुलिस भर्ती का पेपर लीक होने से करीब सात लाख परिवार प्रभावित हुए हैं। इन सब वजह से जनता भाजपा की विदाई धूमधाम से करेगी।

सपा मुखिया ने कन्नौज के बृजेश पाल द्वारा कुछ महीने पहले शैक्षिक अभिलेख जलाकर सुसाइड करने का मामला भी उठाया। कहा, सरकार के लिए इससे शर्म की बात और क्या होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री पर तंज कसा कि योग करते हुए उनके पैर लड़खड़ा रहे हैं। जर्मनी में गांजा फ्री मिलने का भी जिक्र किया, कहा कार्यकर्ता अखबार पढ़ा करें। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में जगह-जगह गांजा खूब पकड़ा जा रहा है, लेकिन यह जा कहां रहा है कोई नहीं बता रहा। पीडीए व एनडीए गठबंधन का भी जिक्र उन्होंने किया। कहा, जब कोई ब्रांड लोकप्रिय हो जाता है तो लोग डुप्लीकेट भी बना लेते हैं। कहा कि यूपी में 80 सीटों पर भाजपा हारने जा रही है। किसान व युवा बीजेपी के खिलाफ वोट करेगा।

### पुलिस ने पकड़ा तो कमजोर कार्यकर्ता साबित होंगे

सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने चुनाव जीतने का मंत्र भी मंच से दिया। सेक्टर व बूथ अध्यक्ष को जिस क्षेत्र की जिम्मेदारी दी है, वहीं मौजूद रहेगा तो जीत तय। लड़ाई-झगड़ा मत करना। अगर लाल कार्ड या कोई और नोटिस मिले तो घर पर न रुकना। पुलिस ने पकड़ लिया तो कमजोर कार्यकर्ता साबित होंगे।

### यूनिवर्सिटी व स्पोर्ट्स सेंटर बनाने का ऐलान

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे बनने से लखनऊ व सैफई की दूरी भी कम हो गई है। कन्नौज में वह यूनिवर्सिटी तो बनाएंगे ही, साथ ही लखनऊ से बेहतर स्पोर्ट्स सेंटर व स्टेडियम बनाएंगे। नौकरी व रोजगार के लिए सेंटर बनाने पड़े तो वह यह काम करेंगे। तालग्राम के पास जो फॉरेंसिक लैब बनी है, उसे बीजेपी के लोग होटल बना रहे हैं। सपेरों के लिए वह शहर भी बसाएंगे।

### गिनाए पुराने विकास कार्य

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने जो विकास कार्य कराए, उससे आगे कन्नौज नहीं बढ़ा। भाजपा ने कुछ नहीं कराया। सपा मुखिया ने मेडिकल कॉलेज, पैरामेडिकल, दूध डेयरी, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, इत्र पार्क आदि का भी जिक्र किया।

### प्रत्याशी के नाम की घोषणा नवरात्र तक संभव

**कन्नौज।** चर्चा थी कि कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने आ रहे पूर्व मुख्यमंत्री कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से पार्टी के प्रत्याशी का एलान कर अटकलों को विराम देंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इशारों-इशारों में उन्होंने खुद के ही चुनाव लड़ने और नवरात्र में ही घोषणा करने की बात कही। सपा मुखिया अखिलेश यादव जब मंच से कार्यकर्ताओं में पार्टी के प्रत्याशी को जिताने का आह्वान कर रहे थे तो कुछ कार्यकर्ता उम्मीदवार के नाम की घोषणा करने की मांग करने लगे। इस दौरान उन्होंने कहा कि जब कोई कोई शुभ काम किया जाता है तो मुहूर्त भी शुभ होना चाहिए। नवरात्र में इसका एलान होगा। इसके बाद जब कार्यालय में पत्रकारों ने प्रत्याशी को लेकर पूछा तो उन्होंने स्पष्ट जवाब नहीं दिया। कहा, कि आप लोगों को अब भी दिखाई नहीं दे रहा है कि प्रत्याशी कौन होगा। कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में नामांकन प्रक्रिया 18 अप्रैल से शुरू होगी। माना जा रहा है कि सपा मुखिया ही अचानक पर्चा भर सकते हैं।

### केंद्र में सरकार आई तो अग्निवीर व्यवस्था खत्म करेंगे

सपा मुखिया ने कहा कि अगर केंद्र में सपा गठबंधन की सरकार बनी तो अग्निवीर व्यवस्था खत्म कर पुरानी व्यवस्था लागू की जाएगी। उन्होंने भाजपा पर यह भी तंज कसा कि अगर आगे भाजपा की सरकार आई तो नौजवानों की शादी का संकट होगा। परिवार वाद की उन्होंने परिभाषा भी बताई। कहा, जिनके परिवार नहीं हैं वह परिवार वालों को टिकट न दें। भाजपा के लोग परिवार वालों के यहां वोट मांगने न जाएं। कन्नौज की जीत देश की सबसे बड़ी जीत के लिए मेहनत करें।

## सांसद की करतूत से हो रही पहचान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** कन्नौज की पहचान पहले सुगंध के नाम से होती थी। अब कन्नौज सांसद की करतूत से जाना जाता है। कभी पुलिस को पीटने तो कभी वोटरों को खरीदने वाले वीडियो वायरल होते हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं को उनके ही सांसद की ओर से गाली देने व मूर्ति हटवाने के भी ऑडियो-वीडियो वायरल हो रहे हैं। यह आरोप अखिलेश यादव ने लगाए हैं।

### नहीं माने कार्यकर्ता, अफरा-तफरी मची

सपा कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में अनुशासन तोड़ा। कई कार्यकर्ता तो मंच पर भी चढ़ गए। दोपहर करीब दो बजे जब सपा मुखिया कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे तो वहां मौजूद कई कार्यकर्ता उसके आसपास पहुंच गए। इससे अफरा-तफरी मच गई। वक्ताओं ने बार-बार कार्यकर्ताओं के बैठने व दूर जाने की बात कही, लेकिन वह नहीं माने। इससे अन्य कार्यकर्ताओं को दिक्कतें भी हुईं।



प्रेस वार्ता में जानकारी देते सांसद सुब्रत पाठक व विधायक अर्चना पांडेय। अमृत विचार

## सपा मुखिया को जनता की नहीं परिवार की चिंता : सुब्रत पाठक

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

● आम आदमी पार्टी व झारखंड मुक्ति मोर्चा पर भी सांसद ने उठाए सवाल

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को जनता या प्रदेश की नहीं, बल्कि परिवार की चिंता है। कभी कांग्रेस को देश की सबसे बड़ी भ्रष्टाचारी पार्टी कहने वाले अखिलेश भी आज उसके साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ रहे हैं। सनातन विरोधी बयानबाजी करने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य पर उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। जनता इसका जवाब चुनाव में अपने वोट से देगी। मंगलवार को शहर के तालग्राम तिराहा स्थित पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे के आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में यह बात सांसद सुब्रत पाठक ने कही। उन्होंने सवाल उठाया कि आम आदमी पार्टी बताए क्या सुनीता केजरीवाल अघोषित मुख्यमंत्री हैं। आम आदमी पार्टी बताए कि शराब घोटाले में कोर्ट उनके नेताओं को जमानत क्यों नहीं दे रही है। नौ बार समन पर केजरीवाल पेश क्यों नहीं हुए। मामला जानबूझकर चुनाव तक जाए क्या वह यही चाहते थे। झारखंड का मुक्ति मोर्चा बताए कि वहां का मुख्यमंत्री कौन है। चंपई सोरेन या कल्पना सोरेन। भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार के नारे को साकार करेगी।

इस दौरान विधायक अर्चना पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया भी मौजूद रहे।

## 100 वर्षीय लोकतंत्र सेनानी गौरी शंकर वर्मा का निधन

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दिमाग में चोट लगने के बाद बीते 16 दिनों से कानपुर के निजी अस्पताल में भर्ती सौ वर्षीय लोकतंत्र सेनानी का मंगलवार सुबह निधन हो गया। नगर के मोहल्ला अशोक नगर निवासी लोकतंत्र सेनानी गौरी शंकर वर्मा (100) लगभग 16 दिन पूर्व नहाते समय गिर गए थे। सिर में चोट आने से परिजनों ने कानपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। निधन की सूचना पर क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव, ओबीसी क्षेत्रीय मंत्री विनय वर्मा, नगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र कौशल, अरूण पाल, जयप्रकाश, सभासद वीरेन्द्र गुप्ता, जीतू गुप्ता आदि ने दुखी परिजनों अजय वर्मा, संजय वर्मा, धनंजय वर्मा, आदि ने ढांढस बंधाया। बुधवार की सुबह जलेसर स्थित गंगा घाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा।


गौरीशंकर वर्मा।

## 59 शिक्षक, शिक्षामित्र का वेतन काटा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** प्रेरणा एप के माध्यम से अधिकारियों ने 21 फरवरी से 30 मार्च तक परिषदीय स्कूलों का निरीक्षण किया था। इसमें 59 प्रधानाध्यापक, शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक व कर्मचारी गैरहाजिर मिले। बीएसए ने सभी का वेतन व मानदेय काट दिया है। साथ ही नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। बीएसए उपासना रानी वर्मा ने जारी किए आदेश में अनुपस्थित मिले शिक्षकों आदि की सूची कहा है कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने कार्रवाईके निर्देश दिए हैं। कुल 24 शिक्षामित्र, 21 सहायक अध्यापक, चार प्रधानाध्यापक व आठ अनुदेशक और दो चपरासी विद्यालयों में नहीं मिले। इसकी रिपोर्ट प्रेरणा पोर्टल पर फीड की गई।

यह निरीक्षण बीएसए के अलावा डीडीओ, बीईओ, सीडीपीओ, डायट प्रवक्ता, जिला समन्वयक, डायट प्राचार्य, एडीओ पंचायत व पूर्ति निरीक्षक ने किए थे। गैरहाजिर सभी लोगों से साक्ष्यों समेत स्पष्टीकरण मांगा गया है। न देने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### गैरहाजिर मिले इन लोगों पर हुई कार्रवाई

शिक्षामित्र प्रभा सिंह, सुमित कुमार, ममता दुबे, रजनी सिंह, रीना बाथम, मधु वर्मा, अशोक राजपूत, ज्योति, रजनी मिश्रा, आलोक कुमार, अमरेश कटियार, लाडली देवी व सपना कटियार आदि का मानदेय काटा गया है। अनुदेशक दुर्गेश दीक्षित, शीलेंद्र बाबू, ज्योति शाक्य, मोहित कुमार, रिचा, रोमा, प्रीती, वंदना, राहुल कुमार का भी मानदेय कटा है। प्रधानाध्यापक कमलेश चंद्र, सुनीता दिवाकर, जितेंद्र सिंह वैश्य, सहायक अध्यापक नितिन कुमार आदि का वेतन काटा गया।

## 100 शैय्या अस्पताल में एंबुलेंस स्टाफ ने मनाया ईएमटी डे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** 100 शैय्या हॉस्पिटल छिबरामऊ में 108 व 102 एंबुलेंस के स्टाफ ने ईएमटी डे मनाया। इस मौके पर केक काट कर सभी को उज्जवल भविष्य की कामना की।

मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश सरकार की ओर से चलाई जा रही निशुल्क एंबुलेंस सेबा 108 व 102 से मरीजों को मिल रहे लाभ के संबंध में चर्चा की गई। एंबुलेंस सेवा के जिला प्रभारी सुरेंद्र गंगवार व रूपेश तिवारी, डॉ. शिव सिंह कुशवाह ने सभी स्टाफ को अपने हाथों से केक खिलाकर ईएमटी डे की शुभकामनाएं दी। प्रोग्राम मैनेजर विकास पटेल ने बताया कि 108 की 24 और 102 की 23 एंबुलेंस हैं। जिला प्रभारी सुरेंद्र गंगवार ने बताया 108 एंबुलेंस जिले में आम जन मानस के लिए बरदान साबित हुई हैं। इस मौके पर विष्णु प्रताप सिंह गौर, इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन राजकुमार, राहुल चौहान, अंकित कटियार, ईएमटी नीलम, अभिषेक, आसिफ, तेज सिंह, मनीष, और हेल्प डेस्क टीम के अंकित, सुनील उपस्थित रहे।

**तालग्राम प्रतिनिधि के अनुसार** ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज की ओर से 02 अप्रैल को राष्ट्रीय ईएमटी दिवस घोषित किया है। इसके चलते मंगलवार को सीएचसी तालग्राम में ईएमटी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन सभी को आपातकालीन परिस्थितियों में जरूरतमंदों को चिकित्सा सेवा देने की बधाई दी।


छिबरामऊ के सौ शैय्या अस्पताल में ईएमटी डे पर केक काटते एंबुलेंस कर्मचारी।

**निपटारा** | जिला विधिक सेवा प्राधिकरण केंद्र के मध्यस्थता केंद्र में हुआ समझौता

## साल भर से अलग रह रहे दंपति फिर एक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** साल भर से अलग रह रहे दंपति ने फिर से साथ रहने का निर्णय लिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मध्यस्थता केंद्र में दोनों के मध्य समझौता हो गया। पत्नी ने पति के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला ठठिया थाने में दर्ज कराया था, जिसमें पुलिस ने आरोप पत्र भी दाखिल कर दिया था।

मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायालय स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मध्यस्थता केंद्र में अपर जिला जज लवली जायसवाल के समक्ष दंपति को पेश किया गया। अधिवक्ता प्रेमचंद्र शर्मा ने प्रकरण की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षकारों से वार्ता की गई और सभी ने प्रकरण में आपसी समझौते पर सहमति जताई, जिसमें अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन व एसीजेएम ने मध्यस्थता केंद्र में भेज दिया।

एडीजे के सामने दोनों ने एक-दूसरे के साथ रहने का संकल्प लिया और गुलदस्ता भेंट किया। सचिव ने बताया कि मध्यस्थता केंद्र के माध्यम से अब तक कई परिवारों को बिखरने से बचाया जा चुका है।


एडीजे लवली जायसवाल के सामने एक-दूसरे को गुलदस्ता देते दंपति। अमृत विचार

### लोगों को दी गई पॉक्सो एक्ट की जानकारी

मंगलवार को तहसील तिर्वा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें पराविधिक स्वयंसेवक सीमा बानो ने लोगों को यौन अपराधों से बच्चों का सरंक्षण अधिनियम 2012 (पॉक्सो एक्ट) के बारे में जानकारी दी। 11 मई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी जानकारी दी।

## महिलाओं ने नहीं खुलने दी शराब की दुकान

संवाददाता, छिबरामऊ-कन्नौज

**अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला बनवारी नगर के मुख्य मार्ग से प्रवेश द्वार पर स्थित अंग्रेजी शराब के ठेके का स्थानीय लोगों विरोध कर रहे है। मंगलवार को ठेका खोलने आए दुकानदार को महिलाओं ने शटर खोलने नहीं दिया। मौके पर नायब तहसीलदार और सेकंड इंस्पेक्टर पहुंच गए। यहाँ निर्णय हुआ कि पांच अप्रैल तक ठेका निरस्त कराया गया तो ठीक, नहीं तो छह तारीख से दुकान खुलने से नहीं दी जाएगी। मंगलवार की सुबह ठेका खोलने पहुंचे दुकानदार को महिलाओं ने शटर नहीं खोलने दिया। मामले की जानकारी होते ही वहां नायब तहसीलदार भरत कुमार व इंस्पेक्टर चंद्र प्रकाश तिवारी पहुंच गए और दुकान को खुलवा दिया गया।

**महिला शिक्षक संघ डीएम से मिला:** कन्नौज। महिला शिक्षक संघ ने जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम शुभ्रान्त शुक्ल से मिलकर समस्याओं से ग्रस्त कर्मियों को लोकसभा क्षेत्र के चुनाव ड्यूटी से मुक्त रखने की मांग रखी। संघ की जिलाध्यक्ष गुंजन भदौरिया ने इसको लेकर सात बिंदुओं का मांग पत्र भी सौंपा। गर्भवती, 58 वर्ष से अधिक के कार्मिक व एकल महिला अभिभावकों को निर्वाचन ड्यूटी से मुक्त रखा जाए।

## सार-संक्षेप

### नलकूप स्टार्टर में उतरा करंट, किसान की मौत

**तिर्वा, कन्नौज।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के निकारीपुर्वा गांव निवासी रानी देवी ने बताया कि पति जगरूप सिंह (50) मंगलवार की सुबह निजी नलकूप से खेत में पानी लगाने के लिए गए थे। नलकूप चालू शुरु करते समय स्टार्टर से करंट लगने से मौत हो गई

### 13 मई को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**कन्नौज।** जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने बताया कि जनपद में चौथे चरण में 13 मई को मतदान दिवस होगा। इस दिन सार्वजनिक अवकाश रहेगा और स्कूल-कॉलेजों समेत सभी सरकारी व गैर सरकारी प्रतिष्ठान एवं विभाग बंद रहेंगे। इस दिन पूर्ण रूप से बाजार बंदी रहेगी, लेकिन आवश्यक वस्तुओं व जल्द खराब होने वाले खाद्य पदार्थों की बिक्री होगी। मतदान दिवस के दिन शराब बिक्री भी नहीं होगी।

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत

**कन्नौज।** सदर कोतवाली के गांव तिखवा निवासी सिपाही लाल दिवाकर (59) पुत्र छेदालाल सोमवार को दाईपुर नलकूप पर पानी लगाने के बाद घर लौट रहे थे। उसी समय तेज रफ्तार बाइक ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। इससे वह सड़क पर गिर पड़े। गंभीर चोट लगने से उनकी मौत हो गई।

### पालिका के खिलाफ सभासद ने किया अनशन

**छिबरामऊ।** विभिन्न मांगों को लेकर सभासद प्रदीप सिंह चौहान (अजय) ने पालिका परिषद में दरी बिछाकर अनशन शुरू कर दिया है। सभासद प्रदीप ने ईओ सुनील कुमार सिंह से सभी मांगे जल्द से जल्द पूरी किए जाने की मांग की है। मांगे पूरी न होने तक अनशन जारी रहने की बात कही है।

# पत्नी का अपमान, पति ने दी जान

## छोटे भाई ने दी थी गालियां, पहले गंगा में कूदकर किया प्रयास, फिर खुद को मारी गोली

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना शमसाबाद क्षेत्र में छोटे भाई द्वारा पत्नी को अपमानित करने का सदमा पति सहन नहीं कर सका। सोमवार को उसने पांचालघाट पर गंगा में छलांग लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। वहां मौजूद गोताखोरों ने उसे सकुशल निकाल लिया। मंगलवार को उसने गोली से अपने आप को उड़ा दिया। कमरे में फायर की आवाज सुनकर पत्नी अंदर पहुंची तो पति का शव खून से लथपथ देख उसकी चीख निकल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

थाना क्षेत्र के ग्राम चिलसरा के मजरा यादवो की गढ़िया निवासी रामरहीस (45) पुत्र स्व. बाबूराम यादव की पत्नी बीना को उसके देवर ने सोमवार को गाली गलौज कर दिया था। रामरहीस अपनी पत्नी का अपमान बर्दाश्त नहीं कर सका। उसने इसी विवाद में सुबह कमरे में 12 बोर के तमंचे से गर्दन में गोली मार ली। इससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। फायर की आवाज सुन पत्नी बीना देवी मौके पर पहुंची। कमरे में खून से लथपथ पति को देख पत्नी चीख पुकार करने लगी। ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे मृतक की पत्नी बीना की सूचना पर चौकी इंचार्ज चिलसरा लक्ष्मण सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। घटना सुबह 8 बजे की है। मृतक की पत्नी बीना ने बताया कूड़ा डालने को लेकर देवर ने हमसे गाली गलौज कर दिया था। इसीके चलते सोमवार को मेरे पति ने गंगा में कूदकर जान देने का प्रयास किया था। पांचालघाट पर गोताखोरों ने सकुशल बाहर निकाल लिया था। गांव के लोग पति को लेकर शाम को घर आए थे। मंगलवार को उन्होंने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद फॉरेंसिक टीम व क्षेत्राधिकारी कायमगंज सत्येंद्र कुमार मौके पर पहुंचे। थाना अध्यक्ष बलराज भाटी ने दरोगा लक्ष्मण सिंह से मृतक के शव का पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उसके तीन पुत्र अतुल, प्रांशु व चंदन हैं। मृतक दो भाइयों में बड़ा था। छोटे भाई राजेश हैं। क्षेत्राधिकारी कायमगंज सत्येंद्र कुमार ने बताया कि पत्नी की मौखिक सूचना पर मृतक के शव का पंचनामा भरवा दिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।


घटना स्थल पर रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

### छोटे भाई को कभी डांटा तक नहीं

**फर्रुखाबाद।** रामरहीस की पत्नी बीना ने बड़ी मुश्किल से अपने परिवार को काबिल बनाया। बीना का पति रामरहीस अपने भाई राजेश को बेहद प्यार करता था। जब राजेश ने सोमवार को मामूली से विवाद पर गाली-गलौज किया तो पत्नी के अपमान का सदमा रामरहीस को लगा। रामरहीस ने कभी अपने भाई को डांटा तक नहीं था। आज जब उसने रामरहीस की पत्नी को गाली देकर अपमानित किया, तो रामरहीस ने पलट कर अपने अनुज को गाली नहीं दी। उसने खुद को गोली मारकर अपना अंत कर लिया।

# सोने की चेन गायब करने वाला आरोपी हुआ गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** सर्राफा दुकान पर फोन कर सोने की चेन मंगाकर और उसे चिकित्सक बनकर गायब करनें के आरोपी को पीली धातु की चेन के साथ पुलिस नें गिरफ्तार कर लिया ।आरोपी दोबारा घटना करनें की फिरांक में था। शहर के नेहरु रोड़ निवासी सर्राफ रमेश चन्द्र अग्रवाल को 22 मार्च 2024 को फोन आया कि आवास विकास शिव अस्पताल से डाक्टर बोल रहा हूँ । मुझे 10 ग्राम सोनें की चेन चाहिए । उसी फोन पर भरोसाकर रमेश चन्द्र नें अपनी दुकान का कर्मचारी आशू मिश्रा को चैन लेकर शिव अस्पताल भेजा । अस्पताल के बाहर एक आदमी खड़ा मिला । जिसने चैन लेनें के बाद कहा कि पैसे बस अड्डे के पास मनोज गुप्ता मेडिकल स्टोर पर जाकर लेले । जब सर्राफ कर्मी आशू बस अड्डे पर आया। तो पता चला कि वहां इस नाम की कोई दुकान नही है । जिस पर आशू नें सर्राफ रमेश चन्द्र को सूचना दी । रमेश की तहरीर पर पुलिस नें रिपोर्ट दर्ज कर ली थी ।

# प्रत्याशी बदलने की मांग उठाई

संवाददाता फर्रुखाबाद



पंचायत करते भाकियू नेता। अमृत विचार

- भारतीय किसान यूनियन भानू की पंचायत हुई

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन भानू की पंचायत मोहल्ला जवाहरगंज में हुई जिसमें जिला प्रभारी मुन्नालाल सक्सेना ने भाजपा प्रत्याशी को बदलने की मांग की। पंचायत में सर्वसम्मति से कहा गया कि भाजपा की एक जनसभा में प्रत्याशी ने एक युवक से अभद्रता की है। युवक ने जनपद के विकास पर संबंधित कुछ प्रश्न प्रत्याशी से किए गए। इससे प्रत्याशी भड़क गए और उक्त युवक के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया।

वोट न देने को कहा। भारतीय किसान यूनियन भानू इसकी कड़ी निंदा करती है। भाकियू भानू भाजपा समर्थित संगठन है। भारतीय किसान यूनियन भानू मांग करती है ऐसे प्रत्याशी को तत्काल हटाया जाए। भाजपा से किसी और सभ्य, ईमानदार ,जनप्रिय प्रत्याशी को भाजपा से लाया जाए। अन्यथा भारतीय किसान यूनियन भानू जनपद फर्रुखाबाद में भाजपा प्रत्याशी का कड़ा विरोध करेगी। ऐसे जनप्रतिनिधि जनता से वोट लेना जानते हैं लेकिन जनता का सम्मान करना नहीं जानते। जिसे जनता से ठीक से बात करना भी नहीं आता जनता की बात सुनना नहीं आता और घमंड में इतना चूर है कि जनता को सीधे बोल रहे हैं तुम वोट मुझे मत देना।

आखिर कौन-सी ऐसी ताकत है जिससे माननीय जनता के वोट के बिना कैसे जीत जाएंगे। हमें इनके घमंड को तोड़ना ही होगा। ऐसे जनप्रतिनिधि की जनपद को बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। हम इसका कड़ा विरोध करेंगे। भाजपा प्रत्याशी को बदला जाए। अन्यथा भारतीय किसान यूनियन भानू ऐसे प्रत्याशी को जीतने नहीं देंगी। पंचायत में जिला प्रभारी मुन्नालाल सक्सेना, जिला संगठन और प्रचार मंत्री अमरीश कुमार शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष रागिब हुसैन खां, जिला संगठन सचिव रामवीर, जिला संगठन मंत्री प्रताप सिंह गंगवार, जिला मीडिया प्रभारी विनीत कुमार, नगर अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, नगर मीडिया प्रभारी अनुज सक्सेना, तहसील उपाध्यक्ष महिपाल राजपूत, तहसील सचिव विजय शाक्य, रक्षपाल, वीरू आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस के सामने भिड़े दो पक्ष पथराव हुआ, तीन घायल

संवाददाता,फर्रुखाबाद

- 15 लोगों के खिलाफ दर्ज कराई गई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** मामूली बात पर दो पक्षों में विवाद हो गया। पुलिस पहुंची तो उसके सामने ही मारपीट व पथराव शुरू हो गया। घटना में तीन लोग घायल हो गए। घायलों का लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों के 15 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अंबेडकरनगर नानक नगर में सोमवार देर रात दो पक्षों में मारपीट व फायरिंग की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के सामने दोनों पक्ष मारपीट कर पथराव कर रहे थे। पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों को समझाने का प्रयास कर अलग किया, लेकिन दोनों पक्ष मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे रहे थे। मारपीट में मोहल्ले के अजीत, पत्नी नेहा, हंसराम घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को रात में ही लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया।

घायलों ने फायरिंग कर गोली मारने का आरोप लगाया। दोनों पक्षों ने कोतवाली में तहरीर नहीं दी। चौकी इंचार्ज कर्नलगंज नर सिंह ने हंसराज, अजीत, नेहा, किरन, शिवा लक्की उर्फ अजय, कादरीगेट थाना क्षेत्र के गांव मसेनी निवासी सोनू शर्मा उर्फ बिलईया व आठ अज्ञात के खिलाफ मारपीट पथराव करने में 7 क्रिमनल लॉ एक्ट के तहत गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कराया।

# हत्या के मामले में आजीवन कारावास

**फर्रुखाबाद।** न्यायालय एडीजे -5 ने हत्या के एक मामले में हत्यारोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।न्यायालय ने 50 हजार रुपये अर्थ दंड बसूलने के भी आदेश दिए है।

थाना अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम कुमरौर में 2 अप्रैल 2004 को एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी। इसकी रिपोर्ट थाना अमृतपुर में दर्ज की गई ।पुलिस ने मामले में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल होने के बाद अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष को चुना गया। इसके बाद साक्ष्य के आधार पर एडीजे 5 ने आरोपित जीतू उर्फ पुष्पेंद्र विक्रम सिंह पुत्र जितेंद्र सिंह निवासी कुम्हरोर थाना अमृतपुर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने 50 हजार अर्थ दंड के वसूले जाने के आदेश दिए हैं।

# बीएसए ने बुक स्टॉल में छापा मारा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिला विद्यालय निरीक्षक ने मंगलवार को बुक स्टालों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान किताबों की दुकानों पर प्राइवेट पब्लिकेशन की किताबें पकड़ी गईं। उन्होंने दुकानदारों को हिदायत दी कि दोबारा किताबें मिलीं तो नोटिस जारी किए जाएंगे। दो प्राइवेट स्कूलों को उन्होंने नोटिस भी जारी किए।

जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने जिला समन्वयक मनेंद्र मिश्र के साथ छापेमारी अभियान चलाया। डीआईओएस फतेहगढ़ चौराहा स्थित अग्रवाल बुक डिपो पहुंचे, जहां किताबें खरीदने के लिए भीड़ लगी थी। उन्होंने दुकान देखी तो वहां एससीईआरटी से ज्यादा निजी पब्लिकेशन की किताबें मिलीं। उन्होंने नाराजगी जताई। दुकानदार पराग अग्रवाल ने बताया कि अभिभावक जो लिस्ट देते हैं, उसी के अनुसार उन्हें किताबें दी जाती हैं। उन्होंने हिदायत दी कि एससीईआरटी की किताबें ही बेचें। निरीक्षण में दोबारा निजी पब्लिकेशन की किताबें मिलीं तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। डीआईओएस को अग्रवाल बुक डिपो की चौक स्थित शाखा में भी फतेहगढ़ बुक स्टाल जैसी ही स्थिति मिली। डीआईओएस ने बताया कि दुकानदारों को हिदायत दी गई है कि एससीईआरटी की किताबें ही बेचें। प्राइवेट स्कूल संचालक अगर निजी पब्लिकेशन की किताबों की सूची लिख रहे हैं तो उन्हें नोटिस जारी किए जाएंगे। दो प्राइवेट स्कूल संचालकों को नोटिस जारी भी किए गए हैं।


कॉपी-किताब की दुकानों में जांच करते बीएसए। अमृत विचार

# आग से झोपड़ी, दो बकरे जिंदा जले

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- पीड़ित के पास नहीं बची सिर छिपाने की जगह
- अमृतपुर थाना क्षेत्र के मंझा की मड़ैया गांव की घटना

**अमृत विचार।** थाना अमृतपुर क्षेत्र में लगी आग से गरीब की झोपड़ी जलकर राख हो गई। उसमें रखा खाने पीने का सामान नकदी व दो बकरे जिंदा जल गए।

थाना क्षेत्र के गांव मंझा की मड़ैया में मातादीन की झोपड़ी संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग सेहजारों रुपए की नकदी,राशन का सामान व दो बकरों की जिंदा जलकर मौत हो गई। झोपड़ी मालिक के पास सिर छुपाने की जगह नही है। कई सालों से झोपड़ी ही में पूरे परिवार बसर कर रहाथा। आनन-फानन में मातादीन ने परिवार के साथ झोपड़ी से निकल कर जान बचाई। आस पास के लोगों को जगाया और आग पर पानी डाल सभी लोग काबू पाने का प्रयास करने लगे। आग ने चंद मिनटों में विकराल रूप धारण कर झोपड़ी को मलवे में तब्दील कर दिया। मातादीन ने बताया की 50 किलो सरसों, 1 कुंतल गेहूं, बर्तन, कपड़े, साइकिल आदि सामान झोपड़ी में जलकर खाक हो गया। 15,000 रुपए की नकदी और दो बकरे भी जलकर खत्म हो गए। वह और उनकी बेटी के लिए झोपड़ी ही उनका घर था, कभी कालोनी नहीं मिली । एसडीएम अमृतपुर रविन्द्र कुमार ने बताया की पीड़ित की नियमानुसार पूरी मदद की जायेगी। अग्नि ।पीड़ित के भोजन की व्यवस्था फिलहाल ग्राम प्रधान को ।सौपी गई है।


झोपड़ी जलने से बेघर हुआ परिवार। अमृत विचार

# घर में घुसकर पिता पुत्रियों से मारपीट

**कायमगंज।** मझोला गांव में हमलावरों ने घर में घुसकर पिता व उसकी दो पुत्रियों के साथ लाठी डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया। पिता पुत्री को जान से मारने की धमकी भी दी। सीओ के आदेश पर तीन आरोपियो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव मझोला निवासी प्रवीन कुमार ने सीओ के निर्देश पर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि वह 24 मार्च की रात को अपने गांव के श्याम सुंदर के पास बैठा था। तभी गांव के ही नन्हेलाल, नीलू व शिवम उसे गाली गलौज करने लगे। विरोध किया तो आरोपित मारने के लिए दौड़ पड़े। वह घबराकर घर की तरफ भागा तो आरोपित उसके पीछे घर के अंदर घुस गए और मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंची उसकी पुत्री संजना व अनीता के साथ भी मारपीट कर घायल कर दिया।


मतदान की शपथ दिलातीं भारतीय मिश्रा। अमृत विचार

# मतदान करने की ली गई शपथ

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गंगा किनारे मतदाताओं ने 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान करने की शपथ ली। मतदान के महत्व के बारे में भी बताया गया।

स्वीप कार्यक्रम के तहत पांचाल घाट दुर्वासा ऋषि आश्रम के सामने गंगा तट पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।भारती मिश्रा ने कहा कि हम सब पवित्र गंगा तट पर खड़े हैं। यहां संकल्प लेना है कि हम राष्ट्रहित में 13 मई को स्वयं मतदान करेंगे साथ ही संपर्क में आने वाले प्रत्येक मतदाता को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। आचार्य प्रदीप कुमार शुक्ल ने मतदाताओं को मतदान की शपथ भी दिलाई। स्वीप कोआर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा ने कहा कि प्रत्येक मतदाता को अपना मत अवश्य देना चाहिए। इस अवसर पर विशाल दुबे,इशांत मिश्रा, मोहिनी, रामदर्शनी, गीता, मनोज, रमेश, शिवानी, आदेश, राम सिंह, नीरज, रुचि, करुणा आदि मौजूद थे।

राजनीति | सांसद ने पत्रकारवार्ता कर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर कसा तंज

# 'एक मंच पर खड़े होकर भ्रष्टाचार छिपाने की कोशिश'

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** सांसद मुकेश राजपूत के वायरल हो रहे वीडियो पर जिले की राजनीति गरमा गई है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा वायरल वीडियो पर ट्वीट करने पर सांसद मुकेश ने अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि सूप बोले तो कोई बात नहीं, छलनी क्या बोले, जिसमें छेद ही छेद। सांसद मुकेश राजपूत मंगलवार को आवास विकास स्थित भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय चुनाव कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। भाजपा सांसद एवं प्रत्याशी मुकेश राजपूत ने कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। वायरल वीडियो के मामले में सफाई देते हुए कहा कि प्रायोजित तरीके से वीडियो वायरल कराया गया है। सांसद ने कहा कि इंडिया एलाइंस द्वारा दिल्ली में आयोजित हुई रैली में अलग-अलग विचारधाराओं के दल, जिन्होंने अपनी सरकार में रहते हुए बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया है। अब यह लोग एक मंच पर खड़े होकर भ्रष्टाचार को छिपाने में लगे हैं। कभी सार्वजनिक मंचों से एक-दूसरे पर कीचड़ उछालने वाले दलों ने भ्रष्टाचार छुपाने के लिए इंडिया गठबंधन जैसा राजनीतिक मंच बना लिया है।

देश की जनता ऐसे सभी राजनीतिक दलों को लोकसभा के चुनाव में खारिज करने वाली है। वायरल वीडियो पर सांसद बोले कि वीडियो प्रायोजित है। इस दौरान अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य, लोकसभा संयोजक दिनेश कटियार, पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार, जिला कोषाध्यक्ष संजीव गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी आदि मौजूद थे।


पत्रकारवार्ता करते सांसद मुकेश राजपूत। अमृत विचार

### वायरल वीडियो पर अखिलेश ने किया ट्वीट

**फर्रुखाबाद ।** एक नुक्कड़ सभा के दौरान सांसद व भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत का 'वोट देना हो तो देना, नहीं देना तो मत देना' वीडियो वायरल हो गया। इस वायरल वीडियो पर पूर्व मुख्यमंत्री व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ट्वीट कर सियासी पारा गरमा दिया है। वायरल वीडियो में एक युवक से सांसद मुकेश राजपूत कह रहे हैं कि 'वोट देना है तो दे देना, नहीं देना तो मत देना'। वायरल वीडियो पर अखिलेश यादव ने ट्वीट किया कि 'जब एक फरियादी सबके सामने अपनी मां के इलाज के लिए भाजपा के सांसद से मदद मांग रहा है, ऐसे दुख-दर्द के समय में भी जब हृदयहीन भाजपा सांसद चुनाव में वोटों की सौदेबाजी का हवाला देते हुए किसी को झूठा कह रहे हैं तो समझिए भाजपा के लोग अकेले में कैसे पेश आते होंगे। बुरे वक्त में किसी की मदद करना सपा सबसे नेक फर्ज मानती रही है। सपा फिर आएगी, और मदद का हाथ बढ़ाएगी।' इस वायरल वीडियो को लेकर राजनैतिक गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। वहीं सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि वायरल वीडियो सपा का षणयंत्र है। युवक की मां के इलाज का एस्टीमेट 10 लाख रुपये था। 50 हजार दिलवाए गए। मामला 2019 का था। युवक बार-बार झूठ बोल रहा था, जिस पर थोड़ा गुस्सा आ गया।

# स्कूटी और बाइक की टक्कर में तीन लोग घायल

**फर्रुखाबाद।** थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के मोहल्ला बैजनाथ स्ट्रीट निवासी सुरेशचंद्र वर्मा का 39 वर्षीय पुत्र पंकज अपने ससुर 70 वर्षीय महेशचंद्र सोनी पिता शिवशंकर को लेकर स्कूटी से गांव सादिकपुर से फर्रुखाबाद वापस आ रहा था। तभी थाना मऊदरवाजा क्षेत्र में हथियापुर गैस गोदाम के पास सामने से आ रही बाइक सवार 26 वर्षीय युवक मयंक यादव पुत्र जागेश्वर यादव निवासी अंगूरी बाग रोड साहबगंज ने स्कूटी में टक्कर मार दी। जिसमें तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को जिला अस्पताल लोहिया की इमरजेंसी में भर्ती कराया । ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अभिषेक चतुर्वेदी ने तीनों घायलों को भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया है।

## सार-संक्षेप

### भाजपा नेता की पत्नी का पर्स चोरी

**फर्रुखाबाद ।** थाना कमालगंज क्षेत्र के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी भाजपा नेता शोले ठाकुर की पत्नी शिवा 31 मार्च 2024 को फतेहगढ़ जाने के लिए टेंपो स्टैंड पर टेंपो में बैठी थी। आरोप है कि कुछ दूर चलने के बाद दो महिलाओं ने टेंपो पर बैठकर शिवा का पर्स गायब कर दिया। घटना के बाद भाजपा नेता शोले ठाकुर ने थाना कमालगंज में पुलिस को तहरीर दी थी। कोई सुनवाई नहीं हुई मजबूर होकर मंगलवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर पीड़ित महिला शिवा ने एसपी विकास कुमार को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

### बकरी को बचाने में ऑटो पलटा, आधा दर्जन यात्री घायल

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज थाना क्षेत्र में भोजपुर बघार के निकट बकरी बचाने में ऑटो पलट गया। आधा दर्जन सवारियां घायल हो गईं। सभी घायलों को सीएचसी कमालगंज में भर्ती कराया गया है। एक घायल की गंभीर हालात को देखते हुए प्राथमिक उपचार देने के बाद डॉक्टर ने जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया। कानपुर-फर्रूखाबाद मार्ग पर ऑटो चालक काफी तेज चलाते ऑटो है। ऑटो चालकों की लापरवाही के चलते लगातार सड़क हादसे हो रहे है।

### बंदरों के हमले से किशोर छत से गिरा, भर्ती

**फर्रुखाबाद।** थाना मोहम्मदाबाद क्षेत्र के गांव मानिकपुर दहेलिया निवासी लक्ष्मी का 14 वर्षीय पुत्र गगन छत पर खेल रहा था। तभी अचानक बंदरों का झुंड आ गया। गगन के ऊपर बंदरों के झुंड ने हमला कर दिया। जान बचाकर भाग रहे 14 वर्षीय किशोर छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घरवालों ने आननफानन में घायल गगन को जिला अस्पताल लोहिया की इमरजेंसी में भर्ती कराया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर वैभव यादव ने गगन को भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया है। पूरी घटना की जानकारी घायल गगन के भाई राहुल ने दी है।

### किसान से मारपीट

**क़ायमगंज फर्रुखाबाद।** कंपिल थाना क्षेत्र के गांव भागीपुर उमराह निवासी हीरालाल के खेत पर गांव के आधा दर्जन आरोपियों ने कब्जा कर लिया। पंचायत मे उन्होने फसल कटने के बाद खेत छोड़ने का भरोसा दिया। फसल कटने के बाद जब हीरालाल ने खेत छोडने को कहा तो सन्यासी बाबा हीरालाल के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने आकर तहरीर दी है। पुलिस ने जांचकर कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

### मार्ग दुर्घटना में 4 घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अलग अलग मार्ग दुर्घटना में क्षेत्र के गांव ममापुर निवासी महेन्द्र सिंह का 8 वर्षीय पुत्र विनायक, जिजपुरा निवासी राजेश कुमार, नवाबगंज क्षेत्र के गांव सहसा जगदीशपुर निवासी नाहर सिंह, क्षेत्र के गांव इजौर निवासी रेनू घायल हो गए। आसपास के लोग ने सीएचसी में लाए। जहां उनका इलाज किया गया।

### किसान दुर्घटना बीमा की पत्रावलियों को दोबारा जांचें

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ. वीकेसिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की बैठक का आयोजन किया गया। मीटिंग में दुर्घटना के 28 दावे प्रस्तुत किये गए। जिलाधिकारी ने संदेहास्पद व अपूर्ण आवेदनों की दोबारा जांच कर प्रस्तुत करने के निर्देश समस्त एसडीएम को दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी एसडीएम व तहसीलदार ये जांच कर ले कि आवेदक शासनादेश के तहत पात्रता की श्रेणी में आते है या नही ।कोई भी दावा फर्जी पाये जाने पर संवंधित एस डी एम व तहसीलदार जिम्मेदार होंगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी व संवंधित अधिकारी मौजूद रहे।


इटावा-बरेली हाईवे पर लगा जाम। अमृत विचार

### ट्रक खराब होने से इटावा-बरेली हाईवे पर लगा जाम

**फर्रुखाबाद।** पांचाल घाट पर ट्रक खराब होने से इटावा-बरेली नेशनल हाईवे पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। पांचालघाट पुल पर ईट से भरा ट्रक खराब हो गया जिसके चलते जाम लग गया। पांचालघाट ब्रह्मदत्त द्विवेदी मूर्ति से लेकर चाचूपुर तक नेशनल हाईवे पर जाम लगा रहा। बड़े वाहनों के साथ बाइक सवार, स्कूली वाहन आदि भी जाम में फसे रहे ।एसडीएम अमृतपुर भी काफी देर तक जाम में फंसे रहे। वाहनों की रफ्तार थमी रही। पांचाल घाट पुल पर यातायात प्रभारी रजनेश कुमार फोर्स के साथ मोर्चा संभाले हुए है। पुल पर ट्रक खराब होने के चलते बदतर हालात हुए रेंग रेंग कर वाहन निकलते रहे।

### कमालगंज सीएचसी का सीएमओ ने किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद।** सीएमओ डॉक्टर अवनींद्र कुमार ने कमालगंज सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चार कर्मचारी गैर हाजिर मिले। 1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2024 तक चलने वाले संचारी रोग अभियान की प्रगति का जायजा लिया ।सीएमओ डॉक्टर अवनींद्र कुमार को निरीक्षण के दौरान चार कर्मचारी अनुपस्थित मिले। सीएमओ डॉ अवनींद्र कुमार ने गर्भवती महिलाओं से बातचीत कर उपचार के संबंध में हाल जाना है। सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों से भी सीएमओ ने बातचीत की है ।सीएमओ ने बताया की संचारी रोग अभियान के दृष्टिगत 2 अप्रैल को औचक निरीक्षण किया है ।मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए साफ-सफाई व घास कटाई के निर्देश दिए हैं।


निरीक्षण करते सीएमओ अवनींद्र कुमार।

# मधुमक्खियों ने झंडा चढ़ाने जा रहे लोगों पर किया हमला, एक की मौत

## 15 लोग हुए घायल, डीजे की तेज आवाज से भड़कीं मधुमक्खियां

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** पिलुआ महावीर मंदिर पर झंडा चढ़ाने जा रहे एक ही गांव के 20 लोगों पर रास्ते में मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। मधुमक्खियों के इस हमले में एक बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि 15 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मधुमक्खियों के हमले के बाद अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस की मदद से सभी लोगों को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टर ने ऐ बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया। अन्य सभी को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कर लिया ।

जसवंतनगर थाना क्षेत्र के गांव नगला नया निवासी राधेश्याम मंगलवार को पिलुआ महावीर मंदिर पर झंडा चढ़ाने के लिए जा रहे थे। झंडे में शामिल होने के लिए गांव के लोग व उनके रिश्तेदार आए हुए थे। गांव से वह सभी ट्रैक्टर पर सवार होकर निकले थे। झंडे के साथ साउंड सिस्टम भी था जब सभी लोग सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सिंघावली स्थित सहकारी संघ के पास पहुंचे तो वहां पर उन्होंने पीपल के पेड़ के नीचे ट्रैक्टर खड़ा कर दिया और पानी पीने लगे। तभी तेज साउंड के कारण पीपल के पेड़ पर लगी मधुमक्खियां अचानक उड़ने लगी और उन्होंने लोगों पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से भगदड़ मच गई। लोग इधर उधर भागने लगे। इस हमले में बीस लोग घायल हो गए। लोगों की सूचना पर एबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों का उपचार के लिए जिला अस्पताल लाई। जहां डाक्टरों ने तुलसीराम 65 वर्ष पुत्र रघुवर दयाल निवासी नगला नया थाना जसवंत नगर को मृत घोषित कर दिया।

### सड़क हादसों में चार लोग हुए जख्मी

इटावा। जिले के अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पहली घटना भिंड रोड पर काली वाहन मंदिर के पास हुई जहां ई रिक्शा के पलने से उसमे सवार तीन महिलाएं घायल हो गई । कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पुरबिया टोला निवासी कुंती पत्नी राजू, नीलू पत्नी राम बाबू व अरूणा वर्मा पत्नी सुमन कुमार वर्मा ई रिक्शा में बैठकर जा रही तभी वह अचानक पलट गया जिससे तीनों घायल हो गई। दूसरी घटना राजा का बाग के पास हुई जहां कैलाश पुत्र सत्यपाल अपनी दुकान की ओर जा रहे थे तभी तेजी से आ रहे बाइक सवार ने उसको टक्कर मार दी। इस हादसे में वह घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### ये लोग हुए घायल

घायलों में महेश पुत्र सरमन सिंह, अजय पुत्र महेश, पूनम पुत्री महेश, राधेश्याम ममता देवी पुत्री राधेश्याम प्रदीप पुत्र रामौतार, देवेंद्र पुत्र सुरेश गंगा राम पुत्र लालाराम, विवेंका नंद पुत्र बाला दीन, कंठश्री पत्नी अतर सिंह, राजेंद्र पुत्र अनार सिंह, शिवम पुत्र अहवरन सिंह मनीष पुत्र लायक सिंह रिंकी पत्नी अंकित, आर्यन पुत्र अरविंद, प्रज्ञा पुत्र अरविंद, नीलम आदि शामिल है । सभी लोगों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कर लिया है।

# गांजा तस्कर, दो गैंगस्टर व असलहाधारी दबोचे गये

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** पुलिस ने अलग अलग स्थान पर प्रभावी कार्रवाई करके गांजा तस्कर, दो गैंगस्टर के आरोपी तथा तीन असलहाधारियों को पकड़ा। गांजा तस्कर से दो किलो गांजा सहित तमंचा कारतूस बरामद हुआ, अन्य पर देसी राइफल और तमंचे कारतूस मिले हैं।

एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी ने बताया कि लोकसभा चुनाव प्रक्रिया में शांति व्यवस्था कायम रखने को पुलिस अपराधियों के खिलाफ अभियान गतिमान किए हुए हैं। इसके तहत बढ़पुरा थाना प्रभारी गणेश शंकर द्विवेदी फोर्स के साथ यमुना नदी पुल तिराहा पर सोमवार की रात 10 बजे वाहन चेकिंग कर रहे थे। सूचना पर गांव कामेत के पास जंगल वाले रास्ते पर थाना सिविल लाइन क्षेत्र में गांव सराय दयानत के दीपांशु पाल उर्फ गब्बर को पकड़ा, इसके पास से तमंचा कारतूस के साथ दो किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ। इसके खिलाफ डेढ़ दर्जन से अधिक अभियोग दर्ज हैं। दूसरी घटना में कोतवाली सदर के एसआई मिलन सिरोही ने रात सवा 11 बजे मानिकपुर मार्ग पर वाटर प्लांट के पास सती मोहल्ला घटिया अजमत अली के विवेक पाल उर्फ बड़का को तमंचा कारतूस सहित पकड़ा। तीसरी घटना में फ्रेंड्स कॉलोनी थाना प्रभारी दिवाकर प्रसाद सरोज ने फोर्स के साथ रात सवा 12 बजे लोकासई नहर पुल पर घेराबंदी करके गैंगस्टर में आरोपित अंशुल कठेरिया तथा दीवान कठेरिया को पकड़ा। सीओ भरथना अतुल प्रधान ने बताया कि ऊसराहार थाना प्रभारी बेंचन सिंह ने सटीक सूचना पर पुलिस बल के साथ गांव अधीनी गोदाम के पास घेराबंदी करके गांव नगरिया जाटवान के राजेश कुमार अवैध देसी रायफल कारतूसों सहित पकड़ा, इसके खिलाफ दो अभियोग पहले से दर्ज हैं। वहीं भरथना थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने शातिर अपराधी सागर को पकड़ा, उसके पास से तमंचा कारतूस बरामद हुए।

## सार-संक्षेप



प्रधानाचार्य जगदीश सिंह यादव को सम्मानित करते डीआईओएस मनोज कुमार।

### सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य को दी भावपूर्ण विदाई

इटावा। श्री प्रहलाद स्मारक इंटर कालेज चौपाल मूंज इटावा में 38 वर्षों तक लगातार प्रधानाचार्य रहे जगदीश सिंह यादव के सेवानिवृत्त होने पर भव्य समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। विद्यालय प्रबंध समिति समेत अन्य महत्वपूर्ण लोगों ने उनका शाल पहनाकर, प्रतीक चिह्न देकर सम्मान किया। विद्यालय के प्रति समर्पितप्रधानाचार्य के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए । मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार, वित्त एवं लेखाधिकारी अंजू सिंह, डॉ मुकेश, राज बहादुर सिंह यादव पूर्व महा अधिवक्ता ने उनकी सेवाओं की सराहना करते हुए सम्मानित किया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि प्रधानाचार्य के रूप में जगदीश सिंह यादव का विद्यालय के प्रति लगाव, कुशल निर्देशन विद्यार्थियों के प्रति प्रेम भावना हमेशा प्रसंसनीय एवं अनुकरणीय है। मानव कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष जगराम देव आचार्य, सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष सिपाही राम यादव, भारत विकास परिषद के राजेंद्र दीक्षित, बेसिक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष संजीव यादव, भूतपूर्व सैनिक लीग के अध्यक्ष इलाकेदार सिंह, शेषराम सिंह सचिव, यादव महासभा के प्रोफेसर डा शिवराज सिंह यादव, प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुनील यादव बाबी, प्रधानाचार्य संजय शर्मा आदि रहे।



रोजा इफ्तार में शामिल रोजेदार।

### रोजा इफ्तार में शामिल हुए रोजेदार

इटावा। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी के संयोजन मे रमजान माह के मुबारक मौके के अवसर पर रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के प्रमुख व्यापारियों सहित शहर के संभ्रांत नागरिकों सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। जिनमें प्रमुख रूप व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित, महामंत्री रिषी पोरवाल, शहर अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष हाजी शेख आफताब, हाजी गुड्डू मंसूरी, रियाज अब्बासी, आसिफ भाई, जैनुल आबदीन, गुड्डू कुरैशी, मुन्ना कुरैशी, फैज आलम सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### मजलिस का हुआ आयोजन

इटावा। मौला-ए- कायनात हज़रत अली की शहादत पर राहत हुसैन रिजवी की ओर से घटिया अज़मत अली स्थित अली मेहदी के मकान पर मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस के दौरान मौला अली के ताबूत की जियारत बरामद की गई। मजलिस में तकरीर करते हुए मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा ने कहा मौला अली की पैदायश अल्लाह के घर काबे में हुई और शहादत भी मस्जिद में हुई। मौला अली की विशेषताएं इतनी ज्यादा है कि कोई भी बयान नही कर सकता। कुरान एहलैबैत से जुदा नही हो सकता और एहलैबैत भी कुरान से जुदा नही हो सकते। मौला अली को मस्जिद ए कूफ़ा में सुबह की नमाज पढ़ते वक्त दुश्मन ने जहर से बुझी तलवार से हमला कर मौला को जख्मी कर दिया। अली मेहदी, सलमान रिज़वी ने कलाम पेश किए। अख्तर अब्बास, राहिल सगीर, तनवीर हसन ने नोहाख्वानी की। मजलिस के दौरान अली मेहदी के मकान से मौला अली के ताबूत की ज़ियारत बरामद हुई, हाजी कमर अब्बास नकवी, राहत अक़ील, शावेज़ नक़वी, राहत हुसैन रिज़वी, समर अब्बास नकवी ताबूत व शब्बर अक़ील अलम को इमाम बारगाह अज़मत अली तक लेकर आये जहां महिलाओं ने ताबूत की ज़ियारत की।




मतदाता जागरुकता रैली निकालते छात्र।

### छात्र व शिक्षक मिलकर लोगों को करेंगे जागरूक

बकेवर, इटावा। टीचर्स क्लब एवं मिशन शिक्षण संवाद के अध्यापकों ने सुनिश्चित किया है कि स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत अपने अपने विद्यालयों मे मतदाता जागरुकता के कार्यक्रम चलाएंगे। अपने क्षेत्र में मतदान प्रतिशत को बढ़ायेंगे। अध्यक्ष टीचर्स क्लब शशिभूषण सिंह एवं महामंत्री टीचर्स क्लब एवं प्रदेश संयोजक मिशन शिक्षण संवाद अवनिन्द्र जादौन ने नगेंद्र प्रताप सिंह को जिला संयोजक मनोनीत किया । उनके नेतृत्व में प्रावि रामगढ चिंडोली, नगला मोती, गींजा, व्यासपुर, बूसा, बहादुरपुर, ईश्वरीपुर, चमरपुर, अंदावा, नगला भजू, उच्च प्रा विद्यालय अकबरपुर, बहादुपरपुर, बलैयापुर, चिंडोली, कक्षपुरा, फतेहपुरा दुर्गापुरा सहित महेवा, जसवंतनगर, सैफई एवं अन्य विकास क्षेत्र के अध्यापकों ने तख्ती, बैनर, स्लोगन के साथ मतदान का संदेश देते हुए मानव श्रंखला बनवाई। कार्यक्रम को सफल रूप देने मे विजय सिंह, अमित कुमार, नीरज सिंह दोहरे, सुधीर कुमार, कुलदीप कुमार, अनुराग त्रिपाठी, पंकज शर्मा, रवी, शैलेन्द्र त्रिपाठी, श्याम बिहारी, सुधेश कुमार, रूपम सक्सेना, अशोक यादव अर्चना आदि का विशेष सहयोग रहा। ग्राम पंचायत उरेंग में भी प्रधान और शिक्षकों ने बच्चों के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर मतदाताओं को जागरूक किया। ग्राम प्रधान शशिप्रभा, प्रधानाध्यापक अशोक कुशवाहा, उमेश पांडेय, देवेंद्र सिंह, अनुसुइया आदि शिक्षक बच्चे मौजूद रहे।

## एक नजर

### बिना लाइसेंस खाद्य कारोबारियों पर मारा छापा

इटावा। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने पुरविया टोला एवं मंडी होमगंज में खाद्य कारोबारियों के खाद्य लाइसेंस / पंजीकरण की जांच की। जिसमें कई खाद्य कारोबारकर्ताओं ने खाद्य लाइसेंस / पंजीकरण नहीं दिखाया । गजेन्द्र मोहन, सलीम पुत्र मो सफीक, सरताज, आनन्द मोहन पुरविया टोला, राशिद, सतीश, अरुण कुमार, प्रदीप, अनवर, तथा फैजल मण्डी होमगंज अपना पंजीकरण नहीं दिखा सके। खाद्य कारोबारकर्ताओं को इस आशय से निर्देश जारी किया गया कि यदि 14 दिन के अन्दर लाईसेंस/ पंजीकरण कार्यालय में प्रस्तुत नहीं करते हैं तो कार्यवाही प्रचलित की जायेगी।

### पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

महेवा, इटावा। आगामी लोकसभा चुनाव, रमजान व नवदुर्गा जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों के मद्देनजर थाना प्रभारी बकेवर इंस्पेक्टर राकेश कुमार शर्मा ने पैरामिलिट्री फोर्स एवं पुलिस बल के साथ महेवा, उझियानी, मुकुटपुर, अहेरीपुर आदि ग्रामों में फ्लैग मार्च किया। आईटीबीपी के इंस्पेक्टर पूरन राम, चौकी प्रभारी महेवा मोहनवीर सिंह चौधरी सहित सैकड़ों पैरामिलिट्री फोर्स व पुलिस के जवान मौजूद रहे।

### महिला सहित तीन ने खाया विषाक्त पदार्थ, भर्ती

इटावा। कोतवाली सदर में पक्का तालाब क्षेत्र में रहने वाली 22 साल की रुखसार पत्नी नदीम, शहर में ही थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र में अजीत नगर में रहने वाले 18 साल के निखिल गौतम तथा गांव नगला श्रीकृष्ण में रहने वाले 30 साल के संजय ने किसी बात से क्षुब्ध होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया।

### अज्ञात शव का पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

बकेवर, इटावा। बीते छह दिन पूर्व भोगनीपुर नहर में बहकर आ रहे एक अधेड़ के शव की कोई शिनाख्त नहीं होने के चलते उसका पोस्टमार्टम कराया गया। भोगनीपुर नहर झाल पुल पर एक 42 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिला था। राहगीरों ने लखना पुलिस चौकी इंचार्ज ललित कुमार को सूचना दी। पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकलवाकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जिसका पोस्टमार्टम नियमानुसार 72 घंटे बाद किया गया। इस शव की आज तक कोई शिनाख्त नहीं हो सकी।

# समाज उत्थान के लिए कार्य करता रहेगा क्षत्रिय स्वाभिमान मंच




होली मिलन समारोह में भाग लेते विकास सिंह भदौरिया व अन्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- मनियामऊ में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**अमृत विचार।** क्षत्रिय स्वाभिमान मंच का होली मिलन समारोह ग्राम उद्यन्नपुरा के श्री ठाकुर जी महाराज मंदिर के निकट मनियामऊ में हुआ। अध्यक्ष विकास भदौरिया उर्फ कुन्नू भैया ने यह संकल्प दोहराया कि क्षत्रिय स्वाभिमान मंच समाज के उत्थान के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।

प्रमुख वक्ता अमोल तोमर, संतोष सिंह चौहान, बंटी चौहान, सुनीत चौहान, देवेश सिंह चौहान, अजय तोमर, प्रताप सिंह, राम जन्म सिंह भदोरिया, अखिलेश सिंह, सुरेंद्र सिंह, नरेश सिंह, अतुल भदौरिया, देवेंद्र सिंह, रंजन सिंह राजावत रहे। वयोवृद्ध शिवराम सिह चौहान ने अध्यक्षता तथा संचालन अनिल चौहान ने किया। कार्यक्रम के संयोजक राष्ट्रभक्त राकेश तोमर, राजन सिह चौहान, महेन्द्र चौहान, महेश चौहान, प्रताप सिह भदौरिया, शैलेन्द्र चौहान, धमेन्द्र चौहान, सतेन्द्र भदौरिया, सत्ते भदौरिया, अशुमान तोमर, दीपू चौहान, सर्वेश तोमर, मनीष चौहान, राघवेंद्र तोमर, धन्नंजय राजावत, बंटी चौहान अक्षयराज भदौरिया, नारायण भदौरिया, उपेन्द्र भदौरिया, राजेश जादौन, आलोक चौहान, वीरप्रताप भदौरिया, प्रतीक सेगर, रवीन्द्र भदौरिया आदि बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग उपस्थित रहे ।

# सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है होली

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय यादव महासभा का होली मिलन समारोह आईटीआई चौराहा स्थित डिवाइन लाइट पब्लिक स्कूल इटावा में मनाया गया । कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ उमेश यादव ने किया । इस दौरान सभी लोगों ने अबीर गुलाल और फूलों की होली खेली।

अखिल भारतीय यादव महासभा के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ शिवराज सिंह यादव ने बताया कि होली आपसी सौहार्द का एक जीता जगता नमूना है इसके साथ ही उन्होंने शिक्षा पर जोर दिया। कहा कि आज यह होली जो रंगों का पर्व है जिस प्रकार से कई रंग मिलाकर रंग लगने के बाद सभी लोग एक जैसे दिखने लगते हैं वैसे समानता का व्यवहार होना चाहिए। इस दौरान सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य जगदीश सिंह यादव अंतर्राष्ट्रीय कवि डॉ मनोज एवं डॉ राजीव जी को अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। होली मिलन समारोह में उदय भान सिंह, डॉ रामनरेश यादव, रिटायर्ड पुलिस अधिकारी रामनाथ सिंह, शिव शंकर यादव, अनुराग यादव, आदित्य कुमार, जयवीर सिंह, सत्यराम सिंह यादव, नवीन कुमार, अभिषेक यादव आदि ने संबोधित किया कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी पूर्व न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ राम यश यादव ने किया।



सम्मान समारोह में मौजूद डॉ. शिवराज, जगरामाचार्य एवं रामनाथ सिंह।

### राठौर समाज ने खेली होली

इटावा। राठौर समाज का होली मिलन समारोह माया मैरिज में हुआ। समाज के अध्यक्ष विनोद राठौर, संतोष राठौर, हिमांशु राठौर, विनोद राठौड़, सुनील राठौर, प्रमोद राठौड़, मूल चंद्र राठौर, राजू राठौर, जीतू समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे। समाज के सभी लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली पर एकजुटता का संदेश दिया।



परीक्षा में चयनित एसडी विद्यालय के छात्र। अमृत विचार

## 13 बच्चे नवोदय विद्यालय परीक्षा में हुए सफल

जसवंतनगर, इटावा। एसडी कांवेंट पब्लिक स्कूल के 13 बच्चों ने जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छह के लिए हुई प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल की है।

एसडी पब्लिक कांवेंट स्कूल के प्रधानाचार्य रामानन्द सिंह चौहान ने बताया कि विद्यालय के कक्षा पांच के ऋषि बाबू, सोनाक्षी गौर, दिव्यांश, सोनाक्षी चौहान, रियांश, कृष्णा, मनु, आर्यन, पलक, लविश, मीनाक्षी, ललित, रियांशी ने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। सफल बच्चों को पीएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल रेलमंडी व एसडी कांवेंट पब्लिक स्कूल प्रबंधक अर्चना सिंह चौहान सहित प्रधानाचार्य रामानंद सिंह चौहान, उप प्रधानाचार्य राम मोहन शर्मा, यदुवीर सिंह उर्फ छोटे भैया, विवेक परिहार, नरसिंह चौहान, डॉ. काजल चौहान ने सम्मानित किया।

## पूरी निष्ठा से करें चुनाव कार्य

इटावा। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। चुनाव में ड्यूटियां लगा दी गई है। अधिकारियों से कहा गया है कि चुनाव कार्य में लापरवाही ना बरतें और अनुमति के बिना जिला मुख्यालय ना छोड़ें।

इस संबंध में मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम की अध्यक्ष्यता में सभी विभागाध्यक्षों के साथ निर्वाचन सम्बन्धी बैठक की गयी। बैठक में निर्वाचन आयोग के निर्धारित गाइड लाइन के अनुसार प्रपत्रों आदि पर पूरी जानकारी दी गयी। मुख्य विकास अधिकारी, प्रभारी अधिकारी कार्मिक लोक सभा सामान्य निर्वाचन ने अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन के दौरान किसी भी अधिकारी को अगर कोई जिम्मेदारी दी जाती है, उसे पूरी निष्ठा से करें।

# भाजपाइयों ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

संवाददाता महेवा, इटावा

- भाजपा सांसद ने गांवों में लगाई चौपाल, लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में बताया

**अमृत विचार।** ग्राम नसीदीपुर में भाजपा प्रत्याशी डॉ राम शंकर कठेरिया के समर्थन में एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल मोहन ने भाजपा सरकार की तमाम उपलब्धियां गिनाईं।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, मंडल अध्यक्ष महेवा प्रदीप तिवारी, रविन्द्र दुबे, मीनाक्षी चौहान, सोम हरी अवस्थी, ऋचा मिश्रा, विवेक यादव चेयरमेन बकेबर, योगेंद्र प्रताप सिंह चौहान उर्फ डल्ले, अरविंद ऋशीश्वर, सुरेन्द्र भदौरिया, बकेबर विनोद चौहान, रजत त्रिपाठी आदि सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुशील राजपूत तथा संचालन राजेश सिंह चौहान ने किया।

भाजपा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया ने ग्राम ढकाताल में पहुंचकर किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सतेंद्र राजपूत के यहां चौपाल लगाई। ग्राम बहेड़ा में भाजपा कार्यकर्ता धीरज पांडेय के यहां चौपाल लगाई। ग्राम प्रधान विजय प्रताप सिंह सेंगर, क्षेत्र पंचायत सदस्य शशि दिवाकर, भाजपा नेत्री मीनाक्षी चौहान, धीरू तिवारी, सोहित दिवाकर आदि मौजूद रहे।

इटावा संसदीय सीट

19 साल की कड़ी तपस्या ने सुखदा को पहुंचाया था संसद की दहलीज तक

# इकलौती महिला सांसद का खिताब है सुखदा मिश्रा के नाम

बीरेश मिश्रा, इटावा

**अमृत विचार।** इटावा के संसदीय इतिहास में पहली महिला सांसद निर्वाचित होने का रिकार्ड पूर्व मंत्री सुखदा मिश्रा के नाम दर्ज है। इटावा की राजनीति में लगभग दो दशक तक अपना राजनैतिक रसूख कायम करने वाली सुखदा मिश्रा की खासियत यह है कि आज तीसरी पीढ़ी में भी उनका नाम बड़े आदर से लिया जाता है। दलीय राजनीति से ऊपर उठकर उन्होंने आम जनता के बीच अपनी खासी छवि बनाई है। सुखदा दीदी से शुरू हुई उनकी राजनीति अब बुआ जी के संबोधन में आ टिकी है। उम्र के सात दशक पार करने के बाद भी चुनाव में उनकी सक्रियता रहती है। इस लोकसभा चुनाव में भी वे अपनी सक्रियता दिखाएंगी। सुखदा ने 1980 में इंदिरा गांधी के समय में सांसद बनने का सपना देखा जो 1998 में अटल राज में आकर पूरा हुआ ।

उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के ज़िला कार्यकारी अध्यक्ष रिजवान अहमद कहते है कि सुखदा जी का इटावा से आत्मीय लगाव है। 1974 में अपनी राजनीतिक पारी की शुरू करने के बाद वे आज तक लोगों से जुड़ाव बनाए हुई है। छोटी बहन, बुआ, मौसी और मां जैसे नामों से उनको इटावा के लोग पुकारने में गर्व का एहसाह करते है। कोई भी चुनाव हो उनकी उपस्थित हर किसी को ऊर्जावान कर देती है।



पूर्व मंत्री सुखदा मिश्रा। अमृत विचार

असल में बंसीलाल जब हरियाणा के मुख्यमंत्री थे तब 1974 में सुखदा को इटावा सदर विधान सभा से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में पहली दफा चुनाव मैदान में उतारा। जिसमें उनको जीत हासिल हुई, फिर उनकी कामयाबी का रास्ता लगातार बढ़ता ही चला गया। इस टिकट के पीछे ऐसा कहा जाता है कि उनके पति एसके मिश्रा आईएएस हरियाणा सरकार के सचिव थे जिस कारण सुखदा मिश्रा को कांग्रेस पार्टी का टिकट इटावा सदर विधानसभा से दिया गया। समाजवादी गढ़ के रूप में सारे देश भर में पहचानी जाने वाली इटावा संसदीय सीट पर साल 1998 में सुखदा ने पहली दफा भगवा फहराने में कामयाबी पाई। कभी कांग्रेस की नेत्री के रूप में अपनी राजनीति शुरू करने वाली सुखदा जनता दल, समाजवादी पार्टी और बसपा होते हुए भाजपा में आने के बाद सांसद निर्वाचित हुईं।

सुखदा सवर्णो की बड़ी नेता मानी जाती है, उन्होंने इटावा की राजनीति में एक नया आयाम स्थापित किया है। 1986 में नारायण दत्त तिवारी सरकार मे उर्जा मंत्री बनने में सफल रही लेकिन 1989 मे जनता दल की लहर मे सुखदा ने पाला बदल करके चुनाव लड़ा तो फिर जीत हासिल करके मुलायम सरकार में नगर विकास मंत्रालय हासिल कर लिया। 1980 के चुनाव में सुखदा एक मात्र ऐसी महिला थीं जो चुनाव मैदान मे उतरी थीं। उनको मुलायम के साथी रामसिंह शाक्य ने पराजित किया। 1998 मे समाजवादी गढ़ की इस इटावा सीट से सुखदा को भाजपा ने लोकसभा का टिकट दिया जिसमे उन्हें जीत हासिल हुई। सुखदा को 2,59980 वोट मिले । सपा के राम सिंह शाक्य को 228942 वोट मिले । इस प्रकार सुखदा 31038 मतों से विजई रही।

# ड्यूटी कटवाने को बहाने बना रहे कर्मी बीमारी और समारोह का बना रहे बहाना

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सोमवार को पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारी प्रथम की ड्युटियों का वितरण भी कर दिया गया है। मंगलवार को ज्यादातर कर्मचारियों को ड्यूटी मिल गई और यह पता चल गया कि उन्हें चुनाव में ड्यूटी करनी है इसके साथ ही ड्यूटी से बचने के लिए ड्यूटी कटवाने के प्रयास भी शुरू कर दिए गए हैं।

इनका प्रयास है कि किसी तरह चुनाव की ड्यूटी से बचा जा सके इसलिए ड्यूटी लगने के साथ ही ड्यूटी कटवाने की कोशिश में भी शुरू हो गई हैं। कोई बीमारी की बात कह रहा है तो किसी के घर में शादी या कोई अन्य मांगलिक कार्यक्रम है, जिसके कारण ड्यूटी से बचने की कोशिश की जा रही है।

ड्यूटी लगने के बाद से इसकी कोशिश अभी से परवान चढ़ने लगी है कि किसी तरह इस चुनावी ड्यूटी से बचा जा सके। हालांकि यह व्यवस्था की गई है कि यदि कोई बीमार है तो उसका मेडिकल बोर्ड से स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाएगा और उसकी रिपोर्ट के आधार पर ड्यूटी करने या ड्यूटी न करने की बात तय की जाएगी। इसके साथ ही दिव्यांग कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया जा चुका है और इस परीक्षण के बाद यह निश्चित कर लिया गया है कि किसे ड्यूटी करनी है और किसे ड्यूटी नहीं करनी है।

### विभिन्न पदों पर होनी है तैनाती

इटावा। चुनाव को लेकर अभी ड्यूटी लगाए जाने का काम पूरा नहीं हुआ है। एक तरह से माना जाए तो अभी आधे कर्मचारियों की ड्यूटी ही लगाई गई हैं। अभी पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी प्रथम की ड्यूटी लगा दी गई है। इसके बाद मतदान अधिकारी द्वितीय तथा मतदान अधिकारी तृतीय की ड्यूटियां लगाई जानी है। जो अगले कुछ दिनों में लगने की संभावना है। प्रत्येक बूथ पर चार कर्मचारियों की पोलिंग पार्टी तैनात की जाएगी इनमें पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय शामिल होंगे।

विद्यामदो धनमदस्तृतीयोऽभिजनो मद : ।
मदा एतेऽवलिप्तानामेत एव सतां दमा : ॥

विद्या का अहंकार ,धन–संपत्ति का अहंकार ,कुलीनता का अहंकार तथा सेवकों के साथ का अहंकार बुद्धिहीनों का होता है ,सदाचारी तो दमन द्वारा इनमें भी शांति खोज लेते हैं।

## संपादकीय

# युवा रोजगार की स्थिति

भारत में युवा रोजगार की वर्तमान स्थिति निराशाजनक है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने मानव विकास संस्थान (आईएचडी) के साथ मिलकर 'इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट 2024' जारी की है। चिंताजनक है कि पढ़े-लिखे बेरोजगारों जिन्होंने कम से कम दसवीं तक की पढ़ाई पूरी की है, की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। देश के कुल बेरोजगार युवाओं में पढ़े-लिखे बेरोजगारों की संख्या भी 2000 के मुकाबले दोगुनी हुई है। बेरोजगारों में, शिक्षित युवाओं का अनुपात 2022 तक लगभग दोगुना होकर 65.7 प्रतिशत हो गया है, जो 2000 में 35.2 प्रतिशत था। यानि अगर भारत में 100 लोग बेरोजगार हैं तो उसमें से 83 लोग युवा हैं। ये निराशाजनक आंकड़े बेहतर भुगतान वाली नौकरियों की इच्छा रखने वाले शिक्षित युवाओं को शामिल करने में सक्षम नौकरियों की अनुपस्थिति और शिक्षा की गुणवत्ता में कमियों को रेखांकित करते हैं जिसके कारण बड़ी संख्या में शिक्षित युवा अभी भी नौकरी के मानदंडों को पूरा करने में असमर्थ हैं। इसके अलावा, मुद्रास्फीति को ध्यान में रखने के बाद मजदूरी या तो स्थिर हो गई है या उसमें गिरावट देखी गई है। रिपोर्ट के अनुसार देश में लोगों का वेतन ज्यादातर एक जैसा रहा है या ये घटा है। नियमित श्रमिकों और स्वरोजगार वाले व्यक्तियों के वेतन में साल 2019 के बाद नकारात्मक प्रवृत्ति देखी गई है। इतना ही नहीं अकुशल श्रमिकों को साल 2022 में न्यूनतम वेतन तक नहीं मिला है। तकनीक से जुड़े बदलावों ने कौशल और रोजगार के प्रकारों की मांग को भी प्रभावित किया है। युवाओं में बुनियादी डिजिटल साक्षरता की कमी की वजह से उनकी रोजगार की क्षमता में रुकावट आ रही है। 90 प्रतिशत भारतीय युवा स्प्रेडशीट में गणित के फॉर्मूला लगाने में असमर्थ हैं। 60 प्रतिशत युवा फाइलें कॉपी और पेस्ट नहीं कर सकते हैं। वहीं 75 प्रतिशत युवा किसी अटैचमेंट के साथ ईमेल भेजने में असमर्थ हैं।

हालांकि उच्च और मध्यम स्किल वाली नौकरियों में युवाओं का बेहतर प्रदर्शन है। इन क्षेत्रों में नौकरी की असुरक्षा अभी भी परेशानी का सबब बनी हुई है। अब आम चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के साथ, राजनेताओं ने नौकरियां सुनिश्चित करने और तकनीकी रूप से विकसित हो रही अर्थव्यवस्था के लिए शिक्षा और प्रशिक्षण की गुणवत्ता को न केवल उनके अभियानों में, बल्कि उसके बाद नीति निर्माण में भी प्राथमिकता दी है। श्रम संगठन की रिपोर्ट में सभी के लिए बेहतर नौकरियां सुनिश्चित करने के लिए एक ठोस व्यापक नीतिगत दृष्टिकोण की कमी पर जोर दिया गया है। इसलिए तकनीकी रूप से विकसित हो रही अर्थव्यवस्था के लिए प्रशिक्षण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

# कौन चुन-चुनकर मार रहा है पाक में चीनियों को



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

पाकिस्तान चीन को अपना सबसे भरोसे का मित्र कहता है। चीन के नाराज होने से पाकिस्तान की पेशानी से पसीना छूटना लाजिमी है। बेशक, ताजा हमले ने पाकिस्तान में काम कर रहे चीनी नागरिकों के आत्मविश्वास को भी हिला दिया है। पाकिस्तान से आ रही रिपोर्टों से संकेत मिल रहे हैं कि कुछ चीनी नागरिक पाकिस्तान छोड़ने पर विचार कर रहे हैं।

पाकिस्तान में काम करने वाले चीनी नागरिकों पर एक के बाद हमले थमने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। हमले पाकिस्तान में चीन की मदद से तैयार हो रही बहुत सारी विद्युत और अन्य विकास परियोजनाओं में काम करने वाले चीनी इंजीनियरों पर हो रहे हैं। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में बीते हफ्ते एक जलविद्युत परियोजना पर आत्मघाती हमला हुआ था जिसमें पांच चीनी नागरिकों की मौत हो गई। इसके बाद चीनी कंपनियों ने कम से कम तीन महत्वपूर्ण जलविद्युत परियोजनाओं पर अपना काम रोक दिया है। ये परियोजनाए हैं- दासू बांध, डायमर-बाशा बांध और तारबेला पांचवां एक्सटेंशन। बता दें कि एक दौर में खैबर पख्तूनख्वा सीमांत गांधी के प्रभाव वाला क्षेत्र रहा है,पर अब यह जल रहा है।

चीनियों पर हमले सिर्फ खैबर पख्तूनख्वा में ही नहीं हो रहे हैं। चीनियों पर हमले बलूचिस्तान में भी नियमित रूप से हो रहे हैं। पाकिस्तान के मशहूर अखबार द डॉन में 1 अप्रैल, 2024 को छपी एक खबर के अनुसार, चालू वर्ष के पहले तीन महीनों में देश के दो प्रमुख राज्यों क्रमशः खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में बीते साल की इसी अवधि की तुलना में आतंकी और हिंसक वारदातों में 92 और 86 फीसद बढ़ोतरी हुई है। अखबार ने सेंट फॉर रिसर्ट एंड सिक्युरिटी स्टडीज (सीआरएसएस) के हवाले से उपर्युक्त जानकारी दी है। जाहिर है कि चीनी नागरिकों पर हमले के कारण चीन नाराज है।

पाकिस्तान चीन को अपना सबसे भरोसे का मित्र कहता है। चीन के नाराज होने से पाकिस्तान की पेशानी से पसीना छूटना लाजिमी है। बेशक, ताजा हमले ने पाकिस्तान में काम कर रहे चीनी नागरिकों के आत्मविश्वास को भी हिला दिया है। पाकिस्तान से आ रही रिपोर्टों से संकेत मिल रहे हैं कि कुछ चीनी नागरिक अपनी जान को खतरा होने के कारण पाकिस्तान छोड़ने पर विचार कर रहे हैं। पाकिस्तानी सरकार बार-बार अपराधियों को पकड़ने का वादा कर रही है। चीन भी अपने नागरिकों की पुख्ता सुरक्षा की मांग कर रहा है। चीनी नागरिकों में हो रहे हमलों के लिए तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी), बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी और इस्लामिक स्टेट-खुरासान को जिम्मेदार माना जा रहा है। ये तीनों इस्लामिक आतंकी संगठन पाकिस्तान के खिलाफ लगभग जंग छेड़े हुए हैं। चीनियों पर हाल हाल ही में हुए हमले के तुरंत बाद इन तीनों संगठनों के नाम सामने आए। माना जाता है कि टीटीपी चीनियों के पीछे हाथ धोकर पड़ा है। इसके कमांडरों में से एक को 2021 में चीनियों पर हालिया हमले की तरह से हुए हमले के पीछे का मास्टरमाइंड घोषित किया गया था।

खैबर पख्तूनख्वा में चीनियों और बलूचिस्तान में चीनियों और पंजाबियों पर हमलों का गहराई से विश्लेषण करना होगा। लगता ये है कि खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान की अवाम अपने देश की पंजाबियों से भरपूर सरकार और सेना से नाराज है। नाराजगी की वजह है इन दोनों प्रदेशों की अनदेखी। बलूचिस्तान के नेता और सामाजिक कार्यकर्ता कहते रहे हैं कि पाकिस्तान के कुल जमा प्राकृतिक संसाधनों का एक बड़ा हिस्सा उनके प्रदेश से आता है,पर पकिस्तान सरकार उन संसाधनों का दोहन करने के बावजूद राज्य को किसी भी तरह से फायदा नहीं पहुंचाती। उनका आरोप है कि देश के संसाधनों का लाभ पंजाब को मिलता है।

खैबर पख्तूनख्वा के हजारा और कोहिस्तान गित क्षेत्र को बहुत बीहड़ माना जाता है। ये 'सम्मान' हत्याओं,लड़कियों के स्कूलों को जलाने और शिया मुसलमानों की हत्याओं के कारण अक्सर खबरों में रहा है। अब ये चीनी नागरिकों को मारने के कारण भी खबरों में रहने लगे हैं। खैबर में चल विकास परियोजनाओं में सैकड़ों चीनी नागरिक काम करते हैं। पाकिस्तान के एक वरिष्ठ पत्रकार हमजा हबीब ने इस लेखक को बताया कि खैबर में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। इधर सरकार का डर या इकबाल खत्म हो चुका है। यहां पुलिस, सरकारी अफसर या राजनीतिक नेतृत्व आतंकियों के सामने नतमस्तक रहते हैं। इस स्थिति के कारण इस बात की संभावना न के बराबर है कि इधर चीनियों पर हमले थमेंगे। खैबर पख्तूनख्वा में सक्रिय आतंकी संगठनों ने बीते अक्टूबर 2022 में राज्य के एक मंत्री को बंधक बना लिया था। उन्होंने आतंकवादियों की रिहाई की मांग की थी। इन्होंने सन् 2013 में नंगा पर्वत बेस कैंप पर विदेशी पर्वतारोहियों को निशाना बनाया था। इन्होंने खैबर पख्तूनख्वा में महिलाओं की खेल प्रतियोगिताओं को समाप्त करने की मांग की थी। ये अंधकार युग में जीते हैं। सवाल ये है कि चीनी नागरिकों को क्यों निशाना बनाया जा रहा है? देखा जाए तो ये वहां पर विकास परियोजनाओं को खड़ा कर रहे हैं।

एक बात गौर करने लायक यह है कि चीनियों पर हमले सिर्फ खैबर पख्तूनख्वा में ही नहीं हो रहे। चीनियों पर हमले पाकिस्तान के बलूचिस्तान के ग्वादर शहर में भी होते रहे हैं। आमतौर पर बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) चीनियों पर हमलों की जिम्मेदारी लेता रहा है। पिछले साल के मार्च महीने में बलूचिस्तान ग्वादर बंदरगाह प्राधिकरण परिसर पर आतंकियों ने हमला किया था। उस हमले में पाकिस्तान सेना के कई जवान मारे गए थे। इस बंदरगाह परिसर में कई सरकारी और अर्धसैनिक कार्यालय हैं और रणनीतिक रूप से स्थित ग्वादर बंदरगाह अरबों डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजना के केंद्र बिंदुओं में से एक बना हुआ है। दरअसल ईरान और अफगानिस्तान की सीमा से लगा बलूचिस्तान लंबे समय से चल रहे हिंसक विद्रोह का केंद्र रहा है। बलूच विद्रोही समूहों ने पहले भी 60 अरब अमेरिकी डॉलर की सीपीईसी परियोजनाओं को निशाना बनाते हुए कई हमले किए हैं।

एक बात और, अशांत बलूचिस्तान में अज्ञात बंदूकधारी राजमार्गों पर चलने वाली बसों में सवार पंजाबी यात्रियों को गोली मार रहे हैं। सेना जैसी वर्दी पहने बंदूकधारियों ने कराची और ग्वादर के बीच चलने वाली कई बसों के यात्रियों के पहचान पत्रों की जांच की और फिर अपना खूनी खेल चालू कर दिया। मारे गए सभी अभागे बस यात्री पंजाबी थे। हत्यारे बस को रोककर मुसाफिरों से उनके पहचान पत्र मांगते हैं। वे गैर-पंजाबियों को छोड़ देते हैं। पाकिस्तान सरकार पंजाबियों के कत्लेआम को दुनिया की निगाह से छुपाना चाहती है, पर ये सोशल मीडिया के दौर में हो नहीं पाता। खबरें जैसे-तैसे दुनिया के सामने आ ही जाती हैं। जानकार कहते हैं कि पंजाबियों को बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी चुन-चुनकर मार रही है।

खैबर पख्तूनख्वा में चीनियों और बलूचिस्तान में चीनियों और पंजाबियों पर हमलों का गहराई से विश्लेषण करना होगा। लगता ये है कि खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान की अवाम अपने देश की पंजाबियों से भरपूर सरकार और सेना से नाराज है। नाराजगी की वजह है इन दोनों प्रदेशों की अनदेखी। बलूचिस्तान के नेता और सामाजिक कार्यकर्ता कहते रहे हैं कि पाकिस्तान के कुल जमा प्राकृतिक संसाधनों का एक बड़ा हिस्सा उनके प्रदेश से आता है,पर पकिस्तान सरकार उन संसाधनों का दोहन करने के बावजूद राज्य को किसी भी तरह से फायदा नहीं पहुंचाती। उनका आरोप है कि देश के संसाधनों का लाभ पंजाब को मिलता है। प्राकृतिक संसाधनों के भी अपनी सरकार से तमाम गिले-शिकवे हैं। खैबर और बलूचिस्तान में चीनियों पर हमलों की एक बड़ी वजह यह मानी जा सकती है कि इन प्रदेशों में सक्रिय आतंकी संगठनों को लगता है कि अब जो विकास परियोजनाएं चीन की मदद से उनके यहां चल रही हैं,उसका लाभ उनकी बजाय शेष पाकिस्तान को ही होगा।

अब सवाल ये है कि पंजाबियों को बलूचिस्तान में किस कारण से निशाना बनाया जा रहा है? जाहिर है कि पंजाबियों को मारे जाने की कोई वजह तो होगी ही। हालांकि हिंसा को सही तो नहीं माना जा सकता। तो जान लीजिए कि सारा पाकिस्तान नफरत करता है पंजाब और पंजाबियों से। सबको लगता है कि पंजाब उनका शोषण कर रहा है, उनके हकों को मार रहा है।

## प्रसंगवश

# शहादत का फलसफा

जिन्हें लगता था कि उनको जहर बुझे खंजर से खत्म कर देंगे। आज वह कहां हैं? किसी को नहीं पता, जो यह समझते हैं कि किसी को धोखे से कत्ल करके,वह जीत जाएंगे। असलियत में वह हार ही रहे होते हैं। एक मजबूत विचार वाले व्यक्ति का कत्ल उसे और ज्यादा दिलों में बिखेर देता है। एक बार दिलों में बिखरते ही,वह पुश्त दर पुश्त नीचे जिंदा होता चला जाता है।

19 वीं रमजान में हजरत अली की पीठ में धोखे से जो जहर बुझा खंजर घोपा गया,उसने जिस्म को भले ही नुकसान पहुंचाया हो मगर रूह को इतना आजाद कर दिया कि वह जमीन के हर हिस्से में बिखर गई। उन्हें शहीद करने वालों को लगा था कि चलो आज से इनका किस्सा खत्म हुआ,मगर बदबख्तों ने यह नहीं सोचा की आज से वह हर तरफ सूरज की तरह चमकेंगे। उनकी चमक इन जुल्मियों को अंधा कर देगी। पीठ पर उनके जख्म हुआ, मगर वह ज़ख्म देने वालो के लिए ही नासूर बन गया।



हफीज किदवई
लेखक

21 वीं रमजान के रोज हजरत अली की शहादत यकीनन दिलों में रंज पैदा करती है। तकलीफ होती है कि भला वह कैसे लोग थे,जो हजरत अली जैसी शख्सियत को बर्दाश्त नहीं कर सके। मुझे लगता था कि आखिर क्यों नहीं उस वक्त मस्जिद की दीवारें दरक गईं। जब हजरत अली जहर के असर से तकलीफ में दांत कसते होंगे। तब क्यों नहीं मस्जिद की मीनारें ढह गईं? लोगों ने जनाजे में तो भीड़ बनकर जाना मुनासिब समझा,मगर उनके हाथ क्यों नहीं नोच डाले,जिन्होंने यह गुस्ताखी की थी। आखिर अरब कैसे यह सब बर्दाश्त कर गया? तब मुझे शहादत का फलसफा समझ आया। बहुत बार हां बहुत बार खुदा जब अपने किसी महबूब के जिंदा जिस्म से काम ले चुकता है और उसका काम जमीन पर पूरा नही हुआ होता, तब वह ऐसे जिस्म को शहीद करता है।

यह शहादत फिर हजारों साल तक जुल्म,बेइंसाफी के खिलाफ लड़ने की रौशनी बनती है। हजरत अली की शहादत ने मक्के, मदीने, बसरा, दमिश्क सबकी गलियों में जुल्म के खिलाफ लोगों को एक कर दिया। उनके खून का एक-एक कतरा खुदा के इंसाफ की गवाही बनने को बेताब हो गया। हजरत अली उस माटी से निकल कर दुनियाभर में बस गए। सबने इल्म के बादशाह के सामने सर झुका लिया।

इल्म के बादशाह, शेरे खुदा, सूफीजम के बादशाह हजरत अली को जब पीठ में जहर बुझा खंजर लगा। मौत सामने देख अपनी प्यारी औलाद को उन्होंने पास बुलाया। आखिरी वसीयत करते हुए कहा,देखो जिसने मुझ पर खंजर चलाया है,उसके साथ ज्यादती मत करना। सजा उसे उतनी ही देना जितनी उसने गलती की है। उसे मेरी पीठ पर लगे जख्म से ज्यादा गहरा जख्म न लगे। मेरी तकलीफ से ज्यादा तकलीफ न हो,तुम उस पर जुल्म मत करना।

उनकी शहादत पर इतनी तो गांठ बांध लो की कल भी जुल्म से लड़ने के लिए शहीद होना पड़ता था,आज भी शहीद होना है। कल भी चालबाज लोग कत्ल को आखिरी हथियार समझते थे,आज भी समझते हैं। कल भी इंसाफ पसंद को धोखे से,मक्कारी से बदनाम करने का चलन था,आज भी है। कल भी बादशाही मशीनरी अवाम की आवाज को दबाने उठती थी, आज भी सरकारी मशीनरी अवाम की आवाज को कुचलती है। कल से आज सिर्फ आबादी की गिनती बढ़ी है,वरना हालात वैसे ही आते-जाते रहें हैं,जिन्हें आज जुल्म से लड़ना है,अवाम की आवाज बनना है। बेइंसाफी को जमीदोज करना है वह हजरत अली से सीखें। अपना दिल बड़ा करें, किरदार की बुलंदी को समझें और बेखौफ सीना तानकर,जुल्म की आंख में आंख डालकर मुकाबला करें। शहादत अगर आ भी गई तो शाही तख्त पर बैठे खास लोगों की ही चूले हिलेंगी। उनकी दीवारें चिटखेंगी। वह तुम्हारे बहते खून में हमेशा के लिए खत्म हो जाएंगे।

हजरत अली की शहादत पर उन्हें याद करने का वक्त 21 वीं रमजान हमें एक सबक देता है, उस सबक को याद रखिए। जुल्मी कितनी ही लालच दे,कितना ही डर बढ़ाए, डिगना मत और अपनी आखिरी सांस तक सच-इंसाफ के रास्ते पर चलते रहना,भले हाथ खाली हों या सर ओर छत न हो या फिर सर ही न रह जाए...

# कैसे हो पहाड़ की महिलाओं का उत्थान



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

एक अध्ययन के अनुसार चारा और ईंधन एकत्र करने के लिए पहाड़ी महिला वर्ष में औसतन चार से पांच हजार किलोमीटर की पैदल दूरी तय करती है।

समाज में तेजी से हो रहे परिवर्तन और महिला सशक्तिकरण के मौजूदा दौर में भी पहाड़ी इलाकों में महिलाओं की दैनिक स्थिति में ज्यादा परिवर्तन नहीं आया है। पहाड़ की रीढ़ कही जाने वाली पहाड़ की नारी मुसीबतों के कई पहाड़ लांघकर और पहाड़ जैसी जिंदगी ढोकर पहाड़ के लिए ही मर-मिट जाती हैं। वस्तुतः पहाड़ से भी विकट जिंदगी जी रहीं पहाड़ी महिलाओं के उत्थान की बात करना तब तक गलत होगा,जब तक उनके सिर और पीठ के भारी बोझ को हल्का करने के प्रयास नहीं किए जाते।

यह कहना गलत न होगा कि पहाड़ की पूरी अर्थव्यवस्था महिलाओं पर टिकी है। उत्तराखंड के संदर्भ में यहां के अधिकांश पुरुष रोजगार की तलाश में शहरों की ओर कूच कर गए हैं। यहां अकेली महिला ही अपनी पहाड़ सी जिंदगी से जूझती मिलेंगी। आज अगर चंद महिलाओं को लेकर हम यह दावा करे कि यहां की महिलाओं की स्थिति में सुधार हुआ है तो यह सरासर नाइंसाफी होगी उन हजारों महिलाओं के साथ जो खेती बाड़ी और पशुपालन के काम में अपना शरीर तिल-तिल कर होम कर रही है। यहां की प्रकृति भी अपना क्रूर चाबुक इन्हीं महिलाओं पर चलाती है। इनकी दिनचर्या पौ फटने से पहले कब शुरू होकर देर रात के किस प्रहरी समाप्त होती हैं, यह बता पाना मुश्किल है। पहाड़ियों की चोटी पर से सिर में घास व लकड़ी का गट्ठर ढोते हुए घर आना बहुत जोखिम भरा काम है।

पहाड़ में गर्भवती महिलाओं को सिर पर भारी बोझ लादे खतरनाक रास्तों पर चलते हुए देखा जा सकता है। इस कारण कई बार गर्भपात तक हो जाता है। शिशु को जन्म देने के बाद जब वे काम पर जाती है तो नवजात को पीठ पर बांधकर अपने साथ ले जाती है,क्योंकि घर पर शिशु की देखभाल करने वाला कोई नहीं होता।

इसके अलावा मातृत्व सहने का कष्ट भी उनके लिए कम दुखदाई नहीं है। यहां के समाज में आज भी अंधविश्वास गहरे तक पैठ बनाए हुए हैं। कई गांवों में आज भी प्रसूति महिला को 21 दिनों तक अछूत समझा जाता है। यह इक्कीस दिन उसे एक छोटी सी कोठरीनुमा कमरे में काटने पड़ते हैं। उसका छुआ पानी तक कोई नहीं पीता पर वह जंगल जाकर घास व लकड़ी ला सकती है। इसमें कोई मनाही नहीं है। स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण प्रसव के समय कई महिलाओं की जान तक चली जाती है।

पहाड़ के सीढ़ीदार खेतों में फसल बोने और काटने के समय महिलाओं को देर शाम तक काम करते हुए देखा जा सकता है। कुछ जगहों पर तो महिलाएं हल भी चलाती हैं। गर्मी की चिलचिलाती धूप,बरसात में खेतों से उठती असहनीय उमस और ऊपर से गिरता बारिश का पानी जहां पहाड़ी महिला के बदन के वस्त्र को सूखने नहीं देता, वहीं जाड़ों की कड़ाके की ठंड भी उसके हाथ पैरों को ठिठुरा पाने में असफल रहती हैं। खेती के अतिरिक्त रोजमर्रा के सभी कार्य महिला ही करती है। बचपन से ही पराया धन का कलंक माथे पर लिए यहां की बेटियों को पढ़ाई से अधिक चौका चूल्हा करना सिखाया जाता है।

स्कूल जाने की उम्र में उनकी नाजुक पीठ पर गोबर की टोकरी और हाथों में दरांती सौंप दी जाती है। आज भी विकास से कटे दूर दराज के गांवों मे लड़कियां कक्षा पांच या आठ के बाद पढ़ाई छोड़ देती है। ज्यादातर परिवारों में लड़कियों को स्कूल भेजना परिवार की प्राथमिकता में शामिल नहीं होता। वह तो महज एक श्रमिक बनकर रह गई है। कम उम्र में ही शादी कर दी जाती है और शादी के बाद उसे एक पहाड़ से दूसरे पहाड़ पर कष्टमय जीवन व्यतीत करना पड़ता है।

एक अध्ययन के अनुसार चारा और ईंधन एकत्र करने के लिए पहाड़ी महिला वर्ष में औसतन चार से पांच हजार किलोमीटर की पैदल दूरी तय करती है। यानी एक दिन में पहाड़ी रास्तों पर 12 से 15 किलोमीटर की दूरी तय करती हैं। अध्ययन में देखा गया कि पहाड़ी महिला प्रतिदिन 19 घंटे काम करती है। सुबह पांच बजे से काम शुरू करने वाली महिला दिनभर वयस्त रहकर रात ग्यारह बजे के बाद ही बिस्तर पर आराम करने जा पाती है। इतनी मेहनत के बाद भी उसे भोजन में पर्याप्त कैलोरी नहीं मिल पाती है। कई बार उसके हिस्से में आधा पेट भोजन ही आता है। कुल जमा अर्थ यह कि उसके जीवन में अत्यधिक श्रम, तनाव, बीमारी और उसकी खर्च हुई तथा उसे प्राप्त ऊर्जा का असंतुलन अंततः उसकी उम्र पर प्रभाव डालता है और उसे 35 वर्ष की आयु तक पहुंचते-पहुंचते बूढ़ा व कमजोर कर देता है। जहां तक महिला स्वास्थ्य का सवाल है तो स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं है। कुछ महिला संगठनों ने पाया कि अधिकांश महिलाएं कुपोषण का शिकार है।

## सोशल फोरम

# बौरा गए

आम और भौंरे तो साल भर में एक ही बार बौराते हैं,लेकिन...साधो, देखो जग बौराना! कबीर कहते हैं... अरे भाई! बौरा न वंदे, मत बौराओ, लेकिन संसार है कि बिना बौराए मानता ही नहीं है। वसंत में सबके सब बहक करके बौरा गए। तभी तो सांच कहो तो मारन धावै, झूठे जग पतियाना।



डॉ.रामानंद शुक्ल
अयोध्या

संसार को चिकनी-चुपड़ी झूठी चापलूसी अधिक पसंद है और उसी पर विश्वास भी करता है। सच्चरित्र व्यक्ति के सही बात को नकारता-अस्वीकार करता है। विश्वास से विरत रहता है,क्योंकि वह अनैतिक अर्थोपार्जन से दूर रहता है। वह अर्थ-सुलभ जगत के भौतिक सुख-सुविधा, चांचिक्य से बेफिक्र- विलग रहता है,कहें कबीर सुनो भाई साधू! ई सब भरम भुलाना। यह संसार भूल-भुलैया है। सभी दिग्भ्रमित हैं। कबीर की बानी में स्पष्ट-साफगोई, बेधड़क-बेलौस, बेफिक्र-बेखौफ अदम्य साहस की झलक है। उनकी बोली-बानी, साखी-सबद तिलमिला देने वाले हैं। चुभ जाने वाले व्यंजनाओं-प्रतीकों से परिपूर्ण हैं। ऊपर की पंक्तियां इस बात की सबूत हैं कि दूसरों की दृष्टि-भाव में कबीर बौराहा थे,लेकिन सच यह है कि वह बौराहा नहीं थे,बल्कि ऐसी दोषदृष्टि रखने वाले छिद्रान्वेषी ही बाउर थे,बौराए हुए थे,जो केवल झूठ ही बतियाते-पतियाते और पचाते थे। तथा सांच कहौं तो मारन धावै। भव-भयाकुल भरमे-भरमाए भोग-विलास में भटके, भूले-भुलाए ये द्वंद्वी-पाखंडी घमंडी लोग थे। शास्त्रोक्ति है कि अपूज्य की पूजा या पूज्य की अवहेलना-तिरस्कार करने-कराने के लिए, अपूज्य को पूज्य से अर्थात् सत् को असत् से आगे बढ़ाने का कुप्रयास, अपूज्य-पूजक और सहयोगी तीनों का कालांतर में विनाश कर ही देता है।

यह श्रीमद्भगवद्गीता की इस सूक्ति की ओर भी संकेत है। अव्यवस्थित चित्तानां प्रसादोऽपि भयंकरः। अव्यवस्थित द्वंद्व में रहने-जीने वाले के चित्त का परिणाम बहुत भयंकर होता है। लगातार कबीर के साथ भी ऐसी घटनाएं घटती रहीं फिर भी सच से विचलित नहीं हुए। झूठे जग को और झूठ को पतियाने वाले जगत के तिरस्कार-अपमान से बिना विचलित हुए दहाड़ते-पछाड़ते रहे। कबीर को अपने इष्ट पर पूरा भरोसा था,इसलिए बड़े निडर थे।

-फेसबुक वॉल से

# धरती ही नहीं, समुद्र की सतह भी गर्म

ग्लोबल वार्मिंग ने मौसम का चक्र बिगाड़ दिया है। भारतीय मौसम विज्ञान संगठन की यह आशंका काफी चिंताजनक तस्वीर पेश करती है कि इस बार अप्रैल से लेकर जून तक देश को प्रचंड गर्मी का सामना करना पड़ सकता है तो दूसरी ओर विश्व बैंक के अनुमानों से पता चलता है कि 2030 तक, भारत में 200 मिलियन से अधिक लोगों को अत्यधिक तापमान का सामना करना पड़ेगा। साथ ही गर्मी से संबंधित तनावों के चलते उत्पादकता में कमी के कारण 34 मिलियन लोगों को अपनी नौकरी गंवानी पड़ेगी।



प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

उत्तर-पश्चिमी भारत में असामान्य तापमान जलवायु पैटर्न की एक ऐसी अप्रत्याशित प्रकृति है,जो हाल के वर्षों में पहले कभी नहीं देखी गई थी। इस साल मार्च के अंतिम दिनों में ही भारत के कई शहरों का तापमान 40 डिग्री से पार कर गया। देश के कई हिस्सों में अभी से ही लू चलने लगी है। गर्मी को लेकर यह भयावह पहलू है। चिलचिलाती गर्मी दैनिक जीवन के लिए गंभीर खतरे का सबब तो बनती है। साथ ही कृषि और स्वास्थ्य जोखिमों को भी बढ़ाती है। ग्रामीण आबादी, विशेषकर बुजुर्ग और धूप में काम करने वाले लोग इसका खामियाजा असामयिक मृत्यु के रूप में भुगतते हैं। पर्यावरण पर नजर रखने वाली यूरोपीय संघ की एक एजेंसी कॉपरनिक्स क्लाइमेट सर्विस के अनुमानों और आंकलन के अनुसार अब मैदानी इलाकों की तरह ही समुद्र की सतह पर भी लू चलने लगी है। सामान्य से अधिक तापमान का पूर्वानुमान और भारत के मध्य और उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में हीटवेव की संभावनाएं अधिकारियों और नागरिकों दोनों के लिए एक 'वेकअप कॉल' के रूप में होनी चाहिए। पश्चिमी विक्षोभ जैसे कारक असामान्य तापमान वृद्धि के मूल में हैं। यह कहा जा सकता है कि छिटपुट बारिश से थोड़ी-बहुत राहत मिल सकती है,लेकिन यह जान लेना भी जरूरी है कि प्रकृति की ऐसी राहत अल्पकालिक होती है। बादलों के हट जाने पर गर्मी फिर अपनी प्रकोर दिखाना शुरू कर देती है। पर्यावरणीय बदलाव से न सिर्फ हमारी धरती गर्म हो रही है,बल्कि समुद्र की सतह का पारा भी बढ़ता जा रहा है। लंबे समय तक चलने वाली गर्मी और गर्म हवाओं तथा बढ़ते तापमान के असर को कम करने के लिए बेहतर जल प्रबंधन समेत हरित उपायों जैसे स्थायी समाधानों की आवश्यकता है। हमारे पूर्वजों ने जल प्रबंधन के जो उपाय अपनाए थे, वे आज भी उतने ही लाभकारी हो सकते हैं, पर जरूरी है कि उन पर ध्यान दिया जाए। जरूरी हो गया है कि हम जलवायु अनुकूलन और शमन के लिए एक सक्रिय दृष्टिकोण अपनाएं। इस दृष्टिकोण में टिकाऊ बुनियादी ढांचे में निवेश,नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देना और जलवायु लचीलेपन को प्राथमिकता देने वाली नीतियों को लागू करना शामिल है।

मौसम विभाग की भविष्यवाणियां जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए सामूहिक कार्रवाई की तरफ ध्यान आकर्षित कराती हैं। हालांकि हम मौसम को नियंत्रित करने में सक्षम नहीं हो सकते हैं,लेकिन हम बदलते जलवायु पैटर्न के अपने अनुकूल करने की दिशा में निश्चित रूप से सक्रिय कदम उठा सकते हैं। नवीन समाधानों को अपनाकर,हम जलवायु परिवर्तन के सबसे बुरे प्रभावों को कम कर सकते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए अधिक लचीला और उनके समृद्ध भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। ये ऐसे सत्य हैं जिनका ध्यान हमारी पहले की पीढ़ियों ने रखा है और हमें भी उनके लिए ऐसी ही विरासत छोड़कर जाना चाहिए। लू की स्थिति को देखते हुए, अब समय आ गया है कि हम आने वाली चुनौतीपूर्ण गर्मी से निपटने और तापमान में वृद्धि को रोकने के लिए खुद को तैयार करें। मौसम विज्ञानिकों की ऐसी चेतावनियों को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए।

# स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्रों में उभरने की तैयारी

भारत की फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (एफएएमई) नीति एक एशियाई विनिर्माण केंद्र और वैश्विक उद्योगों के लिए चीन के लिए एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में भारत की स्थिति को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। एफएएमई नीति भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को अपनाने में तेजी लाने पर केंद्रित है। सब्सिडी और अन्य सहायता उपायों के माध्यम से ईवी के उत्पादन और खरीद को प्रोत्साहित करके, नीति का उद्देश्य कार्बन उत्सर्जन को कम करना, जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करना और टिकाऊ परिवहन समाधानों को बढ़ावा देना है। यह स्वच्छ ऊर्जा के प्रति वैश्विक रुझानों के अनुरूप है और भारत को विद्युत गतिशीलता क्षेत्र में एक प्रगतिशील खिलाड़ी के रूप में स्थापित करता है। एफएएमई नीति के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों पर जोर ने ईवी से संबंधित विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र में निवेश और विकास को बढ़ावा दिया है। एफएएमई जैसी नीतियों के माध्यम से विद्युत गतिशीलता को बढ़ावा देने की भारत की प्रतिबद्धता ने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों की महत्वपूर्ण रुचि को आकर्षित किया है। कंपनियां भारत को ईवी और संबंधित प्रौद्योगिकियों के लिए एक आकर्षक बाजार के रूप में देखती हैं जिससे साझेदारी, संयुक्त उद्यम और विनिर्माण सुविधाओं में निवेश होता है। निवेश का यह प्रवाह रोजगार सृजन, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और विनिर्माण क्षेत्र की समग्र वृद्धि में योगदान देता है। भारत की महत्वाकांक्षाएं ईवी की घरेलू मांग को पूरा करने से कहीं आगे तक फैली हुई हैं। एफएएमई नीति, अन्य निर्यात उन्मुख पहलों के साथ मिलकर भारत को इलेक्ट्रिक वाहनों और घटकों के लिए एक निर्यात केंद्र के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखती है। इसमें यूरोप, संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य क्षेत्रों के बाजारों को लक्षित करना शामिल है,जहां इलेक्ट्रिक मोबिलिटी समाधानों की मांग बढ़ रही है। एफएएमई के तहत निर्यात प्रोत्साहन से भारत को अपने व्यापार को संतुलित करने और इसे वैश्विक विनिर्माण मूल्य श्रृंखलाओं में एकीकृत करने में मदद मिलती है। एफएएमई नीति पश्चिम के लिए विनिर्माण की एशियाई फैक्ट्री बनने के देश के दृष्टिकोण में एक प्रमुख चालक है। भारत वैश्विक विनिर्माण की बदलती गतिशीलता का लाभ उठाने और इलेक्ट्रिक वाहन और स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्रों में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरने के लिए तैयार है।



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

# प्रेशर पाइप खुलने से 30 मिनट खड़ी रही मालगाड़ी

## कंचौसी रेलवे स्टेशन का मामला, पीछे से आ रही दो मालगाड़ियों को आउटर सिग्नल पर रोका गया, ट्रेनों के रुकने से लगा जाम

संवाददाता, कंचौसी, औरैया

**अमृत विचार।** मंगलवार की सुबह दस बजे रेलवे फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसीसी) रेल रूट के कंचौसी स्टेशन की पूर्वी रेलवे क्रासिंग से कानपुर की ओर आ रही मालगाड़ी का प्रेशर पाइप खुल गया, जिसके चलते तकरीबन 30 मिनट तक मालगाड़ी खड़ी रही। मालगाड़ी रुकने से क्रासिंग से निकलने वाले वाहन जाम में फंसे रहे। काफी समय बाद बमुश्किल यातायात सामान्य हो सका।

इटावा से कानपुर आ रही मालगाड़ी मंगलवार की सुबह 10 बजे कंचौसी स्टेशन की पूर्वी क्रासिंग से निकल रही थी, तभी उसका प्रेशर पाइप खुल जाने से मालगाड़ी रुक गई। पीछे से आ रही दो मालगाड़ियों को आउटर सिग्नल पर 30 मिनट तक खड़ी रखा गया। क्रासिंग बंद होने से दोनों छोर पर खड़े वाहनों को खड़ा रहना पड़ा। गार्ड व लोको पायलट ने स्टेशन कर्मियों की मदद से प्रेशर पाइप को दुरुस्त किया। इसके बाद सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर ट्रेन गंतव्य को रवाना हो सकी। इसके बाद पीछे खड़ी मालगाड़ियों को गंतव्य की ओर रवाना किया गया।

इस बीच क्रासिंग पर जाम लग गया। 50 मिनट बाद स्थिति पूरी तरह से सामान्य हो सकी थी। 40 मिनट तक वाहन सवार जाम में फंसे रहे। क्रासिंग बंद होने की वजह से क्रासिंग रोड से नहरपुल तक जाम लगा रहा। चौकी पुलिस के पहुंचने पर किसी तरह यातायात को सुचारु कराया जा सका। इस संबंध में स्टेशन अधीक्षक नवाना वांचे ने बताया कि प्रेशर पाइप खुलने से मालगाड़ी खड़ी रही।


रेलवे क्रासिंग पर खड़ी मालगाड़ी। अमृत विचार

### ब्लॉक के चलते 20 मिनट खड़ी रही गया एक्सप्रेस

**अछल्दा, औरैया।** पाता स्टेशन के पास ब्लॉक लगा होने से मंगलवार दोपहर लगभग 2 बजकर 55 मिनट पर इटावा से कानपुर की ओर जा रही गया सुपरफास्ट एक्सप्रेस को 20 मिनट के लिए अछल्दा स्टेशन पर रोकना पड़ा। जिससे यात्रियों को मुसीबत का सामना करना पड़ा। लगभग 20 मिनट बाद 3 बजकर 15 मिनट पर ट्रेन को गंतव्य की ओर रवाना किया गया। स्टेशन मास्टर ने बताया कि ब्लॉक के चलते ट्रेन रोकी गयी थी।


कंचौसी रेलवे स्टेशन परिसर में बिना टीनशेड के बना पुल। अमृत विचार

# स्टेशन परिसर में बने पुल पर टीनशेड की उठाई मांग

**कंचौसी, औरैया।** औरैया व कानपुर देहात दोनों जिलों में स्थित नगर पंचायत व कस्बा कंचौसी के रेलवे स्टेशन परिसर में बने पुल पर छावनी (टीनशेड)के लिये लोगों ने मांग उठाई है। कंचौसी व उसके आस-पास बसे गांवों से प्रतिदिन आने-जाने वाले यात्रियों ने यह मांग उठाई है। वहां के स्थानीय लोगों ने बताया है कि पुल पर कड़ी धूप व बारिश के मौसम में यात्रियों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

कंचौसी रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन करीब एक हजार से 1500 यात्री ट्रेनों द्वारा अप-डाउन की ट्रेनों से यात्रा करते हैं। इसलिए कंचौसी व उसके आस-पास बसे गांवों से प्रतिदिन रेल द्वारा यात्रा करने वाले मोनू चौहान, अनूप पोरवाल, रिंकू राठौर, विजय कुमार, अश्वनी दीक्षित, देवेश पालीवाल, मनीष पोरवाल आदि यात्रियों ने रेलवे के उच्चाधिकारियों से स्टेशन परिसर में पुल पर छावनी की लगाने की मांग की है। स्टेशन अधीक्षक ने बताया है कि यात्रियों द्वारा की गई मांग रेलवे उच्चाधिकारियों को अवगत करा दी गई है। जल्द ही रेलवे के उच्चाधिकारियों द्वारा कंचौसी रेलवे स्टेशन परिसर में बने पुल पर टीन शेड छावनी के लिए आदेश किया जाएगा।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को उम्र कैद

कार्यालय संवाददाता, औरैया



- दोषी पर पच्चीस हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया
- साढ़े सात वर्ष पुराने मामले में आया फैसला

**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) मनराज सिंह ने थाना दिबियापुर क्षेत्र में साढ़े सात वर्ष पूर्व नाबालिग पीड़िता को बहला-फुसलाकर ले जाने के दोषी विमल यादव निवासी विनुआपुर इंद्रानगर कल्यानपुर कानपुर नगर को आजीवन कारावास की सजा से दण्डित किया है।

उक्त मामले की पैरवी कर रहे डीजीसी अभिषेक मिश्रा, विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो जितेंद्र सिंह तोमर व मृदुल मिश्रा ने बताया कि उक्त मामला थाना दिबियापुर में पंजीकृत किया गया। वादी ने लिखा कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री 09 अक्टूबर 2016 शाम आठ बजे शौच के लिये खेतों की तरफ गयी थी। जब वह रात्रि नौ बजे तक लौटकर नहीं आयी तो परिजन चिन्तित हुए व उसकी तलाश की गई। पता चला कि उसे दोषी विमल यादव बहला-फुसलाकर साथ ले गया। पुलिस ने रिपोर्ट लिखने के बाद विवेचना की व दोनों की बरामदगी के बाद उस पर एससीएसटी एक्ट, पॉक्सो व दुष्कर्म की धाराओं में आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया। यह मुकदमा विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम की कोर्ट में चला। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश मनराज सिंह ने विमल यादव को आ कई धाराओं में सजा व अर्थदण्ड से दंडित किया। दोषी को कुल आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया गया। उस पर पच्चीस हजार रुपये का अर्थदण्ड भी लगाया गया। सजा पाये विमल यादव को जिला कारागार इटावा भेज दिया गया।

## सार-संक्षेप

### एलकेजी की बच्ची ने पास होने पर किया पौधरोपण

**औरैया।** संवेदनशील बच्चे अपने आसपास की घटनाओं से न केवल सीखते हैं बल्कि उनके कारणों के समाधान पर चिंतन भी करते हैं। ऐसी ही एक संवेदनशील बच्ची का नाम है जीवनी शाक्या जिसने राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अपनी बड़ी बहन नेहा कुशवाहा के पौधरोपण अभियान से प्रेरित होकर एलकेजी की परीक्षा के पास होने की खुशी में अपने पापा से विद्यालय में पौधा रोपने के लिए आग्रह किया। इस पर पिता राजीव शाक्य ने एक पौधे को ऐरवा-कटरा स्थित इंडियन किड्स एकाडमी में प्रबन्धक ओजश्वनी यादव एवं प्रधानाचार्य सुनीता यादव सहित कक्षाध्यापक अंजना शर्मा एवं अन्य शिक्षकों के साथ रोपित किया। इस अवसर पर शिक्षक आशुतोष पाण्डेय, अंश यादव, शिक्षिका मनी तिवारी, मानसी गुप्ता, पूजा कश्यप, सोनम, शालनी, नीशू, आकांक्षा, कमला देवी आदि मौजूद रहीं।


शिक्षकों के साथ पौधरोपण करती बच्ची।

### एसडीएम ने किया बूथों का निरीक्षण

**अजीतमल, औरैया।** डिप्टी कलेक्टर मुख्यालय अमित कुमार त्रिपाठी ने तहसील क्षेत्र में बूथों का भौतिक निरीक्षण किया। बूथों के भौतिक निरीक्षण में साफ सफाई, पेयजल, सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था इत्यादि चेक की गई,और जिस व्यवस्थाओं की कमी है उसमें सुधार करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर क्षेत्रीय लेखपाल विनय कुमार, बीएलओ सुपरवाइजर सरिता व नीतू राजपूत लेखपाल आदि लोग मौजूद रहे।

# कोरोना काल में बंद ट्रेनों के पुनः ठहराव की मांग

संवाददाता, ककोर, औरैया

- स्टेशन मास्टर के माध्यम से रेल मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन
- प्रत्येक माह की दो तारीख को ठहराव न होने तक देंगे ज्ञापन

**अमृत विचार।** मंगलवार को दिबियापुर में गांधी जयंती से शुरू करके समाजसेवी धीरज शुक्ला ने गांधी जी के सिद्धांतों पर चलकर अपने सहयोगियों के साथ कोरोना के समय बंद फफूंद स्टेशन पर ट्रेन लिंक एक्सप्रेस तथा मुरी एक्सप्रेस के ठहराव के लिए रेलमंत्री के नाम सातवां ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक अजय राय को दिया।

उद्योग व्यापार संगठन के अध्यक्ष अजय पैराडाइज ने भी ट्रेन ठहराव की मांग दोहराई है। समाजसेवी धीरज शुक्ला ने कहा कि जब तक स्टेशन पर ट्रेन का ठहराव नहीं हो जाता। तब तक प्रत्येक माह की दो तारीख को शाम चार बजे ज्ञापन लगातार स्टेशन अधीक्षक को दिया जाएगा। कोरोना से पहले इन ट्रेनों का फफूंद स्टेशन पर ठहराव था। माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए लोग यहां से हजारों की तादाद में जाते थे। अब उन्हें बड़ी परेशानी उठानी पड़ रही है। इसलिए हमारी ट्रेन की मांग पर तत्काल विचार विमर्श किया जाए। अन्यथा हम लोग गांधी की विचारधारा से दिल्ली जाकर रेल मंत्री से मुलाकात कर ट्रेन ठहराव की मांग करेंगे। मंगलवार को गांधीवादी तरीके से समाजसेवी धीरज शुक्ला के नेतृत्व में मुहिम चलाई गई है। वर्तमान समय में दिबियापुर के फफूंद स्टेशन की आमदनी कानपुर और इटावा के मध्य सर्वाधिक है, जो लगभग सालाना 12 करोड़ की आमदनी देती है और दिबियापुर का स्टेशन आदर्श ए ग्रेड में शुमार है लेकिन सुविधाओं के नाम पर स्टेशन पर टोटा ही दिखता है। दो माह पहले सांसद ने रेलवे अधिकारियों से स्टेशन पर जोधपुर हावड़ा मुरी एक्सप्रेस व एक्सीलेटर सीढ़ियां लगाने की बात कही थी, जो आज तक कोरा कागज़ साबित हो रही हैं। आज ज्ञापन के समय समाजसेवी धीरज शुक्ला पूर्व प्रधान दिवाकर पांडेय, छुट्टन, रमेश चंद्र शुक्ला, जितेंद्र, प्रशांत गुप्ता शक्ति, अनुराग दुबे आदि मौजूद रहे।


स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपते कस्बावासी। अमृत विचार

# बनने के दो घंटे बाद ही चटक गई सीसी रोड

संवाददाता, ककोर, औरैया

- ग्राम पंचायत में सीसी सड़क निर्माण में धांधली

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय के ब्लॉक भाग्यनगर की मजरा ग्राम पंचायत उसरारी में ठेकेदार की लापरवाही से सीसी सड़क बनते ही चटकने लगी है। जिससे ग्रामीणों में सी सी सड़क के निर्माण में घटिया सामग्री लगाने आरोप लगाया है। सड़क बनने के मात्र दो घंटे बाद ही सड़क में दरारें आ गई।

ठेकेदार से प्रधान व ग्रामीणों ने कहा तो ठेकेदार ने आनन फानन में ऊपर से सीमेंट का लेप लगवा दिया। वहीं बनने वाली सड़क में जगह-जगह दरार होने से ग्रामीणों ने गहरा आक्रोश प्रकट किया है और ठेकेदार पर घटिया सामग्री प्रयोग करने का आरोप भी लगाया। जहां ऊबड़ खाबड़ सड़क बनाने का भी आरोप लगाया है।

ग्राम प्रधान संत कुमार का कहना है ठेकेदार से बात होने के बाद भी घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। जिसके कारण सड़क सही नहीं बन रही है। जबकि ग्राम पंचायत मजरा में 300 मीटर सीसी सड़क का निर्माण होना है। जिसके लिए करीब 85 लाख का टेंडर दिया गया है। ग्राम प्रधान ने इस सीसी सड़क निर्माण के मामले की जांच पड़ताल कराने की उच्च अधिकारी से शिकायत की है।

# विद्युत : डोर टू डोर चेकिंग से मचा हड़कंप

संवाददाता, ककोर, औरैया

**अमृत विचार।** बिजली विभाग द्वारा पांच हजार तक बकाया बिल का वसूली अभियान जारी है। वहीं, उपभोक्ता अपना बाकी बिजली बिल जमा नहीं कर रहे है। बिजली विभाग के अधिकारियों ने सख्ती के साथ इस मामले को संज्ञान में लेकर अब पांच हजार तक या अधिक बकाया उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काटना शुरू कर दिया। वहीं अवर अभियंता विजय सिंह ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा अब डोर टू डोर चेकिंग अभियान ककोर में चलाया जा रहा है। जिसके कारण पांच हजार से अधिक के बकाया धनराशि को जमा कराया जाए। यह बिजली उपभोक्ताओं के लिए अंतिम चेतावनी है। वह अपना बिल जमा करके परेशानी से बचे। अन्यथा उनके घरों की बिजली काट दी जाएगी, दोबारा संयोजन पर उपभोक्ता के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया जाएगा। इसलिए बिजली के बिल समय से जमा करें और होने वाली कार्रवाई से बचें। उपभोक्ताओं के बिजली बिल के संशोधन भी किए जा रहे हैं, जिससे किसी को भटकना न पड़े। अवर अभियंता अपनी पूरी टीम के साथ दरवाजे पर जाकर ही बिजली बिल के संशोधन एवं जमा करने की सुविधा दी जा रही है। यह अभियान बिजली बिल जमा न करने पर लगातार जारी रहेगा। इस मौके पर उपखंड अधिकारी अनुराग पांडेय, अवर अभियंता विजय सिंह आदि मौजूद रहे।


घरों में चेकिंग करते बिजली विभाग के अधिकारी। अमृत विचार

# अनियंत्रित कार पोल से टकराई, चालक घायल

**फफूंद, औरैया।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक फफूंद नगर से अपने गांव जा रहा था तभी केशमपुर गांव के सामने जानवर आ जाने से कार अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई।

थाना क्षेत्र के गांव अधासी निवासी अक्षय कुशवाहा कस्बे में किराए के मकान पर रहता है। मंगलवार की सुबह अपनी कार से गांव अधासी जा रहा था। जैसे ही बाबरपुर मार्ग पर स्थित केशमपुर गांव के सामने पहुंचा। तभी, जानवर आ जाने से गाड़ी अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में भेजा है।

# विपक्षी गठबंधन का मुद्दा भ्रष्टाचार बचाओ

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- क्षेत्रीय महामंत्री ने इंडिया गठबंधन को बताया ठगबंधन

**अमृत विचार।** मंगलवार को कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय महामंत्री राम किशोर साहू ने भाजपा जिला कार्यालय तुर्कीपुर में पत्रकारों से बातचीत में इंडिया गठबंधन को ठगबंधन बताया। कहा कि विपक्ष का भ्रष्टाचार ही उनका शिष्टाचार बन गया है। और विपक्षियों पर कई आरोप लगाए। इस दौरान इटावा लोकसभा प्रभारी एवं पूर्व विधायक नीरज चतुर्वेदी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी आनंद सिंह, लोकसभा संयोजक रजनीश पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, इटावा भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ,जिला महामंत्री कौशल राजपूत ,जिला मंत्री राहुल गुप्ता ,अमित चतुर्वेदी मौजूद रहे।

क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू ने कहा कि 2024 का लोकसभा का चुनाव चल रहा है। विपक्ष का गठबंधन इंडिया गठबंधन का मुद्दा भ्रष्टाचार बचाओ है और मोदी जी का मुद्दा है भ्रष्टाचार मिटाओ। 2024 चुनाव में कह सकता हूं यू पी की सभी 80 सीटें भाजपा जीतेगी और एनडीए गठबंधन 400 प्लस सीट जीतेगा। दिल्ली में हुई रैली पर उन्होंने कहा ठग बंधन ने एक रैली की जिसका मकसद भ्रष्टाचार को बचाओ था। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने दिल्ली और पंजाब में केजरीवाल की पार्टी का हवाला दिया। विपक्ष मोदी जी के लिए अपशब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। 2024 में देश एक रिकार्ड बनाएगा। देश के हर राज्य में कमल का फूल खिल रहा है। कांग्रेस सपा का गठबंधन हार मान चुका है। रामलीला मैदान में भ्रष्टाचार के भाई-चारे का डेली शो था। इंडिया गठबंधन के नेता प्रधानमंत्री मोदी पर चाहे जितने भी हमले कर लें, मोदी रुकने वाले नहीं हैं। मोदी के लिए देश की 140 करोड़ जनता उनका परिवार है और मोदी अपने परिवार को भ्रष्टाचारियों से बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि देशभर में मोदी लहर है। पूरे प्रदेश में माहौल भगवामय, भाजपामय है। वार्ता के बाद क्षेत्रीय महामंत्री ने जिला पदाधिकारी,मंडल प्रभारी,मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला महामंत्री धीरेंद्र सिंह गौर, कुलदीप दुबे, अतुल मिश्रा , श्री राम मिश्रा, सरनाम शाक्य रहे।


वार्ता के दौरान जानकारी देते क्षेत्रीय महामंत्री। अमृत विचार

**धर्म-अध्यात्म** — भागवत कथा सुनने को उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़, भंडारे में भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

# भोजन को हमेशा प्रसाद समझ कर खायें : आचार्य

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** शहर के मोहल्ला बघाकटरा में चल रही भव्य श्रीमद्भागवत कथा में मंगलवार को आचार्य केशवम अवस्थी ने बताया कि भोजन को हमेसा प्रसाद बुद्धि से खाना चाहिए। जब हम उसे प्रसाद समझ कर खाएंगे तो वह हमारे बुद्धि में सद् विचारों का निर्माण करेगा।


सत्यकिशोर पांडेय।

उन्होंने कहा कि प्रभु से गोपियों ने अनूठा अद्भुत एवं अकल्पनीय प्रेम किया जिस तरह से गोपियों ने भगवान से प्रेम किया ठीक उसी प्रकार से हमें भी परमात्मा से प्रेम करना चाहिए। आचार्य केशवम ने कहा कि हम प्रभु को प्रेम से ही पा सकते है। उन्होंने बताया कि भारत में गुरुमुखी ज्ञान को वरीयता दी जाती है प्रभु ने सब कुछ जानते हुए भी गुरु जी से ही ज्ञान लिया। आगे प्रभु और जरासंघ के युद्ध वर्णन किया और उद्धव गोपी संवाद का बहुत सूंदर वर्णन किया।


कथा सुनते श्रद्धालु। अमृत विचार

**फफूंद संवाददाता के अनुसार:** नगर में स्थित महावीरधाम मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन मंगलवार को कथा वाचक आचार्य पंडित सत्य किशोर पांडेय ने राम जन्म एवं कृष्ण जन्म की कथा सुनाई। कहा कि कलयुग में भागवत की कथा सुनने मात्र से हर प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही सभी जन्मों के पापों का नाश होता है। राम जन्म एवं कृष्ण जन्म व बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला। कहा प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। जब रावण का अत्याचार बढ़ा तब राम का जन्म हुआ। जब कंस ने सारी मर्यादाऐं तोड़ी तो प्रभु श्री कृष्ण का जन्म हुआ। कथावाचक ने कहा कि भागवत कथा एक ऐसी कथा है जिसे ग्रहण करने मात्र से ही मन को शांति मिलती है।

### भंडारे के साथ भागवत कथा का हुआ समापन

**फफूंद, औरैया।** विजयपुर नगला पाठक में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का यज्ञ के बाद समापन हुआ और उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सोमवार को कथा वाचक पं. रमाकांत शरण के सानिध्य में पूर्णाहुति एवं भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चे, बूढ़े, युवा और महिलाओं ने विशाल भंडारे में शामिल होकर महायज्ञ को सफल बनाया। आयोजक दिनेश नायक, विष्णु नायक संयोजक मुलायम सिंह, प्रकाश सिंह, जितवार सिंह, मान सिंह, साहिब सिंह ने इस महा अनुष्ठान को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। सात दिनों तक संगीतमय भागवत कथा सुनकर श्रद्धालु काफी प्रफुल्लित हुए। रमाकांत शरण महाराज ने अपने संगीतमय प्रवचन के जरिए लोगों को भाव-विभोर किया। मंडप पूजन के दौरान सैकड़ों की संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई। प्रतिदिन होने वाले प्रवचन के दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। विशाल भंडारे के आयोजन के बाद संगीतमय भागवत कथा का समापन हुआ।

# मेला महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आगाज

**अछल्दा,औरैया।** विकास खण्ड के ग्राम सुभानपुर में मंगलवार को मेला महोत्सव का उद्घाटन समाजसेवी द्वारा किया गया। विदित हो कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विकास खण्ड की ग्राम पंचायत लहटोरिया के मजरा सुभानपुर में मेला महोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरुआत हो गयी है। मेला महोत्सव का उद्घाटन प्रशांत यादव तथा समाजसेवी शिवकुमार यादव पुजारी के द्वारा किया गया । मेला आयोजक संतराम व रविन्द्र कुमार ने बताया कि बुधवार रात्रि सात बजे से म्यूजिक नाइट का प्रोग्राम होगा जिसमें बॉलीवुड अभिनेता गौरव श्रीवास्तव मुम्बई एवं जूनियर गोविंदा, व जूनियर शत्रुघ्न सिन्हा, अभिनेत्री सपना ठाकुर एवं सोशल मीडिया इंस्ट्राग्राम , यूट्यूब स्टार शिवानी क्वीन, राजा राजपूत व पलक शक्या भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

# हाईटेंशन लाइन का तार टूटने से खेत में लगी आग

संवाददाता, फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम द्वारकापुर में उस समय हड़कंप मच गया जब खेतों से निकली हाईटेंशन लाइन का तार टूट कर खेत में पकी खड़ी गेहूं की फसल में जा गिरा। स्पार्किंग से उठी चिंगारी से फसल ने आग पकड़ ली और कुछ ही देर में ऊंची लपटें उठने लगीं आग देख ग्रामीण दौड़ पड़े और कड़ी मेहनत करके आग बुझाई। लेकिन तब तक एक बीघा फसल राख हो गई थी।

ग्राम द्वारकापुर निवासी किसान लेखराज ने नगला पाठक गांव के एक किसान की जमीन बटाई पर लेकर गेहूं की फसल बोई थी। फसल पककर तैयार हो चुकी थी, मंगलवार हाईटेंशन लाइन का तार टूट कर खेत में गिर गया और उसकी स्पार्किंग की चिंगारी से गेहूं की फसल ने आग पकड़ ली। कुछ ही देर में आग की ऊंची ऊंची लपटें उठने लगी। जिसे देख आसपास के खेतों पर काम कर रहे किसान और ग्रामीण दौड़ पड़े और आग बुझाने में जुट गए। काफी देर बाद आग पर काबू पाया जा सका। सूचना पर सीओ अजीतमल राममोहन शर्मा, थानाध्यक्ष गंगा दास गौतम फोर्स के साथ पहुंच गए। लेकिन, जब तक लगभग एक बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो चुकी आग से नुकसान देख किसान लेखराज रोने लगा। क्षेत्रीय लेखपाल स्मृति पांडेय ने गांव पहुंचकर आग से जली फसल नुकसान का आकलन किया।


जली फसल का मुआयना करते अधिकारी।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2014 और 19 की ही तरह लगातार तीसरी बार क्रांतिकारियों की धरती मेरठ से चुनावी बिगुल फूंकने आए तो अपने चिरपरिचित अंदाज और तेवर में विपक्ष पर गरजते हुए विकसित भारत का सपना दिखाकर लोगों में जोश भरने के साथ भाजपा प्रत्याशी टीवी धारावाहिक 'रामायण' में राम की भूमिका निभाकर विख्यात हुए अभिनेता अरुण गोविल की जीत का माहौल भी बना गए। लेकिन मोदी की सभा के 48 घंटे के भीतर सपा ने मेरठ लोकसभा सीट पर प्रत्याशी बदलकर चुनाव को नई धार दे दी। सपा ने अब सरधना से विधायक गुर्जर समाज के अतुल प्रधान पर दांव लगाया है।

# क्रांति की धरा पर 'राम बाण' करेगा बेड़ा पार

- इस बार सपा-बसपा से मुस्लिम प्रत्याशी नहीं, एआईएमआईएम प्रत्याशी आया तो भाजपा की राह होगी आसान
- सपा ने मोदी की रैली के बाद बदला प्रत्याशी भाजपा के अरुण गोविल का मुकाबला करेंगे अब विधायक अतुल प्रधान
- दलित वोट साधने के लिए भाजपा प्रत्याशी नामांकन कराने के बाद सीधे पहुंचे बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने

**मेरठ-हापुड़ लोस सीट**

मनोज त्रिपाठी



भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल के नामांकन में पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य साथ में मौजूदा सांसद राजेंद्र अग्रवाल।

**अमृत विचार।** सपा ने बदायूं, नोएडा व मुरादाबाद के बाद मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट पर भी अपना प्रत्याशी बदल दिया है। यहां से घोषित प्रत्याशी अधिवक्ता भानु प्रताप सिंह का पार्टी में विरोध था, कार्यकर्ता स्थानीय नेता को टिकट देने का मांग कर रहे थे। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव भी प्रत्याशी की कार्यशैली से खुश नहीं थे। वैसे भी पॉलिटिकल एक्टिविस्ट भानु प्रताप का मेरठ से कोई वास्ता नहीं था। क्रांति भूमि कही जाने वाली मेरठ की लोकसभा सीट लंबे समय से भाजपा की झोली में है। पिछले तीन चुनावों से भाजपा के राजेंद्र अग्रवाल जीत रहे हैं। वर्ष 2019 के चुनाव में बसपा के हाजी याकूब को मात देकर उन्होंने जीत की हैट्रिक लगाई थी। लेकिन इस बार राम मंदिर से बने माहौल का पश्चिमी उत्तर प्रदेश में फायदा उठाने के लिए भाजपा ने राजेंद्र अग्रवाल का टिकट काटकर रामायण सीरियल के 'राम' अरुण गोविल पर दांव लगाया है। सपाई उन्हें मुंबई में रहने के कारण बाहरी बता रहे हैं। इसके जवाब में भाजपा की ओर से कहा जा रहा है कि अरुण गोविल मेरठ के मूल निवासी हैं। उनका जन्म यहां 12 जनवरी 1958 को हुआ था। उन्होंने कक्षा पांच तक की पढ़ाई यहीं शिशु मंदिर में की थी। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के साथ नामांकन करने के बाद अरुण गोविल ने उनके साथ सीधे आंबेडकर चौराहा पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके दलित मतदाताओं को साधने की कोशिश की। दरअसल, दलित-मुस्लिम वोट बैंक की बदौलत ही पिछले चुनाव में बसपा ने भाजपा को नाको चने चबवा दिए थे। भाजपा प्रत्याशी बमुश्किल 2379 वोटों से जीत सके थे। इस बार बसपा प्रत्याशी देवव्रत त्यागी बाहरी हैं। वह बुलंदशहर के रहने वाले हैं।

## ध्रुवीकरण की बयार में भाजपा का गढ़ बनी

1977 में जनता पार्टी की जीत के बाद 1980 और 1984 में मेरठ लोकसभा सीट पर कांग्रेस काबिज रही। 1989 और 1991 में यह सीट जनता दल के पास रही। लेकिन 1990 के दौर में राम मंदिर आंदोलन का मेरठ में भी व्यापक असर हुआ और यह सीट भाजपा का गढ़ बन गई। 1991, 1996 और फिर 1998 में यहां से लगातार भाजपा के अमरपाल सिंह ने जीत दर्ज की। इसके बाद 1999 में कांग्रेस ने वापसी की। 2004 में यहां से बसपा ने बाजी मारी। लेकिन 2009 के बाद से भाजपा का कमल खिल रहा है। 2014 के चुनाव में भाजपा ने सवा दो लाख से ज्यादा वोटों से जीत का परचम लहराया। इस चुनाव में भाजपा से राजेंद्र अग्रवाल, बसपा से शाहिद अखलाक और सपा से शाहिद मंजूर मैदान में थे। मुस्लिम मतदाता सपा और बसपा के बीच बंटने से भाजपा की जीत आसान हो गई। 2024 के चुनाव में कोई मुस्लिम प्रत्याशी नहीं है। ऐसे में सबकी निगाहें असदुद्दीन ओवैसी पर टिकी हुई हैं। एआईएमआईएम का प्रत्याशी आने से भाजपा की राह काफी आसान हो जाएगी, ऐसा मानने वालों की कमी नहीं है।

### 2019 में सांसें थाम देने वाला मुकाबले में कैंट विस ने बचाई थी भाजपा की लाज

- वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा और बसपा का गठबंधन था। मेरठ हापुड़ लोकसभा सीट पर बसपा के हाजी मोहम्मद याकूब प्रत्याशी थे। उनका सीधा मुकाबला जीत की हैट्रिक लगाने उतरे भाजपा के राजेंद्र अग्रवाल से था। कांग्रेस से हरेंद्र अग्रवाल मैदान में थे। लोकसभा क्षेत्र की पांच विधान सभा सीटों में चार हापुड़, किठौर, मेरठ सिटी और मेरठ दक्षिण में बसपा प्रत्याशी ने लीड बनाई। भाजपा करीब एक लाख से ज्यादा वोटों से पीछे थी, लेकिन मेरठ कैंट सीट ने भाजपा के लिए बाजी पलट दी। इस विधानसभा क्षेत्र ने न सिर्फ भाजपा और बसपा के बीच के वोटों के अंतर को खत्म किया, बल्कि 4729 वोटों से जीत दिलाने मे भी कामयाबी दिलाई। भाजपा के राजेंद्र अग्रवाल को 5,86,184 वोट तो बसपा के हाजी याकूब को 5,81,455 वोट मिले थे।

### 2019 चुनाव में विधानसभा वार परिणाम

| विस | भाजपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|
| किठौर | 109222 | 131039 | 3407 |
| मेरठ | 79241 | 109637 | 5427 |
| मेरठ (दक्षिण) | 123496 | 152210 | 6775 |
| हापुड़ (एससी) | 106151 | 122389 | 6602 |
| मेरठ कैंट | 168074 | 66180 | 12090 |

### प्रमुख राजनीतिक दलों का वोट शेयर

| चुनाव | भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|---|
| 2019 लोस | 48.4 | ---- | 48.1 | 2.8 |
| 2014 लोस | 47.9 | 19.0 | 27.0 | 3.9 |
| 2009 लोस | 31.9 | 25.2 | 25.4 | 8.4 |
| 2022 विस | 46.2 | 26.9 | 12.5 | 1.5 |

## तेजतर्रार नेता की छवि, संगीत सोम को हराकर चर्चा में आए



मेरठ जिले की मवाना तहसील के निवासी अतुल प्रधान ने छात्र नेता के रूप में राजनीति की शुरुआत की थी। अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्हें सपा छात्र सभा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। गुर्जर समाज से आने वाले अतुल प्रधान तेजतर्रार नेताओं में गिने जाते हैं। उन्होंने वर्ष 2012 में पहला चुनाव सरधना विधानसभा सीट से लड़ा था। भाजपा के संगीत सिंह सोम ने यह चुनाव जीता था और अतुल तीसरे नंबर पर रहे थे। 2017 के चुनाव में सपा ने एक बार फिर अतुल प्रधान पर भरोसा जताया। लेकिन इस बार भी वह भाजपा के संगीत सिंह सोम से हार गए। हालांकि, इस बार उनका स्थान दूसरा रहा। 2022 के चुनाव में सपा-रालोद गठबंधन में अतुल प्रधान को सरधना सीट से फिर मौका मिला और इस बार उन्होंने भाजपा के दो बार के विधायक संगीत सिंह सोम को 18 हजार से ज्यादा वोटों से हरा दिया।

**2012** में पहला चुनाव सरधना विधानसभा सीट से लड़ा था।

**2017** के चुनाव में सपा ने एक बार फिर जताया भरोसा

**2022** के चुनाव में सपा-रालोद गठबंधन में अतुल प्रधान को तीसरा मौका मिला

### प्रधान की पत्नी ने सपा से लड़ा था मेयर का चुनाव

- अतुल प्रधान की पत्नी सीमा प्रधान मेरठ में जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी हैं। 2023 में सपा ने सीमा प्रधान को मेयर का टिकट दिया था। लेकिन वह भाजपा के मुकाबले तीसरे नंबर पर पिछड़ गई थीं। दरअसल मेयर चुनाव में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने के प्रत्याशी ने दूसरे नंबर पर आकर उनका खेल बिगाड़ दिया था।

### मुस्लिम और दलित वोट बैंक का वर्चस्व

- मेरठ लोकसभा क्षेत्र में मुस्लिम और दलित वोट बैंक का वर्चस्व है। मुसलमानों की आबादी यहां लगभग पौने छह लाख गिनी जाती है। दूसरे नंबर दलितों में जाटव समुदाय की आबादी करीब साढ़े तीन लाख और वाल्मीकि समाज 80 हजार के आसपास है। ब्राह्मण सवा लाख तो वैश्य दो लाख के आसपास और त्यागी समुदाय 50 हजार तथा जाट एक लाख 40 हजार और गुर्जर आबादी 60 हजार से ज्यादा है। इनके बाद सैनी, प्रजापति, पाल और कश्यप समाज की आबादी सवा लाख से ज्यादा है।

## एमपी में कांग्रेसियों की भाजपा में शामिल होने की लाइन लगी



**भोपाल।** लोकसभा चुनाव से पहले मध्य प्रदेश में बड़े पैमाने पर दल-बदल की राजनीति चल रही है। कांग्रेस में भगदड़ जैसी हालत है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, विधायक कमलेश शाह, मेयर विक्रम अहाके, जगत बहादुर सिंह, समेत आधा दर्जन से ज्यादा पूर्व विधायक और पदाधिकारी कांग्रेस का हाथ छोड़कर भाजपा का पटका पहन चुके हैं। इन हालात में विधानसभा चुनाव में करारी हार से उबरने की कोशिश में लगी कांग्रेस के लिए लोकसभा चुनाव की राह और कठिन हो गई है।

## हरियाणा में कांग्रेस की सूची लटकने से दावेदारों में बेचैनी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के लिए कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवारों की सूची फाइनल नहीं होने से दावेदारों में बेचैनी है। भाजपा राज्य में अपने सभी दस उम्मीदवार उतार चुकी है तो इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी ने भी अपना उम्मीदवार बहुत पहले उतार दिया है। लेकिन हरियाणा में दस में से नौ सीटों पर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस अभी तक उम्मीदवारों की सूची जारी नहीं कर पाई है। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक अब एक या दो दिन में होने की बात कही जा रही है। माना जा रहा है कि तीन अप्रैल को राहुल गांधी वायनाड से नामांकन दाखिल करेंगे, इसके बाद चार अप्रैल को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में पार्टी हरियाणा की सभी 9 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर सकती है। हरियाणा में कांग्रेस सियासी समीकरणों और भाजपा के उम्मीदवारों को चुनौती देने के लिए दिग्गज और जिताऊ उम्मीदवारों को मैदान में उतारने की तैयारी में है, जिसमें हरियाणा कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष कुमारी सैलजा को अंबाला या सिरसा से चुनाव लड़ाने की चर्चा है। भूपेंद्र और दीपेंद्र हुड्डा को भी मैदान में उतारने की चर्चा है। रोहतक सीट पर दीपेंद्र हुड्डा कांग्रेस के उम्मीदवार हो सकते हैं, जबकि नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा संभवतः लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे।




**हम भी साथ**

बालुरघाट में टीएमसी प्रत्याशी बिप्लब मित्रा के नामांकन जुलूस में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं और जमकर जोश दिखाया।

## दो सीएम के जेल जाने से अब घोषणा पत्र में भी होगा बदलाव

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- भाजपा करेगी हर स्तर पर भ्रष्टाचार मिटाने का वायदा तो कांग्रेस एजेंसियों के दुरुपयोग पर कानून में बदलाव पर देगी जोर

**अमृत विचार :** 31 मार्च को दिल्ली में इंडिया गठबंधन एवं मेरठ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैलियों के बाद भाजपा एवं कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्रों में कुछ बदलाव के संकेत मिले हैं। भाजपा भ्रष्टाचार और कांग्रेस सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग पर कानून में बदलाव का वायदा करेगी। दोनों दल अपने-अपने घोषणा पत्र पांच अप्रैल को जारी करने की तैयारी में हैं।

माना जा रहा है कि भाजपा के घोषणा पत्र में राजनीति एवं सरकार में किसी भी स्तर पर हो रहे भ्रष्टाचार को साफ करने की गारंटी मुख्य वायदा रहेगा। युवाओं, किसानों व महिलाओं के लिए कई वायदे प्रस्तावित हैं। महिला कल्याण एवं बेरोजगारी मिटाने की गारंटी दी जाएगी और किसानों की वर्तमान स्थिति को और बेहतर करने के लिए कई योजनाएं शुरू करने के भी संकेत मिले हैं। सूत्रों के मुताबिक भाजपा के घोषणा पत्र में केंद्र सरकार की एजेंसियों के माध्यम से किसी भी स्तर के भ्रष्टाचार को रोकने का वादा किया जाएगा। भाजपा की तीसरी बार सत्ता में वापसी के बाद आम जनता को राहत पहुंचाने वाले तमाम वायदों के साथ सबसे बड़ा वादा भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करना होगा। भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में जनता की नब्ज टटोलने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अगुवाई में कई वीडियो वैन भी देश भर में रवाना की थी, ताकि एक करोड़ से ज्यादा लोगों की राय को घोषणा पत्र में शामिल किया जा सके।

उधर, कांग्रेस के घोषणा पत्र में भ्रष्टाचार के नाम पर बेकसूरों को फंसाने की कार्रवाई को रोकने के लिए वायदे होंगे। सूत्रों के मुताबिक चुनाव घोषणा पत्र में जनता को राहत पहुंचाने वाले तमाम वायदों को शामिल किया गया है। लेकिन सबसे बड़ा वायदा केंद्र सरकार की एजेंसियों जैसे सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय द्वारा यदि किसी के साथ बेजा कार्रवाई होती है, तो उसे रोकने के लिए वर्तमान कानून में बदलाव करने के वायदे का संकेत मिला है। कांग्रेस चुनाव घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष पी चिदंबरम एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंह देव संयोजक है। इसमें महासचिव प्रियंका गांधी सहित कुल 16 सदस्य हैं।

आजादी के बाद 90 के दशक तक टिहरी लोकसभा सीट कांग्रेस का गढ़ रही। यही वजह है कि बीते तीन चुनावों में हार के बाद भी कांग्रेस का वोट बैंक यहां 30 फीसदी से नीचे नहीं गया है। इस लोकसभा क्षेत्र में गंगा का उद्गम स्थल गोमुख, लाख मंडल, गंगोत्री, यमुनोत्री और विशाल टिहरी बांध स्थित है।

# राजशाही परिवार का वर्चस्व तोड़ने की चुनौती

अरविंद मलिक, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड की पांच संसदीय सीटों में टिहरी लोकसभा सीट का खास महत्व है। आजादी के बाद से आज तक इस सीट पर टिहरी राजघराने का वर्चस्व बरकरार है। पहले यह सीट कांग्रेस का गढ़ हुआ करती थी लेकिन राम लहर के बाद भाजपा ने यहां मजबूत कब्जा जमा लिया। भारतीय जनता पार्टी ने इस बार फिर से वर्तमान सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह पर विश्वास जताया है, तो कांग्रेस ने मसूरी से दो बार विधायक रहे जोत सिंह गुनसोला को चुनाव मैदान में उतारा है। बेरोजगार सेना के बॉबी पंवार ने चुनावी ताल ठोक कर दोनों दलों की मुश्किल बढ़ा दी है। राजशाही परिवार की वजह से टिहरी क्षेत्र वीआईपी सीट रहा है। टिहरी की राजशाही के साथ ही एशिया के सबसे बड़े बांधों में से एक टिहरी बांध की वजह से इलाके की खास पहचान है। एक अगस्त 1949 को टिहरी रियासत भारत के अधीन आ गई थी, लेकिन टिहरी में राजशाही बरकरार रही।



माला राज्य लक्ष्मी शाह।



जोत सिंह गुनसोला।

- टिहरी में राजशाही परिवार के वर्चस्व को चुनौती देना नहीं आसान
- पहले कांग्रेस का था गढ़ राम लहर के बाद भाजपा ने किया कब्जा

**08** बार भाजपा ने राज परिवार के सहारे जीत दर्ज की

**30%** लगातार हार के बाद भी कांग्रेस का बचा है वोट बैंक

### तीन जिलों की 14 विस सीटें लोस क्षेत्र में शामिल

देहरादन जिले के कैंट, चकराता, मसूरी, रायपुर, राजपुर रोड, सहसपुर, विकासनगर विधानसभा क्षेत्र, टिहरी जिले के टिहरी, धनौल्टी, घनसाली और प्रताप नगर विधानसभा क्षेत्र, उत्तरकाशी जिले के पुरोला, गंगोत्री और यमुनोत्री विधानसभा क्षेत्र हैं।

### कभी कांग्रेस का गढ़ थी सीट अब यहां खिल रहा कमल

- राजनीति में राजशाही परिवार के सदस्य सक्रिय रहे। वर्तमान सांसद और भाजपा प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह भी राजशाही परिवार से हैं। आजादी के बाद 1952 में हुए पहले चुनाव में राजमाता कमलेंदुमति शाह निर्दलीय चुनाव लड़ी थीं। जिसमें उनकी बड़ी जीत हुई थी। इसके बाद 1957 में हुए चुनाव में टिहरी रियासत के अंतिम राजा मानवेंद्र शाह कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े और सांसद बने। 1962 व 67 के चुनाव भी कांग्रेस ने जीते और जीत की हैट्रिक बनाई।
- वर्ष 1971 के चुनाव में कांग्रेस के टिकट से परिपूर्णानंद पैन्यूली टिहरी विजयी हुए। 1977 के चुनाव में देश भर में चली बदलाव की बयार के साथ ही त्रेपन सिंह नेगी जनता पार्टी से सांसद निर्वाचित हुए। 1980 के चुनाव में त्रेपन सिंह नेगी कांग्रेस के टिकट पर लड़े और जीत हासिल की। 1984 व 89 में कांग्रेस से ब्रहमदत्त लगातार निर्वाचित हुए। इसके बाद फिर से राजशाही परिवार ने चुनाव लड़ने का मन बनाया। भाजपा ने 1991 में परिवार के मानवेंद्र शाह को चुनाव मैदान में उतारा। उनकी बड़ी जीत से भाजपा का खाता खुला। इसके बाद मानवेंद्र शाह 96,98, 99 और 2004 के चुनाव में लगातार विजयी हुए।
- साल 2007 में इस सीट पर उपचुनाव में कांग्रेस के विजय बहुगुणा सांसद बने। 2009 में भी विजय बहुगुणा जीते। उनके मुख्यमंत्री बनने पर इस सीट पर 2012 में उपचुनाव हुआ। जिसमें भाजपा प्रत्याशी राजशाही परिवार की माला राज्य लक्ष्मी शाह पहली बार सांसद निर्वाचित हुईं।

### 2009 में हुए चुनाव की स्थिति

| प्रत्याशी | पार्टी | वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| विजय बहुगुणा | कांग्रेस | 263083 | 44.97 |
| जसपाल राणा | भाजपा | 210144 | 35.92 |

### 2012 में हुए उपचुनाव की स्थिति


| प्रत्याशी | पार्टी | वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| माला राज्य लक्ष्मी शाह | भाजपा | 245835 | 48.11 |
| साकेत बहुगुणा | कांग्रेस | 223141 | 43.67 |

### 1991 से 2004 के बाद बीते तीन चुनावों से भाजपा का कब्जा


- 1952 के पहले चुनाव में जब कांग्रेस का डंका बज रहा था निर्दलीयकमलेंदुमति शाह ने जीत हासिल की थी। 1957,62 व 67 में कांग्रेस के मानवेंद्र शाह तीन बार लगातार जीते। 1971 में कांग्रेस के परिपूर्णानंद पैन्यूली विजई रहे।
- 1977 में त्रेपन सिंह नेगी ने यहां जनता पार्टीका झंडा फहराया लेकिन 1980 में कांग्रेस के त्रेपन सिंह नेगी के बाद 1984 व 89 में ब्रहम दत्त जीते।
- 1991, 96, 98, 99 व 2004 में भाजपा के मानवेंद्र शाह ने लगातार कमल खिलाया। 2007 के उपचुनाव के बाद 2009 में भी कांग्रेस के विजय बहुगुणा ने जीत दर्ज की। इसके बाद 2012 उपचुनाव, 2014 और 2019 में भाजपा की माला राज्य लक्ष्मी शाह जीत की हैट्रिक लगा चुकी हैं।



### 2019 में चुनाव की स्थिति




### 2014 में हुए चुनाव की स्थिति



## एक नजर

### प्रतिनियुक्ति से लौटे आईपीएस बीके सिंह

अमृत विचार,लखनऊ : उत्तर प्रदेश काडर के तेज-तर्रार आईपीएस बिनोद कुमार सिंह पुन: यूपी वापस आ रहे हैं। वह जुलाई 2023 में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर बतौर एडीजी सीआरपीएफ नियुक्त हुए थे। यूपी काडर में उनकी वापसी समयपूर्व बताई जा रही है। आईपीएस बीके सिंह योगी सरकार के भरोसेमंद आईपीएस अधिकारियों में से एक माने जाते हैं। प्रतिनियुक्ति से पूर्व बीके सिंह के गाजियाबाद जिले में क्राइम कंट्रोल के लिए जिला स्तर पर नोडल पदाधिकारी के तौर पर तैनात थे। ट्रिपल एस फॉर्मूले के लिए भी उन्हें जाना जाता है। ट्रिपल एस में वे पुलिस को समन्वय, संवाद और सहयोग का मंत्र देते रहे हैं।

### चुनाव आयोग ने नियुक्त किए विशेष पर्यवेक्षक

अमृत विचार,लखनऊ : भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं।मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सेवानिवृत आईएएस अजय वी नायक को सामान्य विशेष पर्यवेक्षक व सेवानिवृत आईपीएस मनमोहन सिंह को पुलिस विशेष पर्यवेक्षक बनाया गया है, जबकि आयकर विभाग में कार्यरत रहे सेवानिवृत्त आईआरएस राजेश टुटेजा को विशेष व्यय पर्यवेक्षक बनाया गया है।

# बूथ सम्मेलन से वोट बैंक मजबूत कर रही भाजपा

## प्रदेश अध्यक्ष, दोनों उप मुख्यमंत्री समेत कई नेताओं ने जगह-जगह बूथ सम्मेलनों में लिया हिस्सा

- संगठन महामंत्री ने घर-घर सम्पर्क करने को कहा
- बैठकों-गोष्ठियों व नुक्कड़ सभाओं पर फोकस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** भाजपा के हर चुनाव में सबसे कारगर साबित हुए बूथ प्रबंधन को मथने में पार्टी ने एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया है। मंगलवार को अलग-अलग जनपदों में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व केशव प्रसाद मौर्य, चुनाव संयोजक व मंत्री स्वतंत्र देव सिंह समेत कई नेताओं ने बूछ अध्यक्ष सम्मेलनों के जरिए वोट बैंक मजबूत करने और हर बूथ पर करीब 400 मतदाताओं से कमल पर बटन दबाने रणनीति में जुटे रहे। उधर, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं को घर-घर सम्पर्क में पूरी ताकत झोंकने से लेकर बैठकों-गोष्ठियों व नुक्कड़ सभाओं की मानीटरिंग करते रहे।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने मंगलवार को बिजनौर शहर और नजीबाबाद में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि सपा, बसपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। राम मंदिर के अलावा जम्मू-कश्मीर से धारा-370 हटाने और तीन तलाक को खत्म करने समेत सरकार की तमाम उपलब्धियों के साथ भ्रष्ट नेताओं पर हो रही कार्रवाई गिनाई। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने विलासपुर, रामपुर में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में कहा कि कार्यकर्ता मोदी गारंटी घर-घर पहुंचाएं। हर हाल में एक बूथ पर 400 वोट भाजपा के लिए गिनाने होंगे। उधर, प्रदेश के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह सहारनपुर में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को वोट सहेजने का मंत्र दिया।



मुरादाबाद में कार्यक्रम को संबोधित करते कंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर।



रोड शो के दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व मेरठ से भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल।

### अनुराग ठाकुर के निशाने पर रहे केजरीवाल

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने भाजपा के सोशल मीडिया वालंटियर को संबोधित करते हुए मुरादाबाद में आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जोरदार हमला किया। कहा कि भ्रष्टाचार मिटाने का दावा करने वाले खुद उसमें शामिल हैं। होली के पहले भ्रष्टाचार के आरोप में मुख्यमंत्री सहित चार जेल में है। अब आतिशी और सौरभ भारद्वाज के जाने पर छक्का लग जाएगा। कहा कि भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के समय मुरादाबाद के सांसद डॉ. एसटी हसन ने खिलाफ बोला था, अब रामजी की कृपा से गुमनाम हो गए हैं। अनुराग ने केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अब हर गरीब को उसका अधिकार बिना किसी सहयोग के आसानी से मिल रहा है।

### नामांकन के बाद मेगा रोड शो

मेरठ में भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल का नामांकन करान के बाद मंगलवार को उप मुख्यमंत्री केवश प्रसाद ने मेगा रोड शो किया। बाद में शास्त्री नगर स्थित शुभकामना बैंकट हॉल में सभा को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने सपा के प्रत्याशी को बदलने पर कहा कि पार्टी का नाम बदलकर अदला बदला पार्टी कर देना चाहिए। लोगों का आह्वान किया कि काशी विश्वनाथ के बाद जीत का नया रिकॉर्ड मेरठ से बनना चाहिए। प्रत्याशी अरुण गोविल ने कहा कि मोदी, योगी के प्रयासों से रामलाला वर्षों बाद पधारे हैं। वैचारिक सोच है मेरी कि यहीं जन्मा और पढ़-लिख कर बड़ा हुआ और अब मेरी घर वापसी हुई है। वोट की अपील करते हुए कहा कि लोग देखेंगे और पूछेंगे कि राम को राम के घर से कितने वोट मिले।

# मिशन-80 में भाजपा को श्रमिकों पर भरोसा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** भाजपा मेहनत और कौशल से प्रदेश के बुनियादी ढांचे के विकास में अहम योगदान देने वाले श्रमिक वर्ग को साधने में जुट गई है। इसके लिए राज्य सरकार की योजनाओं से मिले रोजगार को मुद्दा बनाया जा रहा है। प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के कमान संभालने के बाद सात सालों में 10 लाख 50 हजार श्रमिकों को रोजगार देने के आंकड़े गिनाने के साथ उनके यहां जनसंपर्क करके कार्यकर्ता वोटबैंक मजबूत कर रहे हैं।

भाजपा प्रवक्ता का कहना है कि सेवायोजन पोर्टल पर प्राप्त सूचना के अनुसार कुल 10,47,522 श्रमिकों को रोजगार भी उपलब्ध कराया गया। 9,50,042 श्रमिकों व अभ्यर्थियों को रोजगार मेलों के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार प्रदान किया गया। मिशन रोजगार अभियान के अंतर्गत 1,16,28,561 श्रमिक/अभ्यर्थी लाभान्वित हुए, जबकि 58,62,55,304 मानव दिवसों का सृजन किया गया, जिससे उन्हें आजीविका के साधन उपलब्ध हुए। यही नहीं, 2023-24 में माह दिसंबर, 2023 तक कुल 33,070 निर्माण स्थलों का पंजीकरण कराया गया। वहीं, बीओसी बोर्ड के गठन से माह दिसम्बर, 2023 तक कुल 3,66,953 निर्माण स्थलों का पंजीकरण किया गया। प्रदेश असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा बोर्ड के अंतर्गत भारत सरकार के ई-श्रम पोर्टल पर उत्तर प्रदेश में 23 जनवरी 2024 तक पंजीकृत कामगारों की संख्या 8,33,25,459 पहुंच गई है। इस मामले में प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है।

### पढ़ाई का बोझ हुआ कम

निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए सरकार ने अटल आवासीय विद्यालयों का शुभारंभ किया है, जहां पर 3 वर्ष से अधिक समय से पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। जल्द ही इसका दूसरा सत्र शुरू होने जा रहा है। इससे श्रमिकों पर से बच्चों की पढ़ाई और उसके खर्च का बोझ भी सरकार ने हल्का कर दिया है। वहीं, बीओसीडब्ल्यू बोर्ड से कुल 1,45,912 अभ्यर्थी लाभान्वित हुए, जिन पर 714.65 करोड़ रुपए का व्यय किया गया। इसके अतिरिक्त श्रमिकों को मुफ्त राशन का भी लाभ मिल रहा है। ये सारे फैक्टर श्रमिक वर्ग को पीएम मोदी, सीएम योगी और भाजपा सरकार के करीब लाने में अहम फैक्टर साबित हो रहे हैं।

# चेहरे पर चेहरे बदल रहे अखिलेश, वजह राजनीति या रार

अजय दयाल, लखनऊ

- एक के बाद एक आठ सीट के प्रत्याशियों में बदलाव
- कहीं दबाव तो कहीं सामने का उम्मीदवार देख बदली चाल

**अमृत विचार:** आखिर अखिलेश यादव लोकसभा चुनाव के लिए पूर्व घोषित उम्मीदवारों में एक के बाद एक क्यों बदलाव कर रहे हैं? उनपर क्षेत्रीय गुटबंदी का दबाव है, प्रत्याशी को लेकर अविश्वास है, खुद का आत्मविश्वास डगमगाया हुआ है? या फिर अन्य दलों खासकर भाजपा प्रत्याशी के सामने आने पर किसी रणनीति के तहत बदलाव कर रहे हैं? एक के बाद एक समाजवादी पार्टी के मुखिया अब तक आधा दर्जन से ज्यादा अपने उम्मीदवारों के चेहरे बदल चुके हैं। सूत्र बता रहे हैं कि इस बदलाव वाली लिस्ट में और भी नाम हैं।

जिन लोकसभा सीटों के प्रत्याशी बदले उनमें रामपुर, मुरादाबाद, मेरठ, गौतमबुद्धनगर, बागपत, मिश्रिख, बदायूं, बिजनौर शामिल है। खासकर रामपुर और मुरादाबाद में सपा का प्रत्याशी बदलना चर्चा में रहा। दोनों ही लोकसभा सीट पर ठीक नामांकन वाले दिन एक नये प्रत्याशी ने सामने आकर नामांकन कर दिया। रामपुर में मो. आजम और अखिलेश यादव के बीच उम्मीदवार को लेकर राजनीतिक अदावत जगजाहिर हुई। यहां मो. आजम खां अपने करीबी उम्मीदवार के लिए बकायदा विरोध दर्ज कराया जिससे अखिलेश नाराज भी हुए। ऐन वक्त पर उन्होंने रामपुर से नामांकन के लिए दिल्ली से जामा मस्जिद के इमाम मोहिबुल्लाह नदवी को बुलाया।



वहीं, दबाव बनाने को रामपुर के सपा जिलाध्यक्ष असीम राजा ने भी एक नामांकन भर दिया, जो बाद में खारिज हो गया।

बहरहाल, ऐसी ही नाटकीय स्थिति मुरादाबाद में भी नामांकन के आखिरी दिन देखने को मिली। एक दिन पहले ही सांसद एसटी हसन ने बतौर सपा उम्मीदवार पर्चा भर कर दिया था। फिर अगले दिन अचानक अधिकृत उम्मीदवार के रूप में रुचि वीरा का नाम सामने आ गया। एसटी हसन के समर्थकों ने इसका विरोध प्रकट करते हुए प्रदर्शन भी किया था।

देखा जाए तो अखिलेश ने प्रत्याशी बदलने की शुरुआत अपने ही परिवार से की। बदायूं सीट से पहले धर्मेंद्र यादव को टिकट दिया था, फिर यह सीट शिवपाल यादव को सौंप दी गई। वहीं, बिजनौर सीट से पहले यशवीर सिंह को टिकट दिया था । बाद में जब एक और सूची सामने आयी तो आई तो यशवीर सिंह की जगह दीपक सैनी का नाम सार्वजनिक हुआ। उधर, गौतमबुद्धनगर सीट को लेकर भी सपा दिग्भ्रमित रही। पार्टी ने शुरुआत में यहां से राहुल अवाना को अपना लोस. चुनाव का उम्मीदवार चुना। बाद में उन्हें हटाते हुए महेंद्र नागर को चुनाव मैदान में उतार दिया।

ऐसी की स्थिति मिश्रिख सीट पर भी देखने को मिली। सपा ने इस सीट पर पहले रामपाल राजवंशी को टिकट दिया था । बाद में उनका टिकट कटा और बेटे मनोज राजवंशी मि ल गया । यहीं पर तीसरी बार प्रत्याशी बदलते हुए पार्टी ने मनोज की पत्नी संगीता राजवंशी को अपना प्रत्याशी बना दिया। अब ताजा बदलाव मेरठ सीट पर हुआ है। सपा ने पहले मेरठ सीट पर भानु प्रताप सिंह को उम्मीदवार बनाया था। इसमें बदलाव करते हुए अतुल प्रधान को टिकट दिया गया है।

### अलग-अलग कारणों से फेरबदल

माना जा रहा है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव कोई एक राजनीतिक रणनीति नहीं अलग-अलग कारणों से टिकटों के फेरबदल कर रहे हैं। जैसे बदायूं में सलीम शेरवानी के अलग हो जाने के बाद शिवपाल के मुस्लिम वर्ग में अच्छे रिश्तों के कारण, रामपुर में मो. आजम के दबाव वाली राजनीति से उबरने के लिए, मुरादाबाद में पहले वाले उम्मीदवार का लोकल फीडबैक लेकर, मिश्रिख में पहले घोषित उम्मीदवार रामपाल के व्यक्तिगत कारणों को देखते हुए और मेरठ में भाजपा से खड़े ''रामायण'' सीरियल में भगवान राम की भूमिका अदा करने वाले अरुण गोविल से मुकाबला कर सकने वाले उम्मीदवार को लाने के तहत बदलाव किए।

### उहापोह

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ऐन लोकसभा चुनाव से पूर्व रालोद जैसी पार्टी के गठबंधन टूटने से दबाव में तो हैं। हालांकि कांग्रेस का साथ पाकर तनिक राहत जरूर है फिर भी चुनाव आयोग की सख्ती, समय के साथ आर्थिक बंदिशें, सत्तासीन दल का दबाव, निरंतर सहयोगियों से हो रहे अलगाव ने उन्हें चिंतित कर रखा है। इन सभी कारणों के साथ गठबंधन की सभी सीट पर उम्मीदवारों का चयन एक कठिन चुनौती है। इतना ही नहीं कांग्रेस को भी दी गई मात्र 17 सीटों में से कुछ पर सपा प्रमुख को ही उम्मीदवार देने की जुगत लगानी पड़ रही है।

# चुनाव ड्यूटी के लिए पुलिस कर्मियों का पारिश्रमिक निर्धारित

**अमृत विचार, लखनऊः** लोकसभा चुनाव 2024 को संपन्न कराने के लिए लगने वाले केंद्रीय, राज्य पुलिस कर्मियों और होमगार्ड के जवानों का पारिश्रमिक निर्धारित कर दिया गया है। इस संबंध में एडीजी कानून व्यवस्था की ओर से पत्र जारी कर दिया गया है। किन कार्मिकों को कितना पारिश्रमिक मिलेगा यह भी निधार्रित कर दिया गया है।

वह पुलिस कर्मी जिसकी ड्यूटी विशिष्ट रूप से सेक्टर पुलिस ऑफिसर अथवा जोनल पुलिस ऑफिसर के रूप में लगाई जाएगी, उन्हें एक मुश्त 1500 रुपये की धनराशि मिलेगी। वह पुलिस कर्मी जो निरीक्षक अथा उपनिरीक्षक स्तर के हैं और जिनकी ड्यूटी पोलिंग अथवा मतगणना केंद्र पर लगाई जाएगी, उन्हें 350 रुपये प्रतिदिन अथवा अंश के रूप में प्राप्त होगी। मुख्य आरक्षी अथवा आरक्षी, जिनकी ड्यूटी पोलिंग बूथ अथवा मतदान केंद्र पर होगी उन्हें 250 रुपये अथवा अंश के रूप में दी जाएगी। होमगार्ड, पीबीडी अथवा चौकीदार, जिनकी ड्यूटी पोलिंग बूथ पर लगाई जाएगी को 150 रुपये अंश के रूप में प्राप्त होगा।

# फसाड लाइट से रोशन होंगे प्रमुख मंदिर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कुंभ मेला क्षेत्र के प्राचीन मंदिरों को किया गया शामिल

**अमृत विचार:** प्रयागराज में महाकुंभ को दिव्य, भव्य और नव्य स्वरूप देने के लिए प्रदेश सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसके तहत शहर के प्रमुख मंदिरों को अलौकिक स्वरूप देने के लिए नव्य प्रयोग के रूप में फसाड लाइट का काम किया जा रहा है। इसमें कुंभ मेला क्षेत्र के अंदर और बाहर के प्रमुख प्राचीन मंदिरों को शामिल किया गया है।

महाकुंभ में पर्यटन विभाग को 27 प्रोजेक्ट दिए गए हैं। इनकी लागत 106 करोड़ है । इसमें ज्यादातर प्रोजेक्ट पर विभाग के कार्य रफ्तार पकड़ चुके हैं। इसमें एक प्रोजेक्ट मंदिरों में फसाड लाइट का भी है। कुंभ मेला क्षेत्र के अंदर और बाहर के सभी प्रमुख मंदिर महाकुंभ में आधुनिक रंगीन फसाड लाइट से जगमगाएंगे। पर्यटन विभाग को इसकी जिम्मेदारी मिली है। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह बताती हैं कि इसके लिए टेंडर भी जारी हो चुके हैं। कुंभ क्षेत्र में शंकर विमान मंडपम मंदिर, दारागंज के नागवासुकी मंदिर और दारागंज का ही श्री अलोप शंकरी देवी मंदिर शामिल है। कुंभ क्षेत्र के बाहर सिविल लाइंस में श्री हनुमंत निकेतन मंदिर और श्रृंगवेरपुर धाम का प्रमुख मंदिर शामिल है। इसमें शंकर विमान मंडपम मंदिर के लिए सबसे अधिक 355 लाख खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा नागवासुकी मंदिर के लिए 195 लाख, श्री अलोप शंकरी देवी के लिए 166 लाख, श्रृंगवेरपुर के लिए 107 लाख और हनुमंत निकेतन मंदिर सिविल लाइंस के लिए 101 लाख शामिल हैं।

# सपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व मंत्री उज्जवल रमण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पूर्व मंत्री का प्रयागराज सीट से चुनाव लड़ना लगभग तय

**अमृत विचार:** पूर्व सांसद रेवती रमण सिंह के पुत्र पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह मंगलवार को समाजवादी छोड़कर सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए। उनके प्रयागराज सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने की पूरी संभावना है। सदस्यता ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि देश स्तर पर कांग्रेस ही भाजपा को चुनाव में हरा सकती है। कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव का उन्हें आशीर्वाद प्राप्त है। यादव परिवार से उनके अच्छे रिश्ते हैं।

उज्जवल रमण सिंह ने प्रदेश मुख्यालय में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व नेता विधान मंडल दल आराधना मिश्रा 'मोना' की उपस्थिति में सदस्यता ग्रहण की।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज का दौर बहुत कठिन है, संविधान खतरे में ही नहीं है खतरा दिखने लगा है। इस दौर में एक जैसी विचारधारा के सभी लोगों को एक साथ एकजुट होकर लोकतंत्र बचाने की लड़ाई लड़नी है।



सदस्यता ग्रहण करने के दौरान पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और आराधना मिश्रा। अमृत विचार

इस मौके पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि प्रयागराज नेहरू परिवार का गृह क्षेत्र रहा है। वहां से उज्जल रमण का आना पार्टी के लिए अहम है।

इस मौके पर पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी, प्रियंका गुप्ता, सचिन रावत, ओंकारनाथ सिंह, विकास श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।


## वर्ग पहेली-28

**बाएं से दाएं**

1. गजपिप्पली की जाति का एक पौधा जिसकी लकड़ी और जड़ औषधि के काम में आती है।
2. 1. बुद्धि 2. सोचने-समझने की शक्ति, समझदारी।
5. 1. शिक्षित 2. जिसे पढ़ना-लिखना आता हो 3. पढ़ने-लिखने में सक्षम।
6. 1. आलोचना के रूप में व्यक्त संक्षिप्त विचार 2. टिप्पणी, उपकथन।
10. 1. अनेक लोगों का बोलना

**ऊपर से नीचे**

3. हवा का झोंका, तेज़ हवा का झटका या धक्का, हल्की नींद।
4. किसी कार्य या वस्तु को अस्त-व्यस्त या उलट-पुलट करने की क्रिया या भाव।
7. 1. जो चिकना तथा फिसलनदार हो 2. कीचड़ आदि के कारण रपटनवाला, पिच्छल।
8. 1. कथरी, पुराने वस्त्रों को सिलकर बनाई गई ओढ़ने की चादर, गुदड़ी 2. योगियों का परिधान।
9. 1. मिथिला का निवासी 2. राजा जनक।




### वर्ग पहेली -27 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 फं | की | |
| | 2 झु | र | ना | | | 3 बा |
| | ल | | | 4 अ | पो | लो |
| | 5 स | मी | ची | न | | चि |
| | न | | | हो | | त |
| 6 भा | | 7 ज़ | बा | नी | | |
| लू | | माँ | | | 8 चि | ड़ा |

## सुडोकू -107

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 1 | | 8 | | | | |
| 3 | | | 2 | | 7 | | | 5 |
| | 5 | | | | | 4 | | 6 |
| | | 7 | | 2 | | 9 | | |
| | 9 | | 3 | | 1 | | 2 | |
| | | 5 | | 6 | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 3 | |
| | | | 4 | | 2 | | | 9 |
| | | | | 3 | | 7 | 1 | |

### सुडोकू -106 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 9 | 3 | 1 | 7 | 5 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 1 | 6 | 5 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 7 | 5 | 8 | 4 | 2 | 1 | 9 | 6 |
| 9 | 3 | 4 | 5 | 7 | 6 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 2 | 7 | 9 | 8 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 5 | 6 | 8 | 1 | 2 | 3 | 4 | 7 | 9 |
| 4 | 1 | 3 | 7 | 9 | 8 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 9 | 2 | 4 | 6 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 6 | 2 | 3 | 1 | 9 | 4 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 अप्रैल,बुधवार 2024 संवत-2080,शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-नवमी 18.29 तक तत्पश्चात दशमी।

**मेष:** आज टीमवर्क के माध्यम से उलझे मामलों को सुलझाने में सफलता मिलेगी। विदेशी भूमि पर रहे लोगों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। दिनचर्या को संतुलित रखने से मन प्रसन्न रहेगा। निर्माण कार्यों के लिए दिन विशेष शुभ है।

**वृष:** आज विदेश यात्रा को लेकर बाधा दूर होगी। अधिकारी वर्ग आपसे संतुष्ट रहेंगे,लेकिन फिर भी आपको सबसे समन्वय बनाने में थोड़ी परेशानी हो सकती है। आपकी अपेक्षा के अनुसार सभी काम हो जाएंगे।

**मिथुन:** आज लोग आपकी उदारता का गलत प्रयोग करने का प्रयास करेंगे। महिलाओं को अपनी सेहत को लेकर जागरूक रहना चाहिए। अपने काम दूसरों के भरोसे कतई न छोड़ें। उपयुक्त पोषण की कमी के कारण कमजोरी हो सकती है।

**कर्क:** आज आपके सामाजिक संबंध और प्रगाढ़ होंगे। दांपत्य जीवन काफी रोमांटिक रहने वाला है। पहले की गई मेहनत का आपको सुखद परिणाम प्राप्त होगा। व्यापार में नए सहयोगी जुड़ सकते हैं। मांगलिक आयोजनों में भाग लेने से लाभ होगा।

**सिंह:** आज कानूनी अड़चनों से छुटकारा मिलेगा। आध्यात्मिक चर्चाओं से आपका दृष्टिकोण बदल सकता है। उच्च रक्तचाप के रोगियों को गुस्सा करने से बचना चाहिए। अपने काम से काम रखें। दूसरे लोगों के मामलों को लेकर ज्यादा सोच-विचार न करें।

**कन्या:** आज लोग आपकी कला व योग्यता को सम्मान देंगे। आप नव समाचारों को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। प्रेम विवाह के मार्ग में आ रही बाधा दूर होगी। समाज में आपका नाम ऊंचा होगा। अनुसंधान कार्य से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है।

**तुला:** आज शारीरिक और मानसिक ऊर्जा में थोड़ी कमी रहेगी। व्यर्थ की बातों का तनाव न लें। बड़ों के द्वारा दिया गया सुझाव आपके काफी काम आएगा। बॉस का भरोसा आपके ऊपर से कुछ कम हो सकता है। अपने काम व जिम्मेदारियों से पीछे न हटें।

**वृश्चिक:** आज आपकी सलाह से लोगों को लाभ होगा। अपने स्वभाव में सकारात्मकता बनाए रखें। अविवाहित महिला जातक को विवाह की चिंता रहेगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपको प्रोत्साहन मिलेगा। आपको प्रयासों को कमजोर न पड़ने दें।


**धनु:** आज जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान दें। प्रेमीजन से अपने दिल की बातें शेयर करने से मन हल्का होगा। गृह कार्यों में काफी व्यस्त हो सकते हैं। दूरस्थ परिजनों के साथ फोन पर बातें होंगी। जॉब इंटरव्यू में आपको सफलता मिल सकती है।

**मकर:** आज व्यापार में अपेक्षानुकूल परिणाम प्राप्त होंगे। किसी महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित हो सकते हैं। दिनचर्या काफी व्यस्त रहने वाली है। अचानक यात्रा की योजना बन सकती है। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। बुरी संगत से आपको बचने की आवश्यकता है।

**कुंभ:** आज कार्यस्थल में आपका दबदबा घट सकता है। किसी नकारात्मक समाचार मिलने की संभावना है। सेहत के मामले में लापरवाही न करें। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। आपको उधार लेने से बचना चाहिए।

**मीन:** आज पुराने अनुभवों का आपको लाभ मिलेगा। व्यवसाय को लेकर नया प्रयोग कर सकते हैं। घर का वातावरण काफी सुखमय रहेगा। किसी नए काम को लेकर मन में विचार आएंगे। जीवनसाथी के साथ सामंजस्य बहुत अच्छा रहेगा।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 21.47 तक तत्पश्चात श्रवण।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | फतेह | सुबह : 11.00 |
| B4U Movies | दानवीर | रात : 07.00 |
| &pictures | बच्चन पांडे | सुबह : 11.11 |
| &pictures | उड़ता पंजाब | रात : 08.00 |
| Sony Pix | द मैन फ्रॉम टोरंटो | सुबह : 10.55 |
| Sony Pix | रैम पेज | रात : 07.07 |
| Zee Cinema | फटा पोस्टर निकला हीरो | सुबह : 11.05 |
| Zee Cinema | हम पांच | शाम : 04.45 |
| Colors Cineplex | दो रास्ते | दोपहर : 12.27 |
| Colors Cineplex | विश्वासघात | रात : 09.01 |

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी ने एंबुलेंस बुलाने के लिए कॉल किया।
ऑपरेटर- आपको क्या समस्या है?
पत्नी- मेरे पैर की उंगली कॉफी टेबल से टकरा गई है।
ऑपरेटर- और इसके लिए आप एंबुलेंस बुलाना चाहती हैं?
पत्नी- नहीं, एंबुलेंस तो मेरे पति के लिए है, उन्हें हंसना नहीं चाहिए था।
ऑपरेटर चुप!

कोयल ने कौवे से पूछा- तुमने अभी तक शादी क्यों नहीं की?
कौवा बोला- बिना शादी के ही जिंदगी में इतनी कांव-कांव है, शादी कर लूंगा तो पता नहीं क्या होगा?

# रायबरेली से चुनाव लड़ सकती हैं प्रियंका गांधी, अमेठी में संशय बरकरार

दिलीप सिंह, रायबरेली

## 15 अप्रैल के बाद कांग्रेस कर सकती है उनके नाम की घोषणा

**अमृत विचार :** गांधी परिवार के गढ़ रायबरेली में 'दादी' और 'मां' की राजनीतिक विरासत को संभालने के लिए 'बेटी' का आना लगभग तय माना जा रहा है । इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी के चुनावी क्षेत्र से प्रियंका गांधी की राजनीति में 'इंट्री' हो सकती है।

1967 में इंदिरा गांधी व 2004 में सोनिया गांधी के बाद 2024 में गांधी परिवार की राजनीतिक विरासत संभालने प्रियंका गांधी के आने की पूरी संभावना है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के रायबरेली से चुनाव लड़ने पर पार्टी के उच्चस्तरीय संगठन में इस पर चर्चा हो चुकी है। उम्मीद है कि 15 अप्रैल के बाद उनके नाम की घोषणा की जाएगी। इसके साथ ही रायबरेली में एक बड़ी रैली करने की तैयारी भी चल रही है। रायबरेली से गांधी परिवार का काफी पुराना रिश्ता है। यहां से कई सदस्य लोकसभा पहुंच चुके हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी इस सीट से दो बार सांसद रहीं, जबकि सोनिया गांधी इस सीट से चार बार संसद पहुंचीं। स्वास्थ्य कारणों के चलते इस बार सोनिया गांधी ने राज्यसभा का रुख कर लिया। वह राजस्थान से राज्यसभा सदस्य चुनी गई हैं। इसके बाद अटकलें तेज हो गई थीं कि अब रायबरेली से चुनाव कौन लड़ेगा। पार्टी का जिला संगठन और समर्थक प्रियंका गांधी को मैदान में उतारने की मांग करते रहे हैं। इसको लेकर दिल्ली तक पहुंचे और अपनी बात रखी।


इंदिरा गांधी।


सोनिया गांधी।


प्रियंका गांधी।

- गांधी- नेहरू परिवार की परंपरागत सीट है रायबरेली
- बाबा, दादी और मां यहीं से जीत कर पहुंचे संसद

### उम्मीदवारी को लेकर स्थिति साफ

रायबरेली से उम्मीदवारी को लेकर अब स्थिति लगभग साफ हो रही है। सूत्रों का कहना है कि पिछले दिनों दिल्ली में हुई बैठक में इस पर चर्चा हुई। संगठन के उच्च पदाधिकारी ने प्रियंका को रायबरेली से चुनाव मैदान में उतारने की बात रखी। सूत्रों का दावा है कि अब पार्टी इसके लिए तैयार हो गई है। बताया जाता है कि 15 अप्रैल के बाद कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची आएगी और इसमें उनके नाम की घोषणा हो सकती है।

### 1967 में इंदिरा गांधी आईं थी रायबरेली

1967 में इंदिरा गांधी ने रायबरेली सीट से चुनावी राजनीति में कदम रखा था। उस समय कांग्रेस प्रत्याशी इंदिरा गांधी ने निर्दलीय प्रत्याशी बीसी सेठ को 91,703 वोट से हराया था।

### 2004 में आई थी सोनिया गांधी

2004 के चुनाव में सोनिया गांधी ने अमेठी सीट राहुल गांधी के लिए छोड़कर रायबरेली आई। सोनिया गांधी ने सपा के अशोक कुमार सिंह को हराकर 2,49,765 वोटों से भारी अंतर से चुनाव जीता था।

## कांग्रेस ने अमेठी में 13 बार की है जीत दर्ज

रमन पाण्डेय, अमेठी

**अमृत विचार :** अमेठी लोकसभा सीट पिछले पांच दशक से हाट सीट रही है। यहां राजनीति के कई सूरमा हारे हैं। कांग्रेस ने इस सीट पर अब तक तेरह बार जीत हासिल की है और भाजपा ने दो बार। कांग्रेस जब भी चुनाव हारी है कम वोटों से हारी है। दो बार भाजपा की जीत कम वोटों से हुई है। 2009 के लोकसभा चुनाव में यहां कांग्रेस और बसपा के बीच जीत का अंतर सबसे अधिक रहा है।

कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी ने बसपा प्रत्याशी आशीष शुक्ला को 370798 मतों के अंतर से चुनाव हराया था। 2006 में कांग्रेस छोड़ कर बसपा में गये हाट सीट के हार्ड लीडर के रूप में चर्चित आशीष शुक्ला इस समय कांग्रेस में है और गांधी परिवार के चुनाव न लड़ने पर एक बार फिर मैदान में उतरने के लिए तैयार हैं। अमेठी में भाजपा प्रत्याशी और निवर्तमान सरकार में केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी लगातार कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के बराबर सम्पर्क में हैं। स्मृति के निर्देश पर कार्यकर्ता लाभार्थी सम्पर्क अभियान के जरिए घर घर जा रहे हैं, उधर बसपा और कांग्रेस के प्रत्याशी के विषय में संशय की स्थिति अभी भी बरकरार है। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि वायनाड का चुनाव होने के बाद राहुल गांधी की पूरी टीम अमेठी आ जाएगी। बसपा कांग्रेस के प्रत्याशी के घोषित होने के बाद अपने पत्ते खोलेगी।अमेठी लोकसभा सीट 1967 में अस्तित्व में आई। पहले चुनाव में कांग्रेस के विद्याधर बाजपेई ने जनसंघ के गोकुल प्रसाद पाठक को 3665मतों के अंतर से हराया। लोक सभा चुनाव के इतिहास में कांग्रेस की जीत का सबसे कम मार्जिन यही रहा है। 1967से अब तक हुए 16चुनावों में दो उपचुनाव भी शामिल हैं,ये उपचुनाव 1981और1991में संजय गांधी और राजीव गांधी के असामयिक निधन से हुए थे। कांग्रेस तेरह बार चुनाव जीत चुकी है।1984,1999 और 2009 के चुनाव में कांग्रेस की जीत का अंतर तीन लाख से अधिक रहा है, जबकि 1981और1989में कांग्रेस ने दो लाख से अधिक मतों से जीत दर्ज की थी।1977 में बी के डी से कोंहरा स्टेट के रवीन्द्र प्रताप सिंह ने संजय गांधी को 75844 मतों से हराया था।1980 में संजय गांधी ने रवीन्द्र प्रताप सिंह को 128545मतों से हराकर हार का बदला ले लिया परंतु ईश्वर को उनकी लम्बी राजनीति शायद मंजूर नहीं थी, विमान दुर्घटना में संजय गांधी की मौत हो गई। विमान दुर्घटना के मामले में तत्कालीन अखबार नवीसों की ओर से तमाम खबरें चलाने के बाद भी रहस्य से पर्दा नहीं उठ पाया और आज भी लोग संजय गांधी की मौत को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं करते हैं।

### अमेठी सीट से कांग्रेस प्रत्याशी घोषित करने में देरी



**अमेठी।** लोकसभा अमेठी सीट से जहां भाजपा आलाकमान द्वारा एक बार फिर स्मृति ईरानी पर जीत का भरोसा जताते हुए उन्हें प्रत्याशी घोषित कर दिया गया है तो वही अभी तक कांग्रेस पार्टी द्वारा अमेठी सीट से अपना पत्ता नहीं खोला गया है।जबकि कांग्रेसी कार्यकर्ता राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा से यहाँ चुनाव लड़ने की लगातार मांग करते चले आ रहे हैं।

### जीत सुनिश्चित करने के लिए जुटीं स्मृति ईरानी



**अमेठी।** भाजपा आलाकमान द्वारा एक बार फिर अमेठी सीट से प्रत्याशी बनाये जाने के बाद अमेठी की पूर्व सांसद भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी लगातार अमेठी दौरे पर है लोकसभा क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों से मुलाकात व भाजपा कार्यकर्ताओं के सुख-दु:ख में शामिल हो रही हैं। साथ ही जनपद स्तर पर भाजपा के बड़े-बड़े सूरमाओं को अमेठी में हार का मुंह देखना पड़ा है।

### जेठ के सामने बुरी तरह हारीं मेनका गांधी

**अमेठी।** 1999 में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भाजपा प्रत्याशी डॉ संजय सिंह को 300012 मतों के अंतर से हराया था। 2009 के अपने दूसरे चुनाव में राहुल गांधी ने बसपा प्रत्याशी आशीष शुक्ला को 370798 मतों से हराकर बड़ी जीत हासिल की।1984 में इंदिरा गांधी की मौत के बाद राष्ट्रीय संजय विचार मंच की प्रत्याशी के रूप में मेनका गांधी ने विरासत की जंग लड़ीं, किंतु जेठ के मुकाबले बुरी तरह चुनाव हार गई, उन्हें राजीव गांधी के 365041के मुकाबले 50163 मत ही मिल पाए। उन्हे चुनाव हराने में उन्हीं लोगों की खास भूमिका रही जो कभी संजय गांधी के खास सिपहसालार हुआ करते थे।

### स्मृति ने बदल दी अमेठी में राजनीति की परिभाषा

**अमेठी।** लोकसभा चुनाव में जीत हार के बारे में अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी, परंतु इतना तय है कि 2014 में चुनाव हारने के बाद भी अमेठी न छोड़ने और जनता के बीच बराबर बने रहकर स्मृति ने अमेठी की राजनीति की परिभाषा बदल दी है। राहुल गांधी ने चुनाव हारने के बाद अमेठी से दूरी बना ली, परंतु स्मृति ने ठीक उल्टा किया और जनता के बीच बराबर बनी रहीं, विकास के काम भी लगातार कर रही हैं, यह चर्चा हर गांव में मतदाताओं के बीच है।

### असली गांधी और नकली गांधी की लड़ाई में कांग्रेस ही जीती

**अमेठी।** राजीव गांधी के मुकाबले विपक्ष ने साझा उम्मीदवार के रूप में जनता दल से महात्मा गांधी के पौत्र राजमोहन गांधी को चुनाव लड़ाया ।असली गांधी और नकली गांधी की चर्चा खूब चली, परंतु विपक्ष का सिक्का नहीं चल पाया और राजीव गांधी तीसरी बार दो लाख से अधिक वोटों से जीत दर्ज कर सांसद बने। 1989 में राजीव गांधी के मुकाबले बसपा संस्थापक कांशीराम भी चुनाव लड़ें, बसपा की जमानत नहीं बची, परंतु इसी लोकसभा चुनाव से बसपा अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में सुर्खियों में आ गई।1989मे बसपा के उत्तर प्रदेश और पंजाब से तीन सांसद चुने गए थे।

---

### राजनीति में आए तो सीरियल के राम अरुण गोविल को आई याद

# ..जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी

**17** साल की उम्र में ही मेरठ छोड़ मुंबई गए, रामानंद के रामायण सीरियल से मिली खास पहचान

मेरठ से भाजपा सांसद का टिकट काटकर प्रत्याशी बनाये गये अरुण गोविल की राह आसान नहीं

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार: अपि च स्वर्णमयी लंका, लक्ष्मण मे न रोचते।** जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी। कुछ ऐसा ही गर्व अब रामानंद सागर के रामायण सीरियल के 'राम' यानि अरुण गोविल को मेरठ से प्रत्याशी बनने के बाद महसूस हो रहा है। वे जब 17 साल की उम्र में ही मेरठ छोड़कर मुंबई गए थे, तो सोचा भी नहीं होगा कि एक दिन राजनीति में कॅरियर के लिए यहीं की मिट्टी काम आएगी। लेकिन सपा ने घेरने के लिए अपने सरधना से युवा विधायक अतुल प्रधान पर दांव लगाकर घेरने में पूरी ताकत लगा दी है। बसपा का समीकरण दोनों को नफा-नुकसान देता दिख रहा है।

72 वर्षीय अरुण गोविल राजनीति के कुशल चितेरे होते तो 34 साल पहले ही सांसद बन गए होते। भारत के छठे प्रधानमंत्री राजीव गांधी (1984-1989) ने उन्हें ऑफर दिया था, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया था, लेकिन कांग्रेस में शामिल होकर प्रचार जरूर किया। उस दौर में राजीव गांधी की हैसियत आज के नरेंद्र मोदी से कहीं ज्यादा सशक्त थी। राजनीतिक इतिहास में इंदिरा गांधी के निधन से उपजी सहानुभूति लहर में रिकार्ड लोकसभा सीटें जीतकर वे प्रधानमंत्री बने थे। राजीव गांधी ने सरकारी टीवी चैनल दूरदर्शन पर रामायण चलवाने के लिए अपने सूचना और प्रसारण मंत्री तक को बदल दिया था। हालांकि रामायण सीरियल का पहला एपिसोड 25 जनवरी 1987 को प्रसारित होते ही देशभर में छा गया। चुनावी दृष्टि से महत्वपूर्ण पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राज्य की 80 में से करीब 19 सीटें हैं। भाजपा ने अपने तीन बार के सांसद रहे राजेंद्र अग्रवाल का टिकट काटकर अरुण गोविल को प्रत्याशी बनाया है। वे 2021 में भाजपा में शामिल हुए थे। अग्रवाल साल 2009 से लगातार मेरठ सीट से जीत रहे हैं। साल 2019 में बसपा के हाजी याकूब कुरैशी को 4,729 वोटों के मामूली अंतर से हराया था। हालांकि 2014 के चुनाव में उनकी जीत का अंतर 2.32 लाख वोटों से अधिक था, तब बसपा के मोहम्मद शाहिद अखलाक को हराया था। पिछली बार जीत का अंतर कम होने से ही टिकट काटकर अरुण गोविल की 'राम' वाली छवि भुनाने की भाजपा कोशिश कर रही है।

अरुण गोविल अब 55 साल बाद वापस मेरठ शहर आकर अपने भावनात्मक संबंधों को भुनाने में जुटे हैं। उनका कहना है कि यहीं पैदा हुआ और जीवन के शुरुआती 17 साल इसी शहर में बीते। मंगलवार को नामांकन के साथ प्रचार में भी जन्मभूमि की यादें खूब छलक रही है। उम्मीद है कि रील लाइफ के अलावा रियल लाइफ में भी मतदाता 'राम' की तरह सम्मान देते हुए नजर आएंगे और रुझान वोट में तब्दील होगा। उनकी शादी बॉलीवुड अभिनेत्री रहीं श्रीलेखा से हुई है। उनके दो बच्चे बेटा अमल और बेटी सोनिका हैं। बेटा अमल के दो पुत्र हैं, यानी वे दादा भी बन चुके हैं।



### सीता व रावण को भी चुनाव लड़ा चुकी है भाजपा


दीपिका चिखलिया।


अरविंद त्रिवेदी।

टीवी सीरियल 'रामायण' में राम की मुख्य भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल से पहले भाजपा 'सीता' और 'रावण' को भी चुनाव लड़ा चुकी है। राम मंदिर आंदोलन के दौरान 1991 के लोकसभा चुनाव में दोनों को गुजरात से मैदान में उतारा गया था। हालांकि 26 साल की दीपिका को राजनीति का कोई अनुभव नहीं था। मगर रामायण की सीता को चुनाव में देखकर भीड़ उमड़ रही थी, महिलाएं उनके पैर छूने को आतुर रहतीं। नतीजा रहा कि वडोदरा में कांग्रेस का किला ढह गया। इस सीट पर पहली बार भाजपा को जीत मिली। दीपिका को 49 .98 फीसदी वोट मिले। जबकि लंकेश के नाम से चर्चित अरविंद त्रिवेदी ने साबरकांठा से अपना पहला चुनाव जीता था। 1996 के चुनावों में वह गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री अमर सिंह चौधरी की पत्नी और कांग्रेस प्रत्याशी निशा चौधरी से हार गए थे।

---

# निर्दलीय चुनाव लड़कर जीते थे रामसेवक

## 65 अन्य निर्दलियों ने भी आजमायी किस्मत, मिली निराशा

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में बाराबंकी लोकसभा सीट से निर्दल प्रत्याशियों ने जोर आजमाइश खूब की, लेकिन 1957 के चुनाव में रामसवेक यादव ही ऐसे एक मात्र सांसद चुने गए जिन्होंने निर्दलीय के रुप में चुना लड़ा, और जीत हासिल की थी। इसके बाद अभी तक किसी निर्दलीय को सफलता नहीं मिल सकी। अभी तक इस सीट से 65 निर्दल उम्मीदवार किस्मत आजमा चुके हैं। इनमें से अधिकतर को वोट के लिए भी तरसना पड़ा। यहां 1951 के चुनाव में सबसे पहले निर्दल उम्मीदवार के तौर पर प्रभु दयाल ने चुनावी अखाड़े में ताल ठोंकी। प्रभू दयाल 18,493 मत पाकर 11वें स्थान पर रहे थे। इसके बाद 1957 में दो निर्दल उम्मीदवारों ने किस्मत आजमाई। इनमें रामसवेक यादव ने शानदार जीत हासिल की। इन्हें 1,89,600 मत हासिल कर कांग्रेस के स्वामी रामानंद को 31330 वोटों से हराया था। दूसरे निर्दलीय उम्मीदवार रहे नन्हेलाल चौथे स्थान पर रहे थे। आरएस यादव के निर्दलीय के रुप में संसद पहुंचने के बाद आज तक मतदाताओं ने किसी भी निर्दलीय प्रत्याशी पर भरोसा नहीं जताया है। सन् 1962 और 1967 के चुनाव में कोई भी निर्दललीय प्रत्याशी नहीं था।

1971 में दो निर्दल चुनाव लड़े। इनमें पार्वती 7591 मतों के साथ चौथे और अब्दुल रहमान 3876 मत के साथ पांचवे स्थान पर रहे। 1977 में तीन निर्दल मैदान में उतरे। इनमें बैजनाथ रावत ने 8938 मत पाकर चौथा, 2485 मत पाकर पोखई पांचवें तो विश्राम लाल 1655 मतों के साथ छठे स्थान पर रहे थे। 1980 में दो निर्दलीयों में से 4489 मत पाने वाले रामफल चौथे तो 2638 मत पाकर पोखई पांचवें नंबर पर रहे। 1984 में चार निर्दलीय चुनावी महासमर में उतरे। इनमें से छेदालाल को 8138, रामसरन को 6138, कमला को 5657 और टीकाराम को 3884 मत हासिल कर क्रमशः पांचवें, छठे, सातवें और आठवें स्थान पर रहे थे। 1989 में तीन और 1991 में चार निर्दललीय प्रत्याशियों ने किस्मत आजमाई, लेकिन कोई भी टॉप थ्री में जगह नहीं बना सका। 1996 में अब तक के चुनावों में सबसे अधिक 18 निर्दलीय प्रत्याशियों ने दम दिखाने की कोशिश की, लेकिन किसी को सफलता नहीं मिली। 1998 में तीन निर्दलीय में से मोती लाल 2471 मत पाकर सातवें तो 2125 मत के साथ रामनरेश आठवें और मात्र 436 मत पाने वाले राममनोरथ 12 वें स्थान पर रहे। 1999 में आधा दर्जन निर्दलीय, 2004 में चार व 2009 में छह निर्दल प्रत्याशी चुनाव लड़े। इनमें से कोई टॉप फाइव में जगह नहीं बना सका। इसी कड़ी में 2014 के चुनाव में तीन निर्दलीय ने किस्मत आजमाया। वहीं सांसद बनने की हसरत में तीन निर्दलीय उम्मीदवारों ने 2019 के महासमर में भी किस्मत आजमाई। जीतना तो दूर कोई अधिकतर जमानत भी नहीं बचा पाए।

### हर निर्दलीय ने छुआ तीन अंकों का आंकड़ा

निर्दलीय उम्मीदवार के रुप में आरएस यादव के अलावा बाराबंकी संसदीय सीट पर भले आज तक किसी ने जीत नहीं दर्ज कर सका, लेकिन अब तक मैदान में उतरे हर निर्दलीय ने मत हासिल करने में तीन अंकों का आंकड़ा जरूर छुआ है। सबसे कम मत पाने वाले निर्दलीय उम्मीदवार राजनरेश रहे हैं। जिन्हें1998 के चुनाव में मात्र 436 मत ही मिले।

### निर्दलीय लड़ कागजों पर छोड़ गए छाप

चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशियों ने जोर आजमाइश तो खूब की, लेकिन टॉप थ्री में एक को छोड़ अन्य कोई जगह बना सका। हां इतना जरुर रहा है कि इन प्रत्याशियों के नाम जरुर कागजों के साथ इतिहास के पन्नों में जरुर इनका नाम अर्जित हो गया। आज भी इन सभी के नाम व प्राप्त मतों के आंकड़े भारत निर्वाचन आयोग के वेबसाइट पर दर्ज हैं।


स्व. रामसेवक यादव। अमृत विचार

---

महासंग्राम-2024

### ईंट भट्ठे के व्यवसाय से संसद की ड्योढ़ी तक जमाया था पांव, 1989 में बलरामपुर सीट से निर्दलीय लड़कर जीते थे चुनाव

# खौफ का दूसरा नाम बन गए थे सांसद फसीउर रहमान उर्फ मुन्नन खां

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा


अतीत के झरोखे से

**अमृत विचार:** गोंडा के एक छोटे से गांव में जन्मे फसीउर रहमान उर्फ मुन्नन खां के राजनीतिक सफर की कहानी भी खूब दिलचस्प है। राजनीति का ककहरा तक की जानकारी न होने के बावजूद राजनीतिक शिखर तक चढ़ना किसी कहानी से कम नहीं है। राजनीतिक सफर शुरू करने के बाद संसद की ड्योढ़ी तक पहुंचने वाले मुन्नन खां एक समय खौफ के पर्याय बन गए थे। उनके ऊपर कई गंभीर आरोप भी लगे, लेकिन राजनीतिक संरक्षण का लाभ उन्हें भी मिला। ।

हम बात कर रहे हैं बलरामपुर से सांसद रहे फसीउर रहमान उर्फ मुन्नन खां की। गोंडा जिले के कटरा विधानसभा क्षेत्र के हलधरमऊ ब्लाक के हलधरमऊ गांव के निवासी मुन्नन खां एक शुद्ध व्यवसायिक थे। 1980 के दशक में मुन्नन खां व उनके बहनोई इबरार खां ने मिलकर ईंट भट्ठे का व्यवसाय शुरू किया। व्यवसाय का रंग चोखा होता गया और इस व्यवसाय के कारण ग्राम प्रधानों से उनके बेहतर संबंध होते गए। लेकिन राजनीति का ककहरा उन्हें नहीं मालूम था।

कटरा बाजार के गौरवा जानीपुर के पूर्व ग्राम प्रधान जसवंत लाल मिश्र कहते हैं कि वर्ष 1974 में कटरा बाजार के पूरेबदल गांव के बाबू दीपरायन पांडेय कांग्रेस के टिकट से विधानसभा चुनाव में उतरे। वह जीत गए। इसके बाद 1977 में जनता पार्टी से चुनाव जीते। वर्ष 1985 में लोकदल से उन्हें पुनः टिकट देने की पेशकश की गई। लेकिन वरिष्ठ अधिवक्ता होने के कारण उन्होंने चुनाव लड़ने से मना कर दिया। अपने स्थान पर पंडित दीप नरायन पांडेय ने हलधरमऊ गांव के फसीउर रहमान उर्फ मुन्नन खां के लिए टिकट की मांग की। पार्टी इस पर तैयार नहीं हुई लेकिन दीप नरायन पांडेय एक बड़े नेता थे और उनकी गारंटी पर मुन्नन खां को टिकट दे दिया गया। दीप नरायन पांडेय के साथ की पूरी मशीनरी मुन्नन खां के साथ लग गई और यह चुनाव मुन्नन खां जीत गए। यहीं से मुन्नन खां का राजनीतिक सफर शुरू हुआ।

विधायक बनने के साथ मुन्नन खां मुस्लिम विरादरी के सिरमौर बन गए और 1989 में वह बलरामपुर सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में सांसदी का चुनाव लड़ गए। उतरौला सहित कई विधानसभा में मुस्लिम का बड़ा चेहरा होने के कारण फसीउर रहमान निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीत गए। हाईस्कूल तक की शिक्षा और टेढ़े मिजाज के चलते वह संसद में जनता के हक की आवाज तो नहीं उठा पाए लेकिन अपने समाज में वह बहुत तेजी से आगे बढ़ गए।


मुन्नन खां।

### मुन्नन खां पर जब लगे बेहद गंभीर आरोप

समाचारपत्रों में उनके कारनामे तक छापे गए। उनके चाहने वाले उन्हें सिर आंखों पर बैठाते थे और उन्हें शेर-ए-मुन्नन की संज्ञा तक दी गई। लेकिन 1990 राम आंदोलन में कारसेवकों पर हुई कार्रवाई में उनका नाम लिया गया। बलरामपुर में वीरविनय चौक के पास एक मंदिर की भूमि पर कब्जे का आरोप लगा तथा इतना ही नहीं उन्होंने एसडीएम का अपहरण कर लिया। लेकिन मनकापुर कोल्हार गांव के ठाकुरों ने मुन्नन खां की जीप को रेहरा व मनकापुर के बीच रोक लिया। धर्मेंद्र सिंह उर्फ झिनकन सिंह ने बताते हैं कि जब सूचना ग्रामीणों को मिली तो किसी ने अपनी साइकिल तो किसी ने बैलगाड़ी खड़ी कर उनके वाहन को रोक लिया। जब तक वह कोई एक्शन लेते तब तक एक होमगार्ड ने उनके हाथ पर लाठी चला दिया। जिससे एसडीएम को आजाद करा लिया गया। कई गंभीर आरोप के बावजूद मुन्नन खां प्रदेश के कई नेताओं के बहुत करीबी थे। बड़े नेताओं का वरदहस्त प्राप्त होने के कारण उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। बहरहाल आरोप तो आरोप थे लेकिन वह एक ऐसे सांसद थे जिन्हें खौफ का दूसरा नाम तक कहा जाता था। यह भी था कि यदि वह किसी की मदद करते थे तो बेइम्तहा। शेर-ए-मुन्नन का निधन बीमारी के चलते 2009 में हो गया।

**चुनावी इतिहास में पहले निर्दलीय उम्मीदवार जीते थे मुन्नन**

बलरामपुर (अब श्रावस्ती) सीट पर 17 बार सांसद चुने गए। देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी, राष्ट्र ऋषि की उपाधि पाने वाले नाना जी देशमुख, सुभद्रा जोशी जैसी कद्दावर नेता जिस सीट को जीत कर गरिमा कायम किया। इतना ही नहीं 17 चुनावों में 16 बार केवल दलीय उम्मीदवार ही जीतते रहे लेकिन फसीउर रहमान उर्फ मुन्नन खां ही एक ऐसे निर्दलीय उम्मीदवार थे जिन्होंने जीत कर इतिहास रच दिया था।

### बलरामपुर सीट से संसद की ड्योढ़ी तक जाने वाले सांसद

| | | |
|---|---|---|
| 1952 | वैरिष्टर हैदर अली रिजवी | कांग्रेस |
| 1957 | अटल विहारी बाजपेयी | जनसंघ |
| 1962 | सुभद्रा जोशी | कांग्रेस |
| 1967 | अटल विहारी बाजपेयी | जनसंघ |
| 1971 | चंद्रभाल मणि तिवारी | कांग्रेस |
| 1977 | नानाजी देशमुख | जनसंघ |
| 1980 | चंद्रभाल मणि तिवारी | कांग्रेस |
| 1984 | दीप नरायन वन | कांग्रेस |
| 1989 | फसीउर रहमान उर्फ मुन्नन खां | निर्दल |
| 1991 | सत्यदेव सिंह | भाजपा |
| 1996 | सत्यदेव सिंह | भाजपा |
| 1998 | रिजवान जहीर | सपा |
| 1999 | रिजवान जहीर | सपा |
| 2004 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |
| 2009 | विनय कुमार पांडेय (श्रावस्ती) | कांग्रेस |
| 2014 | दद्दन मिश्रा (श्रावस्ती) | भाजपा |
| 2019 | राम शिरोमणि (श्रावस्ती) | बसपा |

---

# फिर समाजवादी पार्टी के साथ खड़ा हुआ महान दल


राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सपा के निशान पर दो सीटों पर लड़ेगा चुनाव

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी को एक बार फिर महान दल का साथ मिल गया है। लोकसभा चुनाव में दो सीट भी महान दल को देने पर सहमति बनी है। दोनों सीटों पर महान दल के उम्मीदवार सपा के चुनाव चिह्न पर लड़ेंगे। मंगलवार को सपा को फिर से समर्थन देने की घोषणा करते हुए महान दल के अध्यक्ष केशव देव मौर्य ने कहा कि समाजवादी पार्टी के साथ था और रहूंगा। लोकसभा चुनाव में गठबंधन मजबूती से लड़ेगा।

सपा के मीडिया सेल द्वारा इस संबध में सोशल मीडिया पर साझा की गई जानकारी में लिखा गया, केशव देव मौर्या ने अखिलेश यादव की पीडीए के पक्ष में जारी लड़ाई को देखते हुए बिना शर्त समर्थन दिया और भाजपा के विरुद्ध जारी संग्राम में एक आहुति देने की घोषणा की है। पोस्ट में आगे लिखा गया, ये लड़ाई बड़ी है और इस लड़ाई में अपने निजी स्वार्थ, शर्तें, ब्लैकमेलिंग के बिना जो भी सपा के साथ खड़ा है उस सबका स्वागत है। इस वक्त हम सबका एक ही उद्देश्य है कि दलित पिछड़ा अल्पसंख्यक विरोधी भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकना है और इस लड़ाई में जो भी सच्चे हृदय, ईमानदारी से साथ है उसे पार्टी साथ लेकर चलेगी।

पिछले विधानसभा चुनाव के बाद महान दल ने सपा से गठबंधन तोड़ लिया था। इसके बाद सपा ने केशव देव को विधानसभा चुनाव से पहले गिफ्ट में दी गई फारर्च्यूनर कार वापस ले ली थी। सपा ने विधानसभा चुनाव में केशव की पत्नी और बेटे को सपा के चुनाव चिह्न साइकिल पर चुनाव लड़ाया गया था, हालांकि दोनों हार गए थे।



> सपा अपने चुनाव चिन्ह पर महान दल के उम्मीदवारों को लड़ाएगी। मेरी नाराजगी स्वामी प्रसाद मौर्य से थी न कि अखिलेश यादव से। अब स्वामी प्रसाद सपा का हिस्सा नहीं हैं इसलिए हम वापसी कर रहे हैं।
>
> -केशव देव मौर्य



| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73903.91 | 22453.30 |
| बढ़त | 110.64 | 8.70 |
| प्रतिशत में | 0.15 | 0.04 |

## कानपुर मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.) लोकल मिल डिलीवरी :** गेहूं दड़ा 2400-2425 आर.आर.21 2450-2500 गेहूं फारम2700-2750 जौ 2000-2100 ज्वार 2600-4000 बाजरा 2100-2150 मकई 2000-2200। **दलहन (प्रति क्वि.) :** लोकल मिल डिलीवरी- चना 5800-5900 अरहर 7500-8000 मसूर 5500-5600 मटर 3700-4000 उड़दहरा 10000-10200 उड़दकाला 6000-8000 मूंग 8500-8800। **दाल (प्रति क्वि.) :** अरहर फूल 14600-14800 अरहर स्पेशल 12400-12600 चनादाल 7000-7100 मटरदाल 4850-4950 मसूर मलका 7000-7100 मसूरदाल 7100-7200 उड़द दाल 9000-12000 उड़द धोवा 10500-13000 मूंगदाल 8800-10300 मूंग धोवा 9800-11500 चावल (प्रति क्वि.)-अरवा 2000-2300 बासमती न. 18500-10000 सेला2500-3000 बासमती न02 6500-7500। **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) :** आटा 1400-1500 मैदा 1410-1440 सूजी 1480-1500 चक्की आटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1390-1400 तिलहन (प्रति क्वि.)- लोकलमिल डिलीवरी लाही 4800-5100 अलसी 4500-4600 अण्डी 4600-4700 तिल्ली 11500-12700 मूंगफली दाना षिवपुरी 9400-10800 बटाली 9000-10500 सेहुआं 4000-4500 तेल (प्रति क्वि.) सरसों कोल्हू 11000-11100 अलसी 9500-9600 अण्डी 12700-12800 रिफाइण्ड (प्रति टिन) लोकल मिल डिलीवरी-सोयाबीन 1600-1606। **खली (प्रति क्वि.) :** सरसों 2750-2800 अलसी 4200-4300 अण्डी 1400-1450। **वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) :** लोकल मिल डिलीवरी बावची 1530-1538 मयूर 1530-1538। **गुड़ (प्रति क्वि.) :** पन्सेरा 3500-3550 मंगलौर लडडू (नया) 4150-4200 देशीभेली 3950-4050। **शक्करदाना (प्रति क्वि.) :** एम.30. 4100-4150। घी देशी (प्रति क्वि.) : खुज्रा 60000-60100 औरय्या 51300-51400

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चाँदी 999 (प्रति किलो) | 78600 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 82500 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 87500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 70900 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 52900-53100 |

## कानपुर मंडी

माधौगढ़ 53300-53400 ब्राण्डेड देशी घी (प्रति टिन)- अनिक 7800 पातीराम 7800 रतन एगमार्क 8100 अमृत गोल्ड 7800। **वारदाना (प्रति सैकड़ा) :** 3 वी.एस. 5200-6500 हरापट्टा 7000-7200 वी.टी. 8600-8800 सुतली(प्रति क्वि.) 72 इन्च 6600-7200 सुतली (प्रति क्वि.) 90 इन्च 10000-11500। रूई (प्रति क्वि.) : गुजरात (797) 14400-14500 देषी बंगाल 15900-16000। **किराना-मेवा (प्रति क्वि.) :** कलीमिर्च 55000-70000 बड़ी इलायची 85000-120000 सोंठ 30000-40500 धनिया 6000-13000 लाल मिर्च 28000-34000 जीरा 35000-45000 जवाइन 20000-28000 सौंफ 20000-35000 हल्दी 13500-16500 सुपारी 50000-50500 चिकनी सुपारी 50000-52000 मेथी 7000-8000 कलौंजी 18000-22000 खटाई 12000-15000 इमली 8000-10000 अनारदाना 16000-45000 गरीगोला 10500-13000 छुहारा 18000-31000 मखाना 88000-96000 किशमिश-इण्डियन 17000-20000 किशमिश-काबुली 30000-55000 मुनक्का 35000-70000 बादाम 20000-70000 काजू (पेटी 22 किलो)10000-16000 भाव प्रतिकिलो- छोटी इलायची 2000-2500 लौंग 900-960 पिपरमेन्ट क्रिश्टल 1250-1300 कपूर 350-700 कत्था 500-1600 चिरौंजी 1700-2000 केशर 140000-190000 पिस्ता 900-1700 जायफल 550-650 जावित्री 1600-1800 बादामगिरी 500-750 अखरोट 400-700 अखरोटगिरी 600-1000 पोस्तादाना 600-1250

# विस्तारा उड़ान रद्द होने और देरी पर दैनिक रूप से जानकारी दे : डीजीसीए

### विस्तारा के उड़ान रद्द करने के मामलों पर करीबी नजर रखी जा रही

**नयी दिल्ली, दो अप्रैल (भाषा)**



नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने विस्तारा को उड़ान रद्द होने के साथ-साथ देरी पर दैनिक रूप से जानकारी देने को कहा है। साथ ही नियामक ने यात्रियों की सुविधा के लिए स्थिति पर करीबी नजर रखने की बात भी कही। डीजीसीए ने कहा कि यात्रियों को कम से कम असुविधा हो, यह सुनिश्चित करने के लिए वह विस्तारा के उड़ान रद्द करने के मामलों पर करीबी नजर रख रहा है।

एक सूत्र के अनुसार, एयरलाइन ने मंगलवार को 50 से अधिक उड़ाने रद्द की हैं। सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि कुछ कमांडर के साथ-साथ इसके ए320 बेड़े के प्रथम अधिकारी भी नए अनुबंधों में वेतन संशोधन की मांग को लेकर विरोध जताते हुए बीमार होने की सूचना दे रहे हैं। चालक दल की अनुपलब्धता और अन्य परिचालन कारणों के कारण एयरलाइन द्वारा परिचालन कम करने की घोषणा के एक दिन बाद यह बात सामने आई है। डीजीसीए ने मंगलवार को बयान में कहा कि विस्तारा की विभिन्न उड़ान बाधाओं के मद्देनजर उसने एयरलाइन को रद्द की जा रही और विलंबित उड़ानों की दैनिक जानकारी तथा विवरण देने को कहा है।

डीजीसीए के अधिकारी उड़ान रद्द होने और देरी की स्थिति में यात्रियों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए जरूरी आवश्यकताओं का अनुपालन सुनिश्चित करने को स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। नियामक ने कहा, यह यात्रियों की असुविधा को कम करने के लिए है। नागर विमानन मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि वह विस्तारा की उड़ानें रद्द होने की स्थिति पर नजर रख रहा है।

# सड़क परिवहन मंत्रालय ने 40,314 करोड़ जुटाए

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2023-24 में अपनी परिसंपत्तियों के मौद्रीकरण के जरिये कुल 40,314 करोड़ रुपये जुटाए हैं, जो निर्धारित लक्ष्य से काफी अधिक है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि मंत्रालय ने टोल वसूली-परिचालन- हस्तांतरण (टीओटी) समूहों के मौद्रीकरण के जरिये समाप्त वित्त वर्ष में 15,968 करोड़ रुपये जुटाए जबकि अवसंरचना निवेश न्यास (इनविट) के माध्यम से 15,700 करोड़ रुपये और प्रतिभूतियों की बिक्री के जरिये 8,646 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इस तरह वित्त वर्ष 2023-24 के लिए संपत्ति मौद्रीकरण के जरिये जुटाई गई राशि 28,968 करोड़ रुपये के निर्धारित लक्ष्य से आगे निकल गई। मंत्रालय ने संपत्ति मौद्रीकरण के जरिये वित्त वर्ष 2022-23 में 32,855 करोड़ रुपये जुटाए थे। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय फिलहाल अपनी परिसंपत्तियों का मौद्रीकरण तीन तरीकों से करता है जिसमें टीओटी मॉडल, इनविट और परियोजना-आधारित वित्तपोषण शामिल है। इस तरह सभी श्रेणियों के निवेशकों को संबंधित परिसंपत्तियों में निवेश करने का अवसर दिया जाता है। इनविट म्यूचुअल फंड की तर्ज पर एक निवेश साधन है, जिसे निवेशकों से पैसा इकट्ठा करने और परिसंपत्तियों में निवेश करने के लिए बनाया है।

# बायजू 500 कर्मियों की छंटनी करेगी, ट्यूशन सेंटर होंगे प्रभावित

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

वित्तीय संकट से घिरे शिक्षा-प्रौद्योगिकी मंच बायजू को फिर से पटरी पर लाने की कोशिशों के बीच करीब 500 कर्मचारियों की छंटनी की जा रही है। सूत्रों ने कहा कि यह छंटनी कारोबार पुनर्गठन की कोशिशों का हिस्सा है। इसकी शुरुआत 15-20 दिन पहले हुई थी और इस प्रक्रिया में करीब 500 कर्मचारी प्रभावित हो सकते हैं।

नौकरी में कटौती का नवीनतम दौर बिक्री कार्यों, शिक्षकों और कुछ ट्यूशन केंद्रों को प्रभावित करेगा। हालांकि सूत्रों ने कहा कि बायजू को बेहद खराब स्थिति में ही आगे चीजों को सुसंगत करने की जरूरत पड़ सकती है। ऐसी सूचना है कि कुछ प्रभावित कर्मचारियों को फोन पर छंटनी की सूचना दे दी गई है। लेकिन छंटनी के संबंध में बायजू ने कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। बायजू के प्रवक्ता ने एक ईमेल प्रतिक्रिया में कहा, ''हम परिचालन ढांचे को सरल बनाने, लागत आधार को कम करने और बेहतर नकदी प्रवाह प्रबंधन के लिए अक्टूबर, 2023 में घोषित कारोबार पुनर्गठन अभ्यास के अंतिम चरण में हैं।''

## रुपया तीन पैसे फिसला

**मुंबई।** आयातकों और बैंकरों की लिवाली के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया तीन पैसे फिसलकर 83.42 रुपये प्रति डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.39 रुपये प्रति डॉलर रहा था। शुरूआती कारोबार में रुपया दो पैसे को बढ़त लेकर 83.37 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान हुई बिकवाली की बदौलत 83.34 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से यह 83.43 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। पिछले दिवस के 83.39 रुपये प्रति डॉलर की तुलना में तीन पैसे फिसलकर 83.42 रुपये प्रति डॉलर रह गया।

# भीषण गर्मी में बिजली की अधिकतम मांग 260 गीगावाट पहुंचने के आसार

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

इन गर्मियों में बिजली की अधिकतम मांग 260 गीगावाट पर पहुंच जाने के अनुमान के बीच कोयले से पैदा होने वाली बिजली पर भारत की अत्यधिक निर्भरता बने रहने के आसार हैं। बिजली मंत्रालय के एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि देश के कुछ हिस्सों में इस साल भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। इस दौरान बिजली की मांग भी काफी बढ़ जाएगी और मंत्रालय इसे ध्यान में रखते हुए अपनी तैयारी कर रहा है।

अधिकारी ने कहा कि नवीकरणीय क्षमताओं में वृद्धि जारी होने के बीच चरम मांग को पूरा करने के लिए बिजली संयंत्रों में कोयले का भंडार जमा किया जा रहा है। इसके अलावा सौर ऊर्जा भी मांग को पूरा करने में काफी मदद करेगी। मंत्रालय ने सभी बिजली उत्पादक कंपनियों, खासकर कोयले से चलने वाले ताप-विद्युत संयंत्रों को अपनी रखरखाव योजनाओं को टालने का निर्देश दिया है। इसके अलावा गैस-आधारित बिजली संयंत्रों को बिजली पैदा करने के लिए उपलब्ध रहने को कहा गया है। भारतीय मौसम-विज्ञान विभाग ने मंगलवार को अनुमान जताया कि भारत में अप्रैल-जून की अवधि में भीषण गर्मी का सामना करना होगा। इसकी सबसे ज्यादा मार देश के मध्य और पश्चिमी प्रायद्वीपीय हिस्सों पर पड़ने की आशंका है। इसके अलावा, अधिकांश मैदानी इलाकों में सामान्य से अधिक लू चलने का अनुमान है। मौसम विभाग का कहना है कि देश के विभिन्न हिस्सों में सामान्यतः चार से आठ दिन की तुलना में 10-20 दिन तक लू चल सकती है। बिजली मंत्रालय का अनुमान है कि देश में अधिकतम मांग 260 गीगावाट तक पहुंच सकती है, जो पिछले साल सितंबर के रिकॉर्ड 243 गीगावाट से अधिक है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### आबकारी विभाग ने 32 हजार बल्क लीटर अवैध शराब की जब्त

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के राज्य कर एवं आबकारी विभाग ने प्रदेश में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ व्यापक अभियान आरम्भ किया है। यह जानकारी देते हुए आयुक्त डॉ. यूनुस ने मंगलवार को यहां बताया कि विभाग ने एक सघन अभियान के दौरान जिला बिलासपुर जिला के दबट व माजरी इत्यादि क्षेत्रों में तलाशी अभियान के दौरान अवैध शराब की 10 भट्टियों पर कार्रवाई की। पंजाब के आबकारी विभाग के साथ की गई इस संयुक्त कार्रवाई में 18000 बल्क लीटर लाहन बरामद कर नष्ट किया गया। इसकी अनुमानित कीमत 18 लाख रुपये आंकी गई है।

### अरुणाचल प्रदेश भारत का अविभाज्य अभिन्न अंग : पेमा खांडू

ईटानगर। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने मंगलवार को कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अविभाज्य अभिन्न अंग है। उन्होंने बीजिंग द्वारा राज्य में 30 और स्थानों के लिए चीनी नामों की घोषणा को ''एक और नौटंकी'' करार दिया। खांडू ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश के गौरवान्वित नागरिक और देशभक्त लोग चीन की ऐसी हरकतों को खारिज कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने एक बयान में कहा, भारत का एक गौरवान्वित नागरिक और अरुणाचल प्रदेश का मूल निवासी होने के नाते, मैं अरुणाचल प्रदेश के आंतरिक स्थानों के (चीनी) नामकरण के इस कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं।

### पूर्व भाजपा विधायक की पत्नी फिर पार्टी में शामिल

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तीन बार विधायक रहे राकेश वर्मा की पत्नी इंदु वर्मा मंगलवार को अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गईं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल की उपस्थिति में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। हिमाचल विधानसभा के लिए 2022 में हुए चुनाव से ठीक पहले वह कांग्रेस में शामिल हो गई थीं, लेकिन ठियोग सीट से टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा। विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने ठियोग सीट से पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख कुलदीप राठौर को मैदान में उतारा था।

# मोदी से राहुल का कोई मुकाबला नहीं: शाह

### इंडिया समूह को वंशवादियों और भ्रष्टाचारियों का गठबंधन करार दिया

**बेंगलुरु, एजेंसी**



केंद्रीय गृह मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए इंडिया समूह को वंशवादियों और भ्रष्टाचारियों का गठबंधन करार दिया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गांधी का कोई मुकाबला नहीं है।

शाह ने यहां पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, "आगामी आम चुनावों में एक तरफ जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और भाजपा है, वहीं दूसरी ओर 'परिवारवादियों' और 'भ्रष्टाचारियों' का यह द इंडिया समूह है।'' उन्होंने दावा किया कि राजग राज्य की सभी 28 सीटें जीतेगी। उन्होंने सत्तारूढ़ कांग्रेस पर राज्य में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने मोदी की ईमानदारी की प्रशंसा करते हुए दावा किया कि उनके (मोदी) के नेतृत्व में भाजपा ने पारदर्शिता का उदाहरण प्रस्तुत किया है। गृह मंत्री ने कहा, "लोगों के पास स्पष्ट विकल्प है। एक ओर जहां मोदी ने एक पैसे के भ्रष्टाचार के बिना 23 वर्षों तक शासन किया है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस ने 12 लाख करोड़ रुपये का घोटाला किया है। ये लोग जहां कहीं भी सत्ता में आते हैं, भ्रष्टाचार में लिप्त हो जाते हैं। इनका दिमाग कभी भी लोगों की सेवा करने पर केंद्रित नहीं होता है।" उन्होंने भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार की भी निंदा की। उन्होंने इसकी तुलना मोदी के भ्रष्टाचार मुक्त शासन के रिकॉर्ड से की। उन्होंने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के तौर पर मोदी के अपने कार्यकाल के दौरान कोई छुट्टी न लेने की उनकी कार्य नीति का उल्लेख करके उनके (मोदी के) समर्पण का उल्लेख किया। शाह ने कहा, " प्रधानमंत्री हमेशा भारत के लिए काम करते हैं। वह एक दिन की भी छुट्टी नहीं लेते हैं, जबकि राहुल 'बाबा' गर्मियों की छुट्टियों में घूमने के लिए विदेश जाते हैं। प्रत्येक छह महीने में कांग्रेस कांग्रेस कार्यकर्ता उन्हें ढूंढने लगते हैं। पूरा देश इस समय मोदी के साथ खड़ा है।" इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता बी.एस. येदियुरप्पा, प्रह्लाद जोशी सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।



जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव को देखते हुए सेना और पुलिस अलर्ट पर हैं। वहीं जम्मू संभाग के पुंछ जिले के मेंढर क्षेत्र में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने संक्त टीम के साथ संवेदनशील स्थानों का दौरा किया। ● एजेंसी

## महाराष्ट्र सदन घोटाला मामले में भुजबल को जारी किया नोटिस

**मुंबई, एजेंसी**

बॉम्बे उच्च न्यायालय ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता एवं महाराष्ट्र सरकार में मंत्री छगन भुजबल और उनके परिवार के सदस्यों को एक याचिका पर मंगलवार को नोटिस जारी किये हैं। इस याचिका में भुजबल और उनके परिजनों को नयी दिल्ली के महाराष्ट्र के सदन के निर्माण में कथित घोटाले से संबधित एक मामले में सत्र न्यायालय द्वारा आरोप मुक्त किये जाने को चुनौती दी गयी है। न्यायमूर्ति एस एम मोदक की पीठ ने महाराष्ट्र सरकार के भ्रष्टाचार निवारक ब्यूरो (एसीबी) के माध्यम से भुजबल, उनके पुत्र पंकज, भतीजा समीर और छह अन्य को नोटिस भेजे हैं। अदालत अब इस मामले की अगली सुनवाई 29 अप्रैल को करेगी।

# फर्जी खबरों के विरुद्ध ऑनलाइन रजिस्टर

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

चुनाव आयोग ने नयी लोकसभा चुनने के लिए इस समय जारी प्रक्रिया में फर्जी खबरों और सूचनाओं से निपटने के लिए मंगलवार को 'कल्पना बनाम सच्चाई रजिस्टर' नाम से एक नया सावर्जजनिक ऑनलाइन रजिस्टर शुरू किया है। इस रजिस्टर को अद्यतन फैक्ट-चेक (तथ्यों की जांच) में उजागर नकली सूचनाओं और आयोग द्वारा चुनाव संबंधी विषयों में समय-समय पर जारी की जाने वाली सामान्य प्रश्नोत्तरी (एफएक्यू) को शामिल करने के लिए नियमित रूप से अपडेट किया जाएगा। आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार यह पहल गलत सूचनाओं के प्रसार से निपटने और चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को बनाए रखने के लिए आयोग द्वारा किए जा रहे उपायों का हिस्सा है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने अपने साथी दोनों चुनाव आयुक्तों - ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ निर्वाचन सदन में आयोजित एक समारोह में चुनाव आयोग की अधिकृत वेबसाइट पर इस रजिस्टर का उद्घाटन किया। आयोग ने कहा है कि ' कल्पना बनाम सच्चाई रजिस्टर' की शुरूआत चुनावी प्रक्रिया को गलत सूचना से बचाने के लिए आयोग के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कोशिश है।

## अरविंद केजरीवाल की नैतिकता समाप्त हो चुकी है : भाजपा

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भ्रष्टाचार के आरोप में घिरे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल द्वारा जेल से सरकार चलाने पर आड़े हाथों लेते हुए मंगलवार को कहा कि अब भ्रष्ट आचरण से केजरीवाल की नैतिकता समाप्त हो चुकी है और दिल्ली की जनता उनसे मुक्ति चाहती है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए इंडिया समूह पर जमकर हमला बोला और भ्रष्टाचार के आरोप में संलिप्त दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल द्वारा जेल से सरकार चलाने पर सवाल उठाए। भाटिया ने इंडिया समूह पर निशाना साधा।

## निर्वाचन आयोग ने पांच राज्यों में दो आईजी, आठ डीएम, 12 पुलिस अधीक्षकों के तबादले किए

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के लिए अपनी ''नियमित समीक्षा'' के तहत मंगलवार को पांच राज्यों में दो पुलिस महानिरीक्षकों (आईजी), आठ जिलाधिकारियों और 12 पुलिस अधीक्षकों के तबादले का आदेश जारी किया।

आयोग ने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में यह फैसला किया गया। बैठक में निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू भी उपस्थित थे। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के लिए तारीखों की 16 मार्च को घोषणा की थी। ये चुनाव सात चरणों में, 19 अप्रैल से एक जून तक होंगे। मतगणना चार जून को होगी। साथ ही, जिन अधिकारियों को मौजूदा पदस्थापन से हटा दिया गया है, उन्हें लोकसभा चुनाव संपन्न होने तक कोई चुनावी ड्यूटी नहीं दी जाए। संबंधित राज्य सरकारों को निर्देश दिया गया है कि वे भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों के नामों की एक सूची आयोग को भेजें तथा 'शॉर्टलिस्ट' किए गए अधिकारियों को स्थानांतरित अधिकारियों के स्थान पर नियुक्त किया जाए। स्थानांतरित किये गए पुलिस महानिरीक्षकों में आंध्र प्रदेश के गुंटुर क्षेत्र और ओडिशा में मध्य क्षेत्र के आईजी शामिल हैं। स्थानांतरित किये गए अन्य अधिकारियों में बिहार के भोजपुर जिले के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक, नवादा जिले के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक तथा असम में उदलगिरि के जिलाधिकारी शामिल हैं। वहीं, आयोग ने झारखंड के मुख्य सचिव को पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) रांची, पुलिस उपमहानिरीक्षक (पलामू) और पुलिस महानिरीक्षक (दुमका) के पदों पर रिक्तियों को भरने के लिए अधिकारियों के नाम की एक सूची भेजने को कहा है।

# ओडिशा विस चुनाव के लिए भाजपा की सूची जारी

**नयी दिल्ली/भुवनेश्वर, दो अप्रैल (भाषा)**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को आगामी ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए 112 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। पार्टी ने अपने 22 मौजूदा विधायकों में से 21 पर फिर से भरोसा जताते हुए उन्हें उम्मीदवार बनाया है। भाजपा का टिकट नहीं पाने वाले एकमात्र विधायक पुरी जिले के ब्रह्मगिरि से ललितेंदु विद्याधर महापात्रा हैं। महापात्रा की भतीजी उपासना महापात्रा को ब्रह्मगिरी विधानसभा सीट से टिकट मिला है।

मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के खिलाफ हिंजली विधानसभा सीट से शिशिर मिश्रा को मैदान में उतारा गया है। इस सूची में उपासना सहित आठ महिला उम्मीदवार हैं। इनमें सुंदरगढ़ की विधायक कुसुम टेटे, सेबती नायक (बोनाई), बबीता मलिक (बिंझरपुर), स्मृति रेखा पाही (धर्मशाला), कल्पना कुमार खारा (बालीगुडा), पार्वती परीदा (नीमापारा) और प्रत्यूषा राजेश्वरी सिंह (नयागढ़) शामिल हैं। प्रत्यूषा राज्य की सत्ताधारी बीजू जनता दल (बीजद) की पूर्व सांसद हैं और नयागढ़ विधानसभा सीट से पूर्व मंत्री और मौजूदा विधायक अरुण कुमार साहू के खिलाफ चुनाव लड़ेंगी। सूची के अनुसार, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल भद्रक जिले की चांदबली विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे, जबकि पार्टी के वरिष्ठ नेता और बरगढ़ से मौजूदा सांसद सुरेश पुजारी ब्रजराजनगर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। पुजारी को इस बार लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए पार्टी के टिकट से वंचित कर दिया गया था। पिछले दिनों भाजपा में शामिल होने वाले अभिनेता और दो बार के सांसद रहे सिद्धांत महापात्रा को डिगपींडी से भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है।

ओडिशा विधानसभा में विपक्ष के नेता जयनारायण मिश्रा अपनी पारंपरिक विधानसभा सीट संबलपुर से चुनाव लड़ेंगे। इसी तरह पूर्व मंत्री और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष केवी सिंहदेव बोलांगीर जिले की पटनागढ़ विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। उनकी पत्नी संगीता कुमारी सिंह देव बोलंगीर लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार हैं। बीजद के पांच दलबदलुओं, अरविंद धाली, आकाश दास नायक, सिद्धांत महापात्रा, पूर्ण चंद्र सेठी और प्रियदर्शी मिश्रा को भाजपा ने टिकट दिया है। अरबिंद धाली खुर्दा जिले की जयदेव विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। अभिनेता से नेता बने आकाश दास नायक को जाजपुर जिले की कोरई विधानसभा सीट से टिकट दिया गया है जबकि बीजद के पूर्व विधायक प्रियदर्शी मिश्रा भुवनेश्वर उत्तर सीट से चुनाव लड़ेंगे। बीजद छोड़कर 26 मार्च को भाजपा में शामिल हुए पूर्व विधायक पूर्ण चंद्र सेठी खल्लीकोट विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे।

# सत्ता परिवर्तन पर वकीलों का पैनल बदल रहे राज्य

- सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी, इस बात का ध्यान रखें कि कोर्ट के कामकाज पर असर ना पड़े

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि तमाम राज्य और केंद्र शासित प्रदेश कभी भी अपने सूचीबद्ध अधिवक्ता बदल सकते हैं लेकिन सभी को एक बात का ध्यान रखना होगा। अपने सूचीबद्ध वकीलों को बदलते समय यह सुनिश्चित करना होगा कि अदालत के कामकाज पर असर ना पड़े। कोर्ट ने कहा कि अधिवक्ताओं के पैनल को बदलते समय राज्यों को कम से कम छह सप्ताह तक पुराने पैनल को जारी रखना चाहिए। इससे न्यायालयों को स्थगन देने के लिए मजबूर न होना पड़े।

इस मामले में न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि एक राजनीतिक दल से दूसरे राजनीतिक दल में सत्ता परिवर्तन के बाद सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अदालत में पेश होने वाले अपने अधिवक्ताओं के पैनल को बदल रहे हैं। इस वजह से कोर्ट को परिवर्तन के आधार पर समय-समय पर स्थगन देना जरूरी है। कोर्ट ने कहा कि यह सच है कि उनके पास अपने सूचीबद्ध अधिवक्ताओं को बदलने की शक्ति है, लेकिन इस बात का भी ध्यान रखने की जरूरत है कि कोर्ट के कामकाज पर असर ना पड़े। इसलिए, राज्य और केंद्र शासित प्रदेश ऐसा बदलाव करते समय अधिवक्ताओं के पुराने पैनल को कम से कम छह सप्ताह तक जारी रख सकते हैं।

इससे न्यायालयों को स्थगन देने के लिए मबूर नहीं होना पड़ेगा। शीर्ष अदालत ने इस आदेश की एक प्रति सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करने वाले स्थायी वकील को प्रसारित करने का निर्देश दिया है।

## खनन मामले में ईडी के सामने पेश नहीं हुए 5 डीएम



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कथित अवैध रेत खनन के संबंध में मनी लॉन्ड्रिंग जांच के आदेश के बावजूद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष उपस्थित नहीं होने पर मंगलवार को तमिलनाडु के पांच जिला कलेक्टरों को फटकार लगाई है। शीर्ष अदालत ने अधिकारियों को 25 अप्रैल को व्यक्तिगत रूप से ईडी के सामने पेश होने का निर्देश दिया है। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि अधिकारियों ने अभद्र रवैया अपनाया है और कार्रवाई से पता चलता है कि उनके मन में अदालत, कानून और संविधान के प्रति कोई सम्मान नहीं है। कोर्ट ने कहा, हमारी राय में इस तरह का लापरवाह रवैया उन्हें एक कठिन परिस्थिति में डाल देगा। जब अदालत ने ईडी द्वारा जारी समन के जवाब में उन्हें पेश होने का निर्देश देते हुए आदेश पारित किया, तो उनसे उसी आदेश का पालन करने और अदालत में उपस्थित होने की उम्मीद की गई थी।

# कच्चातिवु द्वीप पर 1974 में श्रीलंका से हुआ था समझौता

*कच्चातिवु द्वीप का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में है। वजह है एक आरटीआई आवेदन से निकलकर आई जानकारी। दरअसल, तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने आरटीआई दायर कर कच्चातिवु के बारे में पूछा था। अब आरटीआई के जवाब में कहा गया है कि सन 1974 में भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और श्रीलंका की राष्ट्रपति श्रीमावो भंडारनायके ने एक समझौता किया था। इसके तहत कच्चातिवु द्वीप को श्रीलंका को औपचारिक रूप से सौंप दिया गया था। जानकारी सामने आने के बाद भाजपा कांग्रेस पर हमलावर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर विदेश मंत्री ने इस मुद्दे को उठाया है।*




## पुनः पाने की उठती रही है मांग

तमिलनाडु की तमाम सरकारें 1974 के समझौते को मानने से इनकार करती रहीं और श्रीलंका से द्वीप को दोबारा प्राप्त करने की मांग उठाती रहीं। 1991 में तमिलनाडु विधानसभा द्वारा समझौते के खिलाफ एक प्रस्ताव लाया गया जिसके जरिए द्वीप को पुन: प्राप्त करने की मांग की गई थी। 2008 में तमिलनाडु की तत्कालीन मुख्यमंत्री जयललिता केंद्र के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंच गईं और कच्चातिवु समझौतों को रद्द करने की अपील की। उन्होंने कहा था कि कच्चातिवु उपहार में देने वाले देशों के बीच दो संधियां असंवैधानिक हैं। इसके अलावा साल 2011 में जयललिता ने एक बार फिर से विधानसभा में प्रस्ताव पारित कराया। मई 2022 में तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने मोदी की मौजूदगी में एक समारोह में मांग की थी कि कच्चातिवु द्वीप को भारत में पुन: प्राप्त किया जाना चाहिए।

## कहां स्थित है यह द्वीप

कच्चाति वु पाक जलडमरूमध्य में एक छोटा सा द्वीप है, जो बंगाल की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है।




285 एकड़ हरित क्षेत्र 1976 तक भारत का था। हालांकि, श्रीलंका और भारत के बीच एक विवादित क्षेत्र है, जिस पर आज श्रीलंका हक जताता है। दरअसल, साल 1974 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने समकक्ष श्रीलंकाई राष्ट्रपति श्रीमावो भंडारनायके के साथ 1974-76 के बीच चार समुद्री सीमा समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे। इन्हीं समझौते के तहत कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया गया।

## क्या है कच्चातिवु द्वीप का इतिहास

कच्चातिवू द्वीप का निर्माण 14वीं शताब्दी में ज्वालामुखी विस्फोट के कारण हुआ था। यह कभी 17वीं शताब्दी में मदुरई के राजा रामानद के अधीन था। ब्रिटिश शासनकाल में यह द्वीप मद्रास प्रेसीडेंसी के पास आया। 1921 में श्रीलंका और भारत दोनों ने मछली पकड़ने के लिए भूमि पर दावा किया और विवाद अनसुलझा रहा। आजादी के बाद इसे भारत का हिस्सा माना गया। साल 1974 में 26 जून को कोलंबो और 28 जून को दिल्ली में दोनों देशों के बीच इस द्वीप के बारे में बातचीत हुई। इन्हीं दो बैठकों में कुछ शर्तों के साथ इस द्वीप को श्रीलंका को सौंप दिया गया। तब शर्त यह रखी गई कि भारतीय मछुआरे अपना जाल सुखाने के लिए इस द्वीप का इस्तेमाल कर सकेंगे और द्वीप में बने चर्च में भारत के लोगों को बिना वीजा के जाने की अनुमति होगी। समझौतों ने भारत और श्रीलंका की अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा चिह्नित कर दी। हालांकि इस समझौते का तमिलनाडु के तत्कालीन मुख्यमंत्री एम करुणानिधि ने तीखा विरोध किया था।

## एक नजर

### मुंबई में रासायनिक संयंत्र में लगी आग, दो फैक्ट्रियां खाक

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले के नवी मुंबई के एक औद्योगिक क्षेत्र में मंगलवार को रासायनिक संयंत्र में आग लग गई, जिससे आसपास की दो अन्य फैक्ट्रियां जलकर खाक हो गईं। दमकल विभाग के अधिकारी ने बताया कि पावने-कॉपरखैरने में एमआईडीसी में रासायनिक फैक्ट्री में सुबह आग लगी, जिसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि एमआईडीसी से अग्निशमन सेवाएं और कॉपरखैरने के आसपास के अग्निशमन केंद्रों की 14 दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और चार घंटे तक आग पर काबू पाने को लेकर मशक्कत की। रसायन लीक होने से आग लगने का कारण बताया गया है। आगे की जांच जारी है।

### चोरी के शक में युवक को पीटा, मौत सबूत मिटाने के लिए शव जलाया

शिमला। हिमाचल प्रदेश की राजधानी में 38 साल के युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी, बाद सबूत मिटाने के लिए शव को जला दिया। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैसल गई। वारदात के 10 दिन बाद मृतक की मां की तहरीर पर शिमला के बालूगंज थाने में मामला दर्ज किया गया। शिमला से सटे सुन्नी की बझोल निवासी तारा देवी ने शिकायत में कहा कि उसका बेटा टीकमचंद पिछले आठ-नौ सालों से खरयाड़ में सेवानन्द के घर में मजदूरी का काम करता था। 22 मार्च को सेवानन्द की पत्नी प्रभा ने इसे फोन कर बताया कि टीकमचंद की गिरने के कारण मौत हो गई है और शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। जबकि, पुलिस को स्थानीय लोगों से जानकारी मिली कि, शक में गांव वालों ने हत्या कर दी है, शव जला दिया। एसएसपी संजीव गांधी ने कहा- मामले की जांच की जा रही है।

### इंडिया समूह एकजुट है, लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ेगा : फारूक

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि इंडिया समूह एकजुट है और देश के संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ेगा। अब्दुल्ला ने कहा, इंडिया समूह में कोई विवाद नहीं है और सभी एकजुट हैं चाहे वह फारूक हों, उमर हों या महबूबा हों। वह कांग्रेस उम्मीदवार रमन भल्ला के समर्थन में आए थे, जम्मू लोकसभा सीट के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने कहा-हमें उम्मीद है कि भारत के लोग लोकसभा चुनाव में उनका (इंडिया समूह) का समर्थन करेंगे।

### तुर्की में नाइट क्लब में लगी आग 29 लोगों की मौत, एक जख्मी

अंकारा। तुर्की में इस्तांबुल के एक नाइट क्लब में आग लगने से कम से कम 29 लोगों की मौत हुई है। इस्तांबुल के गवर्नर दावुत गुल कार्यालय ने मंगलवार को बताया है कि नाइट क्लब में मरम्मत के दौरान आग लग गई। घटना में 29 की मौत हुई है और एक व्यक्ति जख्मी हुआ है। आग में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 29 हो गई है। घायल का अस्पताल में इलाज चल रहा है। जिले में स्थित 16 मंजिला इमारत के भूतल पर स्थित है। घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

# चीन का बढ़ता दुस्साहस... नाम बदलने से वास्तविकता नहीं बदलेगी

## भारत की दो टूक- अरुणाचल के 30 शहरों को दिए चीनी नाम अस्वीकार

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदलने के चीन के प्रयास को खारिज कर दिया। मंत्रालय ने कहा कि नाम बदलने के प्रयास से इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है और रहेगा।



चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के 30 शहरों के नए नामों की चौथी सूची जारी करने के बाद मंत्रालय ने अपना बयान जारी किया। मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जयसवाल ने कहा, चीन भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदलने के प्रयासों पर कायम है। हम चीन द्वारा किए गए इन प्रयासों को दृढ़ता से अस्वीकार करते हैं। स्थानों का नाम बदलने से यह वास्तविकता नहीं बदलेगी कि अरुणाचल भारत का एक अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है और हमेशा रहेगा। इससे पहले 28 मार्च को भारत ने कहा था कि चीन अपने निराधार दावों को दोहरा सकता है। बता दें, पिछले 7 सालों में ऐसा चौथी बार हुआ है जब चीन ने अरुणाचल की जगहों का नाम बदला हो। चीन ने अप्रैल 2023 में अपने नक्शे में अरुणाचल प्रदेश की 11 जगहों के नाम बदल दिए थे। चीन ने पिछले 5 साल में तीसरी बार ऐसा किया था। इसके पहले 2021 में चीन ने 15 जगहों और 2017 में 6 जगहों के नाम बदले थे। दरअसल, चीन की तरफ से अक्सर दावा किया जाता है कि अरुणाचल प्रदेश उसका हिस्सा है।

### भारत भी तिब्बत के 60 स्थानों को दे अपने नाम, चीन पर भड़के हिमंत

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने मंगलवार को भारत सरकार से आग्रह किया कि वह अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदलने के चीन के प्रयासों के जवाब में जैसे को तैसा वाला रवैया अपनाए। सरमा ने सुझाव दिया की भारत को तिब्बत के साठ क्षेत्रों के लिए खुद के नाम देकर इसका मुकाबला करना चाहिए। सरमा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, भारत सरकार से मेरा अनुरोध है कि हमें भी तिब्बत के 60 इलाकों को भौगोलिक नाम देने चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जवाब हमेशा जैसे को तैसा होना चाहिए। लेकिन मैं टिप्पणी नहीं करना चाहता, क्योंकि यह भारत सरकार का नीतिगत फैसला है। लेकिन अगर उन्होंने 30 का नाम लिया है तो हमें 60 का नाम लेना चाहिए। चीन ने हाल ही में अरुणाचल पर अपने दावे को जोर दिया है और विभिन्न स्थानों के 30 नामों की चौथी सूची जारी की थी।



### अरुणाचल पर भारत की प्रतिक्रिया कमजोर और लचर : कांग्रेस

नई दिल्ली। अरुणाचल प्रदेश के 30 स्थानों का नाम बदले जाने पर कांग्रेस ने भारत की प्रतिक्रिया कमजोर और लचर बताया है। मंगलवार को आरोप लगाया कि जयशंकर की प्रतिक्रिया बहुत कमजोर थी जो सरकार एवं विदेश मंत्री को शोभा नहीं देती। पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष तिवारी ने दावा किया कि जो लोग कच्चातिवु पर आवाज बुलंद करते हैं वो चीन का नाम लेने से भी डरते हैं। उन्होंने सवाल किया कि भारत की कितनी जमीन मई, 2020 के बाद से चीन के नियंत्रण में है, मोदी सरकार ने उस जमीन को खाली क्यों नहीं कराया? चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न स्थानों के 30 नए नाम जारी किए जाने के कुछ दिन बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा था कि अरुणाचल एक भारतीय राज्य था, है, और भविष्य में भी रहेगा।

# सरहद पर सेना पूरी मुस्तैदी के साथ खड़ी

- राजनाथ बोले- शांतिपूर्ण समाधान के लिए दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी है

नई दिल्ली, एजेंसी



नई दिल्ली में मंगलवार को आर्मी कमांडर्स कॉन्फ्रेंस में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ मौजूद रहे सीडीएस अनिल चौहान और सेना प्रमुख मनोज पांडे।

चीन एक बार फिर अरुणाचल प्रदेश को लेकर तमाम बयानबाजी कर रहा है। पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच सैन्य टकराव जारी रहने के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि सरहद पर भारतीय सेना पूरी मुस्तैदी के साथ खड़ी है। शांतिपूर्ण समाधान के लिए दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी है।

सेना के शीर्ष कमांडरों को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने रक्षा और सुरक्षा को नई ऊंचाईयों तक ले जाने के लिए सेना के नेतृत्व की सराहना की है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में सेना का अहम योगदान है। राजनाथ सिंह ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की भी सराहना की और कहा कि उसके प्रयासों से पश्चिमी और उत्तरी सीमाओं पर सड़क संचार में एक बड़ा सुधार आया है। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा कि उत्तरी सीमाओं पर मौजूदा स्थिति पर राजनाथ सिंह ने पूरा विश्वास जताया और सरहद पर मौजूद सैनिकों की सराहना की है। गौरतलब है कि भारत और चीन की सेना के बीच पूर्वी लद्दाख में कुछ क्षेत्रों को लेकर लगभग चार वर्षों से गतिरोध बना हुआ है, जबकि दोनों पक्षों ने व्यापक राजनयिक और सैन्य वार्ता के बाद कई क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी पूरी कर ली है। पाकिस्तान से सटी सीमा का जिक्र करते हुए राजनाथ ने कहा कि सीमा पार आतंकवाद को रोका है। हालांकि सरहद पार से अभी भी छद्म युद्ध जारी है।

## भारत को जरूर मिलेगी सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता : एस. जयशंकर



गांधीनगर। भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की स्थायी सदस्यता जरूर मिलेगी लेकिन इसके लिए एक बात का ध्यान रखना होगा। इसके लिए कड़ी मेहनत की जरूरत है। ये बातें विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुजरात के राजकोट बुद्धिजीवियों के साथ बातचीत के दौरान बताई। दरअसल इस दौरान दर्शकों ने विदेश मंत्री से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता को लेकर भारत की संभावनाओं के बारे में सवाल पूछा था। विदेश मंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र का गठन लगभग 80 साल पहले हुआ, जब चीन, फ्रांस, सोवियत संघ, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका ने इसकी सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने का फैसला लिया। उन्होंने कहा कि उस समय दुनिया में लगभग 50 स्वतंत्र देश थे, जिनकी संख्या बढ़कर अब 193 हो गई है, लेकिन अब भी पांच देशों ने परिषद पर अपना नियंत्रण बनाए रखा है। जयशंकर ने कहा कि अब दुनिया भर में यह मांग उठ रही है कि परिषद में बदलाव होना चाहिए और भारत को एक स्थायी सीट मिलनी चाहिए।

## रथ खींचने की मची होड़...



मथुरा : वृन्दावन के रंग जी मन्दिर के ब्रम्होत्सव में भगवान रंगनाथ की जय के साथ रथ खींचने की भक्तों में होड़ मच गई। जिसे रथ खींचने का मौका मिल गया धन्य हो गया और जिसे नही मिला उसने दूर से ही भगवान रंगनाथ को प्रणाम कर स्वयं को धन्य किया। इससे पहले 60 फीट ऊंचे रथ पर विराजमान भगवान रंगनाथ की रथ चलने के पहले वैदिक मंत्रो एवं शंखध्वनि के बीच आरती उतारी गई। बता दें, मन्दिर का 176वां ब्रम्होत्सव था और रथ भी इतना ही पुराना और चन्दन की लगड़ी का बना हुआ है। ● एजेंसी

# चुनाव के बाद सुधर सकते हैं भारत-पाक रिश्ते

- पड़ोसी देश के रक्षा मंत्री बोले पाकिस्तान ने भारत के साथ कम किए थे राजनयिक संबंध

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भारत में आम चुनाव के बाद रिश्ते बेहतर होने की उम्मीद जताई है। आसिफ की यह टिप्पणी सिंगापुर में विदेश मंत्री एस जयशंकर के उस बयान के कुछ दिनों बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान लगभग इंडस्ट्री लेवल पर आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है और भारत का मूड अब आतंकवादियों को नजरअंदाज नहीं करने का है।

सोमवार को इस्लामाबाद में संसद भवन के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए आसिफ ने कहा, भारत में चुनाव के बाद हमारे संबंध बेहतर हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों की अपनी अपनी पृष्ठभूमि है। भारत में सात चरणों में मतदान हो रहा है। इस्लामाबाद और नई दिल्ली के बीच तनावपूर्ण संबंधों का एक लंबा इतिहास रहा है, जिसका मुख्य कारण कश्मीर मुद्दा और साथ ही पाकिस्तान से उत्पन्न होने वाला सीमा पार आतंकवाद है। बता दें, 2019 में, भारत सरकार द्वारा संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, जम्मू और कश्मीर की विशेष स्थिति को रद्द करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद पाकिस्तान ने नई दिल्ली के साथ अपने राजनयिक संबंधों को कम कर दिया। इस्लामाबाद ने कहा कि इस फैसले ने पड़ोसियों के बीच बातचीत के माहौल को कमजोर कर दिया है। पाकिस्तान इस बात पर जोर देता रहा है कि संबंधों को सुधारने की जिम्मेदारी भारत पर है और वह उससे बातचीत शुरू करने की पूर्व शर्त के तौर पर कश्मीर में अपने एकतरफा कदमों को वापस लेने का आग्रह कर रहा है। भारत ने इस सुझाव को खारिज कर दिया है और पाकिस्तान को स्पष्ट कर दिया है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के संपूर्ण केंद्र शासित प्रदेश देश के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से हैं। यह भी कहा गया कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर संवैधानिक उपाय भारत का आंतरिक मामला है।



## गाजा में इजराइली हमलों से एनजीओ के सात कर्मियों की मौत

गाजा। इजराइल लगातार गाजा पर जवाबी कार्रवाई कर रहा है। मौजूद आतंकी संगठन हमास के ठिकानों को इजराइली सेना निशाना बना रही है। हालांकि अब तक ताबड़तोड़ जवाबी हमलों को लेकर कई देश इजराइल की आलोचना कर रहे हैं। इस बीच, गाजा में हताहत लोगों को सहायता पहुंचे वाले समूह भी इजराइली हमले का शिकार हो गया है। जिसमें तकरीबन सात विदेशी कर्मचारी मारे गए। लोगों को राहत देने वाले अंतर्राष्ट्रीय सहायता समूह ने कहा कि सोमवार को हमले में सात विदेशी कर्मचारी मारे गए, जिनमें ऑस्ट्रेलिया, पोलैंड और ब्रिटेन के नागरिक शामिल थे। गौरतलब है कि अमेरिका स्थित वर्ल्ड सेंट्रल किचन, ने इजराइली रक्षा बलों को दोषी ठहराया है।

विज्ञान — वैज्ञानिकों ने इस नई खोज का नाम तारकीय दिया, जिसमें खत्म होता तारा अपने ग्रहों की हत्या कर रहा

# दूर के सौर मंडल में खत्म होते ग्रह की खोज

नैनीताल, कार्यालय

**अमृत विचार :** पृथ्वी समेत हमारे सौर मंडल के ग्रहों का अस्तित्व व अंत सूर्य पर निर्भर है। हालही में वैज्ञानिकों ने दूर के एक सौर मंडल मे ग्रहों का अंत होते देखा है। खोज में तारा अपने ग्रह को खत्म कर रहा है। इस खोज से हमारे सौर मंडल के अंत की जानकारी मिलती है।

वैज्ञानिकों ने इस नई खोज का नाम तारकीय हत्या दिया है। जिसमें खत्म होता तारा अपने ग्रहों की हत्या कर रहा है। हमारा सूर्य सबसे अच्छा मित्र और सबसे बड़ा शत्रु दोनों है। यही सिद्धान्त प्रत्येक सौर मंडल से जुड़ा हुआ है। जिसकी पुष्टि इस खोज में हुई है। दरअसल सभी सौर मंडल के अन्य ग्रह सूर्य के समान गैस और धूल के बादल से बने हुए होते हैं। इसके प्रकाश के बिना पृथ्वी पर कोई जीवन नहीं हो सकता।



अपने ग्रह को खत्म करते तारे का प्रतीकात्मक चित्र।

दूसरी ओर, एक दिन ऐसा आएगा जब सूर्य पृथ्वी पर सारा जीवन समाप्त कर देगा और अंततः पृथ्वी को ही नष्ट कर देगा। हमारे ग्रह का अंत होने में अभी लगभग पाँच अरब वर्ष का समय लगेगा। यह घटना तब होगी, जब सूर्य एक लाल दानव में परिवर्तित हो जाएगा।

ग्रहों के खत्म होने की यह खोज डीओआई 10.1038/डी41586-024-00847-6 नामक आकाशगंगा में हुई है। हालाकि इससे पहले भी किसी तारे द्वारा अपने ग्रहों को नष्ट करने के संकेत पहले भी मिलते रहे हैं। मगर इस खोज से यह जानकारी मिलती है कि किसी सौर मंडल के खत्म होने के बाद क्या होता है। सौर मंडल के अंत के बाद ग्रह व तारे गैस और धूल के बादल में बदल जाएगा।

### ब्रह्मांड के हर वस्तु का अंत निश्चित

ब्रह्मांड में मौजूद किसी भी वस्तु का अंत निश्चित है। आकाशगंगा, तारे, ग्रह, धूमकेतु समेत अन्य सभी वस्तु जन्म लेते हैं और उनका अंत भी हो जाता है। हालांकि इनकी उम्र करोड़ों से अरबों वर्ष होती है। इनकी तुलना में इंसान की उम्र क्षणिक मात्र है।

## अमेरिका में भारतवंशी सांसदों ने हिंदुओं पर हमले का मांगा ब्योरा

वाशिंगटन। अमेरिका में पांच भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने न्याय विभाग और संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) से इस साल देश में हिंदुओं के खिलाफ हुए घृणा आधारित अपराधों और मंदिरों में तोड़फोड़ की घटनाओं का विवरण मांगा है।

इन सांसदों में राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, श्री थानेदार, प्रमिला जयपाल और अमी बेरा शामिल हैं। इन्होंने न्याय विभाग के नागरिक अधिकार प्रभाग के क्रिस्टन क्लार्क को लिखा, न्यूयॉर्क से लेकर कैलिफोर्निया तक मंदिरों पर हमलों की घटनाओं ने हिंदू अमेरिकियों को गहरी चिंता में डाल दिया है। उन्होंने कहा, समुदायों के नेताओं ने चिंता व्यक्त की है कि इन घटनाओं में शामिल संदिग्धों का कोई सुराग नहीं है, जिससे कई लोग डर और भय में जी रहे हैं। हमारे समुदाय इन पक्षपात-प्रेरित अपराधों में कानून प्रवर्तन समन्वय को लेकर चिंतित हैं।

# गठबंधन के लिए 'इंडिया' नाम का प्रयोग बंद हो

- याचिकाकर्ता ने दिल्ली हाईकोर्ट में दाखिल की अर्जी, कोर्ट ने केंद्र और विपक्षी दलों से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने आई. एन. डी. आई. ए (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) का उपयोग करने से रोकने की मांग याचिका पर केंद्र और कई विपक्षी दलों को जवाब दाखिल करने का आखिरी मौका दिया। याचिका में आरोप लगाया गया है कि 'इंडिया' नाम का उपयोग करके पार्टियां हमारे देश के नाम पर अनुचित लाभ ले रही हैं।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा कि जनहित याचिका पर एक सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल किया जाए। अदालत ने याचिका पर सुनवाई की तारीख आगे बढ़ाने से इनकार करते हुए कहा कि याचिका पर 10 अप्रैल को सुनवाई और निपटारा करने का प्रयास किया जाएगा। याचिकाकर्ता गिरीश भारद्वाज ने इस आधार पर मामले की जल्द सुनवाई की मांग की गई थी कि याचिका अगस्त 2023 से लंबित है और दलीलें अभी तक पूरी नहीं हुई हैं और चुनाव आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा पहले ही की जा चुकी है।




याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता वैभव सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार और विपक्षी दलों को पहले ही आठ अवसर दिए जा चुके हैं लेकिन उन्होंने अभी तक अपना जवाब दाखिल नहीं किया है। अधिवक्ता सिद्धांत कुमार ने अदालत को बताया कि चुनाव आयोग पहले ही इस मामले में अपना जवाब दाखिल कर चुका है। नवंबर, 2023 में केंद्र सरकार के अधिवक्ता ने मामले में अदालत से जवाब दाखिल करने के लिए एक हफ्ते या 10 दिन का और समय देने का अनुरोध किया था।

वहीं, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक सहित नौ राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा था कि याचिका के खिलाफ प्रारंभिक आपत्तियां थीं और सुप्रीम कोर्ट पहले ही इस मुद्दे से निपट चुका है। याचिकाकर्ता ने 26 राजनीतिक दलों द्वारा आई. एन. डी. आई. ए नाम के उपयोग पर रोक लगाने और प्रतिवादी राजनीतिक गठबंधन द्वारा भारत के साथ राष्ट्रीय ध्वज के उपयोग पर रोक लगाने के लिए अंतरिम आदेश की मांग की है।